कार्तिक शुक्ल पक्ष अष्टमी 10:45 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 9 नवंबर 2024
वर्ष 3, अंक 79, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सुजैन विल्स चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त 16

जय हनुमान में राणा की धमाकेदार एंट्री 15

उगते सूर्य को अर्घ्य...

सूर्योपासना का पर्व छठ पूजा उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही शुक्रवार को संपन्न हो गया। कार्तिक शुक्ल की सप्तमी तिथि को सूर्योदय के समय अर्घ्य देने की परंपरा है। मान्यता है कि इस योग में अर्घ्य देने से साधक को कष्टों से मुक्ति मिलती है। लखनऊ के लक्ष्मण मेला घाट पर गोमती नदी के तट पर उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देतीं व्रती महिलाएं। ● अमृत विचार

कश्मीर में पाकिस्तान के एजेंडे को न दें बढ़ावा : मोदी

महाराष्ट्र की चुनावी सभा में विपक्ष पर जमकर बरसे प्रधानमंत्री, कहा-दुनिया की कोई ताकत अनु. 370 नहीं बहाल कर सकती

धुले (महाराष्ट्र), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन पर जम्मू-कश्मीर से भारत का संविधान हटाने का प्रयास करने का आरोप लगाया और साथ ही जोर देकर कहा कि दुनिया की कोई ताकत वहां अनुच्छेद 370 को बहाल नहीं कर सकती। उन्होंने कांग्रेस पर एक जाति को दूसरी जाति के खिलाफ खड़ा करने का भी आरोप लगाया और लोगों को एकजुट रहने के लिए आगाह किया। उन्होंने कहा कि एक हैं, तो सेफ (सुरक्षित) हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों को पाकिस्तान के एजेंडे को बढ़ावा नहीं देना चाहिए और अलगाववादियों की भाषा नहीं बोलनी चाहिए। मोदी ने कहा कि जब

● कांग्रेस पर लगाया समाज को जाति और वर्ग में बांटने का आरोप

तक उन्हें लोगों का आशीर्वाद प्राप्त है, तब तक विपक्ष का एजेंडा सफल नहीं होगा।

महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि दलितों और आदिवासियों को भड़काने के लिए इंडिया गठबंधन कोरी किताबों को संविधान के रूप में पेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में केवल (डॉ भीमराव) आंबेडकर के संविधान का पालन किया जाएगा। आपने टीवी पर देखा होगा कि कैसे जम्मू-कश्मीर विधानसभा में अनुच्छेद 370 को वापस लाने का प्रस्ताव रखा गया और जब भाजपा विधायकों ने विरोध किया, तो उन्हें बाहर निकाल दिया गया। देश और महाराष्ट्र को यह समझना चाहिए। मोदी ने कांग्रेस पर जातियों और समुदायों को बांटने का खतरनाक खेल खेलने का भी आरोप लगाया और कहा कि यदि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और ओबीसी एकजुट रहेंगे तो कांग्रेस की राजनीति समाप्त हो जाएगी। कांग्रेस एक जाति को दूसरी के खिलाफ खड़ा करना चाहती है और एससी, एसटी और ओबीसी की एकता को कमजोर करना चाहती है। नेहरू के समय से ही कांग्रेस और उनके परिवार ने आरक्षण का विरोध किया था और अब उनकी चौथी पीढ़ी के युवराज जाति विभाजन के लिए काम कर रहे हैं।

एक हैं तो समझिए आप सेफ हैं

आपको समझना चाहिए कि एक हैं तो सेफ हैं। इससे पहले, मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने धर्म पर राजनीति की जिसके कारण भारत का विभाजन हुआ और अब पार्टी जाति की राजनीति कर रही है। मोदी ने चुटकी लेते हुए कहा कि कांग्रेस, शिवसेना और राकांपा (सपा) से मिलकर बनी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) ऐसा वाहन है जिसमें न तो पहिए हैं और न ब्रेक।

एक नजर

14 कोसी परिक्रमा : 12 बजे से 30 घंटे बंद रहेगा हाईवे

अयोध्या। रामनगरी की पौराणिक 14 कोसी परिक्रमा को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार 9 नवंबर की दोपहर 12 बजे से भारी मालवाहक वाहनों की आवाजाही रोक दी जाएगी। ये व्यवस्था परिक्रमा समाप्त होने तक 10 नवंबर की शाम 6 बजे तक प्रभावी रहेगी। आपात सेवा के वाहनों पर प्रतिबंध प्रभावी नहीं होगा। एसपी यातायात अयोध्या प्रसाद सिंह ने बताया कि इस दौरान भारी वाहन, ट्रक, डीसीएम, ट्रैक्टर आदि को वैकल्पिक मार्गों से गुजारा जाएगा।

पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ में हेल्मेट पहनना अनिवार्य

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने अपने एक हालिया आदेश में स्पष्ट किया है कि पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में पगड़ी पहने सिखों को छोड़कर सभी को, चाहे वह दुपहिया वाहन चला रहे हों या उस पर बैठे हों, हेल्मेट पहनना अनिवार्य होगा। अदालत के अनुसार चार वर्ष से ऊपर उम्र वाले सभी लोगों (पुरुष हों या महिला) को दुपहिया वाहन पर हेल्मेट पहनना अनिवार्य होगा।

भोपाल में चार स्थानों पर ईडी ने की छापेमारी

भोपाल। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में बैंक धोखाधड़ी के मामले में निजी कंपनी एक्सेल व्हीकल प्राइवेट लिमिटेड पर छापा मारा। कंपनी ने अपने से जुड़ी अन्य कंपनियों को राशि स्थानांतरित करते हुए बैंक को लगभग 44 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया।

जहां दिखे सपाई, वहां बिटिया घबराई

मुख्यमंत्री योगी ने उप चुनाव में मीरापुर कुंदरकी और गाजियाबाद में की सभाएं

सपा को लोकलाज की चिंता नहीं, इन्हें लातों से ठीक नहीं करेंगे तो कैसे सुधरेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ मुरादाबाद

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को उप चुनाव के प्रचार में उतरे। ताबड़तोड़ मीरापुर, कुंदरकी (मुरादाबाद) और गाजियाबाद क्षेत्रों में सभाएं करके सपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। कहा कि जिस गाड़ी में सपा का झंडा, समझो बैठा है कोई गुंडा की छवि से आगे निकलकर अब जहां दिखे सपाई, वहां बिटिया घबराई जैसे नए कारनामें सपा की पहचान बन गए हैं। अयोध्या व कन्नौज में सबने इनके कारनामे को देखा है। इन्हें लोकलाज की चिंता नहीं है। अगर इन्हें लातों से ठीक नहीं करेंगे तो यह ठीक कैसे होंगे।

जनसभाओं में योगी ने कहा कि गांव की बहन-बेटी सबकी बहन-बेटी की मान्यता रही है। हम सब इसे मानने वाले लोग हैं, लेकिन सपा ने इस तानेबाने को छिन्न-भिन्न किया है। सपा मीडिया सेल के सोशल मीडिया हैंडल पर इनके वास्तविक संस्कार दिखते हैं, जहां यह घटिया स्तर की बातें की जाती हैं। योगी ने सपा के कृत्यों को गिनाते हुए कहा कि यह लोग विकास, युवा, महिला, व्यापारी व जनआस्था के विरोधी हैं। हर जिले का सबसे बड़ा माफिया, दुष्कर्मी, गुंडा सपा से अवश्य जुड़ा होगा। वोट देना तो दूर, इनका नाम लेना भी महापाप का कारण है।

मुरादाबाद के भदासना में जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

सपा और कांग्रेस में अब हो रहा तलाक

योगी ने कहा कि सपा-कांग्रेस में तलाक हो रहा है। दोनों में खटपट शुरू हो गई है। चुनाव में संविधान, आरक्षण के नाम पर झूठ बोलकर गुमराह किया था। अब सपा को सफाचट करने का अवसर है। हरियाणा में कांग्रेस ने सपा से कहा कि औकात में रहो, यूपी से बाहर निकले तो ठीक कर देंगे। महाराष्ट्र में भी कहा कि सीमा में रहो, जो बचा-खुचा है यह सब भी गायब हो जाएगा। बदले में उप्र में सपा ने कांग्रेस को ठनठन गोपाल कर दिया है।

ईद की तिथि बदल दी जाती है तब विरोध नहीं होता

योगी ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने जनआस्था के कारण चुनाव की तिथि 13 से बढ़ाकर 20 नवंबर कर दी है। सपा को पीड़ा होती है कि कैसे लोग पर्व-त्योहार सुख-शांति से मना लेते हैं। योगी ने कहा कि प्रायः चांद दिखाई नहीं देता तो ईद की तिथि बदल दी जाती और सरकार उसी अनुसार छुट्टी घोषित करती है, तब विरोध नहीं होता है। योगी ने कहा कि होली-दीवाली हर्षोल्लास से मनाई जाएगी तो ईद में भी बाधा पैदा नहीं होगी, लेकिन ताली दोनों हाथ से बजती है। आस्था से खिलवाड़ करने वाले लोग किसी के नहीं हैं।

सिपाही भर्ती परिणाम नवंबर में ही आएंगे

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस महीने के अंत तक 60,200 पुलिस सिपाही भर्ती के परिणाम आने वाले हैं। पहले पश्चिमी उप्र के नौजवान उपेक्षित होते थे, अब वे बिना भेदभाव सरकारी नौकरियों में भर्ती होते हैं। पहले भर्ती में सैफई की सूची होती थी, अब मेरिट के आधार पर सूची निकलती है। सिपाही भर्ती में 20 फीसदी बेटियां होंगी, जब सपाई छेड़छाड़ करेंगे तो बेटियां घूसा, जूता-लात मारेंगी। उन्होंने गन्ना मूल्य भुगतान, खेल नीति और विकास कार्यों को भी विस्तार से गिनाया।

जम्मू-कश्मीर पर चुप क्यों बैठे हैं सपा-कांग्रेस

योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक भारत-श्रेष्ठ भारत बन रहा है तो इंडी गठबंधन देश को विभाजन की तरफ ले जा रहा है। जम्मू-कश्मीर विधानसभा के प्रस्ताव को देखा है कि फिर से 370 बहाल करेंगे। आखिर इस प्रस्ताव पर कांग्रेस व सपा का मुंह क्यों बंद है। फिलीस्तीन और पाकिस्तान के नाम पर आंसू बहाने वाले लोग जम्मू-कश्मीर के नाम पर चुप क्यों बैठे हैं। योगी ने अपील की कि चुनाव के दिन आलस्य नहीं करना है, बल्कि अधिकाधिक वोट कर रिकॉर्ड वोट से कमल खिलाना है।

इन प्रत्याशियों के लिए मांगा वोट

योगी ने शुक्रवार को मुजफ्फरनगर के मीरापुर सीट से एनडीए (रालोद) प्रत्याशी मिथिलेश पाल, कुंदरकी (मुरादाबाद) से भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह ठाकुर व गाजियाबाद से संजीव शर्मा को उपचुनाव में विजयश्री दिलाने की अपील की।

कानून द्वारा बनाए गए संस्थान को मिल सकता है अल्पसंख्यक दर्जा

सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 1967 में दिए गए अपने फैसले को पलटा

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अल्पसंख्यक दर्जे संबंधी मामले को नई पीठ के पास भेजने का निर्णय लिया और 1967 के उस फैसले को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि विश्वविद्यालय को अल्पसंख्यक संस्थान नहीं माना जा सकता क्योंकि इसकी स्थापना केंद्रीय कानून के तहत की गई थी। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने 4:3 के बहुमत के फैसले में कहा, कोई कानून या कार्यकारी कार्रवाई जो शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना या प्रशासन में धार्मिक या भाषाई अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव करती है, संविधान के अनुच्छेद 30(1) के विरुद्ध है। अनुच्छेद 30 (1) कहता है कि सभी अल्पसंख्यकों को, चाहे वे धर्म या भाषा पर आधारित हों, अपनी पसंद के शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने और उनका प्रशासन करने का अधिकार होगा।

प्रधान न्यायाधीश ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की ओर से भी 118 पृष्ठ का फैसला लिखा। उन्होंने कहा कि अजीज बाशा (1967 के फैसले) में अपनाया गया यह दृष्टिकोण कि यदि कोई शैक्षणिक संस्थान किसी कानून के माध्यम से अपना वैधानिक चरित्र प्राप्त करता है तो वह अल्पसंख्यक द्वारा स्थापित नहीं है, खारिज किया जाता है। पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 1967 में एस. अजीज बाशा बनाम भारत संघ मामले में फैसला दिया था कि एएमयू एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है इसलिए इसे अल्पसंख्यक संस्थान नहीं माना जा सकता। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि एएमयू अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान है या नहीं, इस पर फैसला इस निर्णय में निर्धारित सिद्धांतों के आधार पर किया जाना चाहिए। जनवरी 2006 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 1981 के कानून के उस प्रावधान को रद कर दिया था जिसके तहत एएमयू को अल्पसंख्यक का दर्जा दिया गया था। बहुमत के फैसले में 1981 में दो न्यायाधीशों की पीठ द्वारा दिया गया संदर्भ भी वैध माना गया।

● एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे पर अब नई पीठ करेगी फैसला

● सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ का 4:3 के बहुमत से निर्णय

तीन न्यायाधीशों ने अलग रखी राय

सात न्यायाधीशों वाली संविधान पीठ के तीन न्यायाधीशों न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा ने अलग राय लिखी। न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि 1967 के निर्णय पर पुनर्विचार के लिए 1981 में भेजा गया संदर्भ कानून की दृष्टि से गलत है और इसे खारिज कर दिया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति दत्ता ने अपने फैसले में एएमयू को अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान घोषित नहीं किया। उन्होंने लिखा कि मुझे आश्चर्य हो रहा है कि अंजुमन-ए-रहमानिया मामले में दो न्यायाधीशों की पीठ यह अनुरोध कैसे कर सकती है कि मामले को सात न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष रखा जाए। न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि मुझे डर है कि अंजुमन कल मूल ढांचे के सिद्धांत पर संदेह कर सकती है और 15 न्यायाधीशों की पीठ गठित करने का अनुरोध कर सकती है। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि दो न्यायाधीशों की पीठ प्रधान न्यायाधीश के पीठ का हिस्सा न होने की स्थिति में मामले को सीधे सात न्यायाधीशों की पीठ को संदर्भित नहीं कर सकती थी।

14 वर्षों से स्कूलों का नहीं हुआ निरीक्षण

विधि संवाददाता, लखनऊ

● हाईकोर्ट ने आपदा प्रबंधन की बैठकों का ब्यौरा किया तलब

● सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों की सुरक्षा के लिए दिए थे दिशा-निर्देश

अमृत विचार : स्कूली बच्चों की सुरक्षा के एक मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पाया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा वर्ष 2009 में दिए गए दिशा-निर्देशों के बावजूद प्रदेश में स्कूलों का पिछले 14 वर्षों से निरीक्षण नहीं किया गया है। कोर्ट ने इस पर अप्रसन्नता जाहिर करते हुए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पिछले दो वर्षों के 'मिनट्स ऑफ मीटिंग्स' को तलब कर लिया है। कोर्ट ने कहा कि यदि हम पाते हैं कि आपदा प्राधिकरण ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद इस संबंध में कुछ भी नहीं किया है तो यथोचित आदेश पारित किया जाएगा। यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने गोमती रिवर बैंक रेजीडेंट्स की ओर से वर्ष 2020 में दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। अगली सुनवाई 11 नवंबर को होगी।

याचिका में शहर के आवासीय क्षेत्रों में चल रहे स्कूलों का मुद्दा खास तौर पर उठाया गया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने अविनाश मेहरोत्रा मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा वर्ष 2009 में दिए गए दिशा-निर्देशों को लागू करने पर जोर दिया है। राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि प्रदेश में लगभग 1.41 लाख स्कूल हैं। जिनके निरीक्षण में करीब 8 माह लग जाएगा। यह भी जानकारी दी गई कि राज्य में विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण करने के लिए एक कार्य योजना तैयार की गई है।

पिक-ड्रॉप को लेकर स्कूलों से वार्ता करेंगे न्यायमित्र

पूर्व की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने हजरतगंज व राज भवन के आसपास के स्कूलों को कक्षा 5 तक के बच्चों को स्कूल के भीतर से ही पिक-ड्रॉप करने की सुविधा देने का आदेश दिया था। इस बार की सुनवाई में डीसीपी (यातायात) प्रबल प्रताप सिंह ने कोर्ट को बताया कि मात्र तीन स्कूलों ने इस आदेश का पालन किया है। इस पर कोर्ट ने मामले में न्यायमित्र नियुक्त वरिष्ठ अधिवक्ता जेएन माथुर को बाकी के स्कूल प्रबंधन से बात करने की जिम्मेदारी दी है।

रिश्वत लेते डीयूएसआईबी का अधिकारी गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

● सीबीआई ने आरोपी के परिसर से बरामद किए 3.79 करोड़ रुपये

सीबीआई ने दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) के एक विधि अधिकारी विजय मग्गो और एक बिचौलिए को यहां एक व्यवसायी की दो दुकानों की सील खोलने के लिए पांच लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि सीबीआई ने आरोपी के कई परिसरों की तलाशी के दौरान अन्य आपत्तिजनक दस्तावेजों के अलावा 3.79 करोड़ रुपये नकद जब्त किए। सीबीआई के एक प्रवक्ता के मुताबिक, यह आरोप लगाया गया था कि आरोपी अधिकारी ने शिकायतकर्ता से उसकी दो दुकानों की सील खुलवाने और उन्हें निर्बाध तरीके से चलाने की अनुमति देने के लिए 40 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। कारोबारी की शिकायत पर संघीय जांच एजेंसी ने गुरुवार को जाल बिछाकर पांच लाख रुपये (कुल रिश्वत राशि का एक हिस्सा) लेते हुए मग्गो को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

सलमान खान को फिर मिली धमकी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को एक और धमकी मिली है, जिसमें धमकी भरा संदेश भेजने वाले ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह की ओर से पांच करोड़ रुपये की मांग की गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि धमकी भरा संदेश गुरुवार रात मुंबई यातायात पुलिस के व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर पर भेजा गया। इसके अलावा व्यक्ति ने मैं सिकंदर हूं गाने के गीतकार को भी धमकी दी। वर्ली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

● पांच करोड़ रुपये मांगे

ट्रक से भिड़ी विधानसभा के विशेष सचिव की कार, मौत

मवई, अयोध्या

अमृत विचार : लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पटरंगा थाना क्षेत्र स्थित गनौली गांव के समीप हादसे में विशेष सचिव बृजभूषण दुबे की मौत हो गई, जबकि बेटा कृष्ण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने विशेष सचिव के शव का शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया है।

पटरंगा थानाध्यक्ष शशिकांत यादव ने बताया कि बस्ती जिले के थाना पैकोलिया क्षेत्र स्थित सुरेखा खास निवासी बृजभूषण दुबे (52) पुत्र केशव राम गुरुवार रात बेटे के साथ लखनऊ जा रहे थे। कार बेटा कृष्ण कुमार चला रहा था। गुरुवार मध्य रात्रि गनौली गांव के निकट कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद दूसरे लेन में चली गई और ट्रक से टकरा गई। जिससे बृजभूषण दुबे व बेटा कृष्ण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी में डॉक्टर ने बृजभूषण को मृत घोषित कर दिया। बेटे को हायर सेंटर रेफर कर दिया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बृजभूषण दुबे के निधन पर गहरा शोक जताया है।

● बेटा गंभीर लखनऊ हाईवे पर पटरंगा थाना क्षेत्र में हुई दुर्घटना

सोपोर में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया

श्रीनगर, एजेंसी

● तलाशी अभियान के दौरान पानीपोरा में हुई मुठभेड़

जम्मू-कश्मीर के सोपोर उप जिले में सुरक्षा बलों ने दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार देर रात आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के बाद संयुक्त बलों ने सोपोर के पानीपोरा इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया तो छिपे हुए आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। मारे गए आतंकियों की पहचान नहीं हो सकी है। उत्तरी कश्मीर में मंगलवार के बाद से यह तीसरी मुठभेड़ है। पहले कुपवाड़ा और बांदीपोरा में मुठभेड़ों में दो आतंकवादी मारे गए थे।

ग्रेनेड हमला मामले में तीन आतंकी गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हाल में राजधानी श्रीनगर के संडे मार्केट में हुए ग्रेनेड हमले मामले में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। कश्मीर के आईजी वीके बिरधी ने बताया कि गिरफ्तार आतंकवादी ओसामा यासीन शेख, उमर फैयाज शेख और अफनान मंसूर शेख हैं।

वन्यजीव पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बसती है सांपों की हैरान करने वाली अद्भुत दुनिया, टीडब्ल्यूसीएस के अध्ययन में 16 प्रजातियां चिह्नित, कई दुर्लभ प्रजातियां शामिल

डर पैदा करता है विशाल अजगर, चुटकी में आ जाता है कॉमन ब्लाइंड स्नैक

सुनील यादव, पीलीभीत

● संस्था के अध्ययन में अभी तक किंग कोबरा के प्रमाण नहीं मिले

अमृत विचार: पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघ-तेंदुआ के साथ अद्भुत सांपों की दुनिया भी बसती है। वन्यजीव संरक्षण पर पिछले दो दशक से कार्य कर रही एक संस्था की स्टडी में सांपों की 18 से 20 प्रजातियां पीटीआर व आसपास क्षेत्रों में चिह्नित की गई हैं। इनमें कई दुर्लभ प्रजातियां शामिल हैं।

विशालकाय अजगर शरीर में सिहरन पैदा कर देता है तो कॉमन ब्लाइंड स्नैक इतना नन्हा सा है कि चुटकी में समा जाए। ऐसे ही अन्य कई सांप हैरान कर देते हैं। पीलीभीत टाइगर रिजर्व अपनी जैव विविधता को लेकर चंद सालों में देश के श्रेष्ठ टाइगर रिजर्वों में शामिल हो चुका है। बाघों और उनके संरक्षण के लिए कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड जीत चुके पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं उसके आसपास क्षेत्र में वन्यजीवों के साथ रेप्टाइल्स की भी एक दुनिया बसती जा रही है। वन्यजीव संरक्षण के लिए कार्य कर रही संस्था टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी द्वारा वर्ष 2003 से लेकर अब तक किए गए अध्ययन में 18 से 20 प्रजातियां चिह्नित की गई हैं। इसमें शेड्यूल वन की श्रेणी में शामिल विशाल अजगर से लेकर 170 मिलीमीटर का कॉमन ब्लाइंड स्नैक भी है। संस्था के अध्यक्ष अख्तर मियां खान बताते हैं कि जहरीले सांपों में नाग, रसेल वाइपर और करैत को चिह्नित किया गया है। ये सभी सांपों की प्रजातियां में कुछ प्रजातियां तो पीटीआर में पाई गई हैं। वहीं कुछ प्रजातियां आबादी के इलाकों, बागों एवं खेतों में मिलीं। इस पूरी स्टडी में अभी तक किंग कोबरा के कोई प्रमाण नहीं मिले हैं।

टाइगर रिजर्व में पाया जाने वाला पायथन।

दुर्लभ प्रजाति का रेड कोरल कुकरी

बहुत कम दिखने वाला दुर्लभ प्रजाति का रेड कोरल कुकरी सांप भी पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पाया जाता है। जानकारों की मानें तो देश में पहला रेड कोरल कुकरी सांप नार्थ खीरी के जंगल में देखा गया था, जो पीलीभीत टाइगर रिजर्व से सटा है। पीटीआर में यह दुर्लभ सांप वर्ष 2004-05 में देखा गया था। टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी ने इसे वर्ष 2020 में खोजा था। संस्था अध्यक्ष के मुताबिक रेड कोरल कुकरी स्नैक रात्रिचर होने के साथ लाल और चमकीले नारंगी रंग का होता है।

चिह्नित की गईं सांपों की कुछ प्रजातियां

रसेल वाइपर, कामन इंडियन करैत, चेकर्ड कील बैक वाटर स्नैक, कॉमन इंडियल ब्राउंज बैक, कॉमन बूल्फ स्नैक, कॉमन ब्लाइंड स्नैक, रेड कोरल कुकरी, इंडियन कोबरा

कॉमन ब्लाइंड स्नैक।

संस्था की स्टडी में अब तक सांपों की 20 प्रजातियां चिह्नित की गई हैं। इनमें कुछ खास प्रजातियां है जो बेहद कम देखने को मिलती हैं। जैव विविधता के लिहाज से यह एक शुभ संकेत है। इन दिनों सांपों में हाइबरनेशन प्रोसेस चल रही हैं। इस प्रोसेस के तहत सांप अतिरिक्त भोजन खाकर उसे वसा के रूप में जमा करके अगले मौसम के लिए खुद को तैयार करते हैं। **-अख्तर मियां खां**, अध्यक्ष, टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी

अवधपुरी में जन्मे रघुराई, घर-घर बाजी बधाई...

संवाददाता जलालाबाद, कन्नौज

अमृत विचार। श्री रामचरित अखिल चेतना मंच के तत्वाधान में रामलीला का आयोजन किया गया। इसका आरती वंदना व फीता काटकर शुभारंभ किया गया।

जलालाबाद के अखिल नगर स्थित स्व. राम नारायण शुक्ल के दरवाजे पर मंच की ओर से 42 वें वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रामेंद्र त्रिवेदी व पूर्व महासचिव केके यादव ने फीता काटकर रामलीला का शुभारंभ किया। ग्राम प्रधान मीना बाथम व प्रतिनिधि लालू बाथम ने प्रथम पूज्य श्री गणेश की आरती वंदना की। दूर दराज के गांवों से आए राम भक्त नारद मोह व राम जन्म की लीलाओं का मंचन देख भक्ति भाव विभोर हो गए।

महिलाओं ने राम जन्म होते ही अवध में बधाई व मंगल गीत गाए और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान अनिल दुबे, सत्येंद्र दुबे, सुनील श्रीवास्तव, अध्यक्ष सागर वर्मा, पीयूष दुबे, सचिन मिश्रा, सोनम तिवारी, अजय शर्मा ,अमन तिवारी, हिमांशु दुबे, शुभम दुबे, गोविंद चौरसिया श्री गणेश महोत्सव समिति सदस्य आदि मौजूद रहे।

माल्यापर्ण कर कार्यक्रम की शुरुआत करतीं ग्राम प्रधान मीना बाथम व प्रतिनिधि लालू बाथम।

मनुष्य के अच्छे, बुरे विचार है देव और दानव

संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। जब प्रभु श्रीराम को लंका जाना था। तब प्रभु की सहायता वानर और भालुओं ने की थी। इसके बाद श्री राम ने महाबली रावण को हरा कर लंका पर विजय प्राप्त की। चारों दिशाओं में प्रभु श्री राम की जय-जयकार होने लगी। आसमान से देवताओं ने पुष्पवर्षा की।

यह बात नगर के मोहल्ला अशोक नगर जीटी रोड स्थित आवास पर चल रही श्री मद भागवत कथा के तीसरे दिन आचार्य प्रवर राकेश चंद्र दुबे ने कही। उन्होंने प्रभु के चौबीस अवतारों की कथा के साथ-साथ समुद्र मंथन की बहुत ही रोचक एवं सारगर्भित कथा सुनाते हुए कहा कि यह संसार ईश्वर का एक सुंदर बगीचा है। यहां चौरासी लाख योनियों के रूप में भिन्न-भिन्न प्रकार के फूल खिले हुए हैं। जब-जब कोई अपने गलत कर्मों द्वारा इस संसार रूपी ईश्वर के बगीचे को नुकसान पहुंचाने की चेष्टा करता है। तब-तब प्रभु इस धरा धाम पर अवतार लेकर स्वजनों का उद्धार और दुर्जनों का संघार करते हैं। समुद्र मंथन की कथा सुनाते हुए कहा कि मानव हृदय ही संसार सागर है। मनुष्य के अच्छे और बुरे विचार ही देवता और दानव के द्वारा किया जाने वाला मंथन है। कभी हमारे अंदर अच्छे विचारों का चितन मंथन चलता रहता है और कभी हमारे ही अंदर बुरे विचारों का चितन मंथन चलता रहता। इस मौके पर कथा परीक्षित वीरेंद्र कुमार, उनकी पत्नी उमा देवी, राजन, शानू, गौरव वर्मा, सूरजभान, सचिन चौहान, रूबी, अनीता, सुनीता आदि मौजूद रहे।

कथा का रसपान कराते कथावाचक राकेश दुबे। अमृत विचार

सार-संक्षेप

सेवानिवृत्त रोडवेज कर्मचारी को किया सम्मानित

छिबरामऊ, कन्नौज। उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम के सभागार में हुए भव्य कार्यक्रम में नियमित चालक पद से सेवानिवृत कर्मचारी महाराम त्यागी को माल्यार्पण के साथ उपहार भेंट करके सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सुभाष चंद्र ने कहा, रिटायर होने के बाद जिम्मेदारियां और ज्यादा बढ़ जाती हैं। स्टेशन इंचार्ज प्रदीप मिश्रा, फोरमैन अशोक कुमार, मनोज राठौर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर संतोष कश्यप, संदीप यादव, महिपाल सिंह, श्यामवीर सिंह, प्रमोद दुबे, मुस्ताक हुसैन, राजेश दुबे, लल्लाबाबू तिवारी, बीके राजपूत, विनोद कुमार गुप्त, रामेंद्र सिंह, संग्राम सिंह, कमरुद्दीन, महावीर सिंह व अश्वनी कुमार सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त रोडवेज कर्मी को सम्मानित करते अधिकारी।

रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक

छिबरामऊ, कन्नौज। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया। सभागार में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम उमाकांत तिवारी ने विद्यार्थियों को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य हरि सिंह शाक्य ने कहा, सभी विद्यार्थी अपने साथ-साथ अपने परिजनों के वोट भी चेक करके बनवा लें। स्वीप के छिबरामऊ विधानसभा प्रभारी डॉक्टर सुनील चतुर्वेदी ने बताया 9,10, 23, 24 नवंबर को विशेष अभियान दिवस है जिसमें सभी बीएलओ मतदाताओं की सहायता के लिए बूथ पर उपलब्ध रहेंगे। इन सेवाओं का लाभ वोटर हेल्पलाइन एप के द्वारा भी ले सकते हैं। संचालन कर रहे डायट प्रवक्ता अनुज दुबे ने सभी विद्यार्थियो के मोबाइल फोन मंय वोटर हेल्पलाइन एप इंस्टाल करके उसके उपयोग के विषय में अवगत कराया। इस अवसर पर डायट के समस्त प्रवक्ता, प्रशिक्षु, राजकीय महाविद्यालय, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के शिक्षको व विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

मंडी समिति में नियमित नहीं होती सफाई

कन्नौज। मंडी की सफाई के लिये ठेका उठा पर नियमित नहीं की जा रही है। इससे मंडी में लगने वाली सब्जी मंडी के निकट गंदगी पड़ी रहती है। उसी स्थान पर दूसरे दिन थोक व फुटकर मंडी लग जाती है। मंडी समिति परिषद में विभाग की ओर से नियमित सफाई करने का ठेका तो उठा दिया गया पर यहां सफाई नहीं की जाती है। यह हाल तब है जब मंडी में नियमित सब्जी की थोक मंडी लगती है। यहीं से सब्जी तिर्वा, ठठिया, मानीमऊ, गुगरापुर, जसपुरापुर समेत आधे जिले में पहुंचती है। यही नहीं थोक से साथ ही सुवह के समय फुटकर सब्जी मंडी भी लगाई जाती है। सब्जी मंडी से नियमित एक से दो ट्राली कूड़े हो जाता है। सुबह आठ बजे तक मंडी में सब्जी समाप्त हो जाती है। इस के बाद पूरे दिन कूड़ा उसी स्थान पर पड़ा रहता है। शुक्रवार को दोपहर के समय मंडी में जगह-जगह कूड़े के ढेर पड़े हुए थे। इस गंदगी के बीच आढती अनाज की खरीद कर रहे थे। कुछ स्थानों पर सफाई कर्मचारियों ने एक दिन पहले सफाई कर कूड़े के ढेर लगा दिये थे। वह कूड़ा सूख चुका था। कहीं पर ताजी सब्जी की गंदगी पड़ी थी। यही नहीं मंडी के मेन गेट पर फल मंडी लगने से वहां पर भी कूडा लगा था। उसे भी साफ नहीं कराया गया है। इस संबंध में मंडी के प्रभारी सचिव रघुराज प्रताप सिंह ने बताया कि मंडी की नियमित सफाई कराई जाती है। सफाई कर्मी लेट लतीफ हो जाते हैं।

पात्र रहे भटक, अपात्र को मिल रहे आवास

छिबरामऊ, कन्नौज। भारतीय किसान यूनियन किसान के जिला संयुक्त मंत्री वैभव शुक्ला के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर बताया कि आवास योजना के लिए पत्र लोग भटक रहे हैं और अपात्र लोग योजना का लाभ उठा रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि विकासखंड क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर जनु निवासी अंजना पत्नी वीरेन्द्र पुत्री रमेश चन्द्र मिश्रा भूमि एवं भवनहीन महिला है। उसका नाम ग्राम की मतदाता सूची में है। उसने आवासीय कालोनी को ग्राम प्रधान को आवेदन दिया था, जिस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। वहीं एक महिला जो ग्राम में ही लगभग सात बीघा बेशकीमती कृषि भूमि और दो मंजिल पक्के मकान की स्वामिनी है को ग्राम प्रधान एवं कर्मचारियों द्वारा दैवी आपदा आवास योजना के अन्तर्गत आवास आवंटित किया जा रहा है। यह अवैधानिक है। पात्रता सूची में नाम दर्ज कर कालोनी आवंटित कराई जाने की मांग की है। संगठन ने मांग की है कि उपरोक्त ग्राम पंचायत की आवासों की सभी सूची उपलब्ध कराई जाए, जिससे प्रधान व प्रधान पति द्वारा जो ग्रामवासियों का आवासों के नाम पर धनराशि लेकर जो शोषण किया जा रहा है, उसे रोका जा सके।

एक नजर

महिला से मारपीट

गुरसहायगंज, कन्नौज। गांव के लोगों ने दीवार की मिट्टी खोदने के विवाद में गालीगलौज की। महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम नेकपुर कायस्थ निवासी सुनीता देवी पत्नी गिरीश चंद्र ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 07 अक्टूबर की सुबह लगभग 09 बजे उसके पड़ोसी हर्षित, मिथिलेशा देवी, प्रतीक्षा, दीक्षा दीवार की मिट्टी खोदने के विवाद को लेकर दरवाजे पर आए और उसके साथ गालीगलौज कर मारपीट की। पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट लिखी।

दो लोगों पर युवती व किशोरी को भगाने की रिपोर्ट

गुरसहायगंज, कन्नौज। कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से युवक युवती व किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले गए। ग्राम निवासी युवक ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि शुक्रवार की सुबह लगभग 04 बजे उसकी 16 वर्षीय पुत्री को गांव का अनूप सिंह बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। काफी खोजबीन की लेकिन पता नहीं लग सका। इसी प्रकार ग्राम निवासी युवक ने बताया कि 06 नवंबर की सुबह लगभग 07 बजे उसकी 23 वर्षीय बहन को गांव निवासी राजू बहला फुसला कर भगा ले गया।

जलालाबाद में आज धूमधाम से निकलेगी श्री राम बरात

जलालाबाद। श्री राम चरित मानस अखिल चेतना मंच के द्वारा शनिवार की शाम लगभग 07 बजे मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की भव्य बरात का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न जनपदों से आए कलाकारों के द्वारा देवी देवताओं के स्वरुप में प्रदर्शन किया जाएगा। जबकि रथों पर सजीव व निर्जीव झांकिया आकर्षण का केन्द्र रहेगी। जानकारी अध्यक्ष सागर वर्मा ने दी।

आत्महत्या का प्रयास करने वाली महिला ने दम तोड़ा

कन्नौज। तीन दिन पहले रस्सी के फंदे से लटक कर आत्महत्या करने का प्रयास करने वाली महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के कुंडे पुर्वा गांव निवासी नन्हे खेती बाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करता है। बुधवार की शाम को किसी बात से नाराज नन्हे की पत्नी सहेली (30) ने कमरे में साडी के फंदे से लटक कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। इसी दौरान परिजनों ने देख लिया और कानपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां शुक्रवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। थानाध्यक्ष पारुल चौधरी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

24.35 करोड़ से बनेगा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट

जल निगम अधिकारियों ने 3 जगह देखी जमीन

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

अमृत विचार। नगर में 24 करोड़ 35 लाख से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने के लिए जल निगम के अधिकारियों ने 3 जगहों पर जमीन का निरीक्षण किया।

जल निगम के अधिशासी अभियंता यदुनाथ सिंह, एई गिरीश कुमार, जेई कौशल किशोर कंपनी के अधिकारियों के साथ शुक्रवार को नगर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण के लिए जमीन देखने पहुंचे। अधिकारियों ने पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, जेई रवि कौशल व लेखपाल विमल मिश्रा के साथ मिलकर पहले कांशीराम कालोनी के पीछे पड़ी नगर पालिका की जमीन देखी। इसके बाद धमे के ताल कब्रिस्तान के पास पड़ी पालिका की जमीन को भी देखा। यहां पर नगर पालिका के दो नाले मिल रहे हैं। यहां के बाद टीम ने नगला दिलू गांव में सौ शैया अस्पताल के सामने पड़ी जमीन को देखा। इस जमीन के पास नगर पालिका का नाला नहीं मिला, जिस पर अधिकारियों ने असंतोष जाहिर किया। जल निगम के अधिकारियों ने लेखपाल से तीनों जमीनों के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

जल निगम अधिकारियों के साथ मौजूद चेयरमैन मनोज दुबे। अमृत विचार

15 बीघा भूमि की आवश्यकता

पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया 24 करोड़ 35 लाख की लागत से नगर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण होना है। इसके लिए लगभग 15 बीघा जमीन की आवश्यकता है। निर्माण हरियाणा की मेसर्स नानक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को करना है। इस प्लांट में नगर से निकले नालों का पानी ट्रीटमेंट करके साफ किया जाएगा और फिर उसे काली नदी में छोड़ा जाएगा। अधिशासी अभियंता यदुनाथ सिंह ने बताया जमीन का सीमांकन के बाद सर्वे कराकर लेवलिंग का कार्य होगा। फिर डिजायन तैयार कर बाउंड्रीवाल बनाई जाएगी। इसके बाद खोदाई के साथ कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि लगभग 15 दिन के अंदर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने का कार्य शुरू हो जाएगा।

कल 8 केंद्रों में होगी योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिले में शहर के बनाए गए 8 माध्यमिक स्कूल परीक्षा केंद्र
- कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई तक 1 हजार रुपये महीना मिलेगा लाभ

अमृत विचार। शहर के आठ माध्यमिक स्कूलों में 10 नवंबर को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2025-26 होगी। पहली बार ओएमआर शीट का प्रयोग परीक्षार्थी करेंगे। इसमें कक्षा आठ में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। कन्नौज जनपद से परीक्षा के लिए कुल 23.39 फीसदी विद्यार्थियों ने आवेदन किए हैं।

डीआईओएस कार्यालय की माने तो शहर के गोमती देवी बालिका इंटर कॉलेज मकरंदनगर, जेपी बालिका इंटर कॉलेज, लाला श्याम लाल इंटर कॉलेज, केके इंटर कॉलेज, एसबीएस इंटर कॉलेज, मुस्लिम मोहम्मदिया इंटर कॉलेज, सुशीला देवी बालिका इंटर कॉलेज व केकेसीएन इंटर कॉलेज को छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए केंद्र बनाया गया है।

इसमें उच्च प्राथमिक स्कूल, कंपोजिट विद्यालयों, सहायता प्राप्त व राजकीय स्कूलों के कक्षा आठ में पढ़ने वाले 2350 परीक्षार्थी शामिल होंगे। चयन होने के बाद विद्यार्थियों को कक्षा नौ से 12 तक की पढ़ाई के लिए एक हजार रुपये महीने के हिसाब से चार साल तक छात्रवृत्ति दी जाती है।

इस तरह आएगा पेपर

- बताया गया है कि तीन घंटे तक चलने वाली परीक्षा के प्रथम भाग में सामान्य मानसिक योग्यता परीक्षण में 90 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। दूसरे भाग में शैक्षिक अभिरुचि परीक्षण में 35 प्रश्न विज्ञान, 35 सामाजिक विज्ञान व 20 गणित के प्रश्न होंगे। एक प्रश्न के लिए एक मिनट दिया जाएगा, जबकि शारीरिक रूप से चुनौतीग्रस्त विद्यार्थियों को 90 प्रश्नों को हल करने के लिए 120 मिनट मिलेंगे। सामान्य छात्रों को दोनों भाग 180 मिनट यानि तीन घंटे में हल करने होंगे। एक नंबर का एक प्रश्न होगा। परीक्षा सुबह आठ से 11 बजे तक होगी। शारीरिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए एक घंटा अधिक मिलेगा।

बाल श्रम अभियान में दो बच्चों को कराया मुक्त

बच्चों को श्रम मुक्त करवाते अधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

अमृत विचार। शासन द्वारा चलाये जा रहे बाल श्रम, बाल भिक्षावृत, मिशन शक्ति-05 व नशा मुक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक/नोडल अधिकारी, एएचटी के कुशल निर्देशन में एएचटी प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र सिंह मय एएचटी टीम तथा अरविन्द सिंह नेगी श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने दो बच्चों को श्रम मुक्त कराया। इस दौरान बस स्टैण्ड, मेन बाजार, हाईवे पर होटल, ढाबों, मेंडिकल स्टोर, मन्दिर आदि स्थानों पर बालश्रम रोकथाम, बाल भिक्षावृत एवं नशा मुक्त व मिशन शक्ति-05 ऑपरेशन, ऑपरेशन रक्षा, ऑपरेशन खोज, ऑपरेशन बचपन हेतु जागरुकता अभियान चलाया गया।

महाविद्यालयों के लिए बना समर्थ पोर्टल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज सभागार में जिलेभर के महाविद्यालयों के प्रतिनिधि बुलाए गए। इसमें छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर से आए अधिकारियों ने समर्थ पोर्टल के बारे में बताया।

शुक्रवार को अधिकारियों ने समर्थ ई-गवर्नेंस प्लेटफार्म के बारे में बताया। कहा, उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए समर्थ पोर्टल बनाया गया है। यह पोर्टल छात्रों, कर्मचारी व अन्य हितधारकों के सेवाओं की योजना, प्रबंधन, वितरण और निगरानी के लिए एक ढांचा उपलब्ध कराता है। कानपुर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार, डिप्टी रजिस्टार अजय गौतम, सिस्टम मैनेजर एवं प्रभारी समर्थ पोर्टल सरोज द्विवेदी, विश्वविद्यालय की पीएमयू सेल के रवि सिंह, आकाश शर्मा ने इसको लेकर कई बारीकियां बताईं। प्रोजेक्टर के माध्यम से समर्थ पोर्टल के संचालन एवं सूचनाओं को अंकित करने के विषय में बताया गया। महाविद्यालय के प्रतिनिधियों ने कई समस्याएं बताईं और प्रश्न रखे जिसका निराकरण भी किया गया। प्राचार्य डॉ. अजय सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

शहर के पीएसएम कॉलेज सभागार में मौजूद महाविद्यालयों के प्रतिनिधि।

- जिलेभर के डिग्री कॉलेजों के प्रतिनिधियों को दिया गया प्रशिक्षण
- पीएसएम पीजी कॉलेज में पहुंचे कानपुर विश्वविद्यालय के अधिकारी

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मैंने अपना नाम IMRAN AKBAR से बदलकर IMRAN KHAN रख लिया है। मुझे भविष्य मे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: SIRAJ AKBAR R/O: 426/997, WAZEERBAGH, AMBERGANJ, PO- CHOWK, LUCKNOW

सूचना

सूचित हो कि मैं **अली हुसैन पुत्र स्व0 मो0 अली, निवासी– 70/16 बसंतकुंज कालोनी, दुबग्गा, लखनऊ** का है। मैंने अपने पुत्र शाहरूख खान के कृत्यों से परेशान होकर अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। शाहरूख खान द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

सूचना

सूचित हो कि मैं ABDUL GAFFAR S/O HAJI RAFIULLAH **नि0 म0 नं0 1599 मो0 घोसियाना खैराबाद सुलतानपुर सिटी थाना को0 नगर तहसील सदर जिला सुलतानपुर उ0प्र0 228001**, मेरे आधार कार्ड सं0–338412207552 पर मेरा नाम ABDUL GAFFAR S/O HAJI RAFIULLAH लिखा है। जबकि मेरे पासपोर्ट नं0–14155397 में मेरा नाम MOHAMMAD ABDUL GAFFAR S/O RAFIULLAH लिखा है। यह कि मुझे ABDUL GAFFAR S/O HAJI RAFIULLAH MOHAMMAD ABDUL GAFFAR S/O RAFIULLAH दोनों नामो से जाना जाता है उक्त दोनों नाम मेरे ही है तथा मेरे आधार कार्ड पर लिखे नाम ABDUL GAFFAR S/O HAJI RAFIULLAH के अनुसार सत्य सही माना जाना जाये।

सूचना

मेरा नाम आधार कार्ड में GAURVENDRA PRATAP व मेरी पत्नी का नाम ARTI DEVI है। हम लोगों को इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। मेरे पुत्र SHUBH KUSHWAHA के विद्यालय अभिलेखों में माता व पिता का नाम त्रुटिवश गलत हो गया है। **गौरवेन्द्र प्रताप, पता :– मो0 रामनगरिया, हरदोई मो0 –9415766737**

सूचना

सूचित हो कि मेरे हाईस्कूल अंक पत्र व प्रमाणपत्र में जन्मतिथि 11.05 2006 अंकित है जो की गलत है,सही जन्मतिथि 11.05. 2005 है। इसी जन्म तिथि को सही माना जाए। **अमन सिंह पुत्र संतोष कुमार सिंह, निवासी – ग्राम/पोस्ट – उतरास, तहसील – पट्टी, जिला – प्रतापगढ़।**

सूचना

सूचित हो कि मैं रीना दुबे (REENA DUBEY) व रीना (RINA) दोनों मेरे ही नाम हैं। इस नाम की कोई अन्य महिला इस नाम व पते पर निवास नहीं करती है। **रीना दुबे उर्फ रीना पत्नी गौतम बाबू दुबे निवासी सराय गूजरमल परगना व तहसील छिबरामऊ, हाल निवासी मोहल्ला इंदिरा नगर छिबरामऊ, (कन्नौज)**

सूचना

सूचित करना है कि एलआईसी पालिसी संख्या 276522846 में मेरा नाम नामिनी के तौर पर श्रीमती अंकित है, जबकि आधार एवं बैंक में सीता पत्नी महादेव दर्ज है, श्रीमती और सीता दोनों नाम एक ही महिला के हैं। **सीता पत्नी महादेव निवासिनी ग्राम नगरी पोस्ट चंदापुर गोंडा।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रानी देवी उर्फ़ चुन्नी देवी पत्नी शिवपूजन निवासी भदेहदू तहसील राजापुर जिला चित्रकूट की रहने वाली हूं मेरा असली नाम रानी देवी है तथा उपनाम चुन्नी देवी है मेरा आधार कार्ड रानी देवी पत्नी शिवपूजन निवासी भदेहदू राजापुर चित्रकूट हैं जिसका नंबर 9528 0790 6096 तथा दूसरे नाम का आधार कार्ड चुन्नी देवी नंबर 4027 7882 7018 है जिसे निरस्त समझा जाए रानी देवी का आधार कार्ड सत्य और सही है। **रानी देवी पत्नी शिव पूजन, निवास भदेहदू तहसील राजापुर चित्रकूट**

सूचना

सूच्य है कि मेरे पति रंजन शुक्ला की मृत्यु 5/9/2019 को हो गई थी। हम दोनों की सम्पत्ति B7-Gomati Enclave Near Ambedker University, Lucknow में है। इस सम्पत्ति पर पीरामल हाउसिंग फाइनेन्स द्वारा लोन लिया गया था। जिसका पूरा भुगतान हो चुका है। इसकी रजिस्ट्री के कागजात जारी किया जाय। **निधि शुक्ला पत्नी रंजन शुक्ला पता :–बी 7 गोमती इन्क्लेव निकट अम्बेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ. 226025, लोन कोड– 06000005211, मो0: 831800082**

अव्यवस्था मानपुर रोड पर यात्रियों को करना पड़ रहा है दोहरे संकट का सामना, गुजरना हुआ मुहाल

गड्ढेवाली सड़क पर सालों से पानी का निकास न होने से जलभराव

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। शहर के गोलकुआं से मानपुर को जाने वाली सड़क के दिन बहुरते नजर नहीं आ रहे हैं। यहां आसपास रहने वाले और दुकानदार दोहरे संकट से जूझ रहे हैं। एक तो जल निकासी के इंतजाम न होने से हर समय जलभराव की नौबत रहती है तो वहीं सड़क भी टूटी-फूटी होने से आवागमन मुश्किल भरा है। तमाम कवायदों के बाद भी सड़क का लाइलाज मर्ज दूर नहीं हो सका है।

बता दें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 10 अक्टूबर तक सभी सड़कों गड्ढामुक्त करने के आदेश दिए थे। कैबिनेट मीटिंग में दिए गए आदेश के क्रम में सड़कों पर मानक के अनुसार स्पीड ब्रेकर भी बनाने को कहा गया था। बावजूद इसके शहर में इस ओर हालात में कोई बदलाव नहीं दिखाई दिया।

सड़क की बात करें तो यहां की गोलकुआं से मानपुर जाने वाली सड़क तो वर्षों से बदहाली से जूझ रही है। इस सड़क के आसपास न सिर्फ बाजार है बल्कि घर और गेस्टहाउस भी हैं। आसपास की नालियों में हर समय भरा पानी निकलने का कोई रास्ता न होने से यह सड़क पर ही भरा रहता है। यह आवश्यक नहीं कि बरसात हो, बिना बरसात के ही घरों का गंदा पानी सड़क पर तालाब बनाए रहता है। पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष से लेकर वर्तमान तक के प्रयास बेकार गए हैं। यहां तक कि सदर विधायक व समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने भी संज्ञान लिया। निरीक्षण किया, जलभराव खत्म किए जाने के निर्देश दिए लेकिन सबकुछ व्यर्थ। दरअसल इस सड़क की तरफ की नालियों का ढाल कन्नौज-तिर्वा रोड की तरफ है लेकिन यहां रहा नाला बंद कर दिया गया है। इसके चलते पानी का निकास नहीं हो पा रहा है।

इससे यह समस्या हल होने का नाम नहीं ले रही है। वर्तमान में फिर से सड़क पर जहां तहां जलभराव है। इसके साथ ही पूरी सड़क ही टूट-फूट चुकी है जिससे इन स्थानों पर भी पानी भरा रहता है। मुख्यमंत्री का फरमान के बाद भी जिम्मेदारों ने इस तरफ कान नहीं दिए। ऐसे में इस सड़क से गुजरने वालों के साथ ही आसपास के दुकानदारों-निवासियों को दोहरी समस्या से जूझना पड़ रहा है। इस संबंध में नगर पालिका ईओ श्यामेंद्र मोहन चौधरी ने बताया कि जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकाला जा सका है। रोज ही सेक्शन करके पानी निकालकर राहत देने का प्रयास किया जा रहा है।

टूटी-फूटी मानपुर की सड़क और उस पर भी जलभराव से गुजरते वाहन। अमृत विचार

आज का मौसम

शनिवार को धूप के साथ मौसम खुला रहने का अनुमान है।

31.0⁰	19.0⁰
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06:21	सूर्यास्त 05:26

एक नजर

कोविड में लगीं स्टाफ नर्सों को मिली ज्वाइनिंग

कन्नौज। कोरोना काल में संक्रमित मरीजों को उपचार देने के लिये लगाई गई स्टाफ नर्सों को शासन ने तैनाती देदी है। इनको सीएमओ स्तर से वापस कर लिया गया है। 12 स्टाफ नर्सों की तैनाती जिला अस्पताल में दी गई है। कोरोना के समय जिले में स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिये स्टाफ नर्सों को लगाया गया था। कोरोना समाप्त होने के बाद इनकी सेवा समाप्त कर दी गई। इससे यह स्टाफ नर्से घर में बैठी थीं। इनको निकाल दिया गया था। इसकी शिकायत घर बैठी स्टाफ नर्सों ने शासन से की थी। इस पर सरकार ने पूरे प्रदेश में कोरोना के समय लगाई गई स्टाफ नर्सों को वापल सीएमओ के यहां भेज दिया। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में इन स्टाफ नर्सों ने ज्वाइनिंग की। इस के बाद सीएमओ ने इन सभी को जिला अस्पताल में तैनाती दी।

नीतेश मॉडल में अव्वल

छिबरामऊ, कन्नौज। मंडलीय विज्ञान प्रतियोगिता में भारतीय शिक्षा सदन इण्टर कालेज सिकन्दरपुर के छात्र नीतेश कुमार कक्षा 9 के मॉडल को जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। छात्र ने ई हाईवे विद ट्रैफिक टरबाइन एंड सोलर पैनल का मॉडल प्रदर्शित किया। जूनियर वर्ग के मॉडलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य योगेंद्र कुमार ने कहा विद्यालय के नोडल अधिकारी दिव्यदीपक दीक्षित, सहयोगी शिक्षक राहुल दुबे एवं विद्यालय की विज्ञान क्लब टीम के सराहनीय योगदान ने विद्यालय को एक बार फिर गौरवान्वित किया है।

आज खुले रहेंगे सरकारी दफ्तर

कन्नौज। एडीएम (वि./रा.) आशीष सिंह ने बताया है कि शासन के निर्देश पर दीपावली के बाद पहली नवंबर को सार्वजनिक अवकाश था। यह इस शर्त के साथ था कि नौ नवंबर यानि महीने का दूसरा शनिवार को शासकीय कार्यालय सामान्य कार्य दिवस की भांति खुले रहेंगे। इस वजह से आज सभी सरकारी कार्यालय समय से खुलेंगे और वहां सामान्य कार्य कराए जाएंगे।

मारपीट व लूटपाट का आरोप

कन्नौज। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के बरसाती गांव निवासी हरिओम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार दोपहर को इंदरगढ़ बाजार करके घर जा रहा था। जैसे ही गांव के पास पहुंचा तो गांव के ही निवासी पांच युवकों ने रोक लिया और पुरानी किसी बात को लेकर गाली देने लगे। विरोध करने पर लाठी डंडो से मारपीट कर एक सोने की चेन व अंगूठी छीन ली। आसपास लोगों को एकत्र होता देखा आरोपी भाग गए। थानाध्यक्ष पारुल चौधरी ने बताया कि मामले की जांचकर कार्रवाई की जा रही है।

पत्रकार को पितृ शोक

कन्नौज। पत्रकार गोपाल तिवारी के पिता लालजी तिवारी की हृदयगति रुकने से गुरुवार की रात निधन हो गया। वह अपने पीछे पत्नी के अलावा भरा पूरा परिवार छोड़ गये। उनके चार पुत्र के अलावा एक पुत्री है। मौत की जानकारी पर शहर ही नहीं गांव से लोग उनके आवास पहुंचे। शुक्रवार को अंतिम यात्रा शहर के मोहल्ला अकबरपुर सरायघाघ से चलकर महादेवी गंगा तट पर पहुंची, जहां उनका अंतिम सस्कार किया गया। इस मौके पर पत्रकारों के अलावा भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

दीपावली मिलन में दिखे आतिशबाजी, संगीत के रंग

- गणेश वंदना से हुई शुरुआत श्रीराम के भक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु
- आशा परिवार की तरफ से मनाया गया दीपावली मिलन समारोह

आतिशबाजी जलाते भाजपा नेता आलोक दीक्षित व उनकी पत्नी पुष्पांजलि।

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। विगत नगर पालिका चुनाव से अपनी राजनीतिक पारी का आगाज कर चुके भाजपा नेता व उद्यमी आलोक दीक्षित 'कन्हैया भैया' की पहल पर आशा परिवार की तरफ से दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। देर रात तक चले कार्यक्रम में आतिशबाजी के साथ ही भक्ति संगीत के विविध रंग देखने को मिले।

बताते चलें कि कई साल से सामाजिक जीवन में प्रवेश करने की तैयारी कर रहे कन्हैया ने वर्ष 2023 में नगर पालिका चुनाव से शुरुआत की थी। हालांकि सदर की सीट महिला के लिए आरक्षित हो जाने से उनकी मां ने भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर अध्यक्ष पद चुनाव लड़ा था। तब कन्हैया ने जनता से जुड़ने के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी लेकिन राजनीतिक दांव पेंच के गणित उलझे तो कड़ी लड़ाई के बाद अध्यक्ष पद पर बसपा प्रत्याशी की विजय हो गई। इसके बाद भी कन्हैया लगातार सामाजिक जीवन से जुड़कर लोगों के बीच अपनी जगह बनाने में जुटे हैं। इसी क्रम में 21 जनवरी के एसबीएस इंटर कॉलेज ग्राउंड में विशाल रामोत्सव का आयोजन किया था जो अयोध्या में राम मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा की पूर्व संध्या थी। तब हुए भव्य आयोजन और दीपोत्सव को लोग अब भी याद करते हैं। तब जिले भर से जुड़े आस्थावानों ने देररात तक उत्सव मनाया था। अब गुरुवार को उनकी ही पहल पर आशा परिवार की तरफ से जीटी रोड स्थित आशा गार्डन में दीपावली मिलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शाम सात बजे के करीब समाज कल्याण मंत्री व सदर विधायक असीम अरुण और उनकी पत्नी ज्योत्सना अरुण के पहुंचने के बाद हुई। सबसे पहले संगीत पार्टी ने गणेश वंदना की और इसके बाद श्रीराम आधारित भजनों ने समा बांध दिया। इसके बाद आशा परिवार के अलावा जुटे समाज तमाम गणमान्य लोगों ने आतिशबाजी का आनंद लिया। तत्पश्चात रात्रभोज का आयोजन किया गया। देर रात तक चले कार्यक्रम में शहर के लगभग सभी मोहल्लों से आए लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर कन्हैया की पत्नी पुष्पांजलि के अलावा विपिन दीक्षित, सुबोध दीक्षित, श्याम दीक्षित, राम दीक्षित समेत समूचा परिवार, आध्यात्मिक संस्था सन्मार्ग के सभी सदस्य, मकरंदनगर से श्यामजी गुप्ता, छिपट्टी से सुशील जैन, सरायमीरा से लालाभाई पटेल, अमति अवस्थी, संजय मिश्रा, विपिन मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।

दीपावली मिलन कार्यक्रम में मौजूद मंत्री असीम अरुण, कन्हैया दीक्षित, विपिन दीक्षित व अन्य गणमान्य लोग। अमृत विचार

11 साल पहले हुई हत्या में पिता पुत्र समेत 6 दोषियों को उम्रकैद

विशेष न्यायाधीश ने सुनाई सजा, 61-61 हजार रुपये का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। करीब 11 साल पहले 2003 में हुई हत्या की घटना में दोष सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश (दस्यु प्रभावित क्षेत्र) इंद्रजीत सिंह ने पिता-पुत्र समेत छह लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक को 61-61 हजार रुपये का जुर्माना भरने का आदेश भी दिया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर सभी को एक-एक साल की कैद और भुगतनी होगी।

शासकीय अधिवक्ता ब्रजेश शुक्ल ने बताया कि 26 अक्टूबर 2003 की शाम करीब साढ़े चार बजे सुरेश कुमार दुबे अपने भाई विजय कुमार दुबे व रवींद्र कुमार दुबे के साथ बाजार जीटी रोड से घर आ रहे थे। यह लोग जैसे ही डॉ. रामचंद्र शर्मा के घर के सामने पहुंचे तो यहां पहले से घात लगाकर बैठे तमंचों, अधिया व हाकियों से लैस गांव के राजीव कुमार पांडे उर्फ पप्पू पुत्र श्रीकांत पांडे, मनीष कुमार दीक्षित पुत्र विपिन बिहारी दीक्षित, पंकज पुत्र रामपाल सिंह, सुनील कुमार सिंह पुत्र रामपाल सिंह, विपिन बिहारी दीक्षित पुत्र राधेश्याम दीक्षित, रामचंद्र शर्मा पुत्र बच्चन लाल शर्मा, विनय शर्मा पुत्र रामचंद्र शर्मा, लला तिवारी पुत्र मुन्नालाल तिवारी निवासीगण कस्बा सिकंदरपुर थाना कोतवाली छिबरामऊ पहले चल रही रंजिश के चलते रोककर गालीगलौज करने लगे। मनीष दीक्षित ने गाली देते हुए जान से मारने की बात कही।

- वर्ष 2003 में रंजिशन घेरकर बोला गया था हमला

इसके बाद सभी आरोपी घेरकर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने लगे। घटना में गोली लगने से विजय की मौके पर ही मृत्यु हो गई। रवींद्र को भी हॉकियों से मारपीट कर घायल कर दिया। रास्ते से जा रहे मुन्ना पुत्र मुंशी खां को भी मारापीटा। बाजार में हुई फायरिंग से दहशत फैल गई। लोगों ने मकान के दरवाजे व दुकानों के शटर बंद कर लिए। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी असलहे लहराते धमकी देते हुए भाग गए। मामले की रिपोर्ट सुरेश कुमार दुबे ने छिबरामऊ कोतवाली में दर्ज कराई थी। मामले की विवेचना के बाद 8 जनवरी 2004 को आरोपियों राजीव कुमार पांडे, मनीष कुमार दीक्षित, सुनील कुमार, विपिन बिहारी दीक्षित, रामचंद्र शर्मा, विनय शर्मा, लल्ला तिवारी के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया गया। सुनवाई पूरी होने के उपरांत विशेष न्यायाधीश ने राजीव कुमार पांडे, मनीष कुमार दीक्षित, विपिन बिहारी दीक्षित, सुनील कुमार, विनय शर्मा तथा लला तिवारी को उम्रकैद व जुर्माने की सजा से दंडित किया। विनय शर्मा को आर्म्स एक्ट में दो साल की सजा व 3000 रुपये जुर्माना, मनीष दीक्षित व राजीव पांडे को आर्म्स एक्ट में दो-दो साल की सजा व 3000-3000 रुपये जुर्माना भरने का आदेश दिया।

कोर्ट के आदेश से जीजा व अन्य पर रिपोर्ट दर्ज

कन्नौज। जमीन की खरीदारी में भागेदारी के नाम पर जीजा ने युवक से रुपये ले लिए। काफी समय बीतने के बाद रुपये न मिलने पर पीड़ित ने पैसा मांगा तो मारपीट की और दोबारा पैसा मांगने पर जान से मार की धमकी दी। पीड़ित ने न्यायालय के जरिए जीजा समेत एक अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ठठिया थाना क्षेत्र के अलीपुर अहाना गांव निवासी रोशन ने न्यायालय को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि तिर्वा कस्बा के कलिकानगर निवासी जीजा सादाब खां का दोस्त धारानगर गांव निवासी जुबेर जमीन की खरीद फरोख्त का काम करता है। पिछले साल 10 मार्च को जीजा ने एक जमीन की खरीद की। इसमें पांच लाख रुपये कम पड़ रहे थी। उससे यह रुपये मांगे और हिस्सेदारी देने की बात कही। इस पर उसने जुबैर के खाते में बैंक के माध्यम से पांच लाख रुपये भेज दिए। कुछ दिन बाद जमीन की खरीद के बारे में जानकारी ली थी तो दोनों भड़क गए। 3 महीना पहले पैसा मांगने पर आरोपी जान से मार देने की धमकी दी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस लाइन में परेड के दौरान दौड़ लगाते पुलिस के जवान। अमृत विचार

फिटनेस के लिए पुलिस लाइन में दौड़े जवान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन ग्राउंड में परेड का किया निरीक्षण, ली सलामी

अमृत विचार। एसपी ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली तथा परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिस जवानों को दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई, ड्रिल देखकर उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए प्रभारी पुलिस लाइन को निर्देशित किया।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने दंगा नियंत्रण में उपयुक्त होने वाले टियर गैस गन व रबर गन का अभ्यास किया तथा सभी अधिकारी, कर्मचारियों से शस्त्र अभ्यास करवाया। एसपी ने पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर उपलब्ध समस्त आपातकालीन उपकरणों को चलवाकर चेक किया। प्रभारी यूपी 112 को निर्देशित किया कि पीआरवी वाहनों व उसके उपकरणों की लगातार चेकिंग करें। पुलिस लाइन निरीक्षण के दौरान एसपी ने जीडी कार्यालय, पुलिस कैंटीन, शस्त्रागार, बैरक, स्टोर रूम आदि को चैक किया।

ट्रेन की चपेट में आने से युवती की चली गई जान

गुरसहायगंज, कन्नौज। बाजार से घर लौट रही युवती रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गई। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को रेलवे ट्रैक से हटवाया और पंचनामा भरा।

ग्राम मिरगांवा निवासी डॉ. इरशाद की पुत्री शायवीन (18) शुक्रवार की दोपहर बाद लगभग 3.30 बजे गुरसहायगंज से बाजार कर लौट रही थी। टैंपो से उतरने के बाद घर जाने के लिए रेलवे ट्रैक पार करने लगी। तभी मिरगांवा गुमटी के निकट गुरसहायगंज से कानपुर की ओर जा रही छपरा एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों व राहगीरों की मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों में शव देख चीख पुकार मच गई। बताया जा रहा है कि रेलवे ट्रैक पार करते समय युवती फोन से बात कर रही थी। उसकी शादी तय हो चुकी थी। मझपुर्वा चौकी प्रभारी श्याम पाल पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को रेलवे ट्रैक से हटवाया। इसके बाद शव का पंचनामा भर कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

तमंचा लहराने वाला ग्राम प्रधान हो गया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव बद्दापुर्वा में हुई थी मारपीट

अमृत विचार। रास्ते से निकलने के विवाद में ग्राम प्रधान ने मारपीट की और तमंचा लहराया। तमंचा लिये ग्राम प्रधान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी तमंचा समेत गिरफ्तार कर लिया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव बद्दापुर्वा निवासी लालू पुत्र अमर सिंह व ऋषि पुत्र गंगा प्रसाद का विबाद गांव के ही निवासी ग्राम प्रधान लाखन सिंह, राम भजन, बलराम पुत्रगण नत्थू, रमाकांत पुत्र राम भजन से गुरुवार की सुबह हो गया था। मारपीट की वजह मुख्य रास्ते में गड्ढा खोद दिया जाना रहा। जब पीड़ित अपना ट्रेक्टर निकलने के लिये पहुंचे तो उक्त लोगों ने निकालने से मना कर दिया। उक्त सभी गाली गलौज करने लगे। हांथ में सरिया व तमंचा लेकर आ गये। हमलावर होकर दोनों से मारपीट करने लगे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ग्राम प्रधान को तमंचा लहराने व एक अन्य आरोपी को सांति भंग में गिरफ्तार किया है। ग्राम प्रधान को पुलिस ने तमंचा समेत गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। जहां से उसे जेल भेजा गया है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी सदर कपिल दुबे ने बताया कि वायरल वीडियों को देखकर आरोपी को खोज निकाला गया है।

11 लाख रुपये के 55 मोबाइल बरामद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। साइबर क्राइम थाना कन्नौज ने अभियान चलाकर महीनों से खोये 55 मोबाइल बरामद किये हैं। इन की अनुमानित कीमत करीब 11 लाख रुपये है। पुलिस ने मोबाइलों को मालिकों के सुपुर्द कर दिया।

जिले के विभिन्न स्थानों पर गुम हुये मोबाइल फोन की सूचना मोबाइल धारकों ने पुलिस कार्यालय को उपलब्ध कराई थी। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के आदेश पर सक्रिय हुए साइबर क्राइम थाना के प्रभारी निरीक्षक की टीम ने 55 गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर लिये। संबंधित उपभोक्ताओं को पुलिस लाइन के मनोरंजन हॉल में शुक्रवार को दोपहर बुलाया गया। यहां एसपी ने खुद मोबाइल संबंधितों को सौंपे। एसपी ने बताया कि जनवरी से अब तक सर्विलांस सेल व साइबर क्राइम थाना कन्नौज ने खोये हुए 366 मोबाइल फोन बरामद किये हैं। इनकी अनुमानित कीमत 65 लाख रुपये रही होगी। मोबाइल बरामद करने वाली टीम में साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी, उप निरीक्षक बृजेन्द्र भदौरिया, अर्जुन सिंह, सहदेव सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, डिम्पल सरोज मौजूद रहीं।

पुलिस लाइन के मनोरंजन हॉल में एसपी के साथ प्रसन्नता जताते मोबाइल मालिक।

मोबाइल खोने पर खुद ऑनलाइन करें शिकायत

कन्नौज। एसपी ने मोबाइल खो जाने पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया में सीईआईआर पोर्टल के विषय में बताया। कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से मोबाइल खो जाने की स्थिति में सर्वप्रथम यूपी कॉप एप के माध्यम से सम्बन्धित थाने पर जाकर अपनी शिकायत दर्ज करानी होती है। इसके पश्चात शिकायती प्रार्थना पत्र को अपने पहचान पत्र व मोबाइल बिल के साथ सीईआईआर पोर्टल की वेबसाइट पर जाकर गुम/चोरी हुये मोबाइल को ब्लाक करने के लिए अनुरोध करना होता है।

ग्राम पंचायत निधि से कराएं परिषदीय स्कूलों का विकास

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जिलास्तरीय टास्क फोर्स की बैठक 22 अक्टूबर को हुई थी। इसका कार्यवृत्त जारी हो गया है। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 19 पैरामीटर पर परिषदीय स्कूलों में काम करना है। जहां बाकी है ग्राम पंचायत निधि से कार्य कराने के लिए प्रधान व बीडीओ से संपर्क करने को कहा गया।

सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने जिला टॉस्क फोर्स व ब्लॉक टॉस्क फोर्स के निरीक्षण की दैनिक प्रगति हर रोज व्हाट्सएप पर शेयर करने को कहा। सभी अधिकारियों आदि को स्कूलों के निरीक्षण का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। स्कूलों में शिक्षक व छात्र हाजिरी सुधारने व गुगरापुर बीईओ को खास ध्यान करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने कहा कि जिन स्कूलों में शिक्षक बिना अनुमति गायब रहते या समय से नहीं पहुंचते वहां कार्रवाई की जाए। शिक्षकों के लिए चेतावनी दी गई है कि अगर छात्रों की हाजिरी सही नहीं हुई तो जिम्मेदारी तय की जाएगी। प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा ने कहा कि 30 फीसदी बच्चे स्कूलों में नहीं पहुंच रहे हैं इसका मतलब है कि आखिर कहां है वह बच्चे। सभी बीईओ प्रयास कर स्कूलों में छात्र उपस्थिति बढ़ाएं। कक्षा कक्ष रूपांतरण का डाटा में उमर्दा की रैंक खराब मिली। जानकारी की गई कि कौन से विद्यालय ऐसे हैं जहां शिक्षण योजना के बिना ही शिक्षण कार्य हो रहा है। कौन से शिक्षक डायरी अपडेट नहीं करते हैं। परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण चार दिसंबर को चिह्नित स्कूलों में कक्षा तीन व छह में कराया जाएगा।

कार्ययोजना जिले के सभी 1522 मतदेय स्थलों पर मौजूद रहेंगे बीएलओ व पदाभिहीत अधिकारी

आज और कल अपने बूथ पर जाकर बनिए वोटर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र कन्नौज सदर, छिबरामऊ व तिर्वा इलाके के कुल 1522 बूथों पर वोटर बनाने का विशेष अभियान चलेगा। बीएलओ व पदाभिहीत अधिकारी मौजूद रहेंगे। उनके पास वोटर बनाने, नाम व पता सही कराने और गलत नाम मतदाता सूची से हटाने के फार्म निशुल्क मिलेंगे। नवंबर में आज से कुल चार दिन अभियान चलेगा।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया है कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 29 अक्टूबर से चल रहा है। इसके तहत 9 व 10 नवंबर को सभी मतदेय बूथों पर विशेष अभियान है।

जानकारी देते अनुराग शुक्ल, साथ में बीईओ मुख्यालय विपिन कुमार। अमृत विचार

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जो लोग एक जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं वह मतदेय स्थल पर बीएलओ/ पदाभिहित अधिकारी से फार्म छह लेकर भर सकते हैं। इसके अलावा नाम में त्रुटि को सही कराने के लिए फार्म-8 और गलत नाम हटाने के लिए फार्म-7 भर कर जमा कर सकते हैं। उधर, एसडीएम सदर रामकेश ने बीईओ कन्नौज, जलालाबाद, गुगरापुर व उमर्दा, नगर शिक्षा अधिकारी कन्नौज, बीडीओ कन्नौज, जलालाबाद, गुगरापुर व उमर्दा, एक्सईएन नलकूप, डीआईओएस, सीडीपीओ कन्नौज, गुगरापुर, जलालाबाद, नगर क्षेत्र व उमर्दा और प्रभारी चिकित्साधिकारी कन्नौज, जलालाबाद व गुगरापुर को पत्र भेजा है। इसमें कहा है कि नौ नवंबर, 10 नवंबर, 23 और 24 नवंबर को विशेष अभियान में बीएलओ व पदाभिहीत अधिकारी अपने-अपने बूथों पर अनिवार्य रूप से सुबह 10 से शाम चार बजे तक उपस्थित रहें।

छात्राओं को वोटर बनने की दी जानकारियां

कन्नौज। शहर के राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में बेसिक शिक्षा विभाग के सहयोग से मतदाता जागरुकता कार्यकम हुआ। इसमें छात्राओं को वोटर बनने व आगामी चुनाव में मतदान जरूर करने के लिए प्रेरित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी उमर्दा/ मुख्यालय विपिन कुमार ने छात्राओं से मतदाता जागरुकता को लेकर संवाद किया। छात्राओं को नए मतदाता बनने की प्रकिया, गरुण ऐप के तकनीकी बिंदुओं, मतदान प्रक्रिया के अन्य आवश्यक बिंदुओं पर बताया। प्राथमिक स्कूल हैवतपुर कटरा के सहायक अध्यापक अनुराग शुक्ल ने भी बात रखी।

हाईवे पर खड़े ट्रकों से एक्सीडेंट हुआ तो ढाबा मालिक पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। हाईवे के किनारे रात के समय गलत तरीके से ट्रक व डंपर खड़े कर देने से हो रहे हादसों पर अंकुश लगाने के लिये यातायात प्रभारी ने रात में चेकिंग की। इस दौरान हाइवे के किनारे ढाबों पर खड़े बारी वाहनों के चालान काटे गये।

गुरुवार की रात यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां ने अपनी टीम के साथ को देर रात ढाबों के आसपास खतरनाक ढंग से खड़े वाहनों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान 18 वाहनों के चालान किए गए। वहीं ढाबा संचालकों को यातायात प्रभारी ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा गया कि यदि नेशनल हाईवे के आसपास ढाबा संचालित करते हैं तो उनको वाहनों की पार्किंग की भी व्यवस्था करनी पड़ेगी। यह व्यवस्था नहीं होगी तो आने वाले कोहरे के समय यदि किसी ढाबा के आसपास खड़े ट्रकों से किसी वाहन का एक्सीडेंट होगा तो ढाबा संचालक के खिलाफ भी भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया है कि कोहरे के मौसम के आने से पहले नेशनल हाईवे के किनारे ढाबों के आसपास या तो पार्किंग की व्यवस्था हो जाए या वाहनों का खड़ा होना पूर्ण रूप से वर्जित कर दिया जाए।

ढाबे के सामने खड़े ट्रक चालकों को जानकारी देते यातायात प्रभारी आफाक खां।

- रात्रि में हाईवे के ढाबों पर खतरनाक ढंग से खड़े वाहनों पर हुई कार्रवाई

एक रात में आधा दर्जन घरों में चोरों का धावा

लाखों का माल ले गए चोर, लोगों ने कोतवाली कायमगंज पुलिस की कार्यप्रणाली पर लगाया सवालिया निशान

संवाददाता कायमगंज

अमृत विचार । बेखौफ चोरों ने कोतवाली क्षेत्र में आधा दर्जन घरों में चोरो ने धावा बोल दिया। नकदी व जेवरात समेत लाखों का माल उड़ ले गए। चोरीं की घटनाओं को अंजाम देकर कोतवाली कायमगंज पुलिस की कार्यप्रणाली पर एक सवालियां निशान लगा दिया है। नगर के लोगों का कहना है कि जब से कोतवाली कायमगंज में नये इंसपेक्टर की तैनाती हुई है। तब से चोरी की घटनाए बढ़ी हैं।

कोतवाली क्षेत्र के नगर के मोहल्ला जटवारा में आधा दर्जन घरों में चोरो ने चोरियों की घटनाओं को अंजाम दिया ।पहली चोरी कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के मोहल्ला पाठक नई कालोनी निवासी अवधेश कुमार के मकान में किरायेदार गनेश कुमार के घर चोरो ने मेन गेट का ताला उखाड़ कर 15 हजार नकद व सामान ले गये। वही मोहल्ला कूंचा गंगा दरवाजा रामलखन राजपूत के घर का ताला तोड कर चोरी हो गई। विमला पत्नी रामलखन ने बताया कि 100 ग्राम चांदी के जेवर व नकद 5 हजार रुपये चोरी हो गये। इस क्रम में सधवाडा सरोजनी नगर निवासी राहुल सिंह के घर से चोरों ने मेन गेट का ताला तोड़ कर घर में रखे खडुआ, करधनी, पीतल के बर्तन व 10 नकद चुरा ले गये। इसी तरह क्षेत्र के मोहल्ला निवासी तारावती की परचून दुकान का ताला तोड़कर चोर कपडे व नकदी चोरी कर ले गये।

नई बस्ती निवासी देवेन्द्र के घर का चोरों ने मेन गेट का ताला तोड़ कर नकदी व जेवर चोरी कर ले गये। अनीता शर्मा पत्नी बजेश शर्मा अपने मायके सुमौर गई थी। शुक्रवार सुबह आई तो मेन गेट का ताला तोडकर चोरी होने की सूचना मिली। चोर घर में रखी जेवर व 18 हजार रुपये नकद ले गये। इसी क्रम में मोहल्ला जेटवारा निवासी आफताफ अली खां के बंद मकान का ताला तोड़कर पीतल के बर्तन चोर चुरा ले गये। नगर क्षेत्र मे एक ही रात में हुई चोरी की तोबड़तोड़ चोरी की घटनाओं ने आम जनमानस को हिलाकर रख दिया।

बृजेश शर्मा के घर में चोरों द्वारा बिखराया गया सामान। अमृत विचार

बिखेरे गए सामान को दिखाती महिला। अमृत विचार

नर्स के घर से चोरी

फर्रुखाबाद । फतेहगढ़ कोतवाली के मोहल्ला ग्वालटोली निवासी निर्मला देवी लोहिया अस्पताल में नर्स के पद पर तैनात है। पति कल्लू भी लोहिया अस्पताल में वार्ड ब्वॉय के पद पर तैनात है। गुरुवार शाम को दोनों रात की ड्यूटी के लिए चले गए। सुबह वापस लौट कर देखा तो जीने का गेट खुला हुआ था बक्से का कुंडा टूटा हुआ था। बक्से में रखे 43 हजार रूपये गायब थे। घरेलू सामान भी बिखरा पड़ा था। घटना की सूचना मिलने पर सिविल लाइन चौकी प्रभारी रक्षा सिंह ने घटना का जायजा लिया। नर्स ने चोर के खिलाफ तहरीर दी है।

लूट के माल सहित दो गिरफ्तार

अमृतपुर संवाददाता

अमृत विचार । थाना अमृतपुर पुलिस ने लूट के मामले में राहुल मिश्रा उर्फ लल्लू एवं सानू पांडे को लूटे गए जेवरात एवं नकदी सहित गिरफ्तार कर लिया है।

जनपद शाहजहांपुर थाना मिर्जापुर के ग्राम शंकरपुर कोडर निवासी राहुल मिश्रा उर्फ लल्लू व ग्राम दोसपुर थोक निवासी सानू पांडे ने अन्य दो साथियों की मदद से 27 अक्टूबर को थाना अमृतपुर के ग्राम करनपुर दत्त निवासी रामनाथ उर्फ कमलेश की पत्नी के जेवरात नगदी व मोबाइल फोन लूट लिए थे।

पुलिस ने घटना में प्रयोग की गई बाइक सहित सोने की नथनी पायलें एवं 500 रुपए बरामद कर लिए है। पुलिस पकड़े गए शातिरों से कई अन्य वारदातों के बाबत पूछताछ कर रही है।

लूट के मामले में गिरफ्तार राहुल मिश्रा उर्फ लल्लू एवं सानू पांडे। अमृत विचार

विशेष अभियान में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, सुधार का मौका

फर्रुखाबाद। आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने और सुधार के लिए विशेष अभियान की घोषणा की गई है। यह अभियान 10 नवंबर से 25 नवंबर तक जिले के सभी मतदान केंद्रों पर चलाया जाएगा ।निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, जिन व्यक्तियों की आयु 1 जनवरी 2025 तक 18 वर्ष पूरी हो चुकी है, वे इस अभियान के तहत अपने नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकते हैं। इसके अलावा यदि किसी मतदाता की जानकारी में कोई त्रुटि है या उन्हें सुधार की आवश्यकता है, तो वे फॉर्म 6, 6बी, 7 और 8 के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

अभियान के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी और उप जिला निर्वाचन अधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी सक्रिय रूप से निगरानी करेंगे। सभी मतदान केंद्रों पर विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं, जो मतदाताओं की सुविधा और आवश्यक जानकारी के लिए उपलब्ध रहेंगे।इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो, जिससे वे आगामी चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें।

बहुआ ब्लाक में बैठक करते बीडीओ मनोज कुमार अग्रवाल। अमृत विचार

'कायाकल्प' से बदलेगी विद्यालयों की तस्वीर

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। बहुआ ब्लाक कार्यालय में गुरुवार को आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि कायाकल्प योजना के तहत परिषदीय विद्यालयों की सूरत बदलेगी। इस योजना में छूटे सभी 127 विद्यालयों को चमकाने की योजना है। इससे परिषदीय विद्यालयों के प्रति अभिभावकों का आकर्षण बढ़ेगा। पहले की तुलना में बच्चों की संख्या में भी इजाफा होगा।

ग्राम पंचायतों के सहयोग से कायाकल्प योजना के तहत बहुआ ब्लाक के चिह्नित 127 प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के कमरों में टाइल्स लगाने, विकलांग शौचालय, रंगरोगन करवाए जाने के साथ ही परिसर को सुंदर और आकर्षक बनाने का कार्य किया जाएगा। शुद्ध पानी के लिए आरओ लगाने के साथ ही बैठने के लिए भी बेहतर व्यवस्था की जायेगी। बहुआ ब्लाक के चिह्नित 127 विद्यालयों पर कार्य आरंभ करवाने के लिए जल्द से जल्द निर्देश दिए। एडीओ पंचायत विष्णु वर्मा ने कहा कि विद्यालयों के भवनों की दशा सुधार होने से बच्चों की संख्या भी बढ़ने लगी है। प्रधान व सचिवों को सात दिन के अंदर सभी शौचालयों को निर्माण का अल्टीमेटम दिया गया। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी हौसिला प्रसाद, सचिव अश्वनी मौर्या, सत्येन्द्र कुमार, राघवेंद्र प्रसाद, बलराम शर्मा, नीरज सिंह, राघवेंद्र सिंह, कम्प्यूटर आपरेटर आशीष तिवारी, बवांरा प्रधान प्रतिनिधि शिवम सिंह आदि मौजूद रहे।

आग से गोदाम में रखा धान राख हो गया। अमृत विचार

पूर्व प्रधान के गोदाम में लगी आग, 25 लाख रुपये का बासमती धान जला

फर्रुखाबाद। मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के गांव हाथीपुर निवासी पूर्व ग्राम प्रधान कबीर खां उर्फ गुड्डु की अनाज की आढ़त है। उनकी गोदाम में बासमती चावल के ढाई हजार बोरा रखे थे।

गुरुवार रात गोदाम में आग लग गई। कबीर खां शुक्रवार सुबह जागे तो गोदाम से धुआं निकलते देखा। उन्होंने दरवाजा खोला तो पूरी गोदाम में आग फैली हुई थी। ग्रामीण भी मौके पर एकत्र हो गए। लोगों ने समसेंविल चलाकर पानी डालना शुरू किया। लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। करीब 35 मिनट बाद दो दमकल पहुंची। एक घंटा की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग शार्ट सर्किट से लगने की संभावना है। पूर्व प्रधान ने करीब 25 लाख का नुकसान होना बताया है। गोदाम के पास में ही पूर्व प्रधान का आटा मिल व सरसों तेल का कारखाना है। उसमें आग फैलने से बच गयी।

हैंडलूम महोत्सव में बही काव्य रस की धारा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। फर्रुखाबाद हैंडलूम हस्तशिल्प महोत्सव में भव्य काव्य समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता वरिष्ठ गजलकार उपकर मणि उपकार ने की एवं मुख्य अतिथि उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम अध्यक्ष उपकार मणि उपकार ने एक नए प्रयोग के साथ उत्कृष्ठ काव्यपाठ करने वाले विभोर सोमवंशी विभु जी को मैन ऑफ द मैच सम्मान से सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि यह सम्मान प्रत्येक मंच पर दिया जाना चाहिए जिससे हमारे युवा रचनाकारों का उत्साहवर्धन हो। मुख्य अतिथि राजेश दीक्षित जी ने बताया कि हिंदी हमारी मातृभाषा है और इसके संरक्षण के लिए जो भी व्यक्ति काम करेगा वो मेरे लिए पूजनीय है। उन्होंने सभी रचनाकारों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि नरेंद्र सोमवंशी ने बताया कि भारत युवाओं का देश है और जब तक हर युवा आगे निकल कर नहीं आएगा तब तक हमारे देश का समुचित विकास संभव नहीं है। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश राजेश दीक्षित उर्फ बबलू भैया और विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष किसान यूनियन भानु नरेंद्र सोमवंशी ने दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। वाणी वंदना कार्यक्रम संयोजन एवं संचालक वैभव सोमवंशी सुभग ने की। युवा रचनाकार राममोहन शुक्ला, विभोर सोमवंशी, विभु, दिलीप कश्यप कलमकार, अमित त्रिवेदी, नीलकमल त्रिवेदी मोनू, शुभाशीष पाल, प्रियांशु पाण्डेय, विशाल श्रीवास्तव ने अपने-अपने अंदाज में विभिन्न रसों की रचनाओं को पढ़कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। मेला समिति के प्रमुख सदस्य राजू सिंह एवं क्रेजी डांस अकादमी के डायरेक्टर मोहम्मद रफी ने सभी साहित्यकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अंतराष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच के जिलाध्यक्ष विपिन अवस्थी, उपाध्यक्ष अभिषेक कटियार, हिन्दू महासभा जिला उपाध्यक्ष रामजी अग्निहोत्री, अखिलेश त्रिवेदी, अरविंद चौहान, समाजसेवी अर्पित भास्कर, अवनीश सोमवंशी, रोहित दीक्षित, वरिष्ठ गीतकार दिनेश अवस्थी आदि सभी ने व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन युवा साहित्यकार वैभव सोमवंशी सुभग ने किया।

फर्रुखाबाद हैंडलूम हस्तशिल्प महोत्सव में काव्य समारोह में पाठ करते कवि।

- हर युवा आगे निकल कर नहीं आएगा तब तक देश का विकास संभव नहीं

सार-संक्षेप

समाजवादी अधिवक्ता सभा की मासिक बैठक में अधिवक्ता।

प्रदेश में अधिवक्ताओं के साथ घटनाओं पर लगे अंकुश

फर्रुखाबाद। शुक्रवार को समाजवादी अधिवक्ता सभा की मासिक बैठक कचहरी फतेहगढ़ में संपन्न की गई। जिसकी अध्यक्षता अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव सुभाष चंद्र शाक्य एडवोकेट ने की। बैठक को संबोधित करते हुए अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव एडवोकेट ने कहा कि आज प्रदेश में अधिवक्ताओं के साथ बहुत ही निंदनीय घटनाएं घटित हो रही हैं। जिस पर अंकुश लगाया जाए और अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू किया जाए। उन्होंने कहा अभी कुछ दिन पहले गाजियाबाद में जो घटना घटित हुई है। उसमें सभी पीड़ित अधिवक्ता को सरकार कम से कम दो 2 लाख मुआवजा दे। सभी अधिवक्ताओं से अपील की कि अपने-अपने क्षेत्र में अत्यधिक वोट बढ़ाएं जिस की 2027 में हम सभी लोग सरकार बना सके। विधानसभा उपचुनाव करहल में सभी पदाधिकारी एक-एक दिन समय अवश्य निकाल कर चुनाव प्रचार में पहुंच कर पार्टी के प्रत्याशी तेज प्रताप यादव को भारी बहुमत से चुनाव जिताये। इस दौरान कुंवर सिंह यादव एडवोकेट, अचल प्रताप सिंह एडवोकेट, धर्मेंद्र सिंह यादव एडवोकेट, नरेंद्र सिंह एडवोकेट, कुलदीप यादव एडवोकेट, अमन वर्मा एडवोकेट, दिवाकर शाक्य एडवोकेट, शिवम शाह एडवोकेट, विकास राठौर एडवोकेट, मोहम्मद शमीम खान एडवोकेट, सदस्य बार एसोसिएशन फतेहगढ़, सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जब अधर्म होता है तो श्रीराम का जन्म होता है: राजकुमारी महोबा

फर्रुखाबाद। 21वें मानव सम्मेलन श्रीराम कथा की अमृत वर्षा में मानस माधुरी राजकुमारी महोबा ने कहा कि पृथ्वी पर जब अत्याचार बढ़ता है तब प्रभु मानव के रूप में अपने भक्तों की रक्षा धर्म की स्थापना मानव कल्याण के लिए अवतार लेते हैं। चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी शुभ मुहूर्त मधुमास में प्रभु श्रीराम का जन्म होता है। अयोध्या में खुशियां मनाई जाती है मंगल गीत बधाई दी गई। आयोजन समिति के भक्ति गण बृज किशोर सिंह किशोर, भारत सिंह ,श्रीमती शकुंतला कनौजिया, शारदा सिंह, मधु गुप्ता, राहुल कनौजिया सभी खुशियां मनाते हैं बधाई गाते हैं। आचार्य सर्वेश शुक्ला पंडित, अरविंद चतुर्वेदी ने मंगलाचरण स्वास्तिक वाचन करते हुए सभी को आशीर्वाद दिया। सम्मेलन में आदित्य कुमार त्रिपाठी सतना ने कहा कि श्रीमद् भागवत कल्पवृक्ष है तुलसी रामचरितमानस समग्र वेद पुराण शास्त्रों के रसों का अमृत है जिसमें मानव जीवन का सार है जो भारतीय संस्कृति की धरोहर है। शारदा शर्मा ने कहा हनुमान जी महाराज के अष्ठ सिद्ध के दाता हैं, उनकी उपासना करने से मनवांछित फल मिलता है। अरिमर्दन शास्त्री हमीरपुर ने सुमित्रा माता के चरित्र और पुत्र लखन लाल के कर्तव्य धर्म परायण राष्ट्रभक्त समाज सेवा के रूप में वर्णन किया। आरती के साथ कथा का विराम हुआ।

सम्मेलन में विचार व्यक्त करतीं राजकुमारी महोबा।

दबंगों ने शराब के नशे मे भाई बहन को मारपीट कर किया घायल

कायमगंज। कोतवाली क्षेत्र के गांव मऊ रशीदाबाद निवासी अर्पित व कशिश को पुलिस घायल अवस्था में मेडिकल व इलाज कराने सरकारी अस्पताल लाई। जहां अर्पित ने बताया कि गांव के ही दबंग ने शराब के नशे में अपना मोबाइल तोड़ दिया और मोबाईल तोड़ने का इल्जाम उसके पिता रामकिशोर पर लगा रहा था। गन्दी गलियां दे रहा था जब इसका विरोध किया तो उसने व उसके तीन अन्य साथियों ने उसे व उसकी बहन कशिश को मारपीट कर गंभीर घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

विधिक सेवा दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन

फर्रुखाबाद। मेजर एस.डी. सिंह विश्वविद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिला जज संजय कुमार सिंह रहे। जिन्होंने विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्यों और इसके महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार ने विधिक सेवा और संबंधित घटनाओं पर अपने अनुभव साझा किए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार राणा ने साइबर क्राइम के बढ़ते खतरे और उससे बचाव के तरीके पर जागरूकता फैलाने पर जोर दिया। लॉ फैकल्टी के डॉ. राजपाल सुमन, लीगल एट डिफेंस काउंसिल के चीफ शिव नरेश सिंह, सीता सिंह और प्रशांत गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अधिवक्ता रघुवर दास और शिव नरेश सिंह ने नए कानूनों और उनके प्रभाव पर जानकारी दी ।शिविर में विश्वविद्यालय के शिक्षकगण और बड़ी संख्या में विधि के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में गोगा जादूगर द्वारा एक मनोरंजक जादू का प्रदर्शन किया गया, जो उपस्थित लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

शिव शक्ति अखाड़ा परिषद नौजवानों को करेगा जागरूक

फर्रुखाबाद। फर्रुखाबाद जनपद के थाना व कस्बा कमालगंज में स्थित शांति गेस्ट हाउस से शिव शक्ति अखाड़ा परिषद के प्रमुख मधुराम जी के नेतृत्व में सशस्त्र सन्यासी अखाड़ा यात्रा निकाली गई। जिसका मुख्य उद्देश्य शस्त्र मेव जयते था। यह पदयात्रा शांति गेस्ट हाउस से प्रारंभ होकर रेलवे क्रॉसिंग होते हुए तापसी वाले बाग में संपन्न हुई। अखाड़ा यात्रा में हिंदू समाज को जागरूक किया गया। यात्रा के माध्यम से हिंदू समाज के 18 वर्ष से लेकर 30 वर्ष तक के युवाओं को सशस्त्र प्रशिक्षण देकर जागरूक करना है। ताकि आने वाले भविष्य में लड़ाई, युद्ध, धर्म युद्ध में वह डटकर सामना कर सके। जब हिंदू समाज का युवा शस्त्र चलाने में निपुण होगा तो वह भी विधर्मियों का डटकर सामना कर सकेगा।

उदय होते सूर्य को अर्घ्य देकर मांगी सुख-समृद्धि

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। पूर्वांचल विकास समिति के उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार झा की अध्यक्षता में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा संयोजक डा. शमीम अहमद के आयोजन में पांचाल घाट गंगा तट पर बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। देश के विभिन्न प्रांतों बिहार, मध्यप्रदेश के अतिरिक्त स्थानीय लोगो ने पांचाल घाट पहुंचकर पूजा अर्चना की। गुरुवार को ही व्रती महिलाओं व पुरूषों ने 36 घंटे का निर्जला व्रत रखकर सर पर फल, ठकुआ,हरी सब्जी,नारियल, गन्ना सजाकर उसके ऊपर दीप जलाकर पैदल ही चलकर गंगा मैया को खुश करने में लगे हुए थे। घाट पर श्रद्धालुओं ने चटाई आदि बिछाकर,घाट पर सजावट, वैंडिग,झालर से घाट की सुंदरता और ही देखने में शोभा दे रही थी। शुक्रवार सुबह उदय होते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया गया। इस दौरान रात भर बच्चे पटाखे चलाकर खूब आनंद ले रहे थे। बहुत से लोग ढोल,बाजा के साथ घाट पर छठी मैया के गीत गाते दिखे। सूर्योदय होते ही महिलाओं ने सूर्य भगवान की ओर मुख करके पूजन को आरम्भ किया। सभी व्रतियों ने अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना के साथ अपने पतियों व पुत्रो की दीर्घायु की कामना की। पूर्वांचल विकास समिति के पदाधिकारियों एवम् स्थानीय लोगो के अतिरिक्त शासन,प्रशासन के सहयोग की छठ पूजा के संयोजक डा. शमीम अहमद ने बधाई दी। इसमें पूर्वांचल समिति अध्यक्ष केदार शाह का भी काफी योगदान रहा।

सूरज उदय होते ही पूजन करते डॉ जितेंद्र सिंह यादव, डॉ अनीता रंजन व अन्य।

- चार दिन के महापर्व छठ व्रत का किया गया पारण

भारतीय कृषक एसोसिएशन ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता कायमगंज

अमृत विचार। भारतीय कृषक एसोसिएशन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे के नेतृत्व में ज्ञापन तहसील में उपजिलाधिकारी कायमगंज को सौंपा। जिसमें मांग की गयी कि तहसील कायमगंज के ग्राम भगौतीपुर में नॉन जेड ए जमीन सरकारी गाटा संख्या 114 व गाटा संख्या 96 पर श्रीकृष्ण गौतम, सुदामा देवी और सतीश चंद्र निवासी ग्राम भगौतीपुर द्वारा उक्त जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है। तहसील प्रशासन द्वारा निरीक्षण के बाद भी मामले को टालने वाले दोषी कर्मचारियों को दंडित कर तत्काल कार्रवाई की जाए। वन विभाग भैंसार सहित कटरी के किसानों की जमीन पर वृक्षारोपण के नाम पर अवैध कब्जा न करे।

यह भी मांग की गई कि जिला अस्पताल, लोहिया अस्पताल व पुरुष चिकित्सालय कायमगंज की अल्ट्रासाउंड की खराब मशीनें ठीक करवाई जाए। फर्रुखाबाद में खाद की उपलब्धता बढ़ाई जाए और कालाबाजारी रोकी जाए। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील दुबे, प्रदेश अध्यक्ष रामलाल गुप्ता, प्रदेश महासचिव मुन्नालाल सक्सेना सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी आदि रहे।

समारोह | मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने की राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरुआत

संस्कार भारती करती है भारतीय संस्कृति का संरक्षण

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। संस्कार भारती फर्रुखाबाद कानपुर प्रांत एवं बुंदेलखंड प्रांत द्वारा प्रांतीय कला साधक संगम उत्सव भवन में कला साधकों का संगम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन से किया गया। कार्यक्रम में ध्येय गीत के साथ विविध कलाओं की प्रदर्शनी, विचार संगोष्ठी, कला दर्शन के साथ इंद्रधनुषी छटा बिखेरी।

राष्ट्रीय देशभक्ति माता अहिल्याबाई की जन्म शताब्दी को समर्पित कला साधक संगम का उद्देश्य भारतीय कलाओं को संरक्षण देना भावी पीढ़ी में विलुप्त कलाओं को प्रशिक्षण के माध्यम से संरक्षण देना है। राष्ट्रभक्ति की भावनाओं को जन-जन तक पहुंचाना, नए भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी करना भी मुख्य उद्देश्य है। इसी के अंतर्गत प्रथम सत्र में राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरुआत मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने की। उन्होंने कहा कि संस्कार भारती कलाओं के माध्यम से भारतीय संस्कृति का संरक्षण का कार्य करती है मैंने उनकी सांस्कृतिक यात्रा एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा, राष्ट्रभक्ति का कार्य, पर्यावरण, रंगोली के माध्यम से समाज के निर्माण, नए भारत के निर्माण का कार्य कर रही है। ऐसा सभी करें तो भारत विश्व गुरु अवश्य बनेगा। समारोह उद्घाटन सत्र में प्रांत प्रमुख देवेंद्र त्रिपाठी, प्रांतीय अध्यक्ष पंडित विनोद द्विवेदी, प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पांडे, दीपा पाठक, अजय पाठक, समरेंद्र शुक्ला, अखिलेश पांडे ने राष्ट्रीय संगोष्ठी के प्रथम सत्र का उद्घाटन किया। प्रांतीय कला साधक संगम का आयोजन उत्तर प्रदेश संस्कृत विभाग संगीत नाट्य अकादमी उत्तर प्रदेश ललित कला लखनऊ एवं संस्कार भारती ,कानपुर प्रांत, बुंदेलखंड प्रांत के सहयोग से किया गया है।

संगोष्ठी में प्रोफेसर जयंत खोत, प्रोफेसर अवनीश चंद्र मिश्रा, डॉक्टर देवेंद्र त्रिपाठी, डॉक्टर गोपाल कुमार मिश्रा, चित्रकूट लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्वानों एवं छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की जिसमें शोध पत्रों का वाचन, कला प्रदर्शनी, रंगोली, भारतीय ज्ञान की परंपरा, वैदिक युग से वर्तमान समय की चुनौतीयो का सामना समाधान एवं आगे बढ़ाना पर संवाद के साथ चिंतन मनन पत्र वाचन के साथ राष्ट्रीय संगोष्ठी का मंथन किया। उत्तर प्रदेश के छात्र एवं छात्राओं में मोहित तिवारी जौनपुर, कुमारी गरिमा देवी, शीला, अर्चना सिंह, जयवीर सिंह, हुकुम सिंह, राजीव शुक्ला, नीतू सिंह आदि छात्र एवं छात्राओं ने भारतीय संस्कृति में ज्ञान की परंपरा में उन्नयन में कला भाषा प्राचीन इतिहास, सामाजिकता, व्यवहारिकता पर विचार व्यक्त किए। कला प्रदर्शनी में भारतीय कला, मूर्ति कला, ताम्र युग की कला पेंटिंग, शंख शीप का संग्रह, फर्रुखाबाद के व्यंजनों की प्रदर्शनी का आयोजन के साथ में रात्रि में कला दर्शन जिसमें पारंपरिक कलाओं का प्रदर्शन पांचाल क्षेत्र कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र की इंद्रधनुषी कला कलाकारों द्वारा बिखेरी गई।

राजपूत प्रांतीय कला साधक संगम की शुरुआत करते सांसद मुकेश राजपूत।

तुलसी विवाह आयोजन के लिए सड़क सुधारने की मांग उठाई गई

फर्रुखाबाद। मां गंगा सेवा समिति फतेहगढ़ ने जिला प्रशासन से फतेहगढ़ के वाराहद्वार मंदिर से गंगा घाट तक की सड़क को मरम्मत कराने की मांग की है। समिति का कहना है कि हर साल की भांति इस बार भी तुलसी विवाह का आयोजन गंगा घाट पर किया जाएगा। जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। वर्तमान में घाट तक जाने का रास्ता अत्यधिक खराब हो चुका है, जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा हो सकती है।

समिति के संरक्षक डॉ. मिथलेश अग्रवाल ने जिलाधिकारी को प्रेषित पत्र में आग्रह किया है कि वाराहद्वार मंदिर से गंगा घाट तक जाने वाले मार्ग की तत्काल मरम्मत कराई जाए ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। पत्र पर मां गंगा स्वच्छता सेवा समिति के पदाधिकारियों के हस्ताक्षर हैं और इसे सभी सदस्यों की सहमति के साथ भेजा गया है।

एक नजर

कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

महेवा। ग्राम पंचायत पुरावली के मजरा ढकाताल में कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा शुरू हुई। अवकाश प्राप्त रेलवे कर्मी सियाराम राजपूत एवं उनकी धर्मपत्नी श्यामा देवी के संयोजन में कथा के प्रथम दिन भगवताचार्य अभिषेक द्विवेदी के सानिध्य में कलश यात्रा पूरे गांव के मंदिरों में भ्रमण करने के बाद कथा स्थल पर समाप्त हुई। इस दौरान राम प्रताप राजपूत, सत्यप्रकाश, नबाब सिंह, छोटे लाल, सतेंद्र कुमार, शिवम, गुलशन, अंकित, विमल आदि रहे।

राम नाम जप से कटते कष्ट

महेवा। इंद्रापुर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक आचार्य सुबोधानंद महाराज ने कलयुग में राम नाम की महत्ता को बताते हुए कहा कि जो भक्त सच्चे मन से श्रीराम का नाम लेता है, वह जीवन में सफल होता है। उसके सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। परीक्षित के रूप में राजकीय ठेकेदार धर्मेंद्र मिश्रा, उनकी पत्नी ग्राम प्रधान प्रभा मिश्रा मौजूद रहीं।

रास्ता सही कराने की मांग

महेवा। ग्राम पुरावली में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर लगने वाले तीन दिवसीय मेले के लिए साफ सफाई एवं यमुना नदी के लिए जाने वाले रास्ते को दुरुस्त कराने का प्रार्थना पत्र मेला समिति के लोगों ने सहायक विकास अधिकारी पंचायत महेवा इंद्र पाल सिंह भदौरिया को दिया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य पंडित राजीव चौधरी के नेतृत्व में पहुंचे मेला समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष पूर्व प्रधान सुभाष यादव एवं संयोजक राजू दीक्षित सहित दर्जनों पदाधिकारियों ने रास्ते को सही कराने, मेला ग्राउंड को साफ कराने, मंच आदि की पुताई कराने की मांग की।

दौड़ में हर्ष, चांद बाबू विजेता

महेवा। एक दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन प्राथमिक विद्यालय उरेंग के प्रांगण में किया गया। उदघाटन वरिष्ठ संकुल शिक्षक अशोक कुशवाह के खिलाड़ियों से परिचय के उपरांत किया। प्राथमिक स्तर 50 मीटर दौड़ में हर्ष उरेंग, जूनियर स्तर पर 100 मी चांद बाबू ने बाजी मारी। कार्यक्रम का संचालन योगेंद्र चौधरी ब्लॉक पीटीआई ने किया। इस अवसर पर अजय प्रताप, प्रदीप, ललित, सुनील, धीरेंद्र, देवेंद्र, विवेक, अंकित, विनोद, उपेंद्र, रमेश चंद्र, बृजेंद्र, प्रेम कुमार, आनंद और संकुल के शिक्षक उपस्थित रहे।

युवती ने फंदा लगा दी जान

ताखा। ऊसराहार थाना क्षेत्र के रुद्रपुर में घर पर अकेली युवती ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रुद्रपुर की चांदनी (19) पुत्री कमलेश कुमार कमल ने शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे घर में फांसी लगा ली। परिजन खेत से घर लौटे तो बेटी को फंदे पर लटका देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को विच्छेदन के लिए भिजवाया। पिता कमलेश कुमार ने बताया कि लड़की को डांटा, जिससे क्षुब्ध होकर फांसी लगा ली है। थानाध्यक्ष मंसूर अहमद ने परिजनों ने उसे डांटा, जिससे फांसी लगाई।

सीएचसी में बुजुर्गों के बनने लगे आयुष्मान कार्ड

महेवा। शासन के निर्देशानुसार सीएचसी महेवा में 70 वर्ष से अधिक की उम्र के सभी पात्र बुजुर्ग लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनना शुरू हो गए हैं। अधीक्षक डा गौरव त्रिपाठी ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र महेवा के सभी 70 वर्ष से अधिक की आयु के लाभार्थी सी एच सी महेवा के कमरा नंबर दो में आयुष्मान मित्र विक्की तिवारी से आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। लाभार्थी को अपना आधार कार्ड लेकर आये। इसके अलावा बुजुर्ग व्यक्ति गांव में ही आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर तैनात सी एच ओ से भी कार्ड बनवा सकते हैं। बताया कि इस योजना में लाभार्थी को पांच लाख रुपये का निशुल्क रूप से इलाज मिल सकेगा।

आज मतदेय स्थलों पर मौजूद रहेंगे बीएलओ

इटावा। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विशेष अभियान चलाया जाएगा। विशेष अभियान का पहला चरण 9 तथा 10 नवंबर को होगा। इसके तहत 9 तथा 10 नवंबर को बीएलओ अपने संबंधित बूथों पर पूरे दिन बैठेंगे। इस दौरान नाम में संशोधन के साथ ही नया वोट बनवाने के लिए भी आवेदन किया जा सकता है। आवेदन के फॉर्म बीएलओ के पास मिलेंगे इसके अनुसार 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकते हैं।

बिजली बकायेदारों के काटे गए कनेक्शन

महेवा। कई गांवों में बिजली विभाग ने नियमित चेकिंग अभियान चलाया। आधा सैकड़ा से अधिक बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए। 20 हजार के करीब बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। जेई महेंद्र सिंह पटेल के नेतृत्व में बिजली कर्मियों ने बम्होरा और लालपुर में घर-घर चेकिंग की। चेकिंग में बिजली बिल बकाया, लोड, चोरी आदि की जांच की गई। इस दौरान लाइनमैन राहुल पाल, श्याम कुमार, राधेश्याम आदि मौजूद रहे।

जनपद के किसानों को नहीं मिल पा रही खाद

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- सपा नेता उदयभान सिंह यादव ने प्रशासन पर उठाए सवाल

अमृत विचार। वर्तमान स्थिति में जिले में किसान डीएपी व यूरिया खाद के लिए बहुत परेशान है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता उदयभान सिंह यादव ने कहा है कि सहकारी क्रय केंद्रों पर दिनमें और रात में किसान और उनके परिवार की महिलाओं को भी लंबी-लंबी कतारों में पहले लगने की जद्दोजहद करनी पड़ रही है, इससे स्पष्ट नजर आता है, कि खाद की व्यवस्था चरमरा गई है।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से यह कहा जा रहा है कि जिले में खाद की कोई कमी नहीं है। तो फर किसानों कोखाद क्यो नहीं मिल रही है। श्री यादव ने कहा कि उन्होंने कई किसान सेवा केंद्रों, सहकारी समिति, केन्द्रों पर महिलाओं की लम्बी लाइन देखी है। जिले में में डीएपी खाद के लिये किसान दर दर भटक रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सैकड़ों किसान डीएपी और यूरिया खाद लेने के लिए इस मौसम में परेशान हो रहा है, मतलब स्पष्ट है कि डीएपी खाद का आवंटन जनपद में मांग के अनुरूप नहीं हुआ है, इस प्रकार से किसान कब तक परेशान होता रहेगा। उन्होंने कहा कि जिस किसान की मेहनत से आज देश टिका है, वही किसान रात-रात भर यूरिया व डीएपी खाद के लिए जाग रहा है, किसानों की दुर्दशा देखी नहीं जा रही है।

पीएमश्री योजना से स्मार्ट होंगे बेसिक स्कूल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- बेसिक शिक्षा विभाग के सात विद्यालयों का किया गया चयन
- खेलकूद के साथ स्कूलों में बनाई जाएगी कंप्यूटर लैब

अमृत विचार। केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई पीएमश्री योजना के अंतर्गत विद्यालयों का चयन करके उन विद्यालयों की व्यवस्था सुधारने की कवायद चल रही है। इस योजना की अंतर्गत इस वर्ष योजना के द्वितीय चरण में बेसिक शिक्षा विभाग के सात विद्यालयों का चयन किया गया है, जो अब पीएमश्री विद्यालय के नाम से जाने जाएंगे।

इससे पहले पिछले वर्ष बेसिक शिक्षा विभाग के आठ स्कूलों को पीएमश्री योजना की अंतर्गत चयनित किया गया था, जिनमें कामकाज कराया जा रहा है। केंद्र सरकार की पीएमश्री योजना काफी महत्वाकांक्षी योजना है। इनमें

चितभवन का विद्यालय, जिसका योजना में चयन हुआ है। अमृत विचार

विद्यालयों की व्यवस्था सुधारी जाने और शिक्षा की गुणवत्ता सुधारे जाने के लिए कार्य कामकाज किया जाता है। इसके लिए रकम भी खर्च की जाती है, जो केंद्र सरकार की ओर से दी जाती है। इस योजना के अंतर्गत जिन विद्यालयों का चयन किया जाता है उनमें स्मार्ट क्लास का संचालन किया जाएगा तथा अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब भी बनाए जाएंगे।

इसके साथ ही फर्नीचर की व्यवस्था भी देखी जाएगी और फर्नीचर में या कक्षा कक्ष में यदि कोई कमी है तो फर्नीचर की व्यवस्था पूरी की जाएगी। अतिरिक्त कक्षा कक्षों का निर्माण भी कराया जाएगा। इसके साथ ही बाल वाटिका का विकास और कौशल प्रयोगशाला भी चलाई जाएगी। खास बात यह है कि जिन विद्यालयों का पीएमश्री योजना में चयन किया गया है, उन पीएमश्री विद्यालयों में बच्चों को खेल-खेल में सीखने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इससे संबंधित सामग्री दी जाएगी और उन्हें खेल-खेल में महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएगी। इसके साथ ही खेलकूद को भी पूरी तवज्जो दी जाएगी खेलकूद को पूरा महत्व दिया जाएगा ऐसे स्कूलों में खेलकूद का मैदान विकसित किया जाएगा तथा उन मैदानों में नियमित रूप से खेलकूद भी कराए जाएंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया है कि शासन के निर्देशो के तहत काम किया जाएगा।

इन विद्यालयों का चयन

- कंपोजिट विद्यालय धर्मपुरा महेवा
- कंपोजिट विद्यालय जसवंत नगर
- प्राइमरी विद्यालय मलाजनी जसवंत नगर
- कंपोजिट विद्यालय कुंम्हावर सैफई
- कंपोजिट विद्यालय समथर ताखा
- कंपोजिट विद्यालय चितभवन बसरेहर
- प्राइमरी विद्यालय बिरारी भरथना

बच्चों ने खाए भुने चने, गजक भी मिलेगी

बेसिक स्कूलों में मिड डे मील के तहत भुने चने, गजक अैर मूंगफली की चिक्की वितरण की हुई शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग में मिड-डे मील योजना के तहत बच्चो को अतिरिक्त पौष्टिक आहार दिए जाने की कवायद चल रही है। मिड-डे मील के साथ ही भुने चने का पैकेट दिया जाएगा, इसकी शुरुआत हो गई। इस योजना में बच्चों को गजक और मूंगफली की चिक्की भी दी जाएगी। इसका वितरण प्रत्येक गुरुवार को किया जाएगा। पहली बार गुरुवार को अवकाश होने के कारण शुक्रवार को ताखा क्षेत्र से इस योजना की शुरुआत कर जिले भर में वितरण किया गया। इस पर बच्चो के चेहरे खिल गए।

शुक्रवार को ताखा के उच्च प्राथमिक विद्यालय समथर मे शुक्रवार को उप जिलाधिकारी ताखा श्वेता मिश्रा व मिडडेमील समन्वयक मनोज धाकरे ने

ताखा में बच्चों को भुने चने के पैकेट बांटतीं एसडीएम श्वेता मिश्रा। अमृत विचार

उपस्थित सभी बच्चों को प्रति छात्र 50 ग्राम की दर से पैक्ड भुने हुए नमकीन चने का वितरण कि या। उपजिलाधिकारी श्वेता मिश्रा एंव जिला समन्वयक मनोज धाकरे ने उपस्थिति एसएमसी के सदस्यो, अविभावकों ओर बच्चो को बताया गया कि अब शासन के आदेश पर प्रत्येक गुरुवार को बच्चों को मिड डे मील से पूर्व सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन के रूप में भुना हुआ चना प्रति छात्र 50 ग्राम की दर से अथवा मूंगफली की चिक्की, गुड़, तिल, मूंगफली की गजक, रामदाना के लड्डू, अथवा बाजरे का लड्डू दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अगर विद्यालय में गुरुवार को किसी कारण अवकाश रहता है तो अगले दिन शुक्रवार को इस फूड का वितरण प्रधानाध्यापक की ओर से कराया जाएगा। एसएमसी के सभी सदस्य इस कार्य का सतत निरीक्षित करेंगे, अगर कभी किसी विद्यालय में सप्लीमेंट्री फूड का वितरण न हो तो तत्काल विभाग को अवगत कराएंगे।

एसडीएम ने विद्यालय का निरीक्षण कर विद्यालय के शैक्षिक वातावरण को देखा, जिला समन्वयक ने विद्यालय से इस बार एनएनएमएस परीक्षा में सभी प्रतिभाग करने वाले बच्चो का टेस्ट भी लिया विद्यालय में चलने वाली लर्निंग बाई डूइंग क्लॉस को भी देखा, उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल दुबे और उनके समस्त स्टाफ को प्रशंसा की। विद्यालय के प्रधानाध्यक अनिल दुबे ने अधिकारियों को बुके और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

इसी तरह जिले में जसवंतनगर, सैफई, भरथना, चकरनगर और सदर तहसील क्षेत्र में आने वाले सभी परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। इससे बच्चे और अभिभावक भी काफी खुश नजर आए।

पौष्टिक होने के साथ सर्दी से भी होगा बचाव

- मिडडे मील के साथ सर्दी के दिनों में जिस अतिरिक्त आहार का वितरण किया जा रहा है, वह पौष्टिक होने के साथ ही सर्दी से बचाने वाला भी है। इसके तहत प्रत्येक गुरुवार को बच्चों को भुने हुए चने, मुंगफली की चिक्की, गुड़, तिल, मूंगफली की गजक, रामदाना के लड्डू, अथवा बाजरे के लडड़ू का वितरण किया जाएगा। इससे बच्चों की सेहत सुधरेगी और सर्दी से बचाव भी हो सकेगा।

सार-संक्षेप

वाद-विवाद प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

वाद-विवाद के पक्ष में आलोक और विपक्ष में प्रज्ञा विजेता

बकेवर। जनता कालेज बकेवर में एक्टिविटी एवं कल्चरल क्लब की ओर से वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। क्या वैश्वीकरण के दौर में भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का पतन हुआ है? विषय पर छात्र अंकित यादव, आलोक कुमार, विधि चौहान, सिद्धार्थ यादव, गार्गी दीक्षित, प्रज्ञा ओझा, निखिल, मनीष कुमार, साक्षी, प्रगति, अवधेश आदि छात्र- छात्राओं ने पक्ष और विपक्ष में अपने विचार रखे। निर्णायक मंडल में शामिल डॉ. इंदु बाला मिश्रा, डॉ. आनंद सिंह, डॉ. दिव्यांश पांडेय, डॉ. शैली यादव ने पक्ष में विजेता आलोक कुमार, सिद्धार्थ यादव और विधि चौहान ने तृतीय घोषित किया। विपक्ष में प्रज्ञा ओझा प्रथम, अंकित यादव द्वितीय तथा निखिल कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यहां प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, मुख्य संयोजक डॉ. डीजे मिश्र, प्रभारी लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद शर्मा एवं डॉ. एसकेएस चंदेल, डॉ ललित गुप्ता, इंजी. अजित प्रताप अग्निहोत्री, अश्वनी कुमार मिश्र, इरम सलीम आदि का सहयोग रहा।

उगते सूर्य को अर्घ्य देकर मांगी दीर्घायु

इटावा। शिव मंदिर यमुना घाट पर कवयित्री एवं साहित्यकार ऋचा राय ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर दीर्घायु की कामना की। ऋचा राय बताती हैं कि ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान ध्यान के बाद फल और ठेकुआ को बांस के सूप और दौरे में सजाकर व्रती महिलाएं घाट पर पहुंचीं और छठी मैया की वेदी पर कलश दीप प्रज्वलित कर पूजन किया। सूप में अर्घ्य की सामग्री सजा व्रती महिलाओं ने पानी में खड़े होकर सूर्य देव से उदित होने की प्रार्थना की। सूर्य उदय के साथ अर्घ्य दिया। हवन के बाद घाट पर महिलाओं ने नाक से सिंदूर लगाया और पुरुष व बच्चों को तिलक लगा प्रसाद वितरण किया।

सूप में सूर्य को अर्घ्य देती ऋचा राय।

आज आएंगे भाजपा के जिला चुनाव अधिकारी

इटावा। भाजपा के संगठनात्मक चुनाव के लिए पूर्व राज्यमंत्री वीरेंद्र कुमार तिवारी को जिला चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। वे 9 नवम्बर को आएंगे। जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य ने बताया कि जिला चुनाव अधिकारी वीरेंद्र तिवारी 9 नवंबर से 11 नवम्बर तक प्रवास करेंगे। वे 9 नवम्बर को दोपहर 1 बजे भाजपा कार्यालय में संगठन चुनाव के लिए पार्टी पदाधिकारियों से चर्चा करेंगे। 10 नवंबर दोपहर 1 बजे भाजपा जनपद कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि बूथ समिति के चुनाव 15 नवंबर से प्रारंभ होकर 30 नवंबर के मध्य संपन्न होंगे। बूथ समिति चुनाव के बाद मंडल और जिला संगठन के चुनाव होंगे।

प्रांतीय मंत्री ने विद्यालय का किया निरीक्षण

जसवंतनगर। जन शिक्षा समिति कानपुर के प्रांतीय मंत्री रजनीश पाठक ने दादा शिव कुमार सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय का एक दिवसीय निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षा शिक्षण, कार्यालय का निरीक्षण किया। शिशुभारती, बालभारती के पदाधिकारियों का मार्गदर्शन एवं दायित्व बोध कराया। अलग-अलग कक्षाओं का समूह बनाकर शिशुओं को खेल के माध्यम से कैसे शिक्षा दें यह भी सिखाया। गीत के माध्यम से कैसे पहाड़ा सीख सकते हैं। इसका ज्ञान कराया। आचार्यों के साथ बैठकर विद्यालय कैसे निरंतर आगे बढ़े इस पर चर्चा की। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित यादव ने विद्यालय की विकास योजना प्रस्तुत की। इस दौरान आचार्य मुलायम सिंह, सोनाली यादव, रिंकी, मंसू यादव, अनुज कुमार आदि उपस्थित रहे।

ढकाताल जाने वाली सड़क हुई जर्जर

महेवा। ग्राम पंचायत पुरावली के मजरा नगला खांद को जाने वाली पीडब्लूडी की सड़क पूर्ण रूप से गड्ढों में तब्दील हो गई है। जिस पर पैदल चलना भी मुश्किल है। पूर्व विधायक स्व महेंद्र सिंह राजपूत का पैतृक गांव नगला खांद के लिए ढकाताल के लिए पक्की सड़क जाती है। वर्तमान समय में करीब 100 मीटर तक पूर्ण रूप से टूट गई है जिस पर पैदल चलना भी मुश्किल है। आए दिन स्कूली छात्र छात्राएं आकर गिरते है व चोटिल हो जाते हैं। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नबाब सिंह राजपूत ने बताया कि उन्होंने कई बार जिले के अधिकारियों को इस बारे में अवगत कराया पर गड्ढे नहीं भरे जा सके। समाजसेवी विमल राजपूत ने मुख्यमंत्री एवं जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र भेजकर सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

सांसद से मुआवजा दिलाने की उठाई गई मांग

इटावा। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में व्यापारी सासंद जितेंद्र दोहरे से मिले। कहा कि नवीन मंडी की सुपर मार्केट में 69 दुकानों का आवंटन हुआ था। दुकनदारों को विक्रय का भी अधिकार दिया गया था। इटावा-बरेली हाईवे के चौड़करण में बाजार भी आ रहा है। व्यापारियों को उसका मुआवजा सर्किल रेट के हिसाब से दिया जाए।

सूचना

सूचित करना है कि मेरे माता पिता बचपन में मुझे कु. रोशनी के नाम से पुकारते थे। उन्होंने इसी कु रोशनी नाम से मेरे लिए किसान विकास पत्र संख्या 12 CE 786889 मूल्य 10000 रुपये, 72AB234110 मूल्य 1000 रुपये एवं 72 AB 234111 मूल्य 1000 रुपये उप डाकघर जिला परिषद इटावा (डिस्ट्रिक बोर्ड इटावा) से दिनांक 01-7-2009 को खरीदे थे। अब मेरे सभी अभिलेखों में मेरा नाम कु. रोजी है। कु रोशनी एवं कु रोजी दोनों नाम मेरे ही हैं। दोनों नाम एक ही है। तीनों किसान विकास पत्रों का भुगतान मुझे रोजी को दिया जाये।इस संबंध में यदि कोई विवाद होता है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी मेरी ही होगी। कक्षा 6 के अंकपत्र में मेरे पिता का नाम कल्लन अहमद गलती से अंकित कर दिया गया है। जबकि अन्य प्रपत्रों में कल्लन अंकित है। **रोजी पुत्री कल्लन निवासी 212 गाड़ीपुरा इटावा**

राष्ट्रीय स्कूल गेम्स में भाग लेंगे अभिनव व रुद्रप्रताप

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- हिमांशु निभाएंगे हेड और मैनेजर की भूमिका

अमृत विचार। ताइक्वांडो संघ इटावा के दो खिलाड़ी विदिशा में आयोजित होने जा रहे स्कूल गेम्स ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में हिस्सा लेने जा रहे हैं। रुद्र प्रताप बालकों के अंडर 14 आयु वर्ग एवं अंडर 29 किग्रा भार वर्ग में तथा अभिनव कुशवाहा अंडर 17 आयु वर्ग एवं अंडर 35 किग्रा भार वर्ग के तहत प्रतिभाग करेंगे। इन दोनों ही खिलाड़ियों ने उत्तराखंड में आयोजित सीबीएसई की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करते हुए अपना स्थान निश्चित किया था।

इटावा के अभिनव पिछले वर्ष स्कूल गेम्स में कांस्य पदक विजेता हैं। रुद्र प्रताप भी अपने पहले ही प्रयास में कीर्ति स्तंभ स्थापित करना चाहेंगे। इटावा ताइक्वांडो के अध्यक्ष इंजीनियर हरिकिशोर तिवारी ने बताया कि इटावा ताइक्वांडो ने एक अन्य उपलब्धि भी हासिल की है। इस वर्ष इटावा ताइक्वांडो के महासचिव हिमांशु यादव स्कूल गेम्स के अंडर 17 की सम्पूर्ण बालक श्रेणी के खिलाड़ियों के संबंध में हेड की भूमिका निभाएंगे।

अंडर 14 बालक श्रेणी के खिलाड़ियों के मैनेजर होने का उत्तरदायित्व भी उन्हे दिया गया है। प्रशिक्षक नबीला ने बताया कि इटावा ताइक्वांडो वर्ष दर वर्ष उपलब्धियों के नए आयाम हासिल कर रहा है।

सपा सभी 9 सीटें जीतेगी: अखिलेश

संवाददाता, सैफई (इटावा)

अमृत विचार। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी विधानसभा की 9 सीटों के उप चुनाव में सभी सीटों पर पार्टी रिकार्ड मतों से जीत हासिल करेगी। सपा प्रमुख शुक्रवार को सैफई में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने करहल विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों के साथ बैठक में उपचुनाव में रिकॉर्ड जीत हासिल करने के लिए जी जान से जुटने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि चुनाव की तारीख बढ़ने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। भाजपा ने जानबूझकर चुनाव की तारीख बदली है, क्योंकि दीपावली में मतदाता अपने घर आए थे, जो भाजपा के खिलाफ मतदान करने का मन बना चुके हैं।

अखिलेश यादव।

उन्होंने कहा कि भाजपाई कहते हैं कि बंटेंगे तो कटेंगे, लेकिन हम लोग पीडीए को जोड़कर आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सैफई में जिस 500 बेड वाले सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का 9 माह पहले उद्घाटन किया था, वह आज तक चालू नहीं हो सका है। अस्पताल में एक भी बेड नहीं पड़ा है। सपा सरकार ने 300 बेड के गायनी अस्पताल का कार्य शुरू किया था। सरकार की ओर से बजट न देने के कारण आज तक अधूरा पड़ा है। उन्होंने कहा कि 300 बेड का अस्पताल अगर चालू हो जाता तो 8 से 10 जनपदों की महिलाओं को यहां इलाज मिलता। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री अशोक यादव, पूर्व राज्यमंत्री आलोक शाक्य, विधायक प्रदीप यादव, पूर्व विधायक राजकुमार यादव, राजवीर सिंह यादव, प्रदीप यादव आदि सपाई मौजूद रहे।

लखनऊ में मनाएंगे खजांची का जन्मदिन

- सपा मुखिया अखिलेश यादव सैफई में जहां पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे थे, वहां सपा महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव पल्लवी पाल अपने साथ खजांची को लेकर पहुंचीं। सपा मुखिया ने खजांची से मुलाकात की और कहा कि खजांची का लखनऊ में जन्मदिन मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की वर्ष 2016 में की गई नोटबंदी के दौरान एटीएम की लाइन में पैदा हुए खजांची का अब आठवां जन्मदिन मनाया जाएगा।

दिखाया दम संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में खेलकूद में ऊसराहार और भरतपुर खुर्द का दबदबा

फर्राटा दौड़ में हिमांशु और पूनम अव्वल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा परिषद के तत्वावधान में विकास खंड ताखा के बम्हनीपुर संकुल की संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन कंपोजिट विद्यालय ऊसराहार में किया गया। जिसमें 200 व 400 मीटर दौड़ में भरतपुर खुर्द की लक्ष्मी ने बाजी मारी। प्रतियोगिता में ऊसराहार एवं भरतपुर खुर्द के खिलाड़ियों का दबदबा रहा।

प्रतियोगिता की शुरुआत जिला व्यायाम शिक्षक गौरव पाठक, जिला स्काउट मास्टर अच्युत त्रिपाठी एवं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष गौरव गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं 100 मीटर बालिकाओं की दौड़ को झंडी दिखाकर किया। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में खनाबांध के हिमांशु ने पहला, नगला बंधा के गोविंद ने दूसरा, बालिका वर्ग में बम्हनीपुर की पूनम ने पहला, खनाबांध की साक्षी ने

विजेताओं को मेडल पहनाते जिला व्यायाम शिक्षक गौरव पाठक। अमृत विचार

दूसरा स्थान हासिल किया। 100 मीटर दौड़ (बालक वर्ग) में नगला बंधा के गोविंद ने पहला, राजापुर के नारायण ने दूसरा, बालिका वर्ग में राजापुर की अनुष्का ने पहला, खनाबांध की साक्षी ने दूसरा स्थान पाया। 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग में नगला बंधा के आदर्श ने पहला, पुरैला के प्रीत ने दूसरा बालिका वर्ग में राजापुर की छाया ने पहला, खनाबांध की साक्षी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर स्तर की 100 मीटर दौड़ में ऊसराहार के अर्पित ने पहला भरतपुर खुर्द के हर्ष ने दूसरा बालिका वर्ग में ऊसराहार की अंशिका ने पहला भरतपुर खुर्द की जानवी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर बालक वर्ग में ऊसराहार के उज्ज्वल ने पहला, भरतपुर खुर्द के सूरज ने दूसरा, बालिका वर्ग में भरतपुर खुर्द की लक्ष्मी ने पहला, ऊसराहार की अंशिका ने दूसरा बालक वर्ग में भरतपुर खुर्द के उदयवीर ने पहला, रूद्रपुर के शिवम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर स्तर लंबी कूद में ऊसराहार के आर्यन ने पहला रूद्रपुर के अभिषेक ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर स्तर खो-खो में ऊसराहार की टीम विजेता व भरतपुर खुर्द की टीम उपविजेता रही।

कबड्डी में भरतपुर विजेता

- कबड्डी बालिका वर्ग में भरतपुर खुर्द विजेता और ऊसराहार उपविजेता टीम रही। संकुल शिक्षक देवेश त्रिवेदी, रविकांत दुबे एवं जयनारायण ने समस्त विजेता बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। समस्त प्रतियोगिताएं ब्लॉक व्यायाम शिक्षक अवधेश सिंह राठौर के निर्देशन में संपन्न हुई। योगेश्वर यादव, प्रदीप शर्मा, सुधीर शरण ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस मौके पर अरुण कुमार, ब्रजेश पाल, रविन्द्र सिंह, योगेंद्र चौहान, राघवेंद्र, दीपक गुप्ता, मन्मथ नाथ दीक्षित, विवेक सिंह, अवधेश यादव, जसराम, कुमार वैभव, सुरेंद्र पाल, प्रदीप यादव, दीपा चौबे, अंजलि मिश्रा, रामेंद्र, सतीश, अशोक कुमार रहे।

चंबल नदी में युवक को निगल गया मगरमच्छ

उदी। बढ़पुरा क्षेत्र के खेड़ाअजब सिंह निवासी 35 वर्षीय युवक को मगरमच्छों ने निवाला बना लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस एवं सेंचुरी कर्मचारियों को कपड़े व जूते मिले।

चम्बल सेंचुरी क्षेत्र के ग्राम खेड़ा अजब सिंह का जोर सिंह किसानी के साथ पशुपालन करता था। शुक्रवार प्रातः गांव से लगभग आठ सौ मीटर दूर चम्बल नदी में भैंसों को पानी पिलाने गया था। जोर सिंह भी नदी में स्नान करने लगा, तभी मगरमच्छों ने हमला बोल दिया। जोर सिंह के घर नहीं आने पर पिता नाथूराम दोपहर 12 बजे चम्बल नदी पर पहुंचे तो उन्हें नदी किनारे पुत्र के कपड़े व जूते रखे मिले। नाथूराम ने बताया कि नदी में दो मगरमच्छ शव की खींचतान कर रहे थे। थोड़ी देर बाद मगरमच्छ गायब हो गए। सूचना पर बढ़पुरा थाना प्रभारी गणेश शंकर द्वेवदी फोर्स के साथ पहुंचे और सेंचुरी वन कर्मचारियों के साथ जांच-पड़ताल की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। मोटरबोट के सहारे सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

न्यायालय उप जिला मजिस्ट्रेट सैफई, जनपद इटावा।

नोटिस

रमेशचन्द्र यादव पुत्र श्री मुलायम सिंह निवासी ग्राम नगला सुख चन्दन थाना करहल जिला मैनपुरी की ओर से इस न्यायालय में दिनांक 18.05.24 वाहन संख्या **UP84H-3248** चेसिस सं0 **MBLHA10EE9HH33616** इंजन संख्या **HA10EA9HH33870** को अपने पक्ष में रिलीज करने हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है।

यदि उक्त के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/ वाहन स्वामी को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 14.11.2024 से पूर्व दाखिल/प्रस्तुत कर सकता है।

उप जिला मजिस्ट्रेट, सैफई।

पुलिस की गो तस्करों से हुई मुठभेड़, एक जख्मी

हथगाम थाना क्षेत्र में हुई पुलिस की मुठभेड़, दो तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। हथगाम थाना क्षेत्र में गौकशी की सूचना पर पहुंची पुलिस की गो तस्करों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में पुलिस ने दो गो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। जवाबी फायरिंग में एक गो तस्कर के पैर में गोली लग गई, जिसे घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया।

गुरुवार देर रात हथगाम पुलिस और एसओजी की टीम फरार इनामी अपराधियों को पकड़ने के लिए शाहपुर तिराहे पर मौजूद थी। इसी दौरान हथगाम पुलिस को मुखबिर के जरिए बिसुई गांव में नहर के समीप जंगल में गो तस्करी की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस व एसओजी की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को एक बछड़ा बंधा मिला, जिसे काटने के लिए दो गो तस्कर मौजूद थे। पुलिस ने गो तस्करों को आत्मसमर्पण के लिए ललकारा, तो पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी।

घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

पुलिस की जवाबी फायरिंग में रामपुर मुआरी का रहने वाला गो तस्कर इलियास (48) पैर में गोली लगने से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। इसी गांव के रहने वाले उसके साथी गो तस्कर अफसर अली (26) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक गो तस्करों के पास से दो तमंचे, कारतूस, एक गोवंश, कुल्हाड़ी व गोकशी में इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण बरामद हुए। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने कहा कि दोनों गो तस्करों पर गोवध के कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं।

श्रीकृष्ण ने अर्जुन का भी तोड़ा था अहंकार

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। हथगाम ब्लॉक के भैरमपुर गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा अयोध्या धाम से आए कथावाचक पंडित रामकृष्ण तिवारी ने शुक्रवार को श्रोताओं को भगवान श्रीकृष्ण द्वारा राजा मोरध्वज की परीक्षा का वृतांत सुनाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि अर्जुन को इस बात का अहंकार हो जाता था कि उससे अधिक श्रीकृष्ण के प्रति दूसरा कोई भक्त नहीं हो सकता। भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन का यह अहंकार कई बार तोड़ा।

श्री कृष्णलीला की कथाओं का बखान करते कथावाचक।

कथा ब्यास ने कहा कि जब महाभारत का युद्ध समाप्त हुआ तो पांडवों ने अश्वमेघ यज्ञ किया। घोड़ा राजा मोरध्वज के राज्य से गुजरा, जिसे राजा के छोटे पुत्र ने रोक दिया। घोड़ा रोके जाने की बात जब अर्जुन को पता चली तो वह अत्यंत क्रोधित हुए और युद्ध करने निकल पड़े। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को मोरध्वज के दानशीलता और महानता का परिचय देते हुए युद्ध करने से मना किया और बताया कि वे नारायण के कितने बड़े भक्त हैं, लेकिन अर्जुन नहीं माने और युद्ध के लिए चला गए।

जैसे ही युद्ध शुरू हुआ तो थोड़ी देर बाद राजा मोरध्वज के पुत्र ने अर्जुन को परास्त कर दिया। अर्जुन को इस बात पर यकीन नहीं हुआ कि उससे बड़ा और कोई श्री कृष्ण का भक्त हों ही नहीं सकता है। भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को विश्वास दिलाने के लिए की उससे बड़ा और भी भक्त है मेरा,और घमंड तोड़ने के लिए श्रीकृष्ण और अर्जुन ने जोगियों का वेश बनाया और वन से एक शेर पकड़ भगवान विष्णु के परम भक्त राजा मोरध्वज के द्वार पर पहुंचे। इस मौके पर आयोजक शोभा शुक्ला, दीप्ति, रचना, आनंद शुक्ला,श्याम तिवारी, उमाशंकर तिवारी, सुशील, मोनू, मुकुंद, सिद्धू, गौरव आदि थे।

नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। किसानों व मूलभूत समस्याओं को लेकर शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हथगाम ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत दंदवा में महापंचायत का आयोजन किया। जिसमें विभिन्न मुद्दों को लेकर आवाज बुलंद की गई। महापंचायत में पहुंचे नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर मांगे पूरी किए जाने की मांग की। उधर टिकैत गुट से आए हथगाम ब्लाक अध्यक्ष को संगठन की सदस्यता दिलाई गई।

महापंचायत की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अविनाश वर्मा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष शाहिद शेख ने हिस्सा लिया। महापंचायत के दौरान भाकियू टिकैत गुट के ब्लाक अध्यक्ष रहे संजय तिवारी को संगठन की सदस्यता दिलाई। साथ ही विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा करते हुए मांग की गई कि ग्राम पंचायत में सार्वजनिक रास्ते पर हुए अवैध अतिक्रमण को तत्काल कब्जा मुक्त करवाया जाए, पानी टंकी का बोर अविलंब करवाकर टंकी का निर्माण

दंदवा गांव में महापंचायत करते भाकियू राष्ट्रीयतावादी के पदाधिकारी। अमृत विचार

- टिकैत गुट से आए हथगाम ब्लाक अध्यक्ष को दिलाई गई संगठन की सदस्यता

कराया जाए, गांव में दस केवी के ट्रांसफार्मर को हटाकर 25 केवी क्षमता का ट्रांसफार्मर लगवाया जाए, ग्राम पंचायत सैदपुरा मजरे खरगूपुर बरगला में फूलचन्द्र कोटेदार द्वारा की जा रही घटतौली पर तत्काल कार्रवाई की जाए, ग्राम समाज की जमीनों को दबंगों से कब्जा मुक्त करवाया जाए। महापंचायत की जानकारी मिलने पर नायब तहसीलदार खागा मौके पर पहुंचे और आक्रोशित पदाधिकारियों व किसानों को शांत कराया। पदाधिकारियों ने मांगों का एक ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपते हुए सभी मांगों को पूरा किए जाने की आवाज उठाई। इस मौके पर मण्डल उपाध्यक्ष शमीम अहमद, जिला प्रभारी कौसर अली, ऋषु ठाकुर, योगेश गुप्ता, मनीष तिवारी, छोटेलाल कोरी, छोटू सिद्दीकी, अली मोहममद, सुरेन्द्र सिंह, जावेद शेख, लालता प्रसाद, रमाकांत पाण्डेय, शिवस्वरूप पाण्डेय, संजय तिवारी, छोटेलाल मौर्य, फूलचन्द्र मौर्य, वीरेन्द्र सिंह यादव, राम दुलार, रामपाल, राजकरन, चन्द्रिका प्रसाद भी मौजूद रहे।

15 साल पहले मर चुका पंकज बेच रहा जमीन !

संवाददाता, फतेहपुर

- पुलिस के पास पहुंचा अजीबो-गरीब मामला
- 2009 में सड़क हादसे में हो गई थी पंकज की मौत

अमृत विचार। हथगांव थाना क्षेत्र में एक हैरतअंगेज मामला सामने आया है। करीब 15 साल पहले मर चुका व्यक्ति अब जमीन बेच रहा है। जमीन बिकने की सूचना के बाद परिजन भी अचंभित हैं। परिजनों ने पुलिस से शिकायत की है।

सरौली गांव निवासी आशीष कुमार की पत्नी प्रीति देवी की तहरीर के बाद पुलिस भी एक पल के लिए दंग रह गई, लेकिन जब मामला मिलीभगत का निकला। प्रीति देवी ने पुलिस को शिकायती पत्र में बताया कि उसका मायका हथगाम थाना क्षेत्र के मनमोहनपुर गांव में है। उसके दो भाई पंकज द्विवेदी और पवन द्विवेदी थे। करीब 15 साल पहले 2009 में भाई पंकज की रायबरेली में एक सड़क हादसे में मौत हो गई थी। हाल ही में उसके पिता अनुपम कुमार की भी मौत हो चुकी है। करीब दो महीने पहले अनुपम कुमार द्विवेदी की जमीन का 15 साल पहले मर चुके पंकज ने बिट्टी देवी के नाम बैनामा कर दिया। जमीन बिकने की खबर से परिजनों के होश उड़ गए। महिला का आरोप है कि उसके गांव के ही रहने वाले इंद्राज पुत्र भोंदू ने लेखपाल से मिलकर फर्जी दस्तावेज लगाकर 13 अगस्त को पिता अनुपम कुमार द्विवेदी की जमीन पंकज द्विवेदी के नाम वरासत करा दी। इसके बाद 19 अक्टूबर को बिट्टी देवी के नाम बैनामा कर दिया। खागा कोतवाली प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच की जा रही है।

शिल्प मेला में छात्राओं ने दिखाया कौशल

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के तत्वावधान में प्राचार्य प्रो. गुलशन सक्सेना के संरक्षण व निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-5 की 90 दिवसीय कार्य योजना के क्रियान्वयन के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत करियर एवं कौशल विकास कार्यक्रम को मूर्त रूप देते हुए मिशन शक्ति, राजनीति विज्ञान विभाग एवं कल्चरल क्लब के संयुक्त तत्वाधान में शिल्प मेले का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अपने स्टॉल लगाकर अपने हस्त कौशल का परिचय दिया।

छात्राओं ने वेस्ट मैटेरियल मैनेजमेंट सस्टेनेबल डेवलपमेंट को ध्यान में रखकर कम संसाधन अधिक मुनाफा स्टॉल लगाया। छात्राओं ने हस्त निर्मित कपड़े

शिल्प मेले का अवलोकन करतीं प्राचार्या एवं मुख्य अतिथि अशोक तपस्वी ।अमृत विचार

मिट्टी और झूट के संयोजन से बने खिलौने, हाथ के बने पंखे, हस्त निर्मित साज-सज्जा के समान, खाद्य पदार्थों आदि के स्टाल लगाए। कार्यक्रम का उद्घाटन की संस्तुति वंदन से हुआ। मेले का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 गुलशन सक्सेना एवं मुख्य अतिथि अशोक तपस्वी ने संयुक्त रूप से किया। मेला देखने के लिए छात्राओं के परिवार की बालिकाओं व महिला सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया।

मेले में भेलपुरी, चाट भंडार, इत्र वाटिका, बच्चों के खेल, लकी ड्रा, आलू सोया, पानी पूड़ी, मिठाइयों की दुकाने, ब्रेड पकोड़ा, भेलपुरी, चना, फ्रूट चाट आदि लगभग 20 से अधिक स्टॉल लगाए गए थे। ग्राहकों की संख्या भी 100 से अधिक रही। प्राध्यापकों ने भी इस मेले का आनंद उठाया। छात्राओं ने जहां एक ओर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। वहीं दूसरी ओर जेब खर्च हेतु धन भी अर्जित किया। इस अवसर पर मिशन शक्ति की सदस्य डॉ. जिया तसनीम ने छात्राओं के इस कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की, इसे कौशल विकास का क्रियान्वित रूप बताया। महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक नए कदम की पहल के रूप में परिभाषित किया। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष और मिशन शक्ति प्रभारी प्रोफेसर शकुंतला ने इस मेले की थीम तैयार की।

छात्राओं को उत्साह से प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। संस्कृत विभागाध्यक्ष डा. चारु मिश्रा व संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. चंद्रभूषण ने छात्राओं के स्टॉल लगाने में उनकी मदद की। भारतीय संस्कृति एवं विरासत पर ऑनलाइन व्याख्यान माला में प्रतिभा करने वाली छात्राओं को प्राचार्य ने पुरस्कृत किया। इस अवसर कार्यक्रम समिति के सभी सदस्य, प्रो. सरिता गुप्ता, प्रो. मीरा पाल, प्रो. लक्ष्मीना भारती, प्रो. प्रशांत द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

प्रतीक चिह्न के साथ प्रतिभागी छात्राएं। अमृत विचार

रंगोली प्रतियोगिता में शिखा गुप्ता ने मारी बाजी

फतेहपुर। भारतीय दोसर वैश्य महासमिति द्वारा दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 78 प्रतिभागियों ने भाग लिया। समिति द्वारा घोषणा की गई थी कि प्रतियोगिता में सम्मिलित प्रतिभागियों के बीच में निर्णायक मंडल द्वारा प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जायेगा। निर्णायक मंडल में समिति के संरक्षक खागा निवासी डा. अजय गुप्ता को तथा महिला इकाई की संरक्षिका सरोज रामदास गुप्ता निवासी देवीगंज को बनाया गया था। निर्णायक मंडल द्वारा सभी प्रतिभागियों के रंगोली को देखते हुये निर्णय दिया कि बहुआ निवासी शिखा गुप्ता पुत्री पिंटू गुप्ता प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान डा. कृतिका गुप्ता पुत्री मनीष गुप्ता एवं तृतीय स्थान ईशान्वी गुप्ता पुत्री साजन गुप्ता निवासी रस्तोगीगंज को प्राप्त हुआ। समिति द्वारा सभी प्रतिभागियों को अंगवस्त्रम, प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष नरायण बाबू गुप्ता ने कहा कि भारतीय संस्कृति में रंगोली का एक विशेष महत्व था इससे प्रतिभा में निखार आता है। इसलिए समिति ने रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया था जिसमें समाज की बच्चियों ने बढ चढकर सहभागिता निभाई और पुरस्कार पाकर सम्मानित हुई। सम्मानित करने वालों में प्रमुख रूप राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता, महामंत्री साजन गुप्ता, महामंत्री अमित गुप्ता, उपाध्यक्ष सुशील गुप्ता, संगठन मंत्री आनंद गुप्ता, संजय गुप्ता, मधु गुप्ता, राजीव गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट परिसर में सदस्यता अभियान चलाते पदाधिकारी। अमृत विचार

आप का कलेक्ट्रेट परिसर में सदस्यता अभियान

फतेहपुर। आम आदमी पार्टी के प्रादेशिक सदस्यता अभियान के तहत शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार मौर्या के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस अभियान में लोगों को आम आदमी पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। सदस्यता अभियान को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री मौर्य ने कहा कि प्रादेशिक सदस्यता अभियान को सफल बनाना सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। इसलिए इस कार्य में जी-जान से जुटें और ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच पार्टी की नीतियां व रीतियां पहुंचाकर पार्टी से जोड़ने का काम करें। इस मौके पर प्रांत उपाध्यक्ष मोहम्मद शाहजहां, प्रांत सचिव श्रीराम पटेल, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रामकिशोर विश्वकर्मा, महिला विंग जिला महासचिव माया गौतम, छात्र प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष गुलफाम के अलावा अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

एमजी कॉलेज में छात्रों को बताए गए यातायात नियम

फतेहपुर। एसपी धवल जायसवाल के निर्देशन में यातायात माह नवंबर में सड़क दुर्घटना को कम किए जाने के लिए क्षेत्राधिकारी दुर्गेश दीप एवं यातायात पुलिस ने महात्मा गांधी डिग्री कॉलेज शांतीनगर में कार्यशाला आयोजित कर छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। साथ ही सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते हुए प्रचार प्रसार सामग्री वितरित की गई। उधर ललौली थाना प्रभारी लाली सविता एवं यातायात पुलिस ने माल वाहक द्वारा सवारियों का परिवहन करने वाले वाहनों, दो पहिया वाहन पर बिना हेलमेट, सवारी ई रिक्शा पर माल को ढोने वाले ई-रिक्शा पर कार्रवाई की गई। ट्रैक्टर ट्राली पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए एवं उसकी उपयोगिता को बताया गया। बिना नंबर प्लेट लगे वाहन, दो पहिया वाहन में तीन सवारी, चार पहिया वाहन पर बिना सीट बेल्ट का प्रयोग न कर वाहन चलाने वाले वाहनों की चेकिंग की गई और नाबालिक द्वारा वाहन चलाने, टेंपो टैक्सी द्वारा स्कूली छात्र छात्रों का परिवहन करने वाले अवैध वाहनों की सघनता से चेकिंग कर कार्रवाई की गई। आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर प्रचार प्रसार सामग्री वितरित की गई।

लाइन जोड़ रहा संविदा कर्मी करंट से झुलसा

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के वहीदापुर के समीप शुक्रवार की दोपहर पोल में चढ़कर लाइन जोड़ रहे 32 वर्षीय संविदा कर्मी करंट लगने से नीचे गिरकर घायल हो गया। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। वहीदापुर गांव निवासी कल्लू का पुत्र चन्द्रशेखर बहुआ पावर हाउस में संविदा में लाइनमैन के पद पर कार्यरत है। बताते हैं कि आज दोपहर वह गांव के समीप ही पोल में चढ़कर लाइन जोड़ रहा था तभी वह करंट की चपेट में आ गया जिससे वह पोल से गिर पड़ा और घायल हो गया। जिसे तत्काल सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

सात माह की बच्ची को उठाकर भागा बंदर

फतेहपुर। विजयीपुर कस्बा स्थित पेट्रोल पम्प के पास शुक्रवार को दोपहर 3 बजे विजयीपुर निवासी दुर्गेश गुप्ता की 7 महीने की छोटी बच्ची गुनगुन देवी अपने ही घर में सो रही थी। उसी दौरान अचानक कही से एक बन्दर जीने के रास्ते से घर अंदर आ गया और घर में सो बच्ची गुनगुन को उठा ले गया। बन्दर को देख मोहल्ले वासियो ने सोर मचाया तो बच्ची की माँ सुमन ने अपने बच्ची को बचाने ईट लेकर भागी। इस दौरान लोगों की चिल्लाहट सुनकर बन्दर बच्ची को एक बबूल के पेड़ के नीचे छोड़कर भाग गया। बच्ची के हाथ में चोट आ गई। परिजनों ने बच्ची को निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। समय रहते ग्रामीणों ने सूझबूझ से बच्ची को बचा लिया।

स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर रक्तदान

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी की ओर से जनपद के 199वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर जिला अस्पताल में आयोजित किया गया। शिविर की शुरुआत सीएमओ डॉ राजीव नयन गिरि व दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रगति मिश्रा ने संयुक्त रूप से की।

रेडक्रास के चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने सीएमओ व दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को बैज लगाकर सम्मानित किया। आधा दर्जन लोगों ने रक्तदान किया। नौ लोगों ने अगले शिविर के लिए रजिस्ट्रेशन भी कराया। विशिष्ट

रक्तदाता को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन। अमृत विचार

अतिथि प्रगति मिश्रा ने रक्तदान कर लोगों को रक्तदान के लिए संदेश दिया। पहली बार रक्तदान करने वालों में अरविंद साहू, नीलेश पांडेय रहे। आकाश पुरी ने अपना रक्तदान पिता बनने की खुशी में किया। सभी रक्तदानियों को चेयरमैन ने मेडल पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहित किया। यहां जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ निशात शहाबुद्दीन, अजीत सिंह, संजय श्रीवास्तव, राकेश कुमार, प्रशांत पाटिल, श्याम किंकर श्रीवास्तव, डॉ अनुज, अशोक शुक्ल, कौशल श्रीवास्तव, पूजा तिवारी, दीपाली वर्मा, नरेंद्र सिंह, गार्गी, खुशी रहीं।

वारिसान योजना का उठाएं लाभ

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड के वरिष्ठ प्रबंधक बृजेश सिंह ने अवगत कराया कि जनपद की चार शाखाओं सदर, बिंदकी, खागा व धाता में ऋण लेने वाले ऐसे कृषक जिनकी मृत्यु 31 मार्च 2023 के पूर्व हो गयी हो ऐसे कृषकों के वारिसानों को राहत देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री व सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर के निर्देश पर मृतक ऋणी मोचन योजना लागू की गई है। इस योजना में श्रेणी-1 में 31 मार्च 2003 से पूर्व लिए गए ऋण के समस्त ब्याज में छूट दी गयी है, श्रेणी-2 में 01 अप्रैल 2003 से 31 मार्च 2013 तक के ऋण के समस्त ब्याज का 75 प्रतिशत छूट दी गयी है।

संदिग्ध हालत में महिला ने फंदा लगा दे दी जान

संवाददाता, फतेहपुर

- दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज, पति, सास व देवर गिरफ्तार

अमृत विचार। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बुदवन में संदिग्ध परिस्थितियों में 20 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक के परिजनों ने ससुरालीजनों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट कर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पति, सास व देवर को हिरासत में ले लिया।

जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के भादर गांव निवासी स्व0 रामचन्द्र की पुत्री आकांक्षा की शादी 20 मार्च 2024 को बुदवन गांव निवासी दुर्गा प्रसाद के पुत्र सूरज के साथ हुई थी। बताते हैं कि गुरूवार की शाम संदिग्ध अवस्था में महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के बाबा रज्जन ने बताया कि शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज में दो लाख रूपए व अपाचे गाड़ी की मांग को लेकर उसकी पुत्री को मारते-पीटते थे।

छठ पर्व का समापन | उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ मइया की आराधना, चार दिवसीय पर्व के अंतिम दिन भी पूजा-अर्चना

उग हे सुरुज देव भेले भिनसरवा अरघ के बेरिया न...

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। छठ महापर्व जिले में भी धूमधाम से मनाया गया। शुक्रवार को छठ पूजा के अंतिम दिन सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ यह पवित्र पर्व संपन्न हुआ। आस्था के इस पर्व पर गंगा नदी एवं तालाबों के तटों पर श्रद्धालु उमड़ पड़े। छठ पूजा के चौथे दिन श्रद्धालु उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए उत्साह के साथ एकत्र हुए और पूजा अर्चना की।

उग हे सुरुज देव भेले भिनसरवा अरघ के रे बेरिया न, आदित होई न सहाई, केलवा के पात पर उगेलन सुरुजमल झांके झुंके आदि प्रचलित लोकगीत गाकर सूर्य को उदित होने की प्रार्थना की गई। शुक्रवार को शहर के बांके बिहारी मंदिर परिसर में स्थित तालाब के किनारे व्रती महिलाएं अपने परिवार के साथ पहुंची।

महिलाओं ने बताया कि चार

शहर के बांके बिहारी मंदिर के तालाब में पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं। अमृत विचार

- नदी एवं तालाब के तट पर उत्साह के साथ पहुंचे अनुयायी

दिवसीय सूर्य व प्रकृति उपासना के महापर्व के अंतिम दिन ब्रह्म मुहूर्त में व्रती स्नान ध्यान कर छठी माता की वेदी की पूजा अर्चना कर, जल में खड़े होकर पूर्व दिशा की ओर मुख कर हाथ जोड़े हुए सूर्य को उदित होने की प्रार्थना करते हैं।

सूर्य की प्रथम किरण ऊषा की उपासना करते हैं एवं सूर्य के उदित होने पर दूध से अर्घ्य लेते हैं फिर मुंह में गुड अदरक रख के पानी पीकर व्रत पूर्ण करते हैं। छठ पूजा में सूर्य भगवान और माता छठी की पूजा की जाती है।

संतान की मांगी सलामती

छठ पर्व अच्छे सौभाग्य और सुखी जीवन के लिए रखा जाता है। साथ ही यह व्रत पति की लंबी उम्र की कामना के लिए भी रखा जाता है। ऐसी मान्यता है कि सूर्य देव की पूजा करने से तेज, आरोग्यता और आत्मविशवास की प्राप्ति होती है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य ग्रह को पिता, पूर्वज, सम्मान का कारक माना जाता है।

छठ मइया के गीतों की गूंज

सुबह को जब उगते सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया गया तो यहां की छटा देखते ही बनी। छठ पर्व में माताओं ने अपनी संतानों के लिए सुख समृद्धि आरोग्य और लंबी आयु की कामना की। प्रसाद के रूप में बांस की सूप में ढेंकुआ, कसार, गन्ना, खरी, नारियल, पत्तेदार हल्दी, पत्तेदार अदरक, मूली, साढ़ी, चावल, केला, कसार, फल, मिठाई का प्रयोग किया गया। सूप में प्रसाद सामग्री सजाकर उपासना की गयी।

सास से झगड़ बहू ने खाया जहर, रेफर

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जलाला में शुक्रवार की सुबह सास से झगड़ कर 24 वर्षीय महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

जलाला गांव निवासी संजू की पत्नी सुधा का अपनी सास सुमित्रा देवी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिस पर सास ने उसको खरी-खोटी सुना दी। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने जहर खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे लेकर गोपाल पीएचसी पहुंचे जहां चिकित्सकीय उपचार के बाद हालत ठीक न होने पर सदर अस्पताल के लिए रिफर कर दिया। जिस पर परिजन 108 एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय लाए। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने महिला की हालत नाजुक देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

जिम्मेदारों की अनदेखी से ओवरलोड चल रहे आटो

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर यात्री
- बसों का संचालन कम होने से यात्रियों को हो रही समस्या

अमृत विचार। दिबियापुर नगर में सड़कों पर दौड़ रहे आटो और डग्गामार वाहनों से राहगीरों की यात्रा सुरक्षित नहीं है।

अधिक किराया देने के बाबजूद उन्हें मजबूरन लटककर सफर करना पड़ता है। नगर क्षेत्र में इन दिनों सभी प्रमुख मार्गों पर बसों की जगह आटो रिक्शा और टैम्पो की भरमार है जल्दी पहुंचने के चक्कर में लोग निर्धारित किराया से अधिक किराया देकर असुरक्षित यात्रा कर रहे हैं। बीते कुछ सालों से इक्का दुक्का ही बसों का संचालन हो रहा है जिससे सड़कों पर अब सैकड़ों की तादात में टैम्पो दौड़ रहे हैं। ज्यादा कमाई के लालच में टैम्पो चालक यात्रियों को भूसे की तरह ठूसते हैं।

निर्धारित से अधिक सवारियां भरकर जाता ऑटो। अमृत विचार

निर्धारित से ज्यादा ले रहे किराया

दिबियापुर से औरैया की दूरी 20 किलोमीटर है जबकि किराया 40 रुपये लगता है। वहीं 27 किलोमीटर दूरी पर स्थित बेला का किराया भी 40 रुपये है। इसी तरह 9 किलोमीटर दूर सहायल, रामगढ़, कंचौसी और फफूंद का किराया 20 रुपये प्रति यात्री तो 40 किलोमीटर दूर बाबरपुर का किराया 30 रुपये है जबकि 22 किलोमीटर दूर बिधूना का किराया 40 रुपये लिया जाता है। जानकारी के अनुसार रोडवेज बस के अलावा निजी बसों में इन रूट का किराया आटो की अपेक्षा कम है लेकिन पर्याप्त संख्या में बसों का संचालन न होने से लोगों की भी मजबूरी डग्गामार वाहनों से यात्रा करनी पड़ती है।

दिबियापुर से कन्नौज के लिए सिर्फ दो बसें

दिबियापुर से कन्नौज की ओर सुबह 6 बजे एक रोडवेज बस शाहजहांपुर तक जाती है जबकि दूसरी बस भी सुबह करीब साढ़े आठ बजे मुरादाबाद तक जाती है। इन दोनों बसों के अलावा दिनभर अन्य कोई भी बस इस रूट पर नहीं चल रही। जिससे यात्रियों को काफी परेशानी और अधिक किराया देना पड़ रहा है। इस संबंध में भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष एवं सभासद रिशी पोरवाल ने बताया कि आटो चालकों की मनमानी के बारे में उन्होंने कई बार थाना पुलिस से शिकायत की लेकिन आजतक कोई प्रभावी कार्रवाई न होने से इनके अवैध संचालन पर रोक नहीं लग सकी है। जिलाधिकारी से सभी रूटों पर पर्याप्त रोडवेज बसों के संचालन और क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने वाले टैम्पो चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है।

परिषदीय विद्यालयों में गुड़-चना बांटा गया

औरैया। जिले के परिषदीय विद्यालयों में छात्रों को सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन के रूप में चने, गुड़, तिल की गजक, बाजरे के लड्डू जैसे पौष्टिक आहार उपलब्ध कराए गए। इन पौष्टिक खाद्य पदार्थों के माध्यम से बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में सहयोग देने का प्रयास किया गया है। विभाग से जुड़े खंड शिक्षा अधिकारी एसआरजी, डीसी व एआरपी ने विभिन्न विद्यालयों में पहुंच कर सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन के अंतर्गत चिक्की, चने, गुड़, तिल की गजक आदि का वितरण करवाया। एसआरजी सुनील दत्त राजपूत ने विकासखंड सहार के करौंदा का अड्डा व सूखमपुर विद्यालय में वितरण किया। डीसी एमडीएम नमन पाण्डेय ने कहा कि बच्चों को स्वास्थ्यवर्धक आहार उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है।

सार-संक्षेप

कार्यशाला में प्रयोग सीखते छात्र। अमृत विचार

विद्यालय में विज्ञान कार्यशाला

औरैया। पीबीआरपी अकादमी, दिबियापुर में विज्ञान कार्यशाला का आयोजन हुआ। 'विज्ञान विषय पर आधारित कार्यशाला जिसमें मुख्य अथिति बृजेश दीक्षित (पूर्व प्रधानाचार्य,बहेड़ा इंटर कॉलेज)किया। कार्यशाला में विद्यालय के कक्षा 9 से कक्षा 12 तक विधार्थियो और अध्यापक व अध्यापिकाओं ने भाग लिया। कार्यशाला के अन्तर्गत सर्वोत्तम शिक्षण कार्य और विद्यार्थियों की उन्नति एवं उज्ज्वल भविष्य से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यशाला में विभिन्न विज्ञान विषयों जैसे दबाव, प्रकाश, घर्षण आदि पर गतिविधि आधारित सत्रों के साथ सीखने के लिस जागरूक किया जा रहा है। कार्यशाला के दौरान मुख्य अथिति बच्चों और अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अध्यापक बच्चों का भाग्य निर्माता होता है। विज्ञान कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षण कार्य को अधिकाधिक प्रभावी और बेहतर बनाना था। उन्होंने बताया कि विज्ञान के शिक्षण कार्य को नवीनतम् विधि द्वारा तथा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों तथा प्रयोगात्मक विधि और मॉडल आदि द्वारा बच्चों को शिक्षित किया जाना चाहिए। पठन-पाठन, लेखन कौशल, श्रव्य दृश्य आदि को रोचक बनाने के सुझाव रखे गये। उन्होंने बताया कि अध्यापक एक विद्यार्थी की भांति होते है, वे भी शिक्षण-पथ पर चलते हुए बहुत कुछ नया सीखते हैं और साथ ही साथ विद्यार्थियों को भी सिखाते हैं तथा अध्यापकों एवं विद्यार्थियों की संबद्धता और सामंजस्य बना रहे, जिससे कि विद्यार्थी अपने संदेहपूर्ण प्रश्नों को सहजता से अध्यापक से पूछ सकें और अपनी त्रुटियों का निवारण कर सकें। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सौरव कश्यप, उप-प्रधानाचार्य प्रशांत पुरवार और समस्त विज्ञान शिक्षक उपस्थित रहे।

पूर्व राज्यमंत्री भोला सिंह का लंबी बीमारी के बाद निधन

अजीतमल, औरैया। कस्बा क्षेत्र के ग्राम गंगदासपुर व हाल निवासी सुखसदन बाबरपुर निवासी पूर्व राज्य मंत्री भोला सिंह (90) का लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार को निधन हो गया। वह समाजवादी पार्टी के तीन जिला के प्रभारी भी रह चुके हैं। ठाकुर भोला सिंह ने ही समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान अजीतमल तहसील की घोषणा कराई थी। वह जन सहयोगी इण्टर कालेज अमावता के प्रबन्धक एवं जनता महाविद्यालय अजीतमल के पदाधिकारी भी थे। वह लम्बे समय से बीमार चल रहे थे, उनका इलाज ग्वालियर अस्पताल में चल रहा था। सुधार होने पर उनको घर लाया गया था। शुक्रवार को अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने पर परिवारीजन कानपुर ले जा रहे थे तभी रास्ते में कानपुर देहात के अकबरपुर पहुंचने पर उनका निधन हो गया। उनका अन्तिम संस्कार उनके पैतृक गांव गंगदासपुर में शनिवार को होगा।

भोला सिंह।

बाइकों की भिड़ंत में 2 युवक घायल

अछल्दा, औरैया। बुंदेलखंड सर्विस रोड़ पर शुक्रवार सुबह 8:30 बजे बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में दोनों बाइक चालक घायल हो गए। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद मिनी पीजीआई सैफई रेफर किया गया। गांव विक्रमपुर निवासी गौरव पुत्र श्याम सिंह अछल्दा सर्विस रोड बुंदेलखंड से आ रहे थे। गांव छछुंद निवासी बलराम पुत्र शिवनाथ बाइक से बंबा होते दिवियापुर किसी काम से जा रहे थे आमने-सामने बाइकों की भिड़ंत में दोनों चालक घायल हुए। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ललित मोहन ने हालत गंभीर होने पर मिनी पीजीआई सैफई रेफर किया।

दंगा नियंत्रण उपकरणों का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर।

पुलिस अधीक्षक ने ली परेड की सलामी किया निरीक्षण

औरैया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर द्वारा शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन औरैया में परेड की सलामी ली गयी। परेड का निरीक्षण भी किया। सभी पुलिसकर्मियों का टर्नआउट चेक किया गया। डायल 112 की गाडियों की दंगा नियंत्रण उपकरणों के किट की चेकिंग की व रिस्पांस टाइम बेहतर करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान एसपी द्वारा मेस का निरीक्षण कर साफ-सफाई व खाने की गुणवत्ता को परखा गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में अर्दली रूम का निरीक्षण किया गया। जिसमें पुलिस लाइन में हाजिरी रजिस्टर व अन्य अभिलेखों का निरीक्षण किया गया। जो भी कमियां पाईं गईं संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगणों को जल्द से जल्द सुधारने को कहा।

डीएपी के लिए हंगामा, वितरण कराने में पुलिस भी फेल

खाद के लिए किसान आपस में उलझे, सचिव ने 60 बोरी खाद बांटकर बंद की समिति, 250 बोरी खाद का नहीं हो सका वितरण

खाद लेने के लिए सहकारी संघ नौनिकपुर में लाइन में खड़े किसान। अमृत विचार

खाद लेकर जाता किसान।

संवाददाता अछल्दा, औरैया

अमृत विचार। धान की कटाई के बाद रबी की फसल की बुआई शुरू हो गई। किसान डीएपी खाद की एक बोरी पाने के लिए परेशान हैं। समितियों पर खाद नहीं है। थाना क्षेत्र के गांव नौनिकपुर बहुउद्देश्यीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति पर शुक्रवार सुबह से सैकड़ों की संख्या में किसान पहुंच गए। कतार लगाकर खाद का वितरण शुरू हुआ लेकिन आपस में ही किसान लड़ाई झगड़े पर उतारू हो गए। पुलिस को कड़ी मेहनत करनी पड़ी। फिर भी खाद का पूरा वितरण नहीं हो सका।

दरअसल मात्र 3 सौ बोरी खाद आई है और जरूरतमंद किसानों की संख्या हजारों में पहुंच रही है ऐसे में खाद की पूर्ति कैसे हो सकती है। यही यहां हो रहा है। हालात बेकाबू देख स्टाफ को समिति बंद करनी पड़ी। किसान आपस में ही लड़ाई झगड़ा करने लगे। थाना उपनिरीक्षक अवधेश कुमार ने किसी तरह समझा बुझाकर शांत कराया फिर भी पुलिस खाद वितरित नहीं करा सकी। फिर डायल 112 पहुंची, कांस्टेबल सतेंद्र कुमार ने भी किसानों को समझाया।

कहीं भी नहीं है डीएपी खाद

विकास खण्ड क्षेत्र की किसी भी समिति पर डीएपी खाद कई दिनों से नही है। जिस कारण किसान परेशान हैं। नौनिकपुर समिति पर डीएपी खाद बंटने की जानकारी पर बड़ी संख्या में सैकड़ों किसान सुबह से ही पहुंच गए। पुलिस की मौजूदगी में सचिव ने खाद बांटना शुरू किया लेकिन किसान आपस में लड़ाई झगड़ा करने लगे। यहां तक कि लाठियां उठने की नौबत आ गई। पुलिस भीड़ को काबू नहीं कर पाई। किसानों ने हंगामा कर दिया। मजबूरन सचिव को समिति बंद करनी पड़ी। समिति सचिव निगम चंद्र ने बताया केवल 60 डीएपी की बोरी वितरित कर पाएं भीड़ अधिक होने पर पुलिस भी काबू नहीं कर पाई। करीब 250 बोरियां वितरण नहीं हो सकीं। समितियों पर खाद न मिलने के चलते खुले बाजार में खाद की दुकानों पर महंगी खाद बिक रही है।

सूखी पड़ी नहर, कैसे हो गेहूं की बुआई

संवाददाता अछल्दा, औरैया

- खेतों की पलेवा करने के लिए परेशान हो रहे किसान
- नहरों के भरोसे है क्षेत्र की 70 फीसद खेती

अमृत विचार। नहरों में पानी का प्रवाह नहीं हो रहा है। इसकी वजह से गेहूं की बुआई के लिए किसान खेतों का पलेवा (सिंचाई) नहीं कर पा रहे हैं। नहरों में पानी नहीं होने सिंचाई करने में परेशानी हो रही है। मौसम में अचानक बदलाव होने से किसानों की परेशानी बढ़ी हुई है। अन्नदाताओं को समझ नहीं आ रहा है कि आखिर वह क्या करें?

धान की कटाई के साथ ही किसान गेहूं की बुआई को खेतों का पलेवा करना चाह रहे हैं, लेकिन सूखी पड़ी नहरों के चलते किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र का 70 फीसद भू भाग की सिंचाई नहरों के माध्यम से होती है। लेकिन नहरों व रजबहों में समय पर पानी न आने से खेती किसानी पिछड़ रही है। पिछले एक महीने से नहरों में पानी नहीं आया है, जिसकी वजह से इससे निकले रजबहों भी सूखे पड़े हैं। क्षेत्र की नहरों व रजबहे की हर साल सिल्ट सफाई तो होती है, लेकिन पानी टेल तक नहीं पहुंचता है। बीच में कई जगह कटान होने से सिंचाई प्रभावित होती है।

सूखी पड़ी निचली नहर। अमृत विचार

कार की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की हुई मौत

संवाददाता बिधूना, औरैया

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के बिधूना रामगढ़ मार्ग पर शुक्रवार की सुबह रावतपुर भट्ठा के सामने कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई। पीछे बैठा हरियाणा निवासी युवक घायल हो गया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी बिधूना में भर्ती करवाया।

शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव पुरवा पट्टी निवासी राम जतन (55 वर्ष) पुत्र बलदेव प्रसाद किसी काम से बिधूना आये थे। काम निपटाने के बाद वह हरियाणा के पानीपत निवासी बालक राम 36 को साथ लेकर बाइक से अपने गांव वापस जा रहे थे। बिधूना रामगढ़ मार्ग पर रावतपुर भट्ठा के सामने अनियंत्रित गति से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक चला रहे राम जतन की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी जबकि बालक राम गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह चौहान ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी बिधूना पहुंचाया। जहां से उसे चिचौली रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी पर मृतक के स्वजन मौके पर पहुंचे और सड़क को अवरूद्ध कर दिया। इस पर क्षेत्राधिकारी भरत पासवान व एसडीएम बिधूना निखिल राजपूत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह चौहान मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाकर शांत कराया।

धनुष भंग के साथ रामलीला का समापन

अजीतमल, औरैया। क्षेत्र के ग्राम बडेरा में चल रही तीन दिवसीय रामलीला के अंतिम दिन विशाल धनुष भंग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुरुआत भाजपा जिला अध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य सोनू सेंगर, जिला उपाध्यक्ष यशवीर सिंह तथा भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोनू सेंगर ने राम दरबार की आरती उतारकर की।

रामलीला का मंचन देखने के लिये दर्शक सुबह तक पंडाल में डटे रहे। लीला की शुरुआत जनकपुरी में आयोजित सीता स्वयंवर से हुई। जहां पर बड़े -बड़े दिगपाल आये लेकिन किसी के द्वारा धनुष का खंडन तो दूर कोई तिल भर हिला भी नहीं सका। बाद में प्रभु श्रीराम द्वारा शिव धनुष को उठाया गया तो पूरा पंडाल जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा।

एनटीपीसी का स्थापना दिवस मना

औरैया। एनटीपीसी 50वां स्थापना दिवस मनाया गया। प्रशासनिक भवन के सम्मुख मुख्य महाप्रबंधक (एनटीपीसी औरैया), जयदेव परिदा ने ध्वजारोहण के साथ स्थापना दिवस समारोह का आगाज किया गया।

इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक ने एनटीपीसी लिमिटेड एवं औरैया परियोजना की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा, एनटीपीसी का 50 वर्षों का सफर उत्कृष्टता, नवाचार, और समाज के प्रति दायित्व की मिसाल है। इस दौरान एनटीपीसी ध्वजारोहण एवं केक काटा गया। उन्होंने कहा कि चुनौतियां स्वीकार करना एनटीपीसी की है फितरत है। परिदा ने एनटीपीसी औरैया द्वारा समाज कल्याण में किए गए कार्यों पर भी चर्चा की। इस दौरान जयदेव परिदा, मुख्य महाप्रबंधक, एनटीपीसी औरैया एवं अध्यक्ष जागृति महिला मंडल संघमित्रा परिदा द्वारा अपर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजय कुमार बाल्यान, अपर महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री) वेदप्रकाश पांडेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (स्वास्थ्य केंद्र), डॉ. बिजय नायक, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) तन्मय दत्ता, असिस्टेंट कमांडेंट, सीआईएसएफ यूनिट, विभागाध्यक्षगण, वरिष्ठ अधिकारीगण, यूनियन/ एसोसिएशन के उपस्थित पदाधिकारीगण, जागृति महिला मंडल आदि मौजूद रहे।

जान से मारने की दी धमकी, रिपोर्ट दर्ज

अजीतमल, औरैया। कस्बे के मुहल्ला गांधी नगर निवासी रामांस पब्लिक स्कूल के प्रबंधक प्रबोध चतुर्वेदी ने कोतवाली अजीतमल में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गुरुवार को वह कानपुर देहात से एक मुकदमे की तारीख करके वापस आए तो आर्य नगर निवासी अंकित व दिव्यांशु ने साथियों के साथ मिलकर उनके साथ गाली-गलौजकर मारपीट की। बाद में जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। कोतवाली के इंस्पेक्टर क्राइम रुद्र प्रताप तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर एक युवक को हिरासत में लिया है।

मारपीट कर किया घायल

अजीतमल, औरैया। अटसू कस्बे के मुहल्ला अंबेडकर नगर निवासी हेमेंद्र ने क्षेत्र के तुमरिहा गांव निवासी ईशु और उसके भाई छोटे के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। हेमेंद्र के पुत्र विशाल और प्रयांशु, भतीजा रजनीश निवासी इकदिल, अटसू कस्बा मे एक विवाह समारोह में आये थे इस दौरान मारपीट की।

निविदा सूचना

अध्यक्ष राजवाहा समिति (सिंचाई खण्ड औरैया, दिबियापुर) की ओर से निम्नवत् निविदा आमंन्त्रित करते हैं– सिंचाई विभाग में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा डाल सकते है।

क्र0 सं0	जनपद/ विकास खण्ड	सक्षम नहर अधिकारी का कार्यालय	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र का मूल्य	आगणित धनराशि लाख रू0 में	सत्यकार राशि रू0 में	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्य कराने वाली जल उपभोक्ता समिति का पता	सिंचाई खण्ड का पता	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	औरैया/ अछल्दा /औरैया	अधि0 अभि0	राज0 मोहम्दाबाद के किमी0 00.000 से किमी0 16.316	1000 + 18% GST	5.38	53800.00	15 दिवस	ग्राम– नगला छत्तर पोस्ट– घसारा जनपद– औरैया	सिंचाई खण्ड औरैया, दिबियापुर	'सी' या उच्च

निविदा की शर्तें निम्न होगी –

34. कार्य पूर्ण करने की अवधि कॉलम (8) के अनुसार ...15 दिवस ... होगी।
35. निविदा स्वीकार करने की वैधता, निविदा प्रस्तुत करने की तिथि से 90 दिन होगी। एक बार दी गयी निविदा वापस नहीं ली जा सकेगी।
36. निविदा प्रपत्रों का सेट दिनांक 09.11.2024 समय 10:00 बजे से दिनांक 13.11.2024 समय 12:00 बजे दोपहर तक प्राप्त की जा सकेगी।
37. प्रत्येक दशा में निविदा पिम प्रकोष्ठ, सिंचाई खण्ड औरैया, दिबियापुर के कार्यालय पर दिनांक 14.11.2024 को 11:00. बजे सुबह से 01:00 तक सायं तक ही जमा की जायेगी। रजिस्ट्री के माध्यम से जमा की जाने वाली निविदा निर्धारित समय से पूर्व निर्धारित स्थल/कार्यालय पर पहुंचाना अनिवार्य होगा। अन्यथा की दशा में निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। रजिस्ट्री के माध्यम से जमा की जाने वाली निविदा अध्यक्ष राजवाहा मोहम्दाबाद समिति अथवा सक्षम नहर अधिकारी के नाम भेजी जायेगी।
38. निविदा पिम प्रकोष्ठ, सिंचाई खण्ड औरैया, दिबियापुर कार्यालय पर दिनांक 14.11.2024 को 2:00 बजे साय इच्छुक / उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी।
39. निविदा के साथ उक्त तालिका में सम्बन्धित कार्य हेतु विनिर्दिष्ट कॉलम (5) में अंकित सत्यकार राशि किसी शिड्यूल बैंक की एफ0डी0आर0, एन0एस0सी0, पोस्ट ऑफिस सेंविंग बैक जिसकी वैधता न्यूनतम 45 दिनों की होगी, के रूप में जमा किया जाना अनिवार्य होगा। सत्यकार राशि राज0 मोहम्दाबाद समिति के सचिव एवं कोषाध्यक्ष के नाम बंधक होगी।
40. ऐसे निविदादाता को निविदा डालने की अनुमति नहीं होगी, जो स्वयं अथवा जिनके सगे सम्बधी या दम्पत्ति के नजदीकी रिश्तेदार (प्रथम ब्लड रिलेशन या उनके दम्पत्ति के ब्लड रिलेशन) राज0 मोहम्दाबाद समिति की प्रबन्धक समिति के सदस्य है।
41. ऐसे निविदादाता, जिनका अपराधिक रिकार्ड है, को निविदा डालने की अनुमति नही होगी।
42. निविदा प्रपत्र विक्री के पश्चात् किसी भी दशा में वापस नहीं होगी।
43. अध्यक्ष, राज0 मोहम्दाबाद समिति को अधिकार होगा, कि किसी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बतायें अस्वीकार अथवा निरस्त कर सकते हैं।
44. पंजीकरण प्रमाण पत्र, जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र (IDT-1) हैसियत प्रमाण पत्र (IDT-2) स्वघोषणा शपथ–पत्र (IDT-3) को निविदा खोलने के समय मूल रूप में उपलब्ध कराना अनिवार्य है।

अध्यक्ष
राज0 मोहम्दाबाद समिति

कार्यक्रम | चार दिनों से चल रही छठ पूजा का समापन, व्रती महिलाओं ने की पूजा-अर्चना

महिलाओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर मांगा सौभाग्य

घाट पर मौजूद चेयरमैन राघव मिश्रा, सभासद सुशीला पोरवाल। अर्घ्य देने के बाद मांग में सिंदूर लगाती व्रती महिला। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता औरैया

अमृत विचार। बीते चार दिनों से चल रही छठ पूजा शुक्रवार भोर सूर्योदय के साथ सम्पन्न हुई। दिबियापुर नगर स्थित निचली गंग नहर के बीच में बनाये गये अस्थायी तालाब में अलसुबह से ही श्रद्धालु व्रती महिलाएं एवं उनके परिवारीजन पहुंचने लगे, जिन्होंने घुटनों तक भरे पानी में रहकर छठ मइया की विधान पूर्वक पूजा अर्चना की तथा उगते सूर्य को अर्घ्य देकर अपने व्रत का पारण किया। अर्घ्य देने के बाद व्रती महिलाओं ने मौजूद महिलाओं की मांग में सिंदूर लगाया। बाद में प्रवीन गुप्ता एवं सुरजीत सिंह आदि ने मौजूद लोगों को प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि अजय पोरवाल, सभासद सुशीला देवी पोरवाल, व्यापार मण्डल अध्यक्ष अजय गुप्ता, आशीष, प्रवीन गुप्ता एवं सुरजीत सिंह आदि ने श्रद्धालुओं को छठ पूजा की बधाइयां दीं। नगर पंचायत द्वारा घाट पर विशेष साफ सफाई एवं सजावट करायी गयी थी इसके अलावा घाट पर बज रहे भोजपुरी गीतों से माहौल भक्तमय बनता दिखा। घाट पर सुबह से ही बच्चों द्वारा पटाखे फोड़े जाते रहे थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था संभाली। नगर में गेल गांव और एनटीपी सी के तालाबों में छठ पूजा का अनुष्ठान हुआ।

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।
दु:खितै: सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति॥

मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दुखियों- रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दुखी हो ही जाता है।

संपादकीय

आसियान और भारत

सिंगापुर के साथ विकसित हो रही साझेदारी द्वारा उजागर आसियान के साथ भारत की रणनीतिक भागीदारी, गहन आर्थिक, तकनीकी और सुरक्षा सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण बदलाव को रेखांकित करती है। पिछले माह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाओस में शिखर सम्मेलन के दौरान भारत-आसियान व्यापक साझेदारी को मजबूत करने के लिए 10 सूत्री योजना की घोषणा कर चुके हैं। शुक्रवार को सिंगापुर में आसियान-'इंडिया नेटवर्क ऑफ थिंक टैंक्स' के आठवें गोलमेज सम्मेलन में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत और आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संगठन) के सदस्य जनसंख्या के लिहाज से बड़े देश हैं और उनका सहयोग समसामयिक मुद्दों के समाधान, खाद्य एवं स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा म्यांमार जैसे साझा क्षेत्र में राजनीतिक चुनौतियों से निपटने में अहम हो सकता है। महत्वपूर्ण है कि भारत व आसियान के बीच बहुपक्षीय संबंधों का विकास देश में आर्थिक उदारीकरण के बाद से शुरू हुआ और पिछले दशक में भारत-आसियान व्यापार 130 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। गौरतलब है कि सिंगापुर के साथ भारत का जुड़ाव आसियान के साथ अपने व्यापक संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है चूंकि भारत अपनी 'एक्ट ईस्ट' नीति को गहरा करना चाहता है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने प्रभाव का विस्तार करना चाहता है, इसलिए सिंगापुर के साथ संबंधों को बढ़ाना रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हो जाता है। आसियान, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नियम-आधारित सुरक्षा ढांचे में एक केंद्रीकृत स्थान रखता है। इसका अधिकांश व्यापार समुद्री सुरक्षा पर निर्भर है। यानी भारत को आर्थिक और सुरक्षा दोनों कारणों से आसियान देशों के साथ घनिष्ठ राजनयिक संबंध की आवश्यकता है।

आसियान देशों के साथ संपर्क से भारत को इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ाने में मदद मिलेगी। ये संपर्क परियोजनाएं पूर्वोत्तर भारत को केंद्र में रखती हैं, जिससे पूर्वोत्तर राज्यों का आर्थिक विकास सुनिश्चित होता है। आसियान देशों के साथ बेहतर व्यापार संबंधों का अर्थ होगा इस क्षेत्र में भारत के लिए आर्थिक वृद्धि एवं विकास। भारत एवं आसियान देशों के संबंध किसी भी प्रकार की प्रतिस्पर्द्धा एवं दावेदारी से मुक्त हैं और दोनों के पास भविष्य के लिए एक साझा दृष्टिकोण है, जो समावेशन एवं एकीकरण, सभी राष्ट्रों की सार्वभौमिक समानता तथा व्यापार और पारस्परिक संबंधों के लिये स्वतंत्र एवं खुले मार्गों के समर्थन पर आधारित है। भारत और आसियान की अर्थव्यवस्था साथ मिलकर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकती है। ऐसे में भारत को सिंगापुर और इंडोनेशिया जैसे तकनीकी रूप से उन्नत आसियान देशों के साथ संयुक्त रक्षा उत्पादन पहल पर भी विचार करना चाहिए।

भारतीय उद्यमशीलता की परंपराओं के प्रतीक थे रतन टाटा

नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

रतन टाटा जी की महानता बोर्डरूम या सहयोगियों की मदद करने तक ही सीमित नहीं थी। सभी जीव-जंतुओं के प्रति उनके मन में करुणा थी। जानवरों के प्रति उनका गहरा प्रेम जगजाहिर था और वे पशुओं के कल्याण पर केन्द्रित हर प्रयास को बढ़ावा देते थे।

आज रतन टाटा जी के निधन को एक महीना हो रहा है। पिछले महीने आज के ही दिन जब मुझे उनके गुजरने की खबर मिली, तो मैं उस समय आसियान समिट के लिए निकलने की तैयारी में था। रतन टाटा जी के हमसे दूर चले की जाने की वेदना अब भी मन में है। इस पीड़ा को भुला पाना आसान नहीं है। रतन टाटा जी के तौर पर भारत ने अपने एक महान सपूत को खो दिया है... एक अमूल्य रत्न को खो दिया है।

आज भी शहरों, कस्बों से लेकर गांवों तक, लोग उनकी कमी को गहराई से महसूस कर रहे हैं। हम सबका ये दुख साझा है। चाहे कोई उद्योगपति हो, उभरता हुआ उद्यमी हो या कोई प्रोफेशनल हो, हर किसी को उनके निधन से दुख हुआ है। पर्यावरण रक्षा से जुड़े लोग समाज सेवा से जुड़े लोग भी उनके निधन से उतने ही दुखी हैं और ये दुख हम सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में महसूस कर रहे हैं।

युवाओं के लिए रतन टाटा एक प्रेरणास्रोत थे। उनका जीवन, उनका व्यक्तित्व हमें याद दिलाता है कि कोई सपना ऐसा नहीं जिसे पूरा ना किया जा सके, कोई लक्ष्य ऐसा नहीं जिसे प्राप्त नहीं किया जा सके। रतन टाटा जी ने सबको सिखाया है कि विनम्र स्वभाव के साथ, दूसरों की मदद करते हुए भी सफलता पाई जा सकती है। रतन टाटा जी भारतीय उद्यमशीलता की बेहतरीन परंपराओं के प्रतीक थे। वो विश्वसनीयता, उत्कृष्टता औऱ बेहतरीन सेवा जैसे मूल्यों के अडिग प्रतिनिधि थे। उनके नेतृत्व में, टाटा समूह दुनिया भर में सम्मान, ईमानदारी और विश्वसनीयता का प्रतीक बनकर नई ऊंचाइयों पर पहुंचा। इसके बावजूद, उन्होंने अपनी उपलब्धियों को पूरी विनम्रता और सहजता के साथ स्वीकार किया।

दूसरों के सपनों का खुलकर समर्थन करना, दूसरों के सपने पूरा करने में सहयोग करना, ये रतन टाटा के सबसे शानदार गुणों में से एक था। हाल के वर्षों में वो भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम का मार्गदर्शन करने और भविष्य की संभावनाओं से भरे उद्यमों में निवेश करने के लिए जाने गए। उन्होंने युवा आंत्रप्रेन्योर की आशाओं और आकांक्षाओं को समझा, साथ ही भारत के भविष्य को आकार देने की उनकी

युवाओं के लिए रतन टाटा एक प्रेरणास्रोत थे। उनका जीवन, उनका व्यक्तित्व हमें याद दिलाता है कि कोई सपना ऐसा नहीं जिसे पूरा ना किया जा सके, कोई लक्ष्य ऐसा नहीं जिसे प्राप्त नहीं किया जा सके। रतन टाटा जी ने सबको सिखाया है कि विनम्र स्वभाव के साथ, दूसरों की मदद करते हुए भी सफलता पाई जा सकती है। रतन टाटा जी भारतीय उद्यमशीलता की बेहतरीन परंपराओं के प्रतीक थे। वो विश्वसनीयता, उत्कृष्टता औऱ बेहतरीन सेवा जैसे मूल्यों के अडिग प्रतिनिधि थे। उनके नेतृत्व में, टाटा समूह दुनिया भर में सम्मान, ईमानदारी और विश्वसनीयता का प्रतीक बनकर नई ऊंचाइयों पर पहुंचा। इसके बावजूद, उन्होंने अपनी उपलब्धियों को पूरी विनम्रता और सहजता के साथ स्वीकार किया।

क्षमता को पहचाना। भारत के युवाओं के प्रयासों का समर्थन करके, उन्होंने नए सपने देखने वाली नई पीढ़ी को जोखिम लेने और सीमाओं से परे जाने का हौसला दिया। उनके इस कदम ने भारत में इनोवेशन और आंत्रप्रेन्योरशिप की संस्कृति विकसित करने में बड़ी मदद की है। आने वाले दशकों में हम भारत पर इसका सकारात्मक प्रभावजरूर देखेंगे।

रतन टाटा जी ने हमेशा बेहतरीन क्वालिटी के प्रॉडक्ट बेहतरीन क्वालिटी की सर्विस पर जोर दिया और भारतीय उद्यमों कोग्लोबल बेंचमार्क स्थापित करने का रास्ता दिखाया। आज जब भारत 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, तो हम ग्लोबल बेंचमार्क स्थापित करते हुए ही दुनिया में अपना परचम लहरा सकते हैं। मुझे आशा है कि उनका ये विजन हमारे देश की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेगा और भारत वर्ल्ड क्लास क्वालिटी के लिए अपनी पहचान मजबूत करेगा।

रतन टाटा जी की महानता बोर्डरूम या सहयोगियों की मदद करने तक ही सीमित नहीं थी। सभी जीव-जंतुओं के प्रति उनके मन में करुणा थी। जानवरों के प्रति उनका गहरा प्रेम जगजाहिर था और वे पशुओं के कल्याण पर केन्द्रित हर प्रयास को बढ़ावा देते थे। वो अक्सर अपने डॉग्स की तस्वीरें साझा करते थे, जो उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा थे। मुझे याद है, जब रतन टाटा जी को लोग आखिरी विदाई देने के लिए उमड़ रहे थे तो उनका डॉग 'गोवा' भी वहां नम आंखों के साथ पहुंचा था।

रतन टाटा जी का जीवन इस बात की याद दिलाता है कि लीडरशिप का आकलन केवल उपलब्धियों से ही नहीं किया जाता है, बल्कि सबसे कमजोर लोगों की देखभाल करने की उसकी क्षमता से भी किया जाता है।

रतन टाटा जी ने हमेशा, नेशन फर्स्ट की भावना को सर्वोपरि रखा। 26/11 के आतंकवादी हमलों के बाद उनके द्वारा मुंबई के प्रतिष्ठित ताज होटल को पूरी तत्परता के साथ फिर से खोलना, इस राष्ट्र के एकजुट होकर उठ खड़े होने का प्रतीक था। उनके इस कदम ने बड़ा संदेश दिया कि–भारत रुकेगा नहीं भारत निडर है और आतंकवाद के सामने झुकने से इनकार करता है।

व्यक्तिगत तौर पर, मुझे पिछले कुछ दशकों में उन्हें बेहद करीब से जानने का सौभाग्य मिला। हमने गुजरात में साथ मिलकर काम किया। वहां उनकी कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर निवेश किया गया। इनमें कई ऐसी परियोजनाएं भी शामिल थीं, जिसे लेकर वे बेहद भावुक थे। जब मैं केन्द्र सरकार में आया, तो हमारी घनिष्ठ बातचीत जारी रही और वो हमारे राष्ट्र-निर्माण के प्रयासों में एक प्रतिबद्ध भागीदार बने रहे। स्वच्छ भारत मिशन के प्रति रतन टाटा का उत्साह विशेष रूप से मेरे दिल को छू गया था। वह इस जन आंदोलन के मुखर समर्थक थे। वह इस बात को समझते थे कि स्वच्छता और स्वस्थ आदतें भारत की प्रगति की दृष्टि से कितनी महत्वपूर्ण हैं। अक्टूबर की शुरुआत में स्वच्छ भारत मिशन की दसवीं वर्षगांठ के लिए उनका वीडियो संदेश मुझे अभी भी याद है। यह वीडियो संदेश एक तरह से उनकी अंतिम सार्वजनिक उपस्थितियों में से एक रहा है।

कैंसर के खिलाफ लड़ाई एक और ऐसा लक्ष्य था, जो उनके दिल के करीब था। मुझे दो साल पहले असम का वो कार्यक्रम याद आता है, जहां हमने संयुक्त रूप से राज्य में विभिन्न कैंसर अस्पतालों का उद्घाटन किया था। उस अवसर पर अपने संबोधन में, उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि वो अपने जीवन के आखिरी वर्षों को हेल्थ सेक्टर को समर्पित करना चाहते हैं। स्वास्थ्य सेवा एवं कैंसर संबंधी देखभाल को सुलभ और किफायती बनाने के उनके प्रयास इस बात के प्रमाण हैं कि वो बीमारियों से जूझ रहे लोगों के प्रति कितनी गहरी संवेदना रखते थे।

मैं रतन टाटा जी को एक विद्वान व्यक्ति के रूप में भी याद करता हूं-वह अक्सर मुझे विभिन्न मुद्दों पर लिखा करते थे, चाहे वह शासन से जुड़े मामले हों, किसी काम की सराहना करना हो या फिर चुनाव में जीत के बाद बधाई सन्देश भेजना हो। अभी कुछ सप्ताह पहले, मैं स्पेन सरकार के राष्ट्रपति पेड्रो सान्चेज के साथ वडोदरा में था और हमने संयुक्त रूप से एक विमान फैक्ट्री का उद्घाटन किया। इस फैक्ट्री में सी-295 विमान भारत में बनाए जाएंगे। रतन टाटा ने ही इस पर काम शुरू किया था। उस समय मुझे रतन टाटा की बहुत कमी महसूस हुई। आज जब हम उन्हें याद कर रहे हैं, तो हमें उस समाज को भी याद रखना है जिसकी उन्होंने कल्पना की थी। जहां व्यापार, अच्छे कार्यों के लिए एक शक्ति के रूप में काम करे, जहां प्रत्येक व्यक्ति की क्षमता को महत्व दिया जाए और जहां प्रगति का आकलन सभी के कल्याण और खुशी के आधार पर किया जाए। रतन टाटा जी आज भी उन जिंदगियों और सपनों में जीवित हैं, जिन्हें उन्होंने सहारा दिया और जिनके सपनों को साकार किया। भारत को एक बेहतर, सहृदय और उम्मीदों से भरी भूमि बनाने के लिए आने वाली पीढ़ियां उनकी सदैव आभारी रहेंगी।

प्रसंगवश

कनाडा जाने का नशा शायद कम हो

भारत और कनाडा के बीच दिन-प्रतिदिन खराब होते जा रहे संबंधों को हो सकता है आप कोई अच्छी खबर न मानते हों, मगर मेरी नजर में तो यह कोई घाटे का सौदा नहीं है। आतंकी निज्जर की हत्या के मामले में अमित शाह का नाम उछाले जाने पर भारत ने कनाडा का, जो कान उमेठा है उससे दुनिया में देश की जहां मूंछ ऊंची हो ही रही है वहीं आर्थिक लाभ भी हो रहा है। कम से कम पंजाब के हवाले से तो यह बात सोलह आने सच ही है।

रवि अरोड़ा
वरिष्ठ पत्रकार

पंजाब जहां पर पैदा होने वाले हर बच्चे के कान में पहला शब्द कनेडा ही पड़ता हो, जहां स्कूल जाने से पहले बच्चे को कनेडा जाने का सपना थमा दिया जाता हो, जहां गांव के गांव खाली हो चुके हों और अधिकांश जवान आदमी कनाडा जैसे मुल्कों में जा बसे हों वहां संबंधों में खटास जैसी खबरें कनाडा के प्रति पंजाबियों की दीवानगी थोड़ी बहुत तो कम करती ही है। इन खबरों से यह उम्मीद भी तो बनती है कि शायद इससे ही सही पंजाब में ब्रेन-ड्रेन थम जाए और पंजाब फिर से युवाओं से आबाद हो सके।

आंकड़े बताते हैं कि कनाडा में अब भारतीयों की आबादी पांच फीसदी से अधिक हो चुकी है और उनमें से अधिकांश पंजाबी हैं। दस साल में पंजाबियों की आबादी वहां डेढ़ गुना बढ़ कर 10 लाख से अधिक हो गई है और स्टूडेंट वीजा पर कनाडा गए तीन लाख 40 हजार युवा इस आबादी को अभी और बढ़ाने की जुगत में हैं। इनमें से 60 फीसदी पंजाबी ही हैं। इन छात्रों के कॉलेजों की फीस आदि के नाम पर हर साल 68 हजार करोड़ रुपया देश से बाहर जा रहा है। यहां यह बताना बेहद जरूरी है कि पंजाब का सालाना बजट ही सवा लाख करोड़ के आसपास रहता है। हो सकता है कि तस्वीर का यह रुख आपको पसंद न आए और आप कहें कि ये पंजाबी ही तो हैं, जो कनाडा जैसे समृद्ध देश में भारतीयों का नाम रोशन कर रहे हैं और अब तो वहां 18 सांसद सिख भी चुने जा चुके हैं।

पंजाबी वहां अंग्रेजी और फ्रेंच के बाद सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है और अब कनाडा में भी हम दूसरा भारत बसाने जा रहे हैं तो जरा ठहरिए और तस्वीर का एक और रुख भी देख लीजिए। ताजा जमीनी हालात यह हैं कि बड़े-बड़े सपने लेकर कनाडा गए हमारे लाखों युवा आजकल वहां अपने जीवन के सबसे कठिन दौर से गुजर रहे हैं। छात्र वीजा पर कनाडा गए तीस फीसदी छात्रों को भी आजकल वर्क परमिट नहीं मिल रहा है और वे अपने परिवारों से हर माह पैसे मंगवाकर गुजर-बसर कर रहे हैं। पिछले छह साल में वहां महंगाई तीन गुना से अधिक बढ़ गई है, मगर स्थाई नागरिकता के बिना नौकरियां अब वहां सपने सरीखी हो गई हैं।

भारतीयों के बढ़ते दबदबे और उदंडता से परेशान कनाडा सरकार अब उन्हीं छात्रों को वर्क परमिट देती है, जो सरकारी कालेजों में पढ़ाई करते हैं और प्राइवेट कॉलेज और यूनिवर्सिटी में प्रवेश लेने वाले छात्र खाली बैठे रह जाते हैं। बदले हालात के चलते वहां की सरकार अब नए लोगों को नागरिकता देने की बजाय उन लोगों के प्रति अधिक गंभीर हो रही है, जो पहले से ही वहां की नागरिकता पा चुके हैं। अब से दस-पंद्रह साल पहले कनाडा जा बसे लोग पहले साल ही अपनी कार ले लेते थे और एक दशक में घर के मालिक भी बन जाते थे, मगर अब बैंक ऋण आसानी से उपलब्ध होने के बावजूद कनाडा में मकान बनाना लगभग नामुमकिन होता जा रहा है।

टोरंटो और वेंकूवर जैसे बड़े शहरों में एक कमरे का मकान ही कई कई करोड़ रुपये का हो गया हो तो भला कैसे कोई मकान का सपना देख सकता है? उधर, किराए पर मकान लेने जाओ तो तनख्वाह का आधे से अधिक किराए में ही चला जाता है। हालात यह हो गए हैं कि बीस-बीस साल पहले कनाडा गए लोग भी अपने घरों के बेसमेंट में रह रहे हैं और बाकी घर किराए पर देकर बढ़ती महंगाई और बढ़ी बैंक की किश्तों का मुकाबला कर रहे हैं। कनाडा से दोस्ती की पैरोकारी में व्यापार की दुहाई दी जाती है, मगर कनाडा से व्यापार भी भारत के लिए कोई फायदे का सौदा नहीं है। हमारा मुल्क कनाडा से साढ़े चार अरब डॉलर का आयात करता है और केवल पौने चार अरब डॉलर का ही निर्यात करता है।

बेशक कनाडा सरकार ने छह लाख करोड़ भारत में निवेश किए हुए हैं और वहां की छह सौ कंपनियां भी भारत में सक्रिय हैं, मगर यह सारे आंकड़े भारत से हर साल ट्यूशन फीस के नाम पर कनाडा जाने वाली मोटी रकम के सामने फीके हैं। कुल जमा बात यह है कि भारत कनाडा संबंधों में बनी दूरी कम से कम इतना फायदा तो अब हो ही सकता है कि भारतीयों का कनाडा जाने का नशा शायद कुछ कम हो और नहीं तो कम से कम पंजाबियों को ही थोड़ी बहुत अक्ल आ जाए।

महाराष्ट्र में दलित-मुस्लिम एकता का बेमेल प्रयास

डॉ. फैयाज अहमद फैजी
वरिष्ठ लेखक

पाकिस्तान बनवाने के आंदोलन में दलित समाज के एक बहुत बड़े वर्ग को मंडल, मुस्लिम लीग से जोड़ने में कामयाब भी रहे।

महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव का बिगुल बज चुका है। राजनीतिक दलों की नूरा-कुश्तियां भी अपनी चरम पर हैं। हालांकि मुख्य मुकाबला भाजपा के नेतृत्व में महायुती और कांग्रेस के नेतृत्व में महाविकास आघाड़ी के बीच ही है। इसके इतर वहां और भी कई छोटी-छोटी पार्टियां अपनी किस्मत आजमा रही हैं। उनमें मुख्य रूप से मराठा आंदोलन के नेता मनोज जरांगे पाटिल हैं। उनकी पहचान मराठाओं को ओबीसी कैटेगरी में समाहित करने के आंदोलन से होती है। मनोज जरांगे पाटिल ओबीसी और दलितों को इकट्ठा करके चुनाव लड़ने की तैयारी में है। उन्हें अब मौलाना सज्जाद नोमानी का भी साथ मिल गया है। मौलाना ने इसे मराठा, दलित और मुस्लिम गठजोड़ बताया है।

अजीब विडंबना है कि सज्जाद नोमानी एक तरफ जाति वर्ग मराठा और दलित की बात करते हैं तो दूसरी तरफ धार्मिक पहचान मुस्लिम की बात करते हैं, उन्हें मुस्लिम धर्म में मौजूद पिछड़ा, दलित यानी पसमांदा समाज दिखाई नहीं देता है। यहां यह बात ध्यान देने की है कि खलील उर रहमान सज्जाद नोमानी ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता है, जो अशराफ वर्ग से आते हैं। बामसेफ के साथ भी सज्जाद नोमानी का दलित और मुस्लिम गठजोड़ पहले से ही चल रहा है। दलित मुस्लिम एकता के पीछे यह बात बताई जाती है कि दलित और मुस्लिम दोनों पीड़ित और वंचित हैं इसलिए दोनों को साथ मिलकर काम करना चाहिए। अगर थोड़ा ध्यान से देखा जाए तो ये दलित-मुस्लिम एकता न होकर हिंदू दलित और शासक वर्गीय अशराफ मुस्लिम की एकता का राग है, जिसमें देशज पसमांदा का कोई हिस्सा नजर नहीं आता है। इस तरह की एकता के पीछे अशराफ की राजनीतिक महत्वाकांक्षा स्पष्ट रूप से दिखती है। अशराफ एक तरफ तो दलितों के मन में यह बात बैठाने में कामयाब होता है कि इससे उसका आंदोलन तेज होगा और मांगों में मजबूती आएगी और दलित-मुस्लिम एकता मुसलमानों से ज्यादा दलितों की सत्ता के लिए जरूरी है और मुस्लिम सत्ता प्राप्ति के बाद उनके पीछे रहेगा। दूसरी ओर पसमांदा को धर्म और धार्मिक एकता के नाम पर यह झांसा देता है कि जब दलितों की मदद होगी तो हर जगह से अल्पसंख्यक होने के बाद भी मुसलमान आसानी से जीत दर्ज कर लेगा।

मनोज जरांगे पाटिल, राजरत्न आंबेडकर, आनंदराज आंबेडकर व उनकी टीम को ये समझने की जरूरत है कि जब अशराफ के पास इस देश में प्रत्यक्ष सत्ता थी तो उस समय दलितों को सम्मान क्यों नहीं दिया? उलट अशराफ मुस्लिम शासकों ने दलित-आदिवासी का हर तरह से दमन ही किया। भारत में अपने सदियों की सत्ता में दलित-पसमांदा का न सिर्फ दोहन किया है, बल्कि विपरीत परिस्थितियों में भी जो दलित-पसमांदा किसी भी प्रकार से शासन सत्ता में पहुंच बना पाए थे, उनको उनकी जाति की पहचान (इसके लिए बाकायदा निकाबत नाम एक विभाग हुआ करता था) करके सत्ता से बाहर कर दिया और फिर यह सुनिश्चित भी किया कि ये लोग शासन के करीब भी न फटकें। इसको यहां एक और उदाहरण से समझा जा सकता है। मुस्लिम लीग ने दलित समाज के नेता योगेंद्र नाथ मंडल को अपने साथ दलित और मुस्लिम गठजोड़ के नाम पर जोड़ा था और उन्हें दलित मुस्लिम एकता की घुट्टी पिलाई थी। पाकिस्तान बनवाने के आंदोलन में दलित समाज के एक बहुत बड़े वर्ग को मंडल, मुस्लिम लीग से जोड़ने में कामयाब भी रहे। मुस्लिम लीग के डायरेक्ट एक्शन प्लान से लेकर बंगाल की मुस्लिम लीग की सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव में समर्थन करने तक मंडल ने खुलकर मुस्लिम लीग का साथ दिया। सिलहट के जनमत में जहां हिंदू-मुस्लिम की जनसंख्या लगभग बराबर थी तो जिन्ना ने मंडल को भेजा और उन्हें वहां जाकर दलितों को पाकिस्तान के पक्ष में राय देने को कहा और इस प्रकार मंडल के सहयोग से सिलहट पाकिस्तान को मिला।

पाकिस्तान बनने के बाद अशराफ लीडरशिप द्वारा अनुसूचित जाति के पृथक निर्वाचन की लगातार अनदेखी की नीति से मंडल पर अशराफ वर्ग का धोखा खुल गया, जिससे व्यथित मंडल भारत लौट आते हैं, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। अशराफ उनकी नैतिक, राजनैतिक और वैचारिक हत्या कर चुका था, जबकि शारीरिक रूप से वो 1968 तक जीवित रहे। भारत में अगर अशराफ दलितों के अधिकारों को लेकर इतना ही चिंतित हैं तो वो अपने संगठनों में दलितों को भागेदारी क्यों नहीं देते? इनकी नियत इनके इतिहास से आसानी से समझा जा सकता है। अतः मनोज जरांगे पाटिल, राजरत्न आंबेडकर, आनंदराज आंबेडकर व उनकी टीम को इस ओर जरूर ध्यान देना चाहिए और इस देश के बहुजन/ दलित/ पिछड़े/ आदिवासी आंदोलन को वंचित पसमांदा को लेकर चलने का प्रयास करना चाहिए जो उनके भाई ही हैं, भले ही उनकी आस्था बदल गई हो, लेकिन उनकी समस्याएं लगभग एक तरह की हैं।

सोशल फोरम

अपराधियों की शरण स्थली

किसी विदेशी राजनीतिक चिंतक का कथन है कि "राजनीति किसी दुष्ट का अंतिम सहारा है"। समाचार चैनल छठ पर्व की पूजा के दृश्यों से भरे हुए हैं। अनेक स्थानों पर राजनीति से जुड़े महानुभाव पहुंचे हैं और धर्मपत्नी ने कहा कि नेता लोग सभी जगह पहुंच जाते हैं।

रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

चर्चा हुई कि नेता बनने के लिए किसी शैक्षिक योग्यता या प्रतियोगी परीक्षा की आवश्यकता नहीं होती है। केवल जन संपर्क ही चुनाव मैदान में जीतने का साधन है और इस तरह के मेले या आयोजन उनके लिए जनसंपर्क का सरल उपाय है। छठ पर्व निरोगी काया, संतना सुख और समृद्धि के लिए मनाया जाता है, किंतु नेता लोगों का सर्वसुख तो चुनाव जीतना है और उसके लिए जनसंपर्क जरूरी है।

अब वह समय तो नहीं रहा कि अंग्रेजी सरकार की चमचागिरी कर जेल में दो-चार किताबें लिख लो, अंग्रेजों की चमचागिरी कर सत्ता प्राप्त कर लो, इतिहास के पन्ने बदल दो आदि। या क्रांतिकारियों की तरह बलिदान दो, जेल में यातना सहो या नेता जी की तरह सर्वस्व निछावर कर दो सत्ता तो मिलने से रही। इस कथन को उद्धृत करने का मेरा आशय किसी को इंगित करना नहीं है और न किसी की भावना को आहत करना है और न ही पॉलिटिक्स से जुड़े महानुभाव सभी इस कथन की परिभाषा में आते हैं, लेकिन 1989 के बाद कुछ काल के उप्र के इतिहास, पिछले कुछ सालों से दिल्ली राज्य की सत्ता के समाचार इस कथन की ओर ध्यान खींच लेते हैं।

स्काउन्ड्रल शब्द सुनने में आकर्षक है, लेकिन इसके हिंदी रुपांतरण सुनने में अप्रिय हैं यद्यपि समाज में ऐसे लोगों की बहुतायत है और उनके लिए भी कुछ जॉब तो होने ही चाहिए। हो सकता है कि कुछ विशेष किस्म के लोगों के लिए हम भी इस शब्द से सुशोभित किए गए हों। आजकल बहुत समय से दिल्ली के नए मुख्यमंत्री आवास या इसके विश्वकर्मा के समाचार नहीं आ रहे हैं? सब कुशल मंगल तो है?

-फेसबुक वॉल से

विचारों की स्वतंत्रता और सीमा

कौस्तुभ आनन्द चंदोला
वरिष्ठ पत्रकार

मीरा हिंदी के अनन्य भक्त कवियों की तरह लोक जीवन की स्मृति में सम्मानित जीवंत रचनाकार रही हैं। तत्कालीन रूढ़ियों और स्त्रियोचित मूल्यों को लांघने से जितनी मान-प्रतिष्ठा खोई उससे कहीं अधिक उन्हें समाज ने दी वह इसलिए कि उनका श्रीकृष्ण के प्रति पवित्र प्रेम था।

विमर्श में कंवल भारती का व्याख्यान

भारतीय समाज या कहें वृहत्तर हिंदू समाज में असहमतियों को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। विषयों पर वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का चलन था, शास्त्रार्थ को सम्मान प्राप्त था। कहा गया है, बातों व विचारों को हथियार से नहीं तर्क से काटो, लेकिन ऐसा भी नहीं कि यही सिद्धांत एक मात्र सिद्धांत था। सहमति और असहमति का दौर सदा रहा है तभी तो समाज जीवंत समाज रहेगा, समय काल परिस्थितियों के अनुसार नियम व समाज बदलता है, जो नहीं बदला वह टूट गया, समाप्त हो गया, लेकिन कभी-कभी असहमतियां विवाद का कारण बन वैमनस्यता तक बढ़ जाती है तो फिर असहिष्णुता का रूप धारण कर लेती हैं। इसीलिए विचारों, रुढ़ियों, परंपराओं, कुरितियों पर असहमति और विरोध हो सकता है, लेकिन व्यक्तिगत लांछन, आक्षेप, मतभेद की जगह मनभेद को जन्म देते हैं। मीराबाई पर अनेक विद्वानों ने तत्कालीन सामाजिक व्यवस्था, सामंतवाद और रुढ़िवादिता पर प्रहार करते कई पुस्तकें लिखीं, लेकिन किसी ने भी मीराबाई के चरित्र को लांछित करते हुए, उनका कोई सांसारिक मनुष्य प्रेमी होना नहीं लिखा है। उनका जीवन स्वच्छंद, किंतु पवित्र रहा है।

मैनेजर पांडेय लिखते हैं- "मीरा के प्रेम में आत्मसमर्पण और आत्मविश्वास का अनुपम मेल है, उनका आत्मसमर्पण आत्म विसर्जन नहीं है। उस प्रेम में गोविंद के सामने आत्मसमर्पण है तो सामंती शक्तियों के विरोध की दृढ़ता भी है।" वे पुनः लिखते हैं- "मीरा सामंती सत्ता की तुच्छता सामने लाकर उसके आतंक, भय तथा प्रलोभन से मुक्ति की प्रेरणा देती है और अपने प्रेम की श्रेष्ठता सिद्ध करती है।" पांडेय आगे लिखते हैं- "मीरा का विद्रोह एक विकल्पहीन व्यवस्था में अपनी स्वतंत्रता के लिए विकल्प की खोज करती है। उसको विकल्प के खोज के संकल्प की शक्ति भक्ति से मिली है। यह भक्ति आंदोलन का क्रांतिकारी महत्व है। मीरा की कविता में सामंती समाज और संस्कृति की जकड़न से बेचैन स्त्री स्वर की मुखर अभिव्यक्ति है।" इस तरह मीरा हिंदी के अनन्य भक्त कवियों की तरह लोक जीवन की स्मृति में सम्मानित जीवंत रचनाकार रही हैं। तत्कालीन रूढ़ियों और स्त्रियोचित मूल्यों को लांघने से जितनी मान-प्रतिष्ठा खोई उससे कहीं अधिक उन्हें समाज ने दी वह इसलिए कि उनका श्रीकृष्ण के प्रति पवित्र प्रेम था। यदि उनका प्रेम किसी सांसारिक व्यक्ति से होता तो क्या उन्हें ऐसा सम्मान मिल पाता? लेखक 'कंवल भारती' ने 'भक्ति साहित्य का पुनर्पाठ' में मीराबाई के संदर्भ में केरल में दिए अपने व्याख्यान (जिसे अमृत विचार के 5 नवंबर 2024 के अंक में प्रकाशित किया गया है।) में कुछ अनर्गल बातें कही हैं, जो स्वीकार योग्य नहीं है। उन्होंने कृष्ण की परम भक्त को, उनकी भक्ति को लांछित किया है। उन्होंने अपने कथ्य के कोई प्रमाण नहीं दिए, न ही उसे एक संभावना के तौर पर बताया। विचारों की असहमति जैसा मैं पूर्व में लिख चुका हूं स्वीकार्य है, लेकिन अप्रमाणिक, अनर्गल, तथ्यों के आधार पर आक्षेप लगाना स्वीकार योग्य नहीं हैं।

ग्रामीण बैंकों के विलय का चौथा चरण

वित्त मंत्रालय ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के विलय का चौथा चरण शुरू कर दिया है। इसके तहत, यूपी समेत विभिन्न राज्यों में 15 आरआरबी का वजूद खत्म हो जाएगा। विलय के बाद क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की संख्या 43 से घटकर 28 रह जाएगी।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

वित्तीय सेवा विभाग ने सरकारी बैंकों के प्रमुखों को भेजे पत्र में कहा, कृषि-जलवायु या भौगोलिक प्रकृति और आरआरबी की समुदायों के साथ निकटता बनाए रखने के लिए एक राज्य-एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के लक्ष्य को हासिल करने के वास्ते इन बैंकों को और अधिक समेकित करने की जरूरत महसूस की जा रही है।

जानकारों के अनुसार विलय की इस प्रक्रिया में जिन राज्यों के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का विलय होगा, उनमें आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, गुजरात, जम्मू कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उड़ीसा शामिल हैं। दावा किया जा रहा है कि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का विलय हो जाने से बैंकों की सर्विस तुलनात्मक तौर पर अधिक बेहतर और किफायती हो सकेगी। एक राज्य में एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक होने से उनकी कार्यक्षमता बढ़ेगी और ऑपरेटिंग कॉस्ट में कमी आएगी। विलय की प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के लिए फाइनेंशियल सर्विस डिपार्टमेंट ने सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के प्रायोजक बैंकों से 20 नवंबर तक सुझाव देने के लिए भी कहा है। उल्लेखनीय है कि पूरे देश में ग्रामीण बैंकों की 22000 से अधिक शाखाएं हैं, जिनमें करीब 30 करोड़ जमा खाते और तीन करोड़ लोन खाते संचालित हो रहे हैं अभी जुलाई माह में ग्रामीण बैंकों के उनके स्पॉन्सर बैंक में विलय की मांग उठी थी। माना जा रहा था कि स्पॉन्सर बैंक में विलय से ग्राहक सेवा बेहतर होगी और स्टाफ की कमी से जूझ रहे ग्रामीण बैंकों को संजीवनी मिल सकेगी, परंतु ऐसा न कर सरकार ने अलग अलग ग्रामीण बैंकों के समेकन का कदम उठाया है। इसका फायदा किसे मिलेगा यह तो आने वाला समय ही बता सकता है।

एक नजर

विद्यार्थी परिषद कार्यक्रम के आयोजन में कुलपति का सहयोग दुर्भाग्यपूर्ण

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से आयोजित किये जा रहे कार्यक्रम में दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति का सहयोग किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। शुक्रवार को यहां जारी बयान में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 70वां राष्ट्रीय अधिवेशन विश्वविद्यालय परिसर में हो रहा है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन की ओर से परिषद के कार्यक्रम के निमंत्रण वितरण व व्यवस्था में सहयोग किया जा रहा है। उन्होने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से इस प्रकरण में कार्रवाई की मांग की।

137.02 करोड़ से शाहजहांपुर में दो लेन बनेगा रामगंगा पुल

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सरकार शाहजहांपुर में दो लेन रामगंगा पुल के निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू करने जा रही है। कोलाघाट तहसील में रामगंगा व बैगुल नदी पर इस नए पुल का निर्माण किया जाएगा और इस कार्य को 137 .02 करोड़ रुपये की लागत आएगी। सरकार ने सेतु निगम को 24 माह में सभी कार्य पूरा करने का लक्ष्य सौंपा है। नए पुल का निर्माण पुराने पुल के समीप ही किया जाएगा जिससे स्टेट हाइवे 163 पर यातायात सुगम होगा और जलालाबाद-शमशाबाद-मोहम्मदाबाद-सौरिख-बिधूना मार्ग पर कनेक्टिविटी बढ़ेगी। रामगंगा पुल के निर्माण के लिए बनी कार्ययोजना के अनुसार यह पुल 1802 .14 मीटर लंबा और दो लेन में होगा। कुल 2,202 .14 मीटर क्षेत्र में निर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा जिसमें 200 मीटर के दो कनेक्टिंग रोड समेत सुरक्षात्मक कार्यों को पूरा किया जाना निर्धारित है।

दो डॉक्टरों समेत छह पर कार्रवाई

ओटी कक्ष में महिला नसबंदी का वीडियो वायरल होने के बाद उप मुख्यमंत्री ने की कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डॉक्टर, स्टाफ नर्स व वार्ड आया को हटाकर दूसरे अस्पताल भेजा गया
- दो ट्रेनी फॉर्मासिस्ट के खिलाफ एफआईआर दर्ज, जांच शुरू

अमृत विचार : ओटी कक्ष में महिला नसबंदी का वीडियो वॉयरल होने के मामले में दो डॉक्टरों समेत छह कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर एक डॉक्टर का तबादला कर दिया गया। स्टाफ नर्स व वार्ड आया को भी हटाकर दूसरे अस्पताल भेजा गया है। दो ट्रेनी फार्मासिस्ट के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। प्रकरण की रिपोर्ट चार दिन में तलब की गई है। दोषियों के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई होगी।

मामला सीतापुर स्थित हरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) का है। यहां के ओटी कक्ष में महिला नसबन्दी प्रक्रिया के दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया में वॉयरल हुआ था। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इसका संज्ञान लेते हुए तत्काल सीतापुर सीएमओ को मामले की जांच के निर्देश दिए। शुरुआती जांच में सामने आए आरोपितों पर कार्रवाई की गई है।

ब्रजेश पाठक ने बताया कि हरगांव सीएचसी अधीक्षक डॉ. नीतेश वर्मा को तत्काल

एलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थानान्तरित कर दिया गया है। उनका एक माह का वेतन रोकते हुए तीन दिन के अन्दर स्पष्टीकरण तलब किया है। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. गोविन्द का भी एक माह का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है।

इतना ही नहीं, घटना में सीएचसी की स्टाफ नर्स राधा वर्मा और वार्ड आया कल्पना को हरगांव सीएचसी से हटाकर कसमण्डा सीएचसी में तैनात कर दिया गया है। साथ ही एक माह का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण तबल किया गया है। ट्रेनी फार्मासिस्ट सत्य प्रकाश एवं अतुल अवस्थी पर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

मोबाइल की भी होगी जांच

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि घटना के वक्त ओटी में मौजूद सभी डॉक्टर व कर्मचारियों के मोबाइल की जांच कराई जायेगी। घटना में दोषियों को किसी भी दशा में बक्शा नहीं जाएगा। महिलाओं के प्रति सरकार बेहद संवेदनशील है। मरीजों की गोपनीयता भंग करने वाले किसी भी दशा में बच नहीं पाएंगे।

भाजपा ने अर्थव्यवस्था को बना दिया अनर्थव्यवस्था : अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर अर्थव्यवस्था को अनर्थव्यवस्था बना देने का आरोप लगाया है। नोटबंदी के आठ वर्ष पूरे हो जाने के मौके पर शुक्रवार को सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया पर कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के इतिहास में नोटबंदी के नाम पर एक पूरे का पूरा अध्याय सिर्फ़ काले रंग से ही छापा जाएगा। आज नोटबंदी के 8वें वर्ष में रुपया डॉलर के मुकाबले सबसे कमजोर स्थिति में आ गया।

उन्होंने कहा कि, जनता पूछ रही है क्या यह नोटबंदी की नाकामयाबी की वजह से हुआ या भाजपा की नकारात्मक नीतियों की वजह से। एक अन्य बयान में अखिलेश यादव ने दावा किया कि भाजपा उपचुनाव में सभी नौ-की-नौ सीटे हार रही है। पूरी भाजपा घबराई हुई है। लोकसभा चुनाव की हार से डरी भाजपा उपचुनाव का सामना नहीं कर पा रही है।

अत्याचार के जख्म पर लगा आर्थिक सहायता का मरहम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित योजना के लाभ से वंचित थीं 6, 411 महिलाएं
- विभाग को 91 करोड़ रुपये का बजट मिला, दी गई सहायता

अमृत विचार : प्रदेश के 75 जिलों में अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अनुसूचित जाति और जनजाति की पीड़ित महिलाओं को पुनर्वास के लिए आर्थिक मदद का इंतजार खत्म हो गया है। बजट मिलने के साथ ही समाज कल्याण विभाग ने 6, 411 आर्थिक मदद दी है।

अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों का उत्पीड़न होने पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर जांच करती है। जांच में मामला सही पाए जाने पर समाज कल्याण विभाग की ओर से आर्थिक सहायता दी जाती है। अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत पुनर्वास के लिए पीड़ित या उसके आश्रित को आर्थिक सहायता दी जाती है। मदद का यह राशि 85 हजार रुपये से लेकर 8.25 लाख रुपये तक होती है। अपर पुलिस महानिदेशक विशेष जांच विजय सिंह मीना ने अक्टूबर माह में सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर प्रदेश में 6,411 पीड़ित महिलाओं को आर्थिक सहायता दिलाने को कहा था। उस समय विभाग के पास बजट की कमी थी। इसके लिए शासन से बजट मांगा गया था। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी तक 91 करोड़ का बजट मिल चुका है। बजट मिलने के साथ ही पीड़ित महिलाओं को मदद की धनराशि का वितरण कर दिया गया है।

पिपिंग सेरेमनी के बाद डीजीपी प्रशांत कुमार के साथ पदोन्नत आईपीएस अधिकारी।

डीजीपी ने लगाया आईपीएस बने अधिकारियों के कंधे पर रैंक चिह्न

अमृत विचार, लखनऊ : डीजीपी प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को पिपिंग सेरेमनी में पीपीएस से पदोन्नत होकर आईपीएस बने 5 अधिकारियों के कंधे पर रैंक चिह्न लगाया। साथ ही आईपीएस बने सभी 22 अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। पुलिस मुख्यालय में आयोजित सादे समारोह में डीजीपी प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को पीपीएस से पदोन्नत होकर आईपीएस बने लक्ष्मी निवास मिश्र, लाल भरत कुमार पाल, राजेश कुमार श्रीवास्तव, अमृता मिश्रा और अजय प्रताप के कंधे पर रैंक चिह्न लगाया। इस दौरान एडीजी स्थापना संजय सिंघल, एडीजी कार्मिक राजा श्रीवास्तव व एडीजी एन रविंद्र समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

मनरेगा से रोजगार देने में बस्ती शीर्ष स्थान पर

अमृत विचार, लखनऊ : मनरेगा के तहत रोजगार सृजन में राज्य 75 जिलों में बस्ती ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इसी के साथ सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 60.17 लाख परिवारों को गांव में रोजगार से जोड़ा है। इसमें एक लाख से अधिक परिवारों को 100 दिन रोजगार की गारंटी मिली है।

राज्य में प्रथम स्थान पर रहे बस्ती जिले में अब तक 1,95,717 मांगों के सापेक्ष 1,95,714 परिवारों को गांव में रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है, जिससे 79,40,929 मानव दिवस का सृजन हुआ है। जबकि आजमगढ़ और जौनपुर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट निर्देश है कि मनरेगा के तहत अधिक से अधिक मानव दिवस सृजित किए जाएं ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अपने गांव में ही रोजगार मिल सके। ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने संबंधित अधिकारियों को यह निर्देश दिए हैं कि मनरेगा योजनाओं का क्रियान्वयन और बेहतर तरीके से हो ताकि ग्रामीण लोगों के लिए रोजगार के अवसर सुनिश्चित किए जा सकें। इस वर्ष मनरेगा योजना के तहत अब तक 1,00,371 ऐसे परिवार हैं, जिन्होंने 100 दिनों का रोजगार प्राप्त कर अपनी आजीविका को स्थिर बनाया है।

कालाबाजारी रोकें अधिकारी, फॉस्फेटिक उर्वरकों का भंडारण करें किसान : शाही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने रबी फसल के लिए उर्वरकों की उपलब्धता की समीक्षा की

अमृत विचार : कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर रबी फसल के लिए आवश्यक उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने सभी जिलों में डीएपी (एन-18, पी-46) जैसे फॉस्फेटिक उर्वरकों की आपूर्ति प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि रबी फसल की बुवाई में किसी प्रकार की बाधा न हो।

मंत्री ने कहा कि मैनपुरी, हाथरस, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, मुजफ्फरनगर और आगरा जिलों के लिए उर्वरक रैक शीघ्र पहुंचने वाले हैं और इन जिलों में गत वर्ष की खपत के आधार पर उर्वरक की प्राथमिकता तय कर आवश्यकतानुसार सीधे निकटतम जिलों में आपूर्ति के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि कालाबाजारी, ओवर रेटिंग और किसानों द्वारा आवश्यकता से अधिक मात्रा में उर्वरक खरीदने जैसी गतिविधियों पर सख्त रोक सुनिश्चित की जाए। साथस ही मंत्री ने किसानों से आग्रह किया कि फॉस्फेटिक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता हो रही है, इसलिए बिना आवश्यकता के अग्रिम भंडारण न करें। गेहूं की बुवाई के लिए भी उर्वरक समय पर उपलब्ध रहेगा। बैठक में दिए गए आंकड़ों के अनुसार, लखनऊ मंडल में डीएपी 19226 मीट्रिक टन और एनपीके 32419 मीट्रिक टन उपलब्ध है। बरेली मंडल में डीएपी 13660 मीट्रिक टन और एनपीके 23435 मीट्रिक टन है, जबकि मुरादाबाद मंडल में डीएपी 8446 मीट्रिक टन और एनपीके 23837 मीट्रिक टन उपलब्ध है। कानपुर मंडल में डीएपी 12260 मीट्रिक टन और एनपीके 26606 मीट्रिक टन है। अयोध्या मंडल में डीएपी 13841 मीट्रिक टन और एनपीके 19603 मीट्रिक टन है। सहारनपुर मंडल में डीएपी 5190 मीट्रिक टन और एनपीके 5289 मीट्रिक टन उपलब्ध हैं। आगरा मंडल में डीएपी 6822 मीट्रिक टन और एनपीके 12311 मीट्रिक टन उपलब्ध है। बैठक में कृषि निदेशक जितेंद्र तोमर, संयुक्त निदेशक उर्वरक आशुतोष, अपर निबंधक सहकारिता धीरेंद्र कुमार सिंह और पीसीएफ के वरिष्ठ अधिकारी विनोद कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

35 हजार बीसी सखियों के डिवाइस से ठप हुआ लेन-देन बहाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुख्य सचिव ने यूआईडीएआई से बात कर समस्या का किया समाधान
- यूआईडीएआई ने तकनीक का हवाला देकर 10 कंपनियों की 19 डिवाइस को कर दिया था बंद

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बीसी सखियों के डिवाइस से ठप हुआ लेन-देन बहाल हो गया है। मुख्य सचिव ने यूआईडीएआई के अधिकारियों से बात कर दोबारा डिवाइस को शुरू कराया। इससे प्रदेश की 35 हजार से अधिक बीसी सखी समेत कुल 3 करोड़ लोग प्रभावित हुए थे।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से 35 हजार से अधिक बीसी सखियां जुड़ी हुई हैं, जो रोजाना 40 करोड़ से अधिक का वित्तीय लेनदेन करती हैं। उन्हें लेनदेन के लिए यूनिक आईडीफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) द्वारा फिंगरप्रिंट डिवाइस एल-0 दी गई है। इसके जरिये बीसी सखी लेनदेन के लिए आधार प्रमाणीकरण करती है, लेकिन यूआईडीएआई ने एक आदेश जारी करते हुए एल-0 डिवाइस का इस्तेमाल करने वाली 10 कंपनियों के 19 मॉडल पर 31 अक्टूबर को रोक लगा दी। इनकी जगह एल-1 डिवाइस का इस्तेमाल किया जाना था, लेकिन इनकी ट्रेनिंग ही नहीं दी गई। मुख्य सचिव ने यूआईडीएआई के अधिकारियों से बात कर पूरी जानकारी दी। यह भी कहा कि बीसी सखी नई मशीन को खरीदने में फिलहाल सक्षम नहीं हैं। यूआईडीएआई के अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को समझते हुए बारा पुरानी डिवाइस को शुरू कर दिया है, जिसके बाद लेनदेन शुरू हो गया। बीसी सखियों मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

एकीकृत बागवानी मिशन दूर करेगा लहसुन की किल्लत

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- करीब तीन वर्ष बाद 45 जिलों को मिला 10 हजार हेक्टेयर में पैदावार का लक्ष्य
- राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान व विकास प्रतिष्ठान देगा बीज 40 फीसद अनुदान

अमृत विचार : प्रदेश में लहसुन की किल्लत 'एकीकृत बागवानी विकास मिशन' दूर करेगा। केंद्र ने हर वर्ष होने वाली समस्या को देखते हुए उद्यान विभाग को करीब तीन वर्षों बाद 45 जिलों में 10 हजार हेक्टेयर में पैदावार का लक्ष्य दिया है। विभाग इसी रबी में राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (एनएचआरडीएफ) नई दिल्ली से किसानों की मांग और जलवायु के अनुसार नई व पुरानी प्रजाति के बीज मंगाकर अनुदान पर वितरण करेगा।

उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण निदेशक डॉ. विजय बहादुर द्विवेदी ने बताया कि किसानों के प्रोत्साहित होने से प्रदेश में लहसुन की पैदावार बढ़ेगी और उपलब्धता होने से दाम नियंत्रित होंगे। लहसुन के बीजों पर अनुदान मिलने से खेती में लागत कम आएगी और किसानों को आय बढ़ाने का एक और माध्यम मिलेगा।

तीन वर्षों बाद मिला लक्ष्य, 40 फीसद अनुदान

वैसे 'एकीकृत बागवानी विकास

मिशन' केंद्र की प्याज और लहसुन की पैदावार बढ़ाने की योजना है। लेकिन, तीन वर्षों से लहसुन की प्रक्रिया बंद है। शायद इसी वजह से लहसुन की उपलब्धता कम होने से दाम बढ़ते गए। फिलहाल उद्यान विभाग ने इस पर नियंत्रण करने के लिए की योजना बनाकर केंद्र से लक्ष्य की मांग की थी। इसमें प्रति हेक्टेयर 40 फीसद व अधिकतम 12 हजार रुपये अनुदान मिलेगा।

इन 45 जिलों में होगी लहसुन की खेती

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, अयोध्या, उन्नाव, कानपुर नगर, फर्रुखाबाद, मैनपुरी, इटावा, कन्नौज, रायबरेली, सुल्तानपुर, प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, बस्ती, बलिया, कुशीनगर, महाराजगंज, संतकबीर नगर, सिद्धार्थ नगर, गोरखपुर, सहारनपुर, मेरठ, गाजियाबाद, आगरा, मथुरा, सोनभद्र, भदोही, मिर्जापुर, हाथरस, सीतापुर, बांदा, बाराबंकी, बुलंदशहर, मुज्जफरनगर, महोबा, हमीरपुर, जालौन, चित्रकूट, झांसी व ललितपुर।

इन प्रजाति के मिलेंगे लहसुन के बीज

यमुना सफेद-2,3,4,5,8,10, यमुना परपल-10, यमुना-1,3 व सफेद-जी

सभी नौ सीटें जीत रही है भाजपा : भूपेन्द्र चौधरी

अमृत विचार, लखनऊ : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने दावा किया है कि हम उपचुनाव की सभी नौ सीटें जीत रहे हैं। जनता ने भाजपा प्रत्याशी को चुनाव से पहले ही जीत का सेहरा पहना दिया है। सपा प्रमुख को अगर यह देखना है तो उन्हें जनता के बीच जाना पड़ेगा, लेकिन उनके पास परिवारवाद के अलावा किसी के लिए समय नहीं है।

भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शुक्रवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव के ट्वीट पर पलटवार करते हुए कहा कि जो प्रदेश की जनता के बीच ही नहीं जाते है, उन्हें भला कैसे उत्तम उत्तर प्रदेश की उपलब्धि के बारे में पता चलेगा। जिन्हें विदेश घूमने से ही फुर्सत नहीं है तो प्रदेश में क्या हो रहा है, उन्हें कैसे पता चलेगा।

वर्ग पहेली-246

बाएं से दाएं

4. 1. किसी पदार्थ का गोल या चपटा टुकड़ा, कड़ी
5. पानी के किनारे रहने वाली एक सफ़ेद चिड़िया जिसकी चोंच और पैर काले होते हैं।
7. ऐसा व्यक्ति जिसमें उदात्त विचारों की क्षमता न हो, तुच्छ या नीच विचार वाला व्यक्ति।

ऊपर से नीचे

1. जलपानगृह, कॉफ़ी शॉप, छोटा रेस्तरां।
2. धूप संबंधी, धूप में प्रयुक्त किया जाने वाला।
3. रस की धारा, ख़ुशी की धारा।
5. 1. एक प्रकार का बड़ा मुगदर जो दोनों हाथों से घुमाया जाता है 2. करेल घुमाने की कसरत।
6. दूसरों को देखने में प्रवृत्त करना, प्रस्तुत करना, प्रकाश डालना, प्रदर्शित करना, खोलना, दर्शाना, प्रकट करना, सामने लाना, ज़ाहिर करना, उजागर करना, उद्घाटित करना।



वर्ग पहेली -245 का हल

1 ह			2 तु	
गा		3 सु	ल	
ना		हा	नी	
	4 कु	व	ल	य
5 र	ल	ना		6 खु
	प			र
7 इ	ति	हा	स	हा

सुडोकू-159

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			8		4			
		3			9			
								6
2								
	1						9	7
			9					
9								
		1	6					
		7			3			

सुडोकू - 158 का हल

1	8	5	9	7	6	4	2	3
9	4	3	2	5	1	6	7	8
2	7	6	8	3	4	9	1	5
7	5	4	3	2	8	1	9	6
8	9	1	4	6	5	2	3	7
6	3	2	7	1	9	5	8	4
3	1	7	5	4	2	8	6	9
5	2	9	6	8	3	7	4	1
4	6	8	1	9	7	3	5	2

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 नवंबर शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 22 .45 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-हेमंत।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- श्रवण 11 .47 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

मेष — आज ऑफिस में सारे लोग आपकी वाहवाही करेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। अपने काम के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखें। व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए निवेशकों का सहयोग ले सकते हैं।

वृष — आज प्रशासन से जुड़े लोगों के लिए दिन तनावपूर्ण हो सकता है। प्रतिष्ठित लोगों के बीच आपकी चर्चा होगी। लोग आपकी सलाह को काफी महत्व देंगे। साझेदारी के व्यवसाय में धन लाभ होगा। शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे।

मिथुन — आज आपकी कोई योजना लीक हो सकती है। नया काम शुरू करना आपके हित में नहीं है। मित्रों के साथ हर मुद्दे पर चर्चा न करें। नए काम की शुरुआत में बहुत सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। अचानक पेटदर्द की शिकायत हो सकती है।

कर्क — आज आपका दिन काफी शुभ रहने वाला है। नई संपत्ति या दुकान आदि पर निवेश करने के लिए दिन शुभ है। वैवाहिक जीवन की समस्या दूर होगी। व्यापार में बड़े अनुबंध हो सकते हैं। युवा प्रेम संबंधों को वैवाहिक स्वरूप दे सकते हैं।

सिंह — आज ऑफिस के काम देरी से पूर्ण होंगे। दोस्तों के साथ पर्यटन की योजना बनाएंगे। गुप्त शत्रु आपको हानि पहुंचा सकते हैं। जीवनसाथी की बातों और सलाह की अनदेखी न करें। जॉब के लिए प्रयास कर रहे हैं तो दिन शुभ है।

कन्या — आज नया निवेश करने के लिए दिन शुभ है। आपसी संबंध काफी रोमांटिक रहेंगे। बच्चे कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। पारिवारिक समारोह के लिए जा सकते हैं। बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी। अपना काम स्वयं ही करें, दूसरों पर न छोड़े।

तुला — आज किसी मित्र को उधार दिया हुआ धन वापस मिलेगा। अपने काम के प्रति एकाग्रता बनाए रखें। किसी सहकर्मी के साथ झगड़ा हो सकता है। पहले किए हुए निवेश का लाभ मिलेगा। मैन्यूफैक्चरिंग संबंधी कार्यों के लिए दिन शुभ है।

वृश्चिक — आज पुराने कड़वे अनुभवों दोबारा सामने आ सकते हैं। अपने मनोभावों को दूसरों पर न थोपें। प्रेम संबंधों के लिए दिन बेहतरीन है। किसी महत्वपूर्ण मीटिंग में शामिल हो सकते हैं। विदेश में रह रहे लोगों को परेशानी हो सकती है।

धनु — आज परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। स्वयं को फिट रखने के लिए योग और व्यायाम अवश्य करें। धन-संपत्ति को लेकर भाग्यशाली रहेंगे। विद्यार्थी अपनी शिक्षा में काफी ध्यान देंगे। संतान के व्यवहार से आपको परेशानी हो सकती है।

मकर — आज आप काफी प्रसन्न रहेंगे। योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। जॉब में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। नौकरीपेशा लोग व्यापार की भी योजना बना सकते हैं। नया काम शुरू करने में सफलता मिलेगी।

कुंभ — आज युवा प्रेमियों को परिवार की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। कुछ महत्वपूर्ण खर्चे सामने आ सकते हैं। शांतिपूर्वक अपना समय बितायें। अपनी भाषा पर नियंत्रण रखें। माता-पिता को अपने बच्चों के भविष्य की चिंता रहेगी।

मीन — आज दिनचर्या थोड़ी अव्यवस्थित रहेगी। जीवनसाथी कठोर शब्दों का प्रयोग कर सकता है। नए व्यापार की रूपरेखा बना सकते हैं। शोध कार्यों में बड़ी सफलता मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा। बच्चों की समस्याओं को सावधानी पूर्वक सुनें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- सागर — दोपहर : 12 .00
- बधाई हो बधाई — शाम : 06 .21

&pictures
- केदारनाथ — सुबह : 11.10
- रमैया वस्तावैया — रात : 07 .30

SONY PIX
- ऐनाकोन्डास — सुबह : 11.12
- गूसबम्प्स — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- इकबाल — सुबह : 11.30
- त्रिशूल — रात : 08 .05

ZEE ACTION
- जनता की अदालत — सुबह : 11.40
- गोपी किशन — रात : 07 .30

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 07 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

सेल्समैन- मैडम, मेरे पास एक ऐसी किताब है, जिसमें पतियों के देर रात तक घर से बाहर रहने के 100 बहाने बताए गए हैं। क्या आप इस किताब को खरीदना चाहेंगी?
महिला- मैं इस किताब को खरीदूं ऐसा आपको क्यों लगता है?
सेल्समैन- मैडम, क्योंकि इस किताब की एक प्रति आज सुबह ही मैंने आपके पति को बेची है।

पत्नी- कोई नया शेर सुनाओ?
पति- संगमरमर से तराशा, खुदा ने तेरे बदन को
पत्नी (खुशी से)- आगे?
पति- बाकी बचा पत्थर उसने तेरी अक्ल पर रख दिया।

एक नजर

बच्चे की मौत पर ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध रिपोर्ट

मौदहा(हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के कपसा गांव निवासी सोहनलाल वर्मा पुत्र स्व .मुरलिया ने कोतवाली में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया की गुरुवार को दोपहर उसकी दो वर्षीय पुत्री लक्ष्मी घर के बाहर खेल रही थी। तभी सुरौली की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर जिसमें सवार चालक बबलू यादव ने उसकी पुत्री को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जिस पर कोतवाली पुलिस ने ट्रैक्टर चालक बबलू यादव निवासी टिकरी बुजुर्ग के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

फिर एक बालक डेंगू से ग्रसित मिला

बिवांर (हमीरपुर)। कस्बे में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। एक बालक के डेंगू से ग्रसित मिलने से लोगों में डर पैदा हो गया है। कस्बे में अभी तक एक दर्जन लोग डेंगू जैसी जानलेवा बीमारी का शिकार हो चुके हैं। एक युवक की डेंगू से मौत हो चुकी है। कस्बे के पठकाना मोहाल से जुड़े बंधी मोहाल का तन्मय सिंह (6) पुत्र संजय सिंह पिछले तीन दिनों से बुखार से पीड़ित था, परिजनों ने उसका निजी चिकित्सालय में इलाज कराया। आराम न मिलने पर उसे कानपुर के चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां डेंगू की पुष्टि हुई है।

सीएचसी में तैनात कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

राठ(हमीरपुर)। कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मौजूद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ .अखिलेश कुमार सहित अन्य सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारी चेतराम को माला पहनकर एवं मिठाई खिलाकर उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस दौरान सभी कर्मियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारी चेतराम के कार्यकाल को याद करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की उन्हें शुभकामनाएं दी। इस दौरान फार्मासिस्ट विवेक गुप्ता, बृजेश राजपूत, विपिन सिंह, हरि प्रसाद, डॉ .चंद्रशेखर, रामकिशन वार्ड ब्वॉय व हरि सिंह के अलावा सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

तमंचा के साथ आरोपी गिरफ्तार

कुरारा(हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के लहरा गांव निवासी जगदीश नारायण तिवारी शुक्रवार को सुबह करीब पौने 11 बजे खरेहटा मोड़ के पास संदिग्ध अवस्था में खड़ा था, मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ कर 315 बोर तमंचा बरामद किया है।

एक-दूसरे पर दर्ज कराया मारपीट का मामला

कुरारा(हमीरपुर)। कुसमरा निवासी रामजी पुत्र अशोक ने दी तहरीर में बताया कि अपने घर के बाहर खड़ा था, तभी वरदानी पुत्र सुदामा अकारण गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट करने लगा। वहीं दूसरे पक्ष के वरदानी ने दी तहरीर में बताया कि घर के बाहर बैठा था तभी अशोक व रामजी उसे देखकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

मौदहा(हमीरपुर)। बड़ा चौराहा निवासी हाशिम पुत्र कासिम ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह सिंचाई विभाग कार्यालय में बनी दुकानों में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान किए हुए हैं। प्रतिदिन की तरह उसने गुरुवार को क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पीछे पुरानी तहसील कैंपस में अपनी बाइक खड़ी कर लॉक करके अपनी दुकान आ गया। दिन भर दुकान में व्यस्त रहने के साथ शाम दुकान बंद करके शाम 6 बजे गाड़ी लेने के लिए गया। तो बाइक गायब थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

युवक को पीटा

मौदहा(हमीरपुर)। कस्बे के मोहल्ला फत्तेपुर निवासी मोहित पुत्र शिव विशाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 6 नवंबर को फत्तेपुर में हो रहे रामलीला को देखने वह गया हुआ था। रात 12 बजे के लगभग जब उसे पेशाब लगी तो वह लघुशंका करने के लिए पंडाल के बाहर गया। तभी वहां सोनू तथा सूरज पुत्र गण नंदकिशोर, शिवा पुत्र मुकेश तथा शनि पुत्र कुंवर बहादुर ने बेवजह उसके साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। शोर सुनकर उसका बड़ा भाई मोनू बचाने आया तो उसे भी मारा पीटा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

छत से गिरकर बच्चा घायल

मौदहा (हमीरपुर)। इंगोहटा गांव निवासी अनस (03) पुत्र शदीब शुक्रवार की दोपहर अपने ही घर के छत से नीचे आरसीसी सड़क पर जा गिरा। जिस पर आनन फानन में परिजनों ने उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज चल रहा है।

एफआईआर के विरोध में भड़का आक्रोश

प्रधानाध्यापिका का तबादला न होने से नाराज बच्चों व अभिभावकों ने तहसील के सामने लगाया जाम

संवाददाता, मौदहा(हमीरपुर)

अमृत विचार। विकासखंड के गांव सिजनौड़ा के प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका को हटाने की मांग ने तूल पकड़ लिया है। उक्त मांग के बाद प्रधानाध्यापिका ने एक ग्रामीण सहित शिक्षामित्र पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराने के बाद ग्रामीणों में उबाल आ गया। सैकड़ों की संख्या में बच्चों सहित महिलाएं व पुरुष तहसील गेट पर पहुंचकर नारेबाजी की और सड़क जाम कर दी। उपजिलाधिकारी ने ज्ञापन लेकर कार्यवाही की बात कहते हुए जाम खुलवाया। ग्रामीणों ने 48 घंटे में कार्यवाही न होने पर जिले में बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

क्षेत्र के सिजनौडा गांव में प्राथमिक विद्यालय में तैनात नेहा गुप्ता की कार्यशैली से परेशान अभिभावकों ने बीते अक्टूबर माह में उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर प्रधानाध्यापिका पर शिक्षण कार्य को सही ढंग से न करने व मिडडे मिल के भोजन में अनियमितता की शिकायत व अभिभावकों से अभद्र व्यवहार करने की शिकायत की थी। साथ ही उन्हें तत्काल हटाए जाने की मांग की थी। ग्रामीणों ने कहा था कि जब तक उन्हें स्कूल से हटाकर दूसरी जगह नहीं भेजा जाता तब तक वह अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे। ग्रामीण एवं अध्यापकों के बीच आपसी सहमत बनाने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी विद्यालय पहुंचे। लेकिन प्रधानाध्यापिका की ग्रामीणों के प्रति रवैया ठीक न होने से यह मामला शांत नहीं हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बाद प्रधानाध्यापिका ने अधिकारियों की सह पर ग्रामीणों को फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी भी। उसी के बाद 3 नवंबर को प्रधानाध्यापिका द्वारा गांव के हरिओम साहनी व शिक्षामित्र शांति देवी सहित आठ अज्ञात लोगों पर शिक्षण कार्य में बाधा व विद्यालय अभिलेखों के साथ छेड़छाड़ करने जैसे संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करवा दिया। जिसकी भनक लगने के बाद ग्रामीणों में गुस्सा फूट पड़ा और सैकड़ों की तादाद में तहसील पहुंच मुख्य मार्ग में छोटे-छोटे मासूम बच्चों के साथ महिला पुरुषों के साथ सड़क में बैठकर जाम लगा दिया और प्रधानाध्यापिका व शिक्षा विभाग के खिलाफ, पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के जम के नारेबाजी की। ग्रामीण अभिभावकों ने कहा की राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस ने ग्रामीणों पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया। लगभग आधा घंटा सड़क जाम होने से सड़क के दोनों ओर लंबा जाम लग गया। जिसके बाद मौके पर पहुंचे एसडीएम राजेश चंद्रा ने ज्ञापन लेकर कार्यवाही का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। सैकड़ों ग्रामीणों ने चेतावनी दी है अगर 48 घंटे के अंदर ग्रामीणों पर लगाए गए मुकदमे वापस नहीं लिए गए और प्रधानाध्यापिका नेहा गुप्ता का ट्रांसफर नहीं किया गया तो जिले में बड़ा आंदोलन होगा।

तहसील गेट के सामने सड़क पर जाम लगाए बच्चे व अभिभावक। अमृत विचार

एसडीएम राजेश चंद्रा को ज्ञापन देते अभिभावक। अमृत विचार

कार सवारों ने की मारपीट लूटपाट का भी आरोप

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

- पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया, तीन लोग हुए मौके से फरार

अमृत विचार। थानाक्षेत्र के छानी गांव में इंगोहटा तिराहा पर गुरुवार रात कार सवार पांच युवकों ने जमकर तांडव किया। पहले तो ससुराल जा रहे युवक की कार में टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त करने के साथ सोने की चेन, अंगूठी व 12 हजार रुपये लूट लिए। पीड़ित की सूचना पर पहुंची 112 पुलिस के वाहन को टक्कर मारकर भाग निकले। ललपुरा पुलिस को देख आरोपी वाहन छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। अन्य हमलावरों की तलाश की जा रही है।

बांदा के थाना पैलानी के लसड़ा गांव निवासी अवधेश तिवारी ने बताया कि वह अपनी सीएनजी कार से गुरुवार रात थाना बिवांर के अतरार गांव ससुराल आ रहा था। साथ में उसका चालक था। तभी छानी गांव में इंगोहटा तिराहा के पास कार सवार पांच युवकों ने उसके वाहन में टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही जमकर मारपीट की। वहीं सोने की जंजीर, अंगूठी व जेब में पड़े 12 हजार रुपये छीन लिए। युवकों ने उसके वाहन को पलटा दिया। तब उसने यूपी 112 नंबर पर फोन किया। पीआरवी 1237 के पहुंचने पर पुलिस वाहन में टक्कर मार हमीरपुर की तरफ भागने लगे।

थाना ललपुरा पुलिस सूचना मिलते ही राठ हमीरपुर हाईवे पर मुस्तैद हो गई। पुलिस को देख आरोपी वाहन छोड़कर भाग निकले। इस पर ललपुरा पुलिस ने वाहन को थाना परिसर में खड़ा कर लिया है। थाना बिवांर पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। वहीं तीन युवकों की तलाश कर रही है। बिवांर पुलिस ने बताया कि घटना की अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर के मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

आरआरसी सेंटर का संचालन कराएं

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

अमृत विचार। जिला पंचायत राज अधिकारी ने गुरुवार को ग्राम पंचायत सुरौली बुजुर्ग के एवं पचखुरा बुजुर्ग का औचक निरीक्षण करके पंचायत भवनों की व्यवस्थाओं के साथ ओडीएफ प्लस के तहत बनाए गए। आरआरसी सेंटरों का निरीक्षण किया। आरआरसी सेंटर बंद पाए जाने पर सुरौली बुजुर्ग में 15 दिवस तथा पचखुरा बुजुर्ग में तीन दिवस में संचालन के निर्देश दिए हैं।

जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्रा ने ग्राम पंचायत सुरौली बुजुर्ग एंव पचखुरा बुजुर्ग का औचक निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत सुरौली बुजुर्ग के पंचायत भवन में जिला के आला अधिकारियों के नाम की पट्टिका न होने पर उन्होंने पंचायत सचिव को फटकार लगाते हुए। सभी उच्चाधिकारियों के नाम नंबर लिखवाने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत में ओडीएफ प्लस के तहत बनाए गए आरआरसी सेंटर बंद पाए जाने पर उन्होंने 15 दिवस में सेंटर शुरू कराने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत पचखुरा बुजुर्ग में पंचायत भवन की छत में दरार होने पर मरम्मत कराने के निर्देश दिए साथ ही आरआरसी सेंटर को तीन दिवस में शुरू कराने के लिए ग्राम प्रधान एवं सचिव को निर्देशित किया। उन्होंने पचखुरा बुजुर्ग की गौशाला भी जाकर देखी और ठंड से बचाव करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीओ पंचायत सुरेश कुमार, पंचायत सचिव सुरेंद्र कुमार पटेल, सुरौली बुजुर्ग एवं पचखुरा बुजुर्ग के प्रधान प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।


गौशाला का निरीक्षण करते डीपीआरओ। अमृत विचार

संदिग्ध हालात में किशोर का शव फांसी पर लटका मिला

संवाददाता, राठ

- पिता बोले, पब जी गेम खेलने का आदी था 14 वर्षीय मनीष

अमृत विचार। कस्बे के पठानपुरा मोहल्ले में संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोर का शव चद्दर के सहारे फांसी पर लटका मिला। घटना की जानकारी लगते ही मृतक किशोर के परिवार में कोहराम मच गया। बगैर पोस्टमार्टम कराए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

कस्बे के पठानपुरा इलाके में तहसील के पीछे रहने वाले राजस्वकर्मी रामप्रताप के 14 वर्षीय पुत्र मनीष का शव मकान की दूसरी मंजिल पर चद्दर के सहारे फांसी पर लटका मिला। मनीष के परिजनों ने उसे फांसी के फंदे पर लटकता हुआ देखा तो उनके होश उड़ गए। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक नगर के एक इंग्लिश मीडियम विद्यालय में आठवीं कक्षा का छात्र था। वह मोबाइल और लैपटॉप पर पब जी गेम खेलने का लती था। वह अपने पीछे मां उमा देवी के अलावा बड़े भाई हनी और अभिषेक सहित अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। मृतक के पिता रामप्रताप ने बताया कि वह तहसील में बतौर राजस्व कर्मी के पद तैनात हैं। उनका 14 वर्षीय पुत्र मनीष दिन-रात मोबाइल और लैपटॉप पर पब जी गेम खेलता रहता था। बताया कि पब जी गेम की लत की वजह से ही उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की है।

सार-संक्षेप

पातालेश्वर मंदिर परिसर में भूमि पूजन करते बउआ ठाकुर। अमृत विचार

पातालेश्वर मंदिर में भूमि पूजन के साथ निर्माण कार्य शुरू

हमीरपुर। नगर पालिका सभासद प्रतिनिधि बउआ ठाकुर ने पातालेश्वर मंदिर में कराए जाने वाले सुंदरीकरण को लेकर भूमि पूजन किया। पिछले एक साल से बउआ ठाकुर ने पर्यटन मंत्री जयवीर को पातालेश्वर मंदिर के सुंदरीकरण कराए जाने को पत्र लिखा था, जिस पर पर्यटन विभाग ने सुंदरीकरण का बजट जारी किया है। इसी को लेकर शुक्रवार को भूमि पूजन के पश्चात निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया। निश्चित रूप से पातालेश्वर मंदिर का निर्माण शिव भक्तों के लिए हर्ष का क्षण है। साथ ही सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार में भी यह स्थल सहायक सिद्ध होगा। यह मंदिर समाज को अध्यात्म एवं वर्तमान पीढ़ी को प्राचीन संस्कृति से जोड़ने के केंद्र के रूप में भी अपना योगदान देगा। पूर्व में पर्यटन विभाग द्वारा मंदिर स्थल का सर्वे भी किया गया था कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट कारपोरेशन निर्माण इकाई बांदा की इस कार्य को करा रही है। बउआ ठाकुर ने बताया कि मंदिर परिसर में यात्री शेड, कूड़ेदान, वाटर कूलर, दर्शनार्थियों के बैठने के लिए बेंच, प्रकाश व्यवस्था के लिए 10 हेवी सोलर लाइट की व्यवस्था होगी। मंदिर में एक बड़ा सा हाल व साइन बोर्ड लगेगा।

राजकीय बीज भंडार में गेहूं का बीज लेने के लिए खड़े किसान। अमृत विचार

डीएपी के बाद गेहूं का बीज न मिलने से किसान परेशान

सुमेरपुर(हमीरपुर)। डीएपी खाद के साथ अब गेहूं बीज का संकट भी खड़ा हो गया है। राजकीय बीज भंडार में गेहूं के बीज का खत्म होने से किसान महंगे दामों में खुले बाजार से गेहूं का बीज खरीदने को मजबूर हो रहे हैं। डीएपी खाद का संकट अभी भी बना हुआ है। किसान मजबूर होकर बाजार से अधिक दामों में डीएपी खरीद रहे हैं। डीएपी के बाद अब गेहूं बीज का भी संकट खड़ा हो गया है। राजकीय बीज भंडार से गेहूं की सभी प्रजातियों का बीज गायब है। राजकीय बीज भंडार के प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि इस वर्ष अभी तक 370 क्विंटल तथा 124 क्विंटल बीज दो बार में वितरण के लिए प्राप्त हुआ था। जिसका वितरण हो चुका है। डिमांड लगी हुई है दो दिन बाद आने की उम्मीद है। शुक्रवार को गेहूं का बीज लेने आए चन्दपुरवा बुजुर्ग के किसान महिलपा सिंह, महेश कुमार साहू बिलहड़ी के प्रीतम लाल, कृपाली आदि ने बताया कि नवंबर माह में गेहूं की बुआई होती है। पलेवा हो चुका है, खेत बनकर तैयार हैं। राजकीय बीज भंडार में गेहूं का बीज नहीं है। खुले बाजार में गेहूं के बीज की कीमत 5000 से 8500 रुपये प्रति क्विंटल तक है। जबकि बीज भंडार में गेहूं का बीज 4600 रुपये प्रति क्विंटल में 50 फीसदी अनुदान पर मिलता है।

खाद के अभाव में पिछड़ रही रबी की बुवाई

मौदहा(हमीरपुर)। रबी की बुवाई का समय गुजर रहा है, लेकिन 70 प्रतिशत से अधिक किसानों ने अभी तक गेहूं की फसल खाद के अभाव में नहीं बोई। खुले बाजार में डीएपी खाद तो मिल रही है, लेकिन किसानों का विश्वास इफको खाद पर समितियां के माध्यम से मिलने वाली पर ही विश्वास टिका है। शुक्रवार को पूरे दिन कई केंद्रों में खाद के लिए जहां पुरुष लाइन लगा रहे। वहीं महिलाएं भी भीड़ का हिस्सा बनी रही। गुरुवार को जिन लोगों के टोकन मिले थे, उनको तो खाद मिल सकी। शेष बैरंग लौट गए। ज्यादातर समितियों के प्रभारी ने बताया कि फिलहाल डीएपी खाद आना अभी संभव नहीं दिखता। यूरिया खाद के आने की शीघ्र संभावना है। कुल मिलाकर शुक्रवार को किसानों को खाद का वितरण नहीं हुआ। जिससे किसानों में नाराजगी बढ़ रही है।

माया वाल्मीकि बनीं सांसद प्रतिनिधि

माया वाल्मीकि।

हमीरपुर। हमीरपुर- महोबा लोकसभा के सांसद अजेंद्र सिंह लोधी ने तहसील व ब्लॉक स्तर पर अपने प्रतिनिधि मनोनीत किए हैं। कुरारा में माया बाल्मीकि व बलराम पाल, हमीरपुर सदर में मुन्नीलाल निषाद व सौरभ यादव, बिवांर में शिवप्रसाद कुशवाहा, मौदहा में शादाब हुसैन उर्फ बिट्टू व बिहारीलाल प्रजापति शामिल है। उन्होंने बताया कि नामित प्रतिनिधि कार्यालय, विभाग या संस्था में उनकी अनुपस्थिति में सांसद प्रतिनिधि के रूप में प्रतिभाग कर समीक्षा करेंगे और बैठकों में प्रतिभाग करेंगे।

भ्रामक सूचना सोशल मीडिया पर प्रसारित करने पर शिकायत

कुरारा(हमीरपुर)। नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर ने उप जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि नगर पंचायत कुरारा द्वारा संचालित अस्थाई गौशाला में नगर पंचायत कुरारा के वार्ड एक के सदस्य अजय सिंह व वार्ड 3 के सदस्य प्रतिनिधि नफीस अहमद व वार्ड 11 के सदस्य अवधेश गुप्ता और एक सीएससी संचालक आदर्श पांडे द्वारा राजनीतिक विद्वेष की भावना के साथ मोबाइल के माध्यम से आराम कर रही गायों व कुछ बीमार गायों का वीडियो भ्रामक रूप से बनाते हुए सोशल मीडिया में वायरल कर उन गायों को मरी हुई बताकर मेरी व नगर पंचायत की छवि खराब किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। चेयरमैन ने दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। चेयरमैन ने बताया की अगर कार्यवाही नहीं हुई तो अनशन करने के लिए बाध्य होंगी।

दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र।

50 मीटर दौड़ में अनिका साहू और अंश गुप्ता ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

अमृत विचार। विकास खंड सुमेरपुर की 38वीं ब्लॉक स्तरीय मिनी बाल क्रीडा प्रतियोगिता एवं शैक्षिक समारोह को आयोजन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा में हुआ। प्राचार्य डॉ.वंदना वैश्य एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह ने 50 मीटर बालक एवं बालिका दौड़ को हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया।

खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर सिंह तोमर एवं रावेंद्र सिंह जिला व्यायाम शिक्षक ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके उपरान्त ब्लाक व्यायाम शिक्षक अवधेश कुमार ने बैच व कैप पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश स्वर्णकार ने किया। प्राथमिक स्तर पर 50 मीटर दौड़ में अनिका साहू, अंशु गुप्ता, प्रा.वि. मुंडेरा प्रथम स्थान पर रहे। लंबी कूद में जयस यादव प्राथमिक विद्यालय चुनकी का डेरा एवं नैना सिंह प्रा.वि.सुरौली खुर्द प्रथम आए। कार्यक्रम में मंजीता अहिरवार, कुशुमलता, रानी बाथम, उर्मिला सिंह, बृजमोहन यादव रहे।

खेल से शारीरिक विकास के साथ ही मानसिक विकास भी होता है

संवाददाता, मौदहा(हमीरपुर)

अमृत विचार। ब्लॉक स्तरीय बेसिक शिक्षा विभाग की 38वीं बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता गांधी विद्यालय खेल मैदान में खेल ध्वज की सलामी और मशाल जलने के साथ प्रारंभ हुई। स्कूल के रंग-बिरंगे आकर्षक ड्रेस धारण किए छात्र-छात्राओं ने झंडा की सलामी ली। मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रजा मोहम्मद श्रीनाथ ने इनका अभिवादन स्वीकार किया। वहीं बीते वर्ष की चैंपियन छात्रा संगीता ने मशाल उठाई और खेल मैदान का चक्कर लगाते हुए उसकी स्थापना की।

शुक्रवार को आयोजित प्रतियोगिता में विकासखंड क्षेत्र के 10 न्याय पंचायत के ढाई सौ स्कूली छात्र छात्राओं ने भाग लिया। शाम 6:30 बजे तक प्रतियोगिताएं चलती रहीं और उसी के बाद मुख्य अतिथि रजा मोहम्मद ने बच्चों को शील्ड व पुरस्कार और चैंपियन को ट्रॉफी दी। यह एक दिवसीय कार्यक्रम रात 8:00 बजे तक जारी रहा। खेलों में मुख्य आकर्षण खो खो, कबड्डी, लंबी कूद, ऊंची कूद व छोटे बच्चों के अलग-अलग ग्रुपों में दौड़ की प्रतियोगिताएं हुई। चेयरमैन श्रीनाथ ने कहा कि नन्हे मुन्ने स्कूली बच्चों की इन प्रतियोगिताओं से ही देश के अच्छे खिलाड़ी निकलते हैं। इनमें कुछ लोग प्रदेश और देश स्तर तक तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी बन सकते हैं। खेल से जहां शिक्षा के साथ शारीरिक व मानसिक विकास के लिए अच्छा है। वहीं आपसी सद्भाव भी बढ़ता है। इस मौके पर गांधी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मोहम्मद इसराइल व खंड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल वर्मा भी मौजूद रहे।

खेल मैदान में ध्वज की सलामी देते खिलाड़ी छात्र। अमृत विचार

- गांधी विद्यालय के खेल मैदान में बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित

तबियत बिगड़ने से युवक की मौत

मौदहा (हमीरपुर)। बिवांर थाना क्षेत्र के सायर गांव निवासी प्रमोद (30) पुत्र शंकर का अचानक दिमाग का संतुलन बिगड़ गया और तबियत खराब हो गई। जिस पर परिजन उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

मौत की खबर सुनते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के पिता शंकर ने बताया की लड़के का मानसिक संतुलन एक सप्ताह से बिगड़ा हुआ था। गुरुवार को उसने भोजन भी नहीं किया। शुक्रवार की सुबह अचानक और तबियत बिगड़ गई। जिस पर उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

निरीक्षण जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र और प्राथमिक स्कूल में व्यवस्थाएं देखीं

बच्चों का नियमित टीकाकरण जरूर कराएं

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

अमृत विचार। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कुरारा विकासखंड के कुतुबपुर गांव में टीकाकरण केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र व प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने टीकाकरण अभियान की जानकारी लेने के साथ मिडडे मील, शिक्षण व्यवस्था, छात्र व शिक्षक उपस्थिति आदि के संबंध में जानकारी ली। कहा बच्चों को मिडडे मील में गुणवत्ता युक्त भोजन दिया जाए।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने कुतुबपुर आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान पाया कि एएनएम द्वारा बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जा रहा था। उन्होंने गर्भवती महिलाओं से नियमित रूप से जांच होने, जरूरी दवा मिलने तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। कहा कि कोई भी बच्चा/ गर्भवती महिला टीकाकरण से छूटने न पाए। इसके लिए घर घर का सर्वे कर लिया जाय। बताया कि पोलियो, टीबी, काली खांसी, गला घोटू, टिटनेस, निमोनिया, डायरिया खसरा, दिमागी बुखार आदि बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण जरूरी है। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना तथा बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में दी जा रही सुविधाओं के बारे में संबंधित से पूछताछ की। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक विद्यालय के बच्चों से मिलकर वहां दी जा रही शिक्षा सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह, खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता, एमओआईसी डॉ.सुनील कुमार जायसवाल तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

कुतुबपुर में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते डीएम। अमृत विचार

सिंगल यूज प्लास्टिक को रोकें

बैठक में सीडीओ ने अभियान चलाने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कड़ाई से अभियान चलाने को कहा है। जिला गंगा, पर्यावरण एवं पौधरोपण समितियों की बैठक में शुक्रवार को सीडीओ ने जिला पंचायत राज अधिकारी व अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्रवाई कर जुर्माना लगाएं।

सीडीओ ने कहा कि चित्रकूट धार्मिक नगरी है। जिन अधिकारियों को मठ मंदिरों पर प्लास्टिक का प्रयोग रोकने की जिम्मेदारी दी गई है, वे वहां पर किए गए काम की जानकारी और फोटोग्राफ्स अगली बैठक में प्रस्तुत करें। अधिशासी अभियंता सिंचाई व लघु सिंचाई को डैम व चेकडैमों की सिल्ट सफाई कराने व मंदाकिनी नदी का सीमांकन कराने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को विभागवार पौधरोपण की शत प्रतिशत जियो टैगिंग कराने को कहा। बताया कि इसकी शासन से समीक्षा होती है। अगली बैठक तक प्रत्येक दशा में यह हो जाए।

सीडीओ ने अधिकारियों को ट्रीगार्ड की सूचना उपलब्ध कराने और पौधरोपण का सत्यापन कराने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. सुभाष चंद्र, उप निदेशक कृषि राजकुमार, डीपीआरओ इंद्र नारायण सिंह, डीआईओएस संतोष कुमार मिश्रा, जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, एक्सईएन विद्युत दीपक सिंह आदि अधिकारी एवं समितियों के सदस्य मौजूद रहे।

समीक्षा बैठक में निर्देश देतीं मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर। अमृत विचार

अगले साल के पौधरोपण का लक्ष्य आया

उप निदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अगले वित्तीय वर्ष के पौधरोपण का लक्ष्य आ गया है। इसकी विभाग कार्ययोजना उपलब्ध कराए। उन्होंने बताया कि शहरी इलाकों में नई योजना लागू की गई है। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि इसकी जानकारी सभी विभागों को उपलब्ध कराएं। क्षेत्र के लिए किस प्रजाति का पौधा सही रहेगा, यह भी बताएं।

मंदाकिनी में गिरने वाले नालों को रोकें

सीडीओ ने ईओ लालजी को निर्देश दिए कि रामघाट से लेकर कर्वी तक मंदाकिनी नदी में नाले गिर रहे हैं। इनकी टैपिंग के लिए जल निगम से संपर्क करके व्यवस्था कराएं। ईओ ने बताया कि अमृत नगरीय योजना के अंतर्गत प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है।

दहेज के लिए पति ने की जान से मारने की कोशिश

भरतकूप (चित्रकूट)। एक विवाहिता ने अपने पति और ससुरालीजनों पर हत्या की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि दहेज के लिए इन लोगों उसे और उसके भाई को जान से मारने की कोशिश की। इस संबंध में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराकर आरोपियों पर कार्रवाई की गुहार की है।

बांदा जिले के मखलूपुरवा मजरा दुबरिया थाना बदौसा निवासी ऊषा देवी पुत्री शिवमोहन ने बताया कि उसका पति रामदीन यादव निवासी रमपुरवा थाना भरतकूप सात नवंबर को मायके से लिवा लाया था। घर पर उसने जेठ भगवानदीन, जेठानी जानकी, सास सुरनिया व वीर सिंह ने उसकी हत्या की कोशिश की। इन लोगों ने उसके और उसके भाई दीपू के सिर पर लोहे की राड मारी, जिससे दोनों घायल हो गए। 1 महीने पहले भी पति ने लाठी मारकर हाथ तोड़ दिया था। दहेज के लिए अक्सर मारपीट की जाती है।

मनमानी

मानिकपुर (चित्रकूट) में सकरौंहा गांव की गौशाला में भूसे के साथ सीमेंट की बोरियां रखी होने की बात सामने आई है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस कमरे में भूसा रखा है, उसी में सीमेंट की बोरी रखवा दी गई हैं। इससे भूसे में सीमेंट मिल रहा है। लोगों ने प्रशासन से इस ओर ध्यान देने की अपील की है। हालांकि इस संबंध में जिम्मेदारों का कहना है कि खबर निराधार है।

बेटी की शादी में रोड़े अटका रहा है उसका जीजा

भरतकूप (चित्रकूट)। एक ग्रामीण ने अपने दामाद पर बेटी की शादी न होने देने का आरोप लगाया है। उसने इस संबंध में थाने में दामाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

भरतकूप थानांतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी बेटी लगभग 10 साल से अपने जीजा के साथ रहती है। वह अपनी बेटी की शादी करना चाहता है पर उसका दामाद ऐसा नहीं होने देता। जहां रिश्ते की बात चलती है, वह तुड़वा देता है। आरोप लगाया कि दामाद अपने मनमुताबिक रिश्ता करना चाहता है, जिसमें बेटी सहमत नहीं होती। दामाद उसे और बेटियों को धमकी भी देता है। बताया कि छह नवंबर को वह नशे की हालत में असलहा लेकर घर पहुंचा और सभी लोगों को धमकी दी। पुलिस के पहुंचने पर वह भाग गया। अगले दिन फिर धमकाया कि बेटी को उसके हवाले कर दिया जाए अन्यथा अंजाम बुरा होगा। उसने कार्रवाई की गुहार की है।

एक नजर

बैठक 11 नवंबर को

चित्रकूट। जिला विकास अधिकारी ओमप्रकाश मिश्र ने बताया कि मंडलायुक्त की अध्यक्षता में प्रभारी मंत्री के प्राथमिकता कार्यों व कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक 11 नवंबर पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बैठक में प्रगति सूचनाओं के साथ ससमय पहुंचे। बताया कि मंडलायुक्त इसी दिन विकासखंड कर्वी की एक ग्राम पंचायत में ग्राम चौपाल में प्रतिभाग करेंगे।

सामूहिक विवाह के लिए आवेदन मांगे

चित्रकूट। जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब परिवारों की बेटियों की शादी के लिए संबंधित वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। सामूहिक विवाह का आयोजन 29 नवंबर को प्रस्तावित है। प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास भवन अथवा संबंधित विकासखंड, नगर निकाय कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री युवा योजना के तहत लें ऋण

चित्रकूट। एमएसएमई इकाइयों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने नई योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान शुरू की है। उपायुक्त उद्योग एसके केशरवानी ने बताया कि योजना के तहत पांच लाख रुपये तक की परियोजनाओं पर ऋण पर अनुदान निर्धारित किया जाएगा। योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए ऑनलाइन पोर्टल अथवा कार्यालय जिला उद्योग केंद्र से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

आयुष्मान कार्ड में आयु का दायरा बढ़ा

चित्रकूट। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सरकार ने नए वर्ग समूह को शामिल किया है। 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के नागरिक अपना आधार कार्ड किसी भी राजकीय चिकित्सालय या पंचायत भवन पर ले जाकर निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी ने सभी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया है।

बेटा न होने पर ससुरालीजनों ने पीटकर घर से निकाला

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

- विवाहिता ने दर्ज कराई प्रताड़ना की रिपोर्ट
- गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की

अमृत विचार। थानांतर्गत मटिराया कोपा गांव निवासी शंखी ने रिपोर्ट दर्ज कराकर ससुरालीजनों पर संतान (बेटा) न होने पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि ससुरालीजनों ने उसको जान से मारने की भी कोशिश की और घर से निकाल दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विवाहिता का कहना है कि उसके पति का किसी महिला से प्रेम प्रसंग है। सास गालीगलौज करके कहती है कि तेरे लड़की लड़की हो रही है। लड़का नहीं हो रहा। देवर भी मारपीट करता है। बताया कि आठ अगस्त को उसका पति दूसरी औरत घर में ले आया। उसने विरोध किया तो पति के साथ सास कुसुमा, ससुर शंकर, देवर बलराम और श्रीराम ने उसके साथ मारपीट की। गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की।

सास-ससुर कह रहे थे कि इसको जान से मार दो, बयान न दे सके। पड़ोसियों के आने पर उसकी जान बच सकी। इसके बाद उसे मारपीट करके घर से निकाल दिया। उसका यह भी कहना है कि वह पहले भी इस संबंध में थाने में गुहार लगा चुकी है पर कोई सुनवाई नहीं हुई।

मारपीट का आरोप लगाया

मऊ (चित्रकूट)। थानांतर्गत मोहनी गांव निवासी चिराग शुक्ला ने कुछ लोगों पर उसके साथ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चिराग ने बताया कि वह बीते दिन अपनी दुकान पर बैठा था। इसी दौरान गांव निवासी सत्यम पुत्र रामकल्याण, उज्ज्वल पुत्र शिवकल्याण और रामकल्याण पुत्र शंभूशरण वहां पहुंचे और विवाद करने लगए। इसके बाद लाठी-डंडों से मारापीटा। इससे उसकी आंख, सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। उसने आरोपियों पर कार्रवाई की गुहार की है।

हम पिछड़े नहीं पर सामर्थ्य याद दिलाना पड़ता है : दयाराम राय

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार। गंगा सहयोग सदन खोया मंडी में शुक्रवार को जायसवाल शिवहरे समाज ने प्रभु सहस्त्रबाहु का जन्मोत्सव मनाया। इसमें सर्ववर्गीय एकता और स्वाभिमान की बातें की गईं। इस अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा का लोगों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया। मुख्य अतिथि भारतीय कल्चुरी जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष दयाराम राय ने कहा कि हम किसी बात पर पिछड़े नहीं पर सामर्थ्य याद कराने की आवश्यकता पड़ जाती है।

कार्यक्रम की शुरुआत जायसवाल शिवहरे समाज ने कुलदेवता भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना, दीप प्रज्ज्वलन से की। समाज के 71 लोगों को स्वजातीय रत्न से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि ऐसा नहीं कि हम संख्या, धन या शक्ति बल में पिछड़े हैं पर यह सही है कि हमारे संकल्प और शक्ति को समय समय पर पवनपुत्र की तरह जामवंत स्मरण की आवश्यकता पड़ जाती है। आशा जताई कि आज का यह कार्यक्रम एकता की दिशा में बढ़ा निर्णायक कदम होगा। विशिष्ट अतिथि गौरेंद्र शिवहरे ने कहा कि हमारे समाज ने जातीय उद्भव और विकास के क्रम को पार करते हुए वर्तमान कलेवर को प्राप्त किया है। वर्तमान समय में हमें एकजुट होने की आवश्यकता है। जायसवाल शिवहरे समाज के जिलाध्यक्ष एमपी जायसवाल ने कहा कि हम अपनी ऊर्जा को वर्गों, उपवर्गों में बांटकर क्षीण न करें। अतिथियों का स्वागत युवा मंच के अध्यक्ष अर्पित जायसवाल, उमेश जायसवाल, भगवानदीन जायसवाल आदि ने किया। संचालन राजेश जायसवाल व नरेंद्र जायसवाल ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव भगवानदीन शिवहरे, गौरेंद्र शिवहरे, रघुनाथ प्रसाद जायसवाल, मनोज शिवहरे, शिवम जायसवाल, अशोक जायसवाल, नत्थू जायसवाल, अरविंद शिवहरे, श्रीप्रकाश आर्य, सुनील जायसवाल, गणेश जायसवाल, शैलेंद्र शिवहरे, संजय जायसवाल, रोहित जायसवाल, डा. प्रदीप जायसवाल, महेश जायसवाल, ललित जायसवाल, शेशू जायसवाल, श्याम जायसवाल आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मौजूद जायसवाल शिवहरे समाज के लोग। अमृत विचार

- सहस्त्रबाहु जन्मोत्सव मनाया, शोभायात्रा निकाली

आश्रम के पुजारी पर कार्रवाई की मांग

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार। वाल्मीकि आश्रम लालापुर में दुकानदार द्वारा खुदकुशी की कोशिश को लेकर व्यापारियों में आक्रोश है। इनका कहना है कि एकपक्षीय कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने जिला अस्पताल पहुंचकर दुकानदार केशव गुप्ता का हालचाल लिया।

शानू ने आरोप लगाया कि आश्रम के पुजारी द्वारा बुलडोजर लगवाकर गरीबों की झोपड़पट्टियां हटाई जा रही हैं और प्रसाद बेचने वाले गरीब पटरी दुकानदारों को व्यापारियों को उजाड़ दिया गया। मारपीट व दहशत से केशव ने पेड़ पर चढ़कर फांसी लगाने की कोशिश की। जिला अस्पताल में दुकानदार से मिलने पहुंचे शानू गुप्ता ने पूरी घटना की जानकारी ली। मांग की कि पुजारी के खिलाफ गरीबों के साथ गुंडागर्दी व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में कार्रवाई की जाए। बताया कि पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई का भरोसा दिया है।

शानू ने कहा कि पुजारी महर्षि वाल्मीकि आश्रम की छवि को खराब करने का काम कर रहे हैं। संत का काम तप व पूजन कर समाज का कल्याण करना है। गौरतलब है कि इस मामले में पुजारी का कहना है कि दुकानदारों को दुकान के लिए दूसरी जगह दी जा रही है। जहां अभी दुकान लगती हैं, उनसे लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

दुकानदार से मिलने पहुंचे व्यापारी नेता शानू गुप्ता। अमृत विचार

- अस्पताल में दुकानदार से मिलकर जाना हाल

दुराचार की रिपोर्ट नहीं दर्ज कर रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- पीड़िता ने लगाया गांव के युवक पर आरोप
- पुलिस ने कहा, जांच की जा रही

अमृत विचार। सरधुआ थानांतर्गत एक गांव निवासी एक महिला ने आरोप लगाया है कि उससे गांव के एक युवक ने रात में दुराचार किया। कई दिन बीतने के बाद भी उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी जा रही।

महिला ने बताया कि उसका पति महाराष्ट्र में मजदूरी करता है। वह घर में बच्चों के साथ अकेली रहती है। उसने आरोप लगाया कि 24 अक्टूबर की रात गांव निवासी एक युवक उसके घर पहुंचा और उसके साथ जबर्दस्ती दुराचार किया। शोर मचाने पर उसकी सास और चचिया ससुर मौके पर पहुंचे तो आरोपी धमकी देते हुए भाग गया। उसने बताया कि जब पुलिस आरोपी के घर पहुंची तो वह भाग गया था। पुलिसकर्मियों ने उससे घर में समझाया और कोई कार्रवाई न करने की सलाह दी। उसने बताया कि अभी तक उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।

उधर, इस संबंध में चित्रकूट पुलिस की ओर से एक्स पर लिखा गया कि प्रभारी निरीक्षक सरधुआ को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है।

सार-संक्षेप

आप की होर्डिंग हो गई चोरी

चित्रकूट। आम आदमी पार्टी के जिला इकाई पदाधिकारियों ने कोतवाली में प्रादेशिक सदस्यता अभियान की होर्डिंग चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिलाध्यक्ष संतोषी लाल शुक्ला ने बताया कि चार नवंबर को पार्टी ने ट्रैफिक चौराहे पर होर्डिंग लवाई थी। यह बीते दिन चोरी हो गई। जिलाध्यक्ष के साथ जिला महासचिव जितेंद्र गोयल, जिला मीडिया प्रभारी डा. रमाकांत गुप्ता व नगर अध्यक्ष प्रमोद कुमार सोनी भी रिपोर्ट लिखाने कोतवाली पहुंचे।

सुलह कराकर परिवार को टूटने से बचाया

चित्रकूट। परिवार परामर्श केंद्र की पुलिस टीम ने पति पत्नी के बीच सुलह कराई। नेहा पुत्र रामकृपाल निवासी अतरौली वसीला थाना रैपुरा ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर शिकायत की थी कि पति गिरधारी पुत्र घनश्याम उर्फ पप्पू निवासी दरसेड़ा थाना पहाड़ी गालीगलौज, मारपीट व लड़ाई झगड़ा करता है। एसपी के निर्देश पर परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी गुड्डी देवी, आरक्षी शिवांगी श्रीवास्तव ने दोनों पक्षों को बुलाकर समझाया। दोनों भविष्य में परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने पर सहमत हो गए।

शिविर लगाकर बताईं बीमा योजनाएं

मऊ (चित्रकूट)। खपटिहा ग्राम पंचायत में शुक्रवार को इंडियन बैंक ने शिविर का आयोजन किया। इसका मकसद ग्रामीणों को सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं के बारे में जागरूक करना था। बताया गया कि शिविर में कैंप में मैजिक शो के माध्यम से विभिन्न बीमा योजनाओं की जानकारी दी गई। अग्रणी जिला प्रबंधक अनुराग शर्मा, शाखा प्रबंधक सरजीत सरोज, सुनील सिंह, पुजारी आदि मौजूद रहे।

खाद्य जागरूकता शिविर लगाया

भरतकूप (चित्रकूट)। कस्बे में खाद्य पदार्थों की जागरूता अनुज्ञप्ति/ पंजीकरण शिविर लगाया गया। इसमें लाइसेंस / पंजीकरण की अनिवार्यता एवं खाद्य नमूने की आवश्यकता बताई गई। विक्रेताओं को बताया गया कि निरीक्षण के दौरान बिना लाइसेंस दुकान संचालित पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। आयोजन प्रियंका सिंह, सहायक आयुक्त (खाद्य) के निर्देशन में किया गया। इस मौके पर पंकज कुमार मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार व प्रमोद कुमार सोनकर आदि मौजूद रहे।

बच्चों को जल का महत्व बताते शिक्षक। अमृत विचार

विद्यार्थियों को बताया पानी का महत्व

रामनगर (चित्रकूट)। आकांक्षी ब्लॉक रामनगर की ग्राम पंचायत खजुरिहा कला के उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को जल संचयन, प्रबंधन की जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रधानाध्यापक मुन्नीलाल सहित शिक्षक, छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं। उधर, खंड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने बताया कि कंपोजिट विद्यालय लोधौरा, प्राथमिक विद्यालय शंभूपुर, कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय रामनगर में बच्चों को हैंडवाश और जल संरक्षण पर कार्यशालाएं आयोजित की गईं। बच्चों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें परिजनों को भी पानी को बचाने और के लिए प्रेरणा देने के लिए कहा गया। यह अभियान 20 नवंबर तक चलेगा। समापन पर जल संरक्षण के प्रयासों का मूल्यांकन किया जाएगा। कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग एल एंड टी टीम ने किया।

किसानों की समस्याओं पर दिया ज्ञापन

चित्रकूट। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता रंजना बरातीलाल पांडेय ने शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी को किसानों की समस्याओं से संबंधित पांच सूत्री मांगपत्र सौंपा। जिलाधिकारी को संबोधित पत्र में रंजना ने बीजगोदाम में कटिया गेहूं का बीज उपलब्ध कराने, मशीन को दुरुस्त कराने, छीबों सोसाइटी की खाद को अमान सोसायटी से दिए जाने, अन्ना प्रथा पर रोक लगाने और रामनगर से छीबों संपर्क मार्ग को दुरुस्त कराने की मांग की हैं। बताया कि अगर समस्याओं का निदान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचीं रंजना पांडेय।

विवेचकों के कार्यों की समीक्षा की

चित्रकूट। अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने शुक्रवार को थाना रैपुरा में निर्माणाधीन आवास का निरीक्षण किया। बाद में उन्होंने थाने के विवेचकों के कामों की समीक्षा की। विवेचकों से लंबित विवेचनाओं पर जानकारी ली और कारण पूछा। इनको गुणदोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। एएसपी ने लंबित प्रार्थना पत्रों, एनबीडब्ल्यू, बीडब्ल्यू, नोटिस तामीला एवं वांछित/वारंटी आरोपियों की गिरफ्तारी एवं महिला संबंधी अपराधों का समय से निस्तारण करने के लिए दिशा निर्देश दिए।

पत्रकार को मातृशोक

राजापुर (चित्रकूट)। वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार उपाध्याय की माताजी बुधिया देवी का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। वह 95 वर्ष की थीं। वह अपने पीछे इकलौते बेटे राजकुमार के अलावा पुत्रियों सावित्री देवी, गायत्री देवी, जावत्री देवी, रानी बिट्टी और शैला का भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव नैनी बिहरवां में किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा, अमित मिश्रा उर्फ दीपू, बालकृष्ण शर्मा, अन्नू मिश्रा, रोहित तिवारी, कमलेश कुमार पांडेय, संजय साहू, अशोक नामदेव, हरीनारायण पांडेय, अभिनव राज त्रिपाठी, प्रमोद त्रिपाठी, विपुल पांडेय, अश्वनी श्रीवास्तव, कुलदीप नामदेव आदि पत्रकारों ने शोक जताया है।

आयोजन अवकाश प्राप्त शिक्षकों का प्रादेशिक अधिवेशन आज से

मिलजुल कर साझा करेंगे अनुभव, बताएं समस्याएं

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

अमृत विचार। उप्र माध्यमिक अवकाश प्राप्त शिक्षक वेलफेयर एसोसियेशन का तीन दिवसीय प्रादेशिक अधिवेशन शनिवार से जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में होगा। इस मौके पर शिक्षक अपने अनुभव एक दूसरे को बताएंगे और समस्याओं को दूर करने की रणनीति बनाएंगे।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र नाथ मिश्रा व सम्मेलन के प्रधान संयोजक रमेश चंद्र सिंह ने बताया कि उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि साहित्यकार व राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त डा. नीरजा माधव व विशिष्ट अतिथि विवि कुलपति प्रो. शिशिर कुमार पांडेय होंगे। बताया कि यह सम्मेलन शिक्षा व शिक्षकों के हितों के लिए आजीवन संघर्षरत पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्व. हरिनारायण सिंह, जो चित्रकूट एसपी अरुण कुमार सिंह के पिता है, को समर्पित है। जिलाध्यक्ष प्रताप नारायण श्रीवास्तव ने बताया कि इस मौके पर उनके परिवारीजनों को सम्मानित किया जाएगा। समापन सत्र के मुख्य अतिथि शिक्षा निदेशक माध्यमिक डा. महेंद्र देव, विशिष्ट अतिथि महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. भरत मिश्रा व आयुष ग्राम चिकित्सालय के निदेशक डा. मदन गोपाल बाजपेई रहेंगे। वाराणसी के साहित्यकार हिमांशु उपाध्याय, डा. कवींद्र नारायण, डा. बेनीमाधव, नरेंद्र कुमार मिश्र भी अपने विचार रखेंगे। सम्मेलन के आयोजन में डा. आलोक कुमार पांडेय, केशव कुमार माथुर, प्रतापनारायण सिंह, धीरेंद्र मिश्रा, निर्मलेंद्र पांडेय आदि जुटे हैं। इसमें लगभग 300 सेवानिवृत्त शिक्षक भाग लेंगे। मोहित कुमार बाजपेई, सुरेंद्रनाथ शुक्ला, रामशंकर वर्मा भी मौजूद रहे।

जानकारी देते प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र नाथ मिश्रा व प्रधान संयोजक रमेश चंद्र सिंह।

दिवंगत शिक्षकों के परिजन होंगे सम्मानित

अधिवेशन के पहले सत्र में दिवंगत शिक्षक नेताओं राजाराम पांडेय, रामतीर्थ उपाध्याय, अवधेश सिंह गौड़, करुणाशंकर शुक्ला, शिवशंकर लाल शर्मा, तेज नारायण पांडेय के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। दूसरे सत्र में शैक्षणिक संगोष्ठी होगी।

चित्रकूट भ्रमण का भी कार्यक्रम

सम्मेलन के दूसरे दिन सभी लोग चित्रकूट भ्रमण करेंगे। शाम को कवि सम्मेलन होगा। अंतिम दिन महामंत्री राजकुमार बाजपेई प्रतिवेदन और शासन को भेजे जाने वाले मांगपत्र की जानकारी देंगे।

कुरान ख्वानी के साथ उर्स आज से

मौदहा (हमीरपुर)। प्रसिद्ध सूफी संत हजरत बाबा निजामी कम्हरिया का चार दिवसीय उर्स 9 नवंबर की सुबह से शुरू हो रहा है। शनिवार की सुबह कुरान ख्वानी फातिहा और रात नौ बजे से ऑल इंडिया नातिया मुशायरा का आयोजन होगा। इसके लिए तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। मेले में पुलिस विभाग में अस्थाई पुलिस चौकी की स्थापना की है। फायर ब्रिगेड से लेकर विभिन्न व्यवस्था प्रशासन पूरी करने में जुटा है। वह बाहरी छोटे बड़े दुकानदारों का आने का सिलसिला तेज हो गया है और बड़ी संख्या में लोगों ने दुकान भी स्थापित कर ली हैं। दिन में खाने पीने के तरह-तरह के होटल और अन्य सामान मिल रहा है। छोटे बड़े बड़े झूले तथा मनोरंजन के तमाम साधन मुहैया हो रहे हैं।

विदेशी मेहमानों ने देखा दिवारी नृत्य, खिले चेहरे

दक्षिण कोरिया के 14 सदस्यीय दल का किया गया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। वॉक्वांग डिजिटल यूनिवर्सिटी दक्षिण कोरिया के 14 सदस्यीय मैत्री दल ने महोबा का दौरा किया। टीम में शामिल सदस्यों ने यहां दिवारी नृत्य देखा और बुंदेलखंड की संस्कृति से भी रूबरू हुए। दिवारी नृत्य देख सदस्य प्रफुल्लित नजर आए। यह दल विवि के प्रोफेसर जोंग सून सिओ के नेतृत्व में भारत आया है। सदस्यों का मुकुंद फाउंडेशन ने स्वागत किया। उन्हें बुंदेली लोक विधाओं से परिचित कराया।

प्रोफेसर जोंग सून सिओ के नेतृत्व में आए मैत्री दल को महोबा के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कराया जा रहा है। टीम के सदस्य यहां के गांवों में घूम रहे हैं और लोगों की यहां की लोककला, संस्कृति, बोली, भाषा से परिचित हो रहे हैं। मैत्री दल के 14 सदस्यों का मुकुंद फाउंडेशन द्वारा उनका अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम दौरान बुंदेली कलाकारों के साथ खड़े मैत्री दल के सदस्य। अमृत विचार

दक्षिण कोरिया से आए विदेशी लोगों को बुंदेली संस्कृति से जोड़ने के लिए बुंदेली दिवासी नृत्य का कलाकारों के प्रदर्शन को देख थिरकने लगे।

इस मौके पर मुकुंद फाउंडेशन के मनोज तिवारी ने दल के लोगों को बुंदेली संस्कृति से रूबरू कराते हुए बताया कि बुंदेलखंड के विभिन्न खंड एक लम्बे समय तक भिन्न भिन्न शासकों के बंधन मे रहे इसलिए विभिन्न भागों के बुंदेलखंडियों में एकता के बीच किंचित विधिता का आभास मिलता है, फिर भी बुंदेलखंड के विभिन्न भाग मिला कर अपनी प्राकृतिक रचना, जलवायु और भाषा तथा साहित्य रीति नीति और लोक व्यवहार मे ऐसा खंड है, जिसका एक विशेष अपनापन है।

इस मौके पर सुनजाहन, मीयंग, मिरान एन, ही कियोंग, ह्वकियोंग, ह्यूनओक, जिमीमून, जियोंग वांन एन, यूरिम ह्वा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

फसलों के लिए दानेदार से ज्यादा लाभकारी नैनो डीएपी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। रबी फसल के लिए किसानों द्वारा बुवाई का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है, ऐसी स्थिति में किसान फास्फेटिक उर्वरकों डीएपी, एनपीकेएस की मांग कर रहे हैं। लेकिन नैनो डीएपी के उपयोग की सही जानकारी न होने से किसान नैनो डीएपी का उपयोग नहीं कर रहे हैं। इससे कृषक हित में आवश्यक है कि नैनो डीएपी यूरिया प्रयोग विधि का प्रचार प्रसार किया जाए, जिससे ज्यादा से ज्यादा किसान जागरूक हों सके। ज्यादातर किसान सहकारी समितियों के इफ्को केंद्रों से नैनो डीएपी यूरिया प्राप्त कर सकते हैं।

बीज उपचार के लिए एक किग्रा. बीज में पांच मिली. नैनो डीएपी आवश्यक मात्रा में पानी में मिलाकर बीज का उपचार किया जाता है। उदाहरण के तौर पर किसी भी फसल का 50 किग्रा. बीज उपचारित करने के लिए 250 मिली. को लगभगर 1 लीटर से पानी में मिलाकर तैयार घोल को बीज के ऊपर छिड़काव करके उसे हाथ से अच्छी तरह इस प्रकार मिलाएं कि पूरी घोर 50 किग्रा. बीज में मिल जाए।

इस तरह करें नैनो डीएपी का छिड़काव

- नैनो डीएपी से उपचारित बीज की बुवाई करने के बाद लगभग 25-30 मिनट बाद फसल की पत्तियां पूरी तरह जमीन को ढक ले। 5 मिली. प्रति लीटर पानी के घोल में 15 लीटर की टंकी में नैनो डीएपी के तीन टक्कन एवं 4 मिली. नैनो यूरिया प्रति लीटर पानी में 2.50 ढक्कन के प्रति पंद्रह लीटर की टंकी में मिलाकर फसल पर छिड़काव करें। इससे 15 से 20 दिन बाद अनाज वाली फसलों में गेहूं, मक्का, जौ, बाजरा, धान केवल नैनो यूरिया का दोबारा छिड़काव करें।

नैनो डीएपी दानेदार से डीएपी से आधी कीमत है, जिससे लागत में कमी आती है। नैनो डीएपी यूरिया को लाने ले जाने में सुविधा होती है। नैनो डीएपी यूरिया की उपयोग क्षमता 90 प्रतिशत से अधिक है, जबकि दानेदार डीएपी की उपयोग क्षमता 15-20 प्रतिशत एवं दानेदार की उपयोग क्षमता 35 प्रतिशत है। नैनो डीएपी यूरिया से फसल को पूर्ण पोषण प्रदान होता है।

डा. अभय कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी।

बीज न मिलने पर किया हंगामा

संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। जिले में अब डीएपी खाद की अनुपलब्धता के बीच ही बीज को लेकर भी मारामारी बढ़ गई है। सुबह से बीज गोदाम में चना, लाही अलसी और मटर के बीज के लिए किसान लंबी लाइन में खड़े हो रहे हैं। बीज न मिलने पर वे रुक- रुककर हंगामा भी करते हैं। शुक्रवार को भी किसानों ने हंगामा किया। ऐसे में बीज गोदाम प्रभारी ने पुलिस बुला ली। बाद में पुलिस की मौजूदगी में बीज का वितरण किया गया।

आज कल खाद और बीज को लेकर मारामारी तेज हो गई है। किसान कहीं बीज के लिए गोदामों में लाइन लगाए हुए है तो कहीं सहकारी समितियों में डीएपी खाद के लिए मारामारी मची हुई है। बावजूद इसके जिला प्रशासन किसानों को खाद और बीज की व्यवस्था नहीं करा पा रहा है इससे किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

पूरब साधन सहकारी समिति, मलकपुरा साधन सहकारी समिति, पचपहरा साधन सहकारी समिति सहित तमाम समितियों में किसान खाद के लिए डेरा जमाए हुए है, लेकिन उन्हें खाद नही मिल पा रही है, जिसके चलते किसानो की रबी फसल की बुवाई पिछड़ती जा रहा है।



ब्लाक परिसर में जुटी भारी भीड़। अमृत विचार

- खाद और बीज को लेकर समितियों और बीज गोदामों में मची मारामारी
- सुबह आठ बजे से ही किसान खाद और बीज के लिए समितियों में जमा लेते हैं डेरा

जैतपुर प्रतिनिधि के अनुसार विकासखंड जैतपुर सभागार में स्थित बीज गोदाम में शुक्रवार को बीज लेने के लिए किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी सैकड़ों की संख्या में किसान बीज गोदाम में पहुंच गए और बीज वितरण में बरती जा रही ढिलाई से नाराज होकर जमकर हंगामा काटा। मामला बिगड़ता देख बीज गोदाम प्रभारी ने पुलिस बुला ली। पुलिस के आने के बाद दो तरफ किसानों ने लाइन लगाई, इसके बाद बीज का वितरण शुरू हुआ। बीज गोदाम प्रभारी का कहना है कि इस समय चना बीज का वितरण कराया जा रहा है।

900 रुपये प्रति बोरी प्रदर्शनी के लिए चना का बीज आया है जो छह सौ किसानों को वितरित करा दिया गया है, शेष किसानों को वितरण कराया जा रहा है। चना महंगा होने के कारण किसान बीज गोदाम से बीज लेने के लिए भारी संख्या में पहुंच रहे हैं, जिससे अव्यवस्थाओं को देखते हुए पुलिस की मौजूदगी में बीज का वितरण कराया जा रहा है।

जिला अस्पताल में रोते मृतक के परिजन। अमृत विचार

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से राजमिस्त्री की मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- राजमिस्त्री को बचाने के प्रयास में श्रमिक भी बुरी तरह झुलसा

अमृत विचार। मकानों के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइनों से आए दिन हो रही मौतों के बाद भी जिला प्रशासन नहीं चेत रहा है, जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। शुक्रवार को मकान के ऊपर काम करते समय अचानक राजमिस्त्री का हाथ हाईटेंशन लाइन से छू गया। करंट की चपेट में आने से मिस्त्री बुरी तरह झुलस गया। मकान में काम कर रहे दूसरे मजदूर ने उसे बचाने की कोशिश की तो वह भी बुरी तरह झुलस गया, जिससे मजदूर ने उसे छोड़ दिया, इससे राजमिस्त्री की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। अन्य मजदूरों ने बिजली लाइन बंद कराकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शाहपहाड़ी निवासी बलराम कुशवाहा (36) पुत्र देशराज कुशवाहा गांव में ही मुन्ना महाराज के यहां मकान निर्माण का कार्य कर रहा था। मकान के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन के तार में काम करते समय राजमिस्त्री का हाथ टच हो जाने से वह लाइन में चिपक गया, तभी गांव के ही मनोज कुमार कुशवाहा ने राजमिस्त्री को बचाने का प्रयास किया, लेकिन उसे भी जोर का करंट लगने से वह दूर जाकर गिरा और उसने राजमिस्त्री को दोबारा बचाना का प्रयास नहीं किया, जिससे उसकी मौत हो गई।

मकान मालिक और गांव के लोग राजमिस्त्री को जीवित समझकर आनन- फानन में जिला अस्पताल पहुंचे। डाक्टरों ने उसका परीक्षण कर मृत घोषित कर दिया। राजमिस्त्री की मौत से अस्पताल परिसर में चीख पुकार मच गई। मृतक के परिजन और बच्चे अस्पताल में रोते बिलखते रहे। बाद में ग्रामीणों ने समझाया बुझाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद पंचनामा भरकर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

इस घटना से ग्राम शाहपहाड़ी में गमगीन माहौल बना हुआ है। राजमिस्त्री की मौत और श्रमिक के झुलसने की खबर फैलते ही ग्रामीणों की जिला अस्पताल में भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

टीकाकरण की स्थिति सुधारें, लापरवाही न करें

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। शुक्रवार को जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने शासन द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य संबन्धी योजनाओं की समीक्षा करते हुए लाभार्थियों को लाभ दिलाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में बच्चों के टीकाकरण की खराब स्थिति पाए जाने पर डीएम ने नाराजगी जाहिर की साथ ही टीवी मरीजों को समय से उपचार उपलब्ध कराए जाने के सीएचओ को निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विभिन्न कार्यक्रमों के अतिरिक्त जननी सुरक्षा, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की समीक्षा की। समीक्षा में लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति होने पर डीएम द्वारा लक्ष्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने सभी सीएचओ को निर्देशित करते हुए कहा कि टीवी मरीजों को समय पर इलाज मुहैया कराया जाए साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत 100 प्रतिशत लाभार्थियों को लाभ दिया जाए। डीएम ने अर्बन में प्रगति खराब पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। सभी सीएचओ को निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत फीडिंग की जाये तथा ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाये जाए और नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में टीकाकरण से छूटे बच्चों की लिस्ट बनाकर उनका टीकाकरण किया जाये।

बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी मृदुल चौधरी। अमृत विचार

कहा कि जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत शत प्रतिशत लाभार्थियों का भुगतान किया जाए। जननी शिशु सुरक्षा योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क भोजन व दवाइयां उपलब्ध कराई जाएं। 0-1 साल के बच्चों को नियमित टीकाकरण कराया जाए जिससे एक भी बच्चा टीकाकरण से छूटने न पाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि घर घर जाकर चाइल्ड रजिस्ट्रेशन कराये जाए कुष्ठ रोगियों को जल्द से जल्द आवास उपलब्ध कराया जाए।

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई स्वास्थ्य समिति की बैठक योजनाओं की समीक्षा की गई

वार्ड की साफ सफाई, बेडशीट, शौचालय नियमित रूप से सफाई करवाई जाए तथा जननी सुरक्षा में 100 प्रतिशत भुगतान कराया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हरेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आशाराम, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. बीके चौहान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक ममता अहिरवार, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शिवकुमार राय, डीएमसी यूनिसेफ सरफराज खान उपस्थित रहे।

चौराहे से ब्रेकर हटाने के बाद बढ़ीं दुर्घटनाएं

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग में मदीना मस्जिद चौराहा के पास बनाए गए ब्रेकर हटा दिए जाने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। जिसके चलते तीन माह के अंदर आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो चुके हैं।इससे लोगों में असंतोष व्याप्त है। समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी और साहित्यकार शिव किशोर पांडेय ने मदीना मस्जिद चौराहे के पास दोबारा ब्रेकर बनाए जाने की मांग की है जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

मालूम हो कि छह माह पहले शहर के डाक बंगला मैदान में प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ पुलिस लाइन से कार द्वारा डाक बंगला मैदान में सभा को संबोधित करने आए थे उनके आगमन पर हाईवे में लवकुशनगर, तिराहा मदीना मस्जिद चौराहा, लोक निर्माण विभाग तिराहा सहित कई स्थानों पर बनी ब्रेकरों को लोक निर्माण विभाग ने हटा दिया था इसके बाद लोक निर्माण विभाग तिराहा और लवकुश नगर तिराहा के पास तो पुनः ब्रेकर बना दिए गए लेकिन मदीना मस्जिद चौराहे के हटाए गए ब्रेकर आज तक नहीं बनाए गए, जिससे यहां पर दुर्घटनाएं बढ़ गई है। चार तरफ से मार्ग होने के कारण तेज रफ्तार से आने वाले बाइक चालक व अन्य वाहन चालक एक दूसरे से टकरा जाते है। एक माह पहले एक होमगार्ड भी दुर्घटना में घायल हो गया था। पुलिस ने चार पहिया वाहन चालक का चालान किया था।

तला हुआ खाद्य पदार्थ खाने से बचना चाहिए

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- लोकपथ चैरिटेबल ट्रस्ट और बाल विकास ने किया स्वास्थ्य जागरूक शिविर का आयोजन

अमृत विचार। तहसील चरखारी क्षेत्र के ग्राम इमलियाडांग में लोकपथ चैरिटेबल ट्रस्ट, बाल विकास के सहयोग से किशोर स्वास्थ्य जागरूक शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम 10 से 19 वर्ष की किशोरियों और बालिकाओं के लिए खासतौर पर आयोजित किया गया, जिससे उन्हें व्यक्तिगत जानकारी मुहैया कराई जा सके।

ट्रस्ट के सचिव राजेंद्र निगम ने बताया कि किशोरावस्था के दौरान शरीर में होने वाले बदलावों के कारण, पोषण और आहार संबंधी जरूरतें बदलती रहती हैं इसलिए, गुणवत्तायुक्त भोजन करना अति आवश्यक है। कहा कि किशोरों को तला हुआ भोजन कम खाना चाहिए और उन्हें बेक या उबाल करके बनाया गया भोजन खिलाना चाहिए। साबुत फल खाने से ज्यादा फायदा होता है। फल के रस में ज्यादा कैलोरी होती है, इसलिए किशोरों को सीमित मात्रा में पानी पिलाना चाहिए।

टूटा शिव धनुष, प्रभु राम की हुई जानकी

संवाददाता, कुलपहाड़

अमृत विचार। आदर्श रामलीला मंडल कुलपहाड़ के तत्वावधान में रामलीला का मंचन स्थानीय कलाकारों द्वारा रामलीला मैदान में किया गया। धनुष यज्ञ की लीला दर्शकों के लिए रोमांचकारी रही। रावण- बाणासुर संवाद और लक्ष्मण- परशुराम संवाद ने दर्शकों को रोमांचित किया। प्रभु राम ने शिव धनुष का भंजन किया तो जय- जय श्रीराम का जयघोष हुआ। सीता जी ने प्रभु को वरमाला पहनाई।

यहां पर करीब सौ साल से रामलीला आयोजित की जा रही है। नगर में सौ वर्षों से अधिक रामलीला का सफल आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी रामलीला का आयोजन रामलीला मैदान में किया जा रहा है। धनुष यज्ञ की लीला में मिथिला नरेश राजा जनक द्वारा अपनी बेटी सीता के स्वयंवर के लिए शिव जी की प्रत्यंचा चढ़ाने की शर्त रखी। स्वयंवर में रावण ने धनुष उठाना चाहा तो बाणासुर और रावण नामक दो असुरों के बीच स्वयंवर को लेकर विवाद बढ़ गया। दोनों के बीच भयंकर संवाद हुआ। अंत में दोनों स्वयंवर छोड़कर चले गए। सीता से विवाह करने के लिए विभिन्न देशों के राजा महाराजा उपस्थित हुए, लेकिन कोई भी शिवजी के धनुष को छू भी नहीं पाया जिससे राजा जनक परेशान हो गए और उन्होंने कहा कि लगता है, भारत की धरती वीरों से विहीन हो गई है। रामचंद्र ने शिवजी के धनुष को उठाया और तीर चढ़ते ही वह टूट गया।

रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

- रामलीला का मंचन देखने के लिए लोगों की जुटी भारी भीड़
- सौ साल से कस्बे में किया जा रहा है श्रीरामलीला का आयोजन

शिवजी के अनन्य भक्त परशुराम को जैसे ही शिव जी के धनुष के टूटने की सूचना मिली, तो वह स्वयंवर में आ धमके और उन्होंने अपना क्रोध दिखाया जिससे लक्ष्मण नाराज हो गए और दोनों के बीच वाकयुद्ध हुआ।

चेतावनी यूपीएस जैतपुर में अभियान चलाकर तंबाकू का सेवन न करने के लिए किया गया जागरूक

तंबाकू से दिल का दौरा पड़ने का खतरा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आशाराम के निर्देश पर आरबीएस स्वास्थ्य टीम विद्यालयों में अभियान चलाकर बच्चों, शिक्षकों को तंबाकू का सेवन न करने के लिए प्रेरित कर रही है। साथ ही तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों से लोगों को रूबरू करा रही है। अभियान के तहत ही शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर प्रभारी डा. आशीष तिवारी की देखरेख में आरबीएस स्वास्थ्य टीम ने यूपीएस विद्यालय जैतपुर में गोष्ठी का आयोजन किया।

जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा चलाए जा रहे तंबाकू युवा अभियान के तहत आयोजित गोष्ठी में डीपीएम डा. अम्बुज गुप्ता ने कहा कि तंबाकू का सेवन करने से लोगों के दांत घिसने और दागदार हो जाते हैं, जिससे मसूड़े भी दांतों का साथ छोड़कर पीछे हट सकते हैं। नियमित रूप से तंबाकू चबाने से दिल का दौरा पड़ने का जोखिम भी बढ़ जाता है, क्योंकि यह रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाने के लिए जाना जाता है। कहा कि तम्बाकू खाने से पेप्टिक अल्सर बनने का जोखिम बढ़ सकता है। अल्सर दर्दनाक घाव होते हैं जो पेट की परत या छोटी आंत की शुरुआत में उत्पन्न होते हैं। अल्सर को कम करने के लिए तम्बाकू से परहेज करके दूर रहना चाहिए। तंबाकू के सेवन से दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ सकता है।

छात्र छात्राओं को जानकारी देती आरबीएस की टीम। अमृत विचार

सीएचसी जैतपुर प्रभारी ने कहा कि तंबाकू से पेट के अंदर अधिक एसिड उत्पादन होता है, जिससे ग्रासनली में एसिड वापस आने का खतरा बढ़ जाता है । आंतों से पित्त लवण के स्थानांतरण को बढ़ावा देता है पेट में जाकर, पेट के अम्ल को सांद्रित कर देता है। तंबाकू चबाने से छाती में जलन भी बढ़ सकती है क्योंकि इससे लगातार निकोटीन निकलता रहता है। 30 मिनट तक तम्बाकू चबाने से तीन सिगरेट पीने जितना निकोटीन निकल सकता है। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छात्र छात्राओं से अपने परिजनों को तंबाकू से दूर रहने के लिए प्रेरित किया साथ ही शिक्षकों से भी गुटखा, तंबाकू और धूम्रपान आदि न करने की सलाह दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

विवेक गुप्त अध्यक्ष, अनिल मंत्री व देवेश कोषाध्यक्ष बने

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की जैतपुर इकाई का निर्वाचन एसके महाविद्यालय पनवाड़ी में हुआ। निर्वाचन अधिकारी राजकुमार वर्मा की देखदेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। चुनाव में विभिन्न पदों के लिए मात्र एक- एक नामांकन होने के कारण प्रत्याशियों को निर्विरोध चुना गया और विवेक गुप्ता को अध्यक्ष नामित किया गया, जबकि कोषाध्यक्ष देवेश तिवारी बने।

पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ (मिश्रा गुट) की जैतपुर इकाई की चुनाव प्रक्रिया एसके महाविद्यालय में हुई, जहां पर निर्वाचन अधिकारी के साथ पवित्र सागर पांडेय, वीरेंद्र कुमार ने ज्योति प्रकाश तिवारी के पर्यवेक्षण में नामांकन प्रक्रिया आरभ हुई। अध्यक्ष, मंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए मात्र एक एक नामांकन दाखिल किया गया, जिस कारण विवेक गुप्ता, ब्लाक मंत्री अनिल प्रजाति और कोषाध्यक्ष पद के लिए देवेश तिवारी को निर्विरोध चुना गया।

- जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जैतपुर इकाई का चुनाव हुआ

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उपस्थित शिक्षकों ने फूलमाला पहनाकर बधाई दी। इस मौके पर निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र देते हुए पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई। इस मौके पर संगठन के जिला संयोजनक प्रशांत सक्सेना, सहसंयोजक रमाकांत मिश्रा, संरक्षक केके श्रीवास्तव, रामनरेश पाल, दिनेश रावत, रामसिंह सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

पत्रकारों के समर्थन में ब्राह्मण समाज

महोबा। कस्बा सरीला के नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा दो पत्रकारों के साथ अभद्रता किए जाने के विरोध में अब ब्राह्मण समाज भी पत्रकारों के समर्थन में उतर आया है। ब्राह्मण समाज ने जिलाधिकारी मृदुल चौधरी को ज्ञापन सौंप कर पत्रकारों के खिलाफ नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा दर्ज कराए गए झूठे मुकदमे वापस कराए जाने की मांग की है।

अब जिले का ब्राह्मण समाज भी पत्रकारों के समर्थन में उत्तर आया, और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि अध्यक्ष द्वारा की गई तानाशाही और पत्रकारों करने पर अध्यक्ष के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए।

कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)

पत्रांक: 1641 / न0पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 /2024-25/ दिनांक: 06/11/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड सं0	भवन सं0	कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार
1	श्री एनउद्दीन पुत्र नूरउद्दीन	श्री नूरउद्दीन पुत्र कमरूद्दीन	फरसौलियाना -1	19	474	पंजीकृत विक्रय पत्र

अधिशासी अधिकारी

नगर पालिका परिषद, राठ - हमीरपुर

एसडीएम ने समितियों, खाद की दुकानों का लिया जायजा

संवाददाता, कालपी

अमृत विचार। कृषकों को उर्वरक एवं बीज की सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने सहकारी समितियों, प्राइवेट दुकानों एवं बीज भंडारों का औचक निरीक्षण किया तथा कमियां पाए जाने पर जिम्मेदारों को सख्त निर्देश दिए । इस दौरान उपजिलाधिकारी ने कृषकों से संवाद स्थापित करके खाद वितरण एवं ओवररेटिंग के बारे में जानकारी ली।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देशन पर उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने सहकारी समिति छौंक, किसान सहकारी समिति महेवा, पीसीएफ केंद्र, आटा बहुउद्देश्यीय प्राथमिक सहकारी समिति का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छौंक सहकारी समिति के सचिव रामबाबू ने बताया कि यूरिया की खेप आने वाली है। इसके बाद कृषकों को खाद उपलब्ध कराई जाएगी। इसी क्रम में उन्होंने टरननगंज बाजार कालपी में स्थित उर्वरक की दुकानों सत्यम फर्टिलाइजर तथा गुप्ता खाद भंडार का निरीक्षण करके डीलरों को निर्देशित किया कि निर्धारित रेट पर डीएपी का वितरण किया जाए। अगर कोई भी दुकानदार ओवररेटिंग करता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। उपजिलाधिकारी ने राजकीय बीज भंडार महेवा का भी निरीक्षण किया। गोदाम में गेहूं को छोड़कर अन्य जिंसों का बीज उपलब्ध मिला। उपजिलाधिकारी ने बीज भण्डार के प्रबंधक को निर्देशित किया कि नियमानुसार तरीके से ही बीज का वितरण किया जाए, इस कार्य मे किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नही किया जाएगा।


खाद की दुकान का निरीक्षण करते एसडीएम सुशील कुमार सिंह। अमृत विचार

समिति में खाद स्टॉक का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम

जालौन। किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराने और उन्हें खाद मिलने में कोई परेशानी न हो इसके लिए एसडीएम विनय मौर्य ने हदरुख बी पैक्स सहकारी समिति का निरीक्षण कर खाद की उपलब्धता को देखा और आवश्यक निर्देश दिए। इस समय किसानों पर खेत में खाद की आवश्यकता है। खाद के लिए कई जगहों पर किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। ऐसे में किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चत कराने के लिए एसडीएम विनय मौर्य ने हदरूख बी पैक्स सहकारी समिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समिति में डीएपी, यूरिया, नैनो यूरिया के स्टॉक को चेक किया। निरीक्षण के दौरान पर्याप्त मात्रा में यूरिया मिली। इसके अलावा नैनो यूरिया की 250 बोतल स्टॉक में मिली। उपलब्ध खाद का स्टॉक रजिस्टर से मिलान किया गया। समिति के रखरखाव और दस्तावेज भी चेक किए गए। जिसमें सब ठीक ठाक मिला। समिति के सचिव को एसडीएम ने निर्देशित कर कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा खाद मिलने में न हो पाए। शासन की मंशा के अनुरूप कार्य किया जाए।

सार-संक्षेप

बकाएदारों के कनेक्शन काटने पहुंची विद्युत विभाग की टीम। अमृत विचार

70 बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटे, 2.5 लाख की वसूली

कालपी। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के निर्देश के अनुरूप विद्युत विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की 2 टीमें राजस्व वसूली के लिये नगरीय क्षेत्र के मोहल्लों में उतर पड़ी। टीम ने 70 कामर्शियल तथा बडे बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने की कार्रवाई की। साथ ही ढाई लाख रुपए राजस्व वसूली की गई। शुक्रवार को सुबह से ही उपखंड अधिकारी आदर्श राज तथा अवर अभियंता जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में 2 टीमों के द्वारा चैकिंग तथा राजस्व वसूली अभियान शुरू किया गया। टीमों के द्वारा मिर्जा मंडी, रामचबूतरा, दमदमा हरीगंज, कागजीपुरा, टरनंनगंज, आलमपुर रामगंज आदि मोहल्लों के प्रतिष्ठानों तथा घर घर जाकर बिजली चेकिंग की गई। एसडीओ ने बताया कि विद्युत देय राशि की वसूली करने के लिए विभाग गंभीर है। उन्होंने कहा कि पावर कारपोरेशन के निर्देश पर 10 हजार रुपए से अधिक के बड़े बकायदारों पर कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि विभागीय टीमों ने चिन्हित बड़े बकायेदारों के आवासों तथा प्रतिष्ठानों में चेकिंग की तथा बकाया विद्युत देय राशि को जमा करने के लिए अभियान चलाया। उपखंड अधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अपने-अपने विद्युत बिलों की धनराशि को समय से जमा करके अनावश्यक परेशानी से बचें। रिंकू पोरवाल, दिलीप कुमार, फ़हमीद खान, अजय कुमार निगम, सीताराम लल्लन सतीश कुमार सुनील कुमार, फरियाद ख़ान, साबिर खान, सादिक, अहमद खान, अखिलेश शुक्ला, उज्जवल गुप्ता, कोमल सिंह आदि लाइन मैन तथा कर्मचारी अभियान में जुटे रहे।

चैंबर साफ न होने से घरों में जा रहा बदबूदार पानी

सुमेरपुर(हमीरपुर)। कस्बे के पीडब्ल्यूडी स्टोर के समीप जलापूर्ति के लिए जल संस्थान का नलकूप लगा हुआ है। पीडब्ल्यूडी स्टोर गेट के सामने अलग-अलग पाइप लाइनों की सप्लाई के लिए चैंबर बना हुआ है। इस चेंबर में बरसात का गंदा पानी एवं बदबूदार कीचड़ जमा है। पानी की सप्लाई के साथ गंदा कीचड़ भी लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। इससे तंग आकर कस्बे के निवासी मोती चौरसिया, श्री कृष्ण साहू, राजू चौड़ा, जगदीश सोनी, झंडू साहू, राजू यादव ने चेंबर की पटिया को हटवा दिया और जल संस्थान पर वर्षों से साफ सफाई न करने का आरोप लगाकर जमकर नारेबाजी की और चैंबर की साफ सफाई कराकर सप्लाई चालू करने की मांग की। उधर जल संस्थान के अवर अभियंता विश्वलेन्द्र नाथ ने बताया कि जानकारी हुई है। शनिवार को वह मौके पर जाकर चैंबर की साफ सफाई करायेंगे।

चैंबर की सफाई करता मजदूर।

पाता रेलवे ओवरब्रिज हुआ क्षतिग्रस्त

ककोर, औरैया। यहां के पाता रेलवे ओवर ब्रिज के उद्घाटन के महज 6 माह बाद ही उत्तरी साइड वन का पुर्वा ग्राम की तरफ ब्रिज की बीचोबीच दरार आ गई हैं। उस जगह से निर्माणाधीन मैटेरियल नीचे गिर रहा है और हल्का सा गड्ढा होने लगा है। इस जगह गड्ढा बढ़ने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। सबसे ज्यादा इस पुल पर गुजरने वाले भारी व लोडेड वाहन को खतरा हो सकता है। जबकि दिबियापुर, अछल्दा के नहर पुल से आवागमन बन्द होने के कारण पाता नहर पुल से ही बिधूना, कन्नौज, सहार, किसनी आदि के लोड वाहन इसी ओवर ब्रिज से गुजरते है। लोगों का कहना है कि बिना सक्षम अधिकारी के देख रेख में बना पुल ज्यादा दिन चलने वाला नहीं है। पुल की बेहतरीन तरीके से मरम्मत कराई जाए।

ओवरब्रिज में आई दरार। अमृत विचार

सड़क का टूटा डिवाइडर। अमृत विचार

मुख्य चौराहे पर डिवाइडर टूटने से हुआ गड्ढा, हादसे की आशंका

फफूंद,औरैया। कस्बे के अछल्दा चौराहा के बाबरपुर रोड मोड़ पर डिवाइडर टूटने से सड़क पर गड्ढा हो गया है ।जिससे कभी भी कोई हादसा हो सकता है लोगों ने गड्ढे को भरवाने की मांग की है। कस्बे के अछल्दा चौराहा पर काफी समय पहले बाबरपुर जाने वाले मार्ग के मोड़ पर डिवाइडर बनाया गया था, लगभग दो साल पहले रात में किसी ट्रक की टक्कर से डिवाइडर टूट गया था ।जिसके बाद डिवाइडर को हटा दिया गया था उसकी खाली जगह से भारी वाहनों के गुजरने से बीच सड़क में गड्ढा हो गया और उसमें पानी भी भर गया है ।चौराहा निवासी बलराम सिंह, आफताब खान, मुन्ना, रामसिंह, सुरेंद्र, राजू ने बताया कि चौराह की मोड़ की वजह से रात में गड्ढा नजर नहीं आता है जिसकी वजह से हादसे की आशंका बनी रहती है उन्होंने नगर पंचायत से गड्ढे को भरवाने की मांग की है।

एक नजर

सामूहिक विवाह योजना के लिए रजिस्ट्रेशन कराएं: ईओ

कालपी । नगर पालिका परिषद कालपी के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला ने बताया कि 22 नवंबर को उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा सामूहिक विवाह योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसलिए इच्छुक एवं पात्र लोग ऑनलाइन पंजीयन करा लें। उन्होंने बताया कि वर वधु पक्ष के लोगों को पंजीयन कराने के लिये सरल व्यवस्था लागू है। उन्होंने कहा कि 22 नवंबर को विशिष्ट गल्ला मंडी कालपी रोड उरई में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह योजना के कार्यक्रम में वर-वधू पक्ष को निर्धारित जरूरी सामान एवं खाने की व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने पात्र लोगों से योजना का लाभ हासिल करने की अपील की है।

जानकारी देते ईओ ।

पुलिया से टकराई बाइक तीन किशोर घायल

माधौगढ़। नगर क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक पुलिया से टकरा गई। जिसमें बाइक पर सवार तीन किशोर घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से एक जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। माधौगढ़ कस्बे के मोहल्ला पटेल नगर निवासी प्रिंस सिंह 17, दीपक 16 व भोले 15 वर्ष शुक्रवार को बाइक पर सवार होकर ग्राम जाजेपुरा जा रहे थे। तभी किशोरों की बाइक रामनगर के पास पुलिया से टकरा गई। जिसमें तीनों किशोर बुरी तरह से घायल हो गए। राहगीर मौके पर पहुंचे और उन्होंने उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर प्रिंस की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

एसपी ने साप्ताहिक परेड की ली सलामी, किया निरीक्षण

उरई। एसपी ने पुलिस लाइन में शुक्रवार को होने वाली साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों के अभ्यास को देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन स्थित अन्य विभागों का भी निरीक्षण किया। एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने शुक्रवार की सुबह पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पहुंचकर परेड की सलामी ली, और वहीं पुलिस कर्मियों की परेड भी कराई। इसके बाद उन्होंने डायल 112 का निरीक्षण कर उपकरण देखे। इस दौरान एसपी ने मेस, आर्मरी, बैरक आदि का बारीकी से निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था देखी और सफाई रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों से समस्याएं भी पूछी, और यातायात पुलिस को नियमों का पालन कराने की बात कही। निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिस लाइन के अन्य पटलों को भी परखा। उन्होंने प्रतिसार निरीक्षक पारस चौधरी व सीओ को भी सुधार आदि के निर्देश दिए।

रऊआ से हाथ जोड़ी, जल्दी निकला हे सूरज देव

उदय होते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद चार दिन तक चले छठ महापर्व का विश्राम, लोगों ने दी एक-दूसरे को बधाई

संवाददाता उरई

अमृतविचार। चार दिवसीय छठ पूजा के अंतिम दिन शुक्रवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर बिहारी व पूर्वांचल के लोगों ने छठ पर्व मनाया। रामकुंड पर सैकड़ों की संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने उत्साह व आस्था के साथ सूर्य को अर्घ्य दिया। अर्घ्य देते वक्त बच्चे आतिशबाजी छुड़ाकर डांस करते रहे।

महिलाओं ने छठ संबंधित गीत भोर भयो छठ मइया, जागा हो जागो जागो। भाग्य जगा दो, दुख संताप मिटा दो। रऊआ से हाथ जोड़ी, जल्दी निकला हे सूरज देव। उगा हो सूरज देव, भइला अरग के बेर। केला फरेला धवद से, सुग्गा मंडराय, चल चल सखी छठ मइया के केर पुजनवा, चल चस सखीया हो लेले कशईली पानवा, जैसे गीत गाए।

चार दिवसीय छठ पूजा का शुक्रवार को आखिरी दिन था। सुबह चार बजे से ही बड़ी संख्या में बिहारी एवं पूर्वांचल के लोग छठ पूजा करने के लिए रामकुंड पर पूजा सामग्री, बांस की बनी टोकरी, सूप, हल्दी, अदरक, नीबू, ईख, मूली, गाय का दूध, सुपारी, पान का पत्ता, केला, नारियल, सेब, अनार, अमरूद, सिंघाड़ा, शरीफा, मुसम्मी आदि लेकर पहुंच गए और सूर्योदय का इंतजार करने लगी। जैसे ही लालिमा लिए सूर्य देव के दर्शन हुए तो सभी के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। महिलाओं ने प्रार्थना की कि हे सूर्यदेव आप ऐसे ही पूरे जगत को प्रकाशमान करते रहें। परिवार के सभी बड़े बुजुर्गों व बच्चों को खुशहाल बनाए रखें। इसके बाद सभी ने एक दूसरे को प्रणाम कर प्रसाद ग्रहण किया।

समाजसेवी बिहारी नागेन्द्र गुप्ता बताते है कि छठ पूजा के लिए शुद्ध मन व वचन का होना जरूरी है। इसमें किसी प्रतिमा या मंदिर की आवश्यकता नहीं होती है। बल्कि प्रकृति, सूर्य, भूमि व जल की पूजा होती है। प्रकृति से सभी के स्वस्थ व समृद्धि की कामना की जाती है। समाजसेवी बिहारी धर्मेन्द्र फल वालों ने बताया कि कार्तिक मास की छठी को मनाया जाने वाला यह पर्व समाज को एकजुट होने की प्रेरणा देता है। आज सूर्य पूजा के बाद यह व्रत समाप्त हो गया।

इस दौरान निखिल गुप्ता, राहुल गुप्ता, राहुल साहू, प्रिंस गुप्ता, ब्रजकिशोर साहू, सुरेश गुप्ता, राजेंद्र साहू, विवेक गुप्ता ,रवि गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, अमन, सुमन, श्वेता, हर्षिता, मनीषा, डिंपल, आराधना, मीना, दीनानाथ, नित्यप्रकाश, तारकेश्वर, मुन्नी, मंजू, कंचन, हेमंत, इंदु, सीमा, शिवकुमार, सुधाकर, शैलेंद्र, हरिओम, वेदप्रकाश, अंकित, शिवकुमार, सुशील आदि रहे।

पूजन करती महिलाएं, पूजन के बाद ग्रुप में फोटो खिंचाती महिलाएं। अमृत विचार

भंडारे का हुआ आयोजन

- छठ पूजा के आखिरी दिन रामकुंड पहुंचे। जहां पर पूजा अर्चना के साथ साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें समाजसेवी विवेक गुप्ता छोले भटूरे वालो की तरफ से भंडारे में खीर का वितरण किया गया।

दूसरों को सुखी रखने की इच्छा को कहते हैं लीला

संवाददाता जालौन

- कृष्ण की बाल लीलाओं का किया गया वर्णन

अमृत विचार। गूढ़ स्थित शनिधाम पर भागवत कथा के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। भागवत कथा में कथा व्यास हर्षिता किशोरी ने कहा कि लीला और क्रिया में अंतर होती है। अभिमान और सुखी रहने की इच्छा क्रिया कहलाती है। जबकि दूसरों को सुखी रखने की इच्छा को लीला कहते हैं। प्रभु श्रीकृष्ण ने यही लीला की, जिससे समस्त गोकुलवासी सुखी और संपन्न थे। उन्होंने कहा कि माखन चोरी करने का आशय मन की चोरी से है। कन्हैया ने भक्तों के मन की चोरी की।

उन्होंने तमाम बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए उपस्थित श्रोताओं को वात्सल्य प्रेम में सराबोर कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रभु कृष्ण के जन्म लेने पर कंस उनकी मृत्यु के लिए राज्य की सबसे बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है। राक्षसी पूतना भेष बदलकर प्रभु कृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है, परंतु प्रभु उसका वध कर देते हैं। इसी प्रकार कार्तिक माह में ब्रजवासी इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन कार्यक्रम की तैयारी करते हैं, परंतु प्रभु कृष्ण उनको इंद्र की पूजा करने से मना कर देते हैं और गोवर्धन की पूजा करने के लिए कहते हैं। यह बात सुनकर इंद्र नाराज हो जाते हैं और गोकुल को बहाने के लिए भारी वर्षा करते हैं। इसे देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं। भारी वर्षा को देखकर श्रीकृष्ण ने कनिष्ठ अंगुली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर सभी लोगों को उसके नीचे छिपा लेते हैं। प्रभु द्वारा गोवर्धन पर्वत को उठाकर लोगों को बचाने से इंद्र का घमंड चकनाचूर हो गया। मथुरा को कंस के आतंक से बचाने के लिए श्रीकृष्ण ने कंस का वध किया। यज्ञाचार्य पं. मिथलेश महाराज, पुजारी भरत तिवारी, चंद्रभान मिश्रा, मधु, रागिनी, मीनाक्षी, अनुपमा, सिमरन, देवकी आदि मौजूद रहे।

कर्ज से परेशान वर्कशॉप संचालक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

संवाददाता जालौन

अमृत विचार। आर्थिक तंगी व कर्जदारों से तंग आकर कार वर्कशॉप संचालक ने रस्सी का फंदा गले में डालकर खुदकुशी कर ली। इससे पूर्व उसने सुसाइड नोट भी लिखकर रखा। जिसमें उसने कर्जदाताओं के नाम भी लिखे हैं। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस सुसाइड नोट की भी जांच कर रही है।

जनपद कानपुर देहात के सिकंदरा निवासी निसार अली (45) हाल निवास मोहल्ला तोपखाना लगभग दो वर्ष पूर्व परिवार के साथ जालौन आ गए थे। वह अनस गेस्ट हाउस के पास किराए के मकान में रह रहे थे। साथ ही औरैया रोड पर चुंगी नंबर नंबर 4 के आगे एमए मोटर्स मल्टी ब्रांड वर्कशॉप खोला था। जहां वह कारीगरों से डेंटिंग पेंटिंग और अन्य कार्य कराते थे। लेकिन जैसी उम्मीद उन्हें वर्कशॉप के चलने की थी वैसा वह चला नहीं। जिसके चलते उन पर काफी कर्ज हो गया था। मोहल्ले के लोगों के अनुसार शुक्रवार की सुबह वह घर से नमाज पढ़ने के लिए निकले थे। नमाज पढ़कर वह सीधे वर्कशॉप चले गए। जहां उन्होंने रस्सी से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब काम के लिए कुछ लोग वर्कशॉप पर पहुंचे तो उनके शव को फांसी के फंदे पर लटका देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सीओ शैलेंद्र बाजपेई, कोतवाल वीरेंद्र पटेल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला।

यह लिखा सुसाइड नोट में : वह आर्थिक रूप से परेशान हैं। उन पर कर्जदारों का बोझ है। वर्कशॉप का काम नहीं चलने की वजह से वह कर्ज चुका नहीं पा रहे हैं और भविष्य में भी वर्कशॉप के चलने की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। ऐसे में उन्होंने लिखा कि उनके वर्कशॉप का सामान बेचकर कर्जदारों का कर्ज चुका दिया जाए। बाकी जो रुपये बचे तो वह उनके बच्चों को दे दिए जाएं।

पिता की डांट से क्षुब्ध होकर बेटा ट्रेन के आगे कूदा

उरई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शहपुरा रेलवे फाटक के पास युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कपासी निवासी मधुर पटेल 19 वर्ष पुत्र सत्यप्रकाश पटेल गुरुवार को दोस्तों के साथ गांव में सिगरेट पी रहा था। तभी सिगरेट पीता देख पिता ने उसको डांट दिया था। पिता की डांट से क्षुब्ध होकर वह गुरुवार की शाम को घर से निकल गया था। देर रात तक वह घर न पहुंचने पर परिजनों को उसकी चिन्ता हुई, जिस पर उन्होंने उसकी खोजबीन शुरू कर दी, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। तब परिवार के लोगों ने सूचना पुलिस को दी। शुक्रवार की सुबह घर के लोगों को सूचना मिली कि एक युवक का शव शहपुरा फाटक के पास पड़ा हुआ है। खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्होंने उसकी शिनाख्त अपने पुत्र के रूप में की।

प्रतियोगिता भारत विकास परिषद के तत्वावधान में आयोजित हुईं प्रतियोगिताएं

क्विज में जालौन बालिका कॉलेज की छात्राएं रहीं अव्वल

संवाददाता जालौन

अमृत विचार। भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन के तत्वावधान में भारत को जानो प्रतियोगिता के नगर स्तरीय क्विज प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में जालौन बालिका इंटर कालेज की बालिकाओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

सीनियर वर्ग में स्नेहा कुशवाहा व सान्या सिंह की टीम प्रथम, स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज के भास्कर द्विवेदी व स्नेहा कुशवाहा की टीम द्वितीय, मनमोहन सिंह व शिवम गौतम की एन एस टी पब्लिक स्कूल की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महाराणा प्रताप इन्टर कालेज में आयोजित प्रतियोगिता में समारोहक अरविंद श्रीवास्तव, संरक्षक सुनील गुप्ता, अनिल माहेश्वरी, उपाध्यक्ष जे पी मिश्रा, सचिव प्रेम कुमार गुप्ता कल्लू बजाज के संचालन में हुईं। उपरोक्त प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में नगर के विद्यालयों की 12 टीम ने प्रतिभाग किया।

जूनियर वर्ग में सतीश सिंह सेंगर, मंगल सिंह चौहान, अश्विनी द्विवेदी, संगीता, शालिनी गुप्ता, महेश बिलैया, पीयूष गुप्ता की देखरेख में प्रतियोगिता हुई। जिसमें एमएल कान्वेंट स्कूल की संस्कृति शुक्ला व सौम्या गुर्जर की टीम ने प्रथम, डी डी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रांशुल मिश्रा व तनिष्क गुर्जर की टीम द्वितीय, एनएसटी पब्लिक स्कूल के सामर्थ्य सिंह व देवांश दीक्षित तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में नगर की सोलह टीम ने प्रतिभाग किया। निवर्तमान अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने बताया कि दोनों वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम 12 नवंबर को होने वाली प्रान्तीय प्रतियोगिता में नगर का प्रतिनिधित्व करेंगी।

प्रमुख शाखा अध्यक्ष मृत्युंजय श्रीवास्तव, रामचंद्र दुबे व अन्य पदाधिकारियों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इसके पूर्व प्रमुख शाखा जालौन द्वारा विद्यालय स्तर पर आयोजित लिखित परीक्षा में नगर के एक हजार से अधिक छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए थे।

छात्रों को पुरस्कार वितरण करते अतिथि अमृत विचार

स्कूलों को गोद लेकर मॉडल बनाएं

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। उद्योग विभाग के अंतर्गत एमओयू के संबंध में इन्वेस्टर्स के साथ जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने जनपद के इन्वेस्टर्स से उनको प्रोजेक्ट के संबंध में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा उनके निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनपद के इन्वेस्टर्स को हर संभव मदद कर अधिक से अधिक निवेश को प्रोत्साहित किया जाए। ग्रीन एनर्जी के विकास के संबंध में अच्छा स्कोप है तथा यहां पर पर्याप्त मात्रा में भूमि भी उपलब्ध है। अतः ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट के लिए एनटीपीसी, ओएनजीसी आदि से पत्राचार किया जाए। इन्वेस्टर द्वारा अपने संबंधित प्रोजेक्ट के बारे में शीघ्र विस्तृत परियोजना रिपोर्ट/डीपीआर उपलब्ध कराए। कहा कि जनपद के स्कूलों को गोद लेकर उन्हें मॉडल के रूप में विकसित करें तथा स्कूलों को अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया जाए। जनपद में स्थापित विभिन्न प्रोजेक्ट में चोरी आदि की घटनाओं की जानकारी पर जिलाधिकारी ने पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर जीएमडीआईसी रवि वर्मा, परियोजना अधिकारी नेडा आरबी ओझा, पर्यटन सूचना अधिकारी डॉ.चित्रगुप्त मौजूद रहे।

इन्वेस्टर्स की बैठक लेते जिलाधिकारी घनश्याम मीना। अमृत विचार

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) : गेहूंदड़ा 2800-2850 आर.आर.21 2900-2950 गेहूंफारम 3050-3100 जौ 2300-2400 ज्वार 2000-2700 बाजरा 2300-2350 मकाई 2400-2500 **दलहन (प्रति क्वि.) :** चना 6600-6700 अरहर 7500-8000 मसूर 5500-5600 मटर 3300-3400 उड़दहरा 11500-12000 उड़दकाला 7500-8500 मूंग 7500-8000 **दाल (प्रति क्वि.) :** अरहरफूल 15100-15200 अरहरस्पेशल 11300-11400 चनादाल 8300-8400 मटरदाल 4100-4200 मसूरमलका 7150-7200 मसूरदाल 7350-7400 उड़ददाल 9000-13500 उड़द धोवा 10000-12500 मूंगदाल 8500-9700 मूंग धोवा 9500-11000 **चावल (प्रति क्वि.) :** अरवा 2800-4000 बासमती न01.10500-11000 सेला 3000-4000 बासमती न02. 7000-8000 **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) :** आटा 1600-1700 मैदा 1700-1770 सूजी 1730-1780 **चक्की आटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) :** शाहपसंद 1600-1630 **तिलहन (प्रति क्वि.) :** लाही 5700-5800 अलसी 4500-4600 अण्डी 4600-4700 तिल्ली 10500-11600 मूंगफलीदानाषिवपुरी 8500-11000 बटाली 8000-11000 सेहुआं 4000 - 4500 **तेल (प्रति क्वि.) :** सरसोंकोल्हू 14700-14800।

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	94,300
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	1,05000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	1,10,000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	79450
गिन्नी (प्रति नग)	59200-59400

बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट

मजबूती के बावजूद घरेलू बाजारों पर एफआईआई की निकासी का दबाव

मुंबई, एजेंसी

- सेंसेक्स 55 अंक और टूटा, निफ्टी 51.15 पर
- निवेशकों ने अपनाया सतर्कता भरा रुख

विदेशी कोषों की निकासी जारी रहने और रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक एवं भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) जैसे दिग्गज शेयरों में बिकवाली से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 55.47 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,486.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 424.42 अंक फिसलकर 79,117.37 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 51.15 अंक यानी 0.21 प्रतिशत गिरकर 24,148.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक और इंडसइंड बैंक के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। दूसरी तरफ महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, नेस्ले और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 4,888.77 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कंपनियों के तिमाही नतीजों से उपजी निराशा और एफआईआई की भारतीय बाजार से निकासी की वजह से निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया हुआ है। इससे बाजार में गिरावट का सिलसिला कायम रहा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने भी अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए ब्याज दर में कटौती का दौर जारी रखा है। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 1.52 प्रतिशत की गिरावट रही, जबकि मिडकैप में 1.18 प्रतिशत का नुकसान रहा। क्षेत्रवार सूचकांकों में रियल्टी खंड को 2.98 प्रतिशत और ऊर्जा खंड को 2.10 प्रतिशत की गिरावट का सामना करना पड़ा।

मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि शुरुआती कारोबार में काफी उतार-चढ़ाव से गुजरने के बाद बाजार एक दायरे में रहे और चुनिंदा क्षेत्रों के शेयरों में बिकवाली की वजह से हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। वैश्विक स्तर पर मजबूती के बावजूद घरेलू बाजारों पर एफआईआई की निकासी का दबाव रहा।

स्विगी के आईपीओ को अंतिम दिन तक 3.59 गुना अभिदान

नई दिल्ली। ऑनलाइन ऑर्डर पर खाने के सामान की आपूर्ति करने वाली प्रमुख कंपनी स्विगी लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को अंतिम दिन तक 3.59 गुना अभिदान मिला है।

एनएसई के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, आरंभिक शेयर बिक्री में 16,01,09,703 शेयरों की पेशकश के मुकाबले 57,53,07,536 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के खंड को 6.02 गुना अभिदान मिला जबकि खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) के कोटा को 1.14 गुना अभिदान प्राप्त हुआ। गैर-संस्थागत निवेशकों के हिस्से को 41 प्रतिशत अभिदान मिला। स्विगी ने एंकर (बड़े) निवेशकों से 5,085 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

सैटकॉम स्पेक्ट्रम के मुद्दे पर ट्राई की खुली चर्चा में दोनों पक्ष अड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

- जियो और एयरटेल ने स्पेक्ट्रम की नीलामी में जाने की मांग दोहराई

एलन मस्क की अगुवाई वाली कंपनी स्टारलिंक ने कहा कि वह उपग्रह संचार (सैटकॉम) सेवाओं के मूल्य निर्धारण पर पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखती है उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवा का शुल्क बेहद कम रखने के आरोप गलत एवं दुर्भाग्यपूर्ण हैं।

दूरसंचार नियामक ट्राई ने सैटकॉम स्पेक्ट्रम के आवंटन के मुद्दे पर इस खुली चर्चा का आयोजन किया था। इसमें स्टारलिंक के साथ रिलायंस जियो और भारती एयरटेल के प्रतिनिधियों ने भी शिरकत की। इस दौरान स्टारलिंक जहां उपग्रह स्पेक्ट्रम का प्रशासनिक आवंटन किए जाने के पक्ष में डटी रही वहीं परंपरागत दूरसंचार सेवा प्रदाता जियो और एयरटेल ने इस स्पेक्ट्रम की नीलामी किए जाने की मांग दोहराई। जियो ने कहा कि वह प्रतिस्पर्धा से नहीं डरती है लेकिन समान सेवाओं के लिए समान नियम लागू होने चाहिए। जियो के अधिकारी रवि गांधी ने कहा हम एक बेहद प्रतिस्पर्धी बाजार में काम कर रहे हैं। हम प्रतिस्पर्धा से डरते नहीं हैं। लेकिन यहां मामला दूसरा है। असल में जो कंपनियां उपग्रह के जरिये दूरसंचार सेवाएं देना चाहती हैं, वे प्रतिस्पर्धा से डरती हैं, और इसीलिए वे इस तरह की सुरक्षा चाहती हैं। निदेशक परनिल ऊर्ध्वरेषे ने कहा कि भारतीय उपयोगकर्ता सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाएं चाहते हैं और उन्हें एक सस्ती, उच्च गुणवत्ता वाली सेवा देने वाला ऑपरेटर चुनने का अधिकार है। किसी भी देश के लिए स्टारलिंक की सेवाओं की कीमतें इसकी वेबसाइट पर आसानी से उपलब्ध हैं।

महाराष्ट्र में विस चुनाव के कारण 20 को बंद होगा एनएसई

नई दिल्ली। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने शुक्रवार को महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान को देखते हुए 20 नवंबर को कारोबारी अवकाश घोषित कर दिया है।

बीएसई सेंसेक्स भी जल्द ही इसकी घोषणा कर सकता है। उस दिन पूंजी बाजार और वायदा एवं विकल्प खंड में कोई कारोबार नहीं होगा। एनएसई ने कहा एक्सचेंज अधिसूचित करता है कि 20 नवंबर को महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों के कारण कारोबारी अवकाश रहेगा। उस दिन इक्विटी, डेरिवेटिव और एसएलबी खंड में भी कारोबार नहीं होगा।

चीन ने दी 840 अरब डॉलर के कर्ज पुनर्वित्त पैकेज को मंजूरी

बीजिंग, एजेंसी

- भारतीय अर्थव्यवस्था को मिलेगी रफ्तार, चुकेगा कर्ज

चीन ने अपनी अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के इरादे से शुक्रवार को छह लाख करोड़ युआन (839 अरब डॉलर) की ऋण वित्तपोषण योजना को मंजूरी दे दी। चीन की संसद 'नेशनल पीपल्स कांग्रेस' की वित्तीय और आर्थिक समिति के उपाध्यक्ष जू होंगकाई ने शुक्रवार को कहा कि यह योजना अगले तीन साल में लागू की जाएगी।

चीन सरकार के इस कदम से स्थानीय सरकारों को अपने भारी कर्ज बोझ के लिए वित्त जुटाने में मदद मिलने और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने का अनुमान है। वित्त मंत्री लैन फोआन ने कहा कि वर्ष 2023 के अंत तक स्थानीय सरकारों पर करीब 14.3 लाख करोड़ युआन (दो लाख करोड़ डॉलर) का छिपा हुआ कर्ज होने का अनुमान है। छिपे कर्ज का आशय ऐसे कर्ज से है जिसका सार्वजनिक खुलासा नहीं किया गया हो। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 से 2026 तक हर साल स्थानीय सरकारों को कर्ज निपटान के लिए दो-दो लाख करोड़ युआन दिए जाएंगे।

विस्तारा विलय से पहले एयर इंडिया ने प्रबंधन में किया कई फेरबदल

मुंबई। एयर इंडिया समूह ने शुक्रवार को विस्तारा के एयर इंडिया के साथ विलय से पहले वरिष्ठ प्रबंधन स्तर पर फेरबदल की घोषणा की।

इसके तहत, दोनों कंपनियों के विलय के लिए मुख्य एकीकरण अधिकारी की भूमिका भी संभाल रहे विस्तारा के सीईओ विनोद कन्नन बाद में भी इसी भूमिका में रहेंगे। बयान के अनुसार, कन्नन प्रबंधन समिति के सदस्य होंगे और सीधे एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन को रिपोर्ट करेंगे। विस्तारा, टाटा और सिंगापुर के बीच 51:49 प्रतिशत का संयुक्त उद्यम है।

आरसीईपी से बाहर निकलने का भारत का निर्णय सही : जीटीआरआई

नई दिल्ली, एजेंसी

- जीटीआरआई ने कहा- आरसीईपी में शामिल हो जाता भारत, तो स्थिति हो सकती थी खराब

भारत का व्यापार ब्लॉक क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) से बाहर निकलने का निर्णय रणनीतिक रूप से सही था क्योंकि देश का सबसे बड़ा व्यापार घाटा और विश्वास का मुद्दा चीन के साथ है। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने शुक्रवार को यह राय जताई है।

पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा 85 अरब डॉलर से अधिक रहा था। जीटीआरआई ने कहा यदि भारत आरसीईपी में शामिल हो जाता, तो स्थिति काफी खराब हो सकती थी, क्योंकि उसे चीन से शून्य-शुल्क आयात का सामना करना पड़ता, जिससे असंतुलन का खतरा बढ़ जाता। साल 2019 में भारत ने घोषणा की थी कि वह चीन समर्थित व्यापक मुक्त व्यापार समझौते क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी में शामिल नहीं होगा। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा आरसीईपी से बाहर निकलने का भारत का निर्णय रणनीतिक रूप से सही था, क्योंकि बाद के घटनाक्रमों ने संभावित आर्थिक असंतुलन पर उसकी चिंताओं को आधार दिया है, जो अन्य सदस्य देशों की तुलना में चीन के पक्ष में बढ़ता जा रहा है। यह टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि नीति आयोग के सीईओ बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम ने हाल ही में कहा था कि प्रशांत पारीय साझेदारी के लिए भारत को आरसीईपी और व्यापक और प्रगतिशील समझौते का हिस्सा होना चाहिए।

एक नजर

कीड़े युक्त खाद्य किट वितरित करने की जांच के आदेश दिए

तिरुवनंतपुरम। केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन ने शुक्रवार को वायनाड जिले के चूरलमाला-मुंडकई में भूस्खलन प्रभावित लोगों को मेप्पाडी ग्राम पंचायत द्वारा कीड़े-मकोड़े युक्त खाद्य किट वितरित करने की खबरों के मामले में सतर्कता जांच के आदेश दिए। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने खाद्य किट को लेकर मीडिया की खबरों के आधार पर जांच के आदेश दिए हैं। विजयन ने कहा कि रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत की जानी चाहिए। विज्ञप्ति में कहा गया है कि घटना के बारे में मुख्य सचिव द्वारा मुख्यमंत्री को दिए गए नोट के बाद जांच का आदेश दिया गया। वायनाड जिले के चूरलमाला-मुंडकई में भूस्खलन प्रभावित लोगों ने आरोप लगाया कि उन्हें मेप्पाडी ग्राम पंचायत द्वारा कीड़े युक्त खाद्य किट दिए गए।

छत्तीसगढ़: सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में शुक्रवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि मुठभेड़ की यह घटना जिले के उसूर-बासागुड़ा-पामेड़-तर्रेम क्षेत्र के रेखापल्ली- कोमठपल्ली के जंगल की है। सुंदरराज ने बताया कि जिले के क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कोबरा बटालियन के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया।

टेलीविजन अभिनेता ने मुंबई में आत्महत्या की

मुंबई। एक टेलीविजन अभिनेता ने यहां पश्चिमी उपनगर गोरेगांव स्थित अपने घर में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि अभिनेता नितिन कुमार सत्यपाल सिंह बुधवार को यशोधम इलाके में अपने अपार्टमेंट में पंखे से लटके पाए गए। उन्होंने बताया कि सिंह पिछले कुछ वर्षों से अवसाद से पीड़ित थे क्योंकि उन्हें टेलीविजन और फिल्मों में काम नहीं मिल रहा था।

राष्ट्रीय

जरूरतमंदों की सेवा से बड़ा कोई एहसास नहीं

10 नवंबर को हो जाएंगे रिटायर, अपने अंतिम कार्य दिवस पर भावुक हुए न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़

नई दिल्ली, एजेंसी

- शुक्रवार को बार के सदस्यों को संबोधित किया, मिच्छामि दुक्कड़म वाक्यांश का उपयोग किया

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने भारतीय न्यायपालिका के 50वें प्रमुख के रूप में शुक्रवार को अपने अंतिम कार्य दिवस पर कहा कि जरूरतमंदों और उन लोगों की सेवा करने से बड़ा कोई एहसास नहीं है, जिन्हें वह नहीं जानते थे या जिनसे कभी नहीं मिले थे। शुक्रवार को कोर्ट में वे अपनी आखिरी बात बोलकर विदा हुए। उन्होंने कहा कि कोर्ट में कभी मुझसे किसी का दिल दुखा हो तो उसके लिए मुझे क्षमा कर दें। मिच्छामि दुक्कड़म, क्योंकि कोर्ट में मेरी ऐसी कोई भावना नहीं रही। उन्होंने मिच्छामि दुक्कड़म वाक्यांश का उपयोग किया। इसका अर्थ है, जो भी बुरा किया गया है वह व्यर्थ हो जाए। यह एक प्राचीन भारतीय प्राकृत भाषा का वाक्यांश है। इसका संस्कृत में अनुवाद है मिथ्या मे दुष्कृतम्.।

प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने चार न्यायाधीशों की रस्मी पीठ की अध्यक्षता की। यह पीठ न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ को विदाई देने के लिए बैठी थी। प्रधान न्यायाधीश ने न केवल अपने कार्य बल्कि देश की सेवा करने का मौका मिलने के लिए भी संतुष्टि व्यक्त की। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ नौ नवंबर, 2022 को प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किये गए थे। वह 10 नवंबर (रविवार) को पदमुक्त हो जायेंगे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने इस मौके पर कहा कि आपने मुझसे पूछा कि मुझे कौन सी बात आगे बढ़ाती है, तो यह अदालत ही है जिसने मुझे आगे बढ़ाया है। क्योंकि ऐसा एक भी दिन नहीं है जब आपको यह लगा कि आपने कुछ नहीं सीखा है या आपको समाज की सेवा करने का मौका नहीं मिला है। भावुक प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि जरूरतमंदों और उन लोगों की सेवा करने से बड़ा कोई एहसास नहीं है, जिनसे आप कभी नहीं मिल पाएंगे, जिन्हें आप संभवतः जानते भी नहीं हैं। अपने संबोधन में प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने एक युवा विधि छात्र के रूप में न्यायालय की अंतिम पंक्ति में बैठने से लेकर शीर्ष न्यायालय के गलियारों तक के अपने सफर के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा इस न्यायालय के महान लोगों की प्रभावशाली मौजूदगी और इस पद पर बैठने के साथ आने वाली जिम्मेदारी से अवगत था। लेकिन दिन के अंत में यह किसी व्यक्ति के बारे में नहीं है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) चंद्रचूड़ एक विदाई समारोह के दौरान मनोनीत सीजेआई न्यायमूर्ति संजीव खन्ना के साथ।

97 साल के हुए आडवाणी कई नेताओं ने दी बधाई

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी ने आडवाणी को बधाई दी और उनके लंबे व स्वस्थ जीवन की कामना की

केंद्र के साथ ही कई राज्यों में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को गढने में अहम भूमिका निभाने वाले पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी शुक्रवार को 97 वर्ष के हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित केंद्रीय मंत्रिमंडल के कई सदस्यों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और भाजपा के संगठन विस्तार में उनके योगदान को याद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत रत्न से सम्मानित आडवाणी को जन्मदिन की बधाई दी और उनके लंबे व स्वस्थ जीवन की कामना की।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लालकृष्ण आडवाणी जी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। यह वर्ष और भी खास है क्योंकि इसी साल उन्हें राष्ट्र के उत्कृष्ट सेवा के लिए भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा, भारत के सबसे प्रशंसित राजनेताओं में से एक आडवाणी ने देश के विकास को आगे बढ़ाने के लिए खुद को समर्पित किया।

राहुल गांधी दिशाहीन मिसाइल की तरह सोनिया उन्हें प्रशिक्षित करें : हिमंत

रांची, एजेंसी

- चुनाव सह-प्रभारी ने कहा कि झारखंड में जनजातीय समुदायों पर गंभीर खतरा

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला करते हुए शुक्रवार को उनकी तुलना दिशाहीन मिसाइल से की और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से उन्हें प्रशिक्षित करने का अनुरोध किया। झारखंड के लिए भाजपा के चुनाव सह-प्रभारी शर्मा ने कहा कि मणिपुर की तुलना में झारखंड में जनजातीय समुदायों पर गंभीर खतरा है।

शर्मा ने कहा, मैं सोनिया गांधी से राहुल गांधी को प्रशिक्षित करने का आग्रह करता हूं क्योंकि एक अनियंत्रित मिसाइल दिशाहीन हो जाती है। उन्होंने राहुल पर जनजातीय समुदायों, दलितों और अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) को विभाजित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मणिपुर में जनजातीय आबादी बढ़ रही है जबकि झारखंड में बड़े पैमाने पर घुसपैठ के कारण यह कम हो रही है। उन्होंने कहा, झारखंड में जनजातीय समुदायों की हालत मणिपुर से बदतर है...राहुल गांधी ने भोगनाडीह और गैबाथन जैसे घुसपैठ प्रभावित इलाकों का कभी दौरा नहीं किया। शर्मा ने कहा, राहुल गांधी को कोई गंभीरता से नहीं लेता...हमारा चुनावी एजेंडा झारखंड में झामुमो (झारखंड मुक्ति मोर्चा) के नेतृत्व वाले गठबंधन द्वारा 'माटी, बेटी, रोटी' के शोषण पर केंद्रित है।

जम्मू में भूमि घोटाले का पर्दाफाश किया

जम्मू। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जम्मू जिले में करोड़ों रुपये के भूमि घोटाले का पर्दाफाश कर कई राजस्व अधिकारियों, भूमि हड़पने वालों और उनके सहयोगियों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एसीबी के प्रवक्ता ने कहा कि इस हालिया सफलता से राजस्व अधिकारियों और भू-माफियाओं के बीच एक नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ जो असरवान क्षेत्र में भू-माफिया द्वारा अवैध रूप से जब्त की गई 40 कनाल कस्टोडियन भूमि के घोटाले में शामिल है।

भारतीय जनता पार्टी संविधान को फाड़कर फेंकना चाहती है: राहुल

रांची, एजेंसी



- लोकसभा में विपक्ष के नेता ने लोहरदगा और सिमडेगा में चुनावी सभा को संबोधित किया

झारखंड के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर लोहरदगा और सिमडेगा में चुनावी सभा को संबोधित किया। गांधी ने भाजपा के खिलाफ जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान को फाड़कर फेंकना चाहती है। गांधी ने आज लोहरदगा की विशाल चुनावी जनसभा में कहा कि झारखंड प्रदेश जल, जंगल और जमीन की लड़ाई लड़ने से बना। खासकर आदिवासियों ने जब कहा कि यहां के जंगल, खनिज से होने वाला लाभ हमें मिलना चाहिए तब जाकर ये राज्य बना। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान को फाड़ कर फेंकना चाहती हैं लेकिन हम इसे बचाना चाहते हैं। इस मौके पर उन्होंने पांच गारंटी भी दी। गांधी ने कहा कि भाजपा के लोग आपको वनवासी कहते हैं लेकिन संविधान में आपके लिए आदिवासी शब्द का प्रयोग किया गया है आदिवासी ही इस देश के पहले मालिक है। वनवासी का मतलब होता है कि जंगल में रहने वाले लोग। यानी कि हिंदुस्तान को चलाने में आपका अधिकार नहीं होगा।

अनमोल की फोन रिकॉर्डिंग की जांच करेगी पुलिस

मुंबई, एजेंसी

बाबा सिद्धीकी हत्या

पुलिस अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर हुई गोलीबारी की घटना में आरोपी के साथ गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल की बातचीत के ऑडियो क्लिप की जांच करेगी, ताकि बाबा सिद्धीकी हत्या मामले में लॉरेंस की संलिप्तता की पुष्टि की जा सके। विशेष मकोका अदालत ने मंगलवार को पुलिस की याचिका स्वीकार करते हुए फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला निदेशालय को बिश्नोई और गोलीबारी मामले में गिरफ्तार कथित शूटर विक्की गुप्ता के बीच कॉल की ऑडियो क्लिप उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पुलिस ने न्यायाधीश बी डी शेल्के के समक्ष दलील दी थी कि उन्हें बाबा सिद्दीकी की हत्या में अनमोल की संलिप्तता के बारे में पता लगाने के लिए बातचीत की सॉफ्ट कॉपी की जरूरत है।

चुनाव आयोग के उड़नदस्तों ने मुंबई में सात करोड़ जब्त किए

मुंबई। चुनाव आयोग के उड़नदस्तों और पुलिस टीमों ने पिछले दो दिनों में मुंबई महानगर क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से चार घटनाओं में 7.3 करोड़ रुपये और प्रेशर कुकर से भरा एक वाहन जब्त किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में भारी पुलिस बंदोबस्त तैनात किया गया है और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न चेक-पोस्ट बनाए गए हैं।

भाजपा सदस्यों के विरोध के कारण हंगामा

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विपक्षी विधायकों को बाहर निकालते मार्शल।

जम्मू कश्मीर विधानसभा में शुक्रवार को तीसरे दिन भी तब हंगामा हुआ जब भाजपा सदस्यों ने विशेष दर्जे के प्रस्ताव का विरोध किया। इसके चलते अध्यक्ष को 12 विपक्षी विधायकों और लंगेट से विधायक शेख खुर्शीद को बाहर निकालना पड़ा। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायकों ने पाकिस्तानी एजेंडा नहीं चलेगा जैसे नारे लगाए।

भाजपा विधायक आसन के समक्ष भी आ गए जिसके बाद अध्यक्ष अब्दुल रहीम राठेर ने निर्देश दिया कि उन्हें बाहर निकाल दिया जाए। उन्हें बाहर निकाले जाने के तुरंत बाद 11 अन्य भाजपा विधायकों ने विरोध स्वरूप सदन से बहिर्गमन किया। सदन में पिछले दो दिन से हंगामा हो रहा है क्योंकि भाजपा विधायक प्रस्ताव पारित होने का विरोध कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने मंगलवार को प्रस्ताव पेश किया था जिसमें कहा गया था, यह विधानसभा विशेष दर्जे और संवैधानिक गारंटियों के महत्व की पुष्टि करती है, जिसने जम्मू और कश्मीर के लोगों की पहचान, संस्कृति एवं अधिकारों की रक्षा की तथा इन्हें एकतरफा ढंग से हटाए जाने पर चिंता व्यक्त करती है।

ट्रेनिंग के लिए द. अफ्रीका जाएंगे नीरज

नई दिल्ली, एजेंसी

स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा अगले साल होने वाली प्रतियोगिताओं की शुरुआती तैयारी शुरू करने की मुहिम में सत्र के इतर ट्रेनिंग के लिए इस महीने के अंत में दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम जाएंगे। ओलंपिक में दो बार के पदक विजेता 26 वर्षीय नीरज अंतिम बार सितंबर में डायमंड लीग फाइनल में खेले थे। वह दक्षिण अफ्रीका के इस शहर में ट्रेनिंग के लिए 31 दिन रहेंगे। चोपड़ा की ट्रेनिंग का खर्चा खेल मंत्रालय उठाएगा।

मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा वह अपनी ट्रेनिंग जल्दी शुरू करेंगे और 31 दिन के लिए पोटचेफस्ट्रूम में रहेंगे।

- खेल मंत्रालय उठाएगा चोपड़ा की ट्रेनिंग का खर्चा, 31 दिनों तक पोटचेफस्ट्रूम में करेंगे ट्रेनिंग

इसके अनुसार नीरज की ट्रेनिंग का खर्च खेल मंत्रालय उठाएगा जिसमें उनके और उनके फिजियोथेरेपिस्ट के दक्षिण अफ्रीका में रहने के दौरान रहने, खाने-पीने और ट्रेनिंग का खर्च शामिल होगा। चोपड़ा ने पहले भी तोक्यो और पेरिस ओलंपिक से पहले कई बार पोटचेफस्ट्रूम में ट्रेनिंग की है। उन्होंने जनवरी 2020 में भी वहां एक प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था जो दुनिया भर में कोविड-19 महामारी फैलने से ठीक पहले हुई थी। चोपड़ा पूरे वर्ष जांघ की मांसपेशियों की परेशानी से जूझते रहे जिससे पेरिस ओलंपिक और डायमंड लीग फाइनल में उनका प्रदर्शन भी प्रभावित हुआ। उन्होंने सत्र के अंत में डॉक्टरों से परामर्श लेने की बात कही थी ताकि वह इस समस्या से निजात पाने के लिए सर्जरी कराने या नहीं कराने पर फैसला ले सकें। लेकिन 27 सितंबर को पीटीआई से बात करते हुए चोपड़ा ने चोट की चिंताओं को खारिज कर दिया था और कहा था कि वह अपनी तकनीक सुधारने की कोशिश करेंगे।

खोई प्रतिष्ठा के लिए पुराना जोश जगाएं कोहली-रोहित : चैपल

मेलबर्न, एजेंसी

भारत के पूर्व मुख्य कोच ग्रेग चैपल ने कहा है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा को अगर अपनी खोई प्रतिष्ठा हासिल करनी है तो उन्हें अपने युवा दिनों के जोश और जुनून को फिर से जगाना होगा। भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ करारी हार खेलने के बाद अब ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है जहां पांच मैच की श्रृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी।

कोहली और रोहित इस महत्वपूर्ण श्रृंखला से पहले रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। चैपल ने सिडनी मार्निंग हेराल्ड में अपने कॉलम में सचिन तेंदुलकर के साथ 2005 में हुई बातचीत का जिक्र करते हुए उम्र बढ़ने के साथ खिलाड़ियों के सामने

- 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी पांच मैचों की श्रृंखला
- पूर्व कोच बोले- श्रृंखला दोनों दिग्गजों के लिए होगी अहम

आने वाली चुनौतियों के बारे में बताया है। तेंदुलकर ने चैपल के विचार जानने के लिए उनसे पूछा ग्रेग उम्र बढ़ने के साथ बल्लेबाजी करना मुश्किल क्यों हो जाता है जबकि उसे आसान होना चाहिए। चैपल ने लिखा है मैंने उनसे कहा कि उम्र बढ़ने के साथ पहले की तरह बल्लेबाजी करने के लिए मानसिक जरूरतें बढ़ जाती है। बल्लेबाजी करना मुश्किल हो जाता है क्योंकि आपको अहसास हो जाता है कि इस स्तर पर रन बनाना कितना मुश्किल हो जाता है तथा एकाग्रता बनाए रखना कितना कठिन हो जाता है जो कि सफल होने के लिए आवश्यक हैं।

चैपल ने कहा उम्र बढ़ने के साथ आपकी आंखों की रोशनी या रिफ्लेक्स कम नहीं होते बल्कि वह एकाग्रता है जिसे बरकरार रखना मुश्किल हो जाता है। जब आप युवा होते हैं तो आपके दिमाग की एकाग्रता रन बनाने पर होती है। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व दिग्गज ने कोहली, रोहित और ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को इस खेल के दिग्गज करार देते हुए कहा जब आप युवा होते हैं तो परिस्थितियों और मैच की स्थिति को लेकर चिंता नहीं करते। आपका ध्यान केवल रन बनाने पर लगा होता है।

एंकर की भूमिका निभा सकते हैं केएल राहुल और अभिमन्यु : उथप्पा

नई दिल्ली। पूर्व बल्लेबाज रोबिन उथप्पा का मानना है कि भारत को ऑस्ट्रेलिया के चुनौतीपूर्ण दौरे के दौरान लोकेश राहुल या अभिमन्यु ईश्वरन जैसे किसी खिलाड़ी की जरूरत होगी जो पारंपरिक शैली का क्रिकेट खेल सके और टेस्ट टीम में अनुभवी चेतेश्वर पुजारा के लिए जगह है। शॉट खेलने वाले खिलाड़ियों से भरे भारतीय बल्लेबाजी क्रम पर पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला से पहले सवाल उठने लगे हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-3 से शर्मनाक हार के बाद भारत पर बेहतर प्रदर्शन करने का दबाव बढ़ गया है। जियो सिनेमा और स्पोर्ट्स 18 के विशेषज्ञ उथप्पा ने मीडिया से ऑनलाइन बात करते हुए कहा हमें किसी रक्षात्मक खिलाड़ी की जरूरत है। कोई ऐसा खिलाड़ी जो पारंपरिक टेस्ट क्रिकेट खेल सके। अभी लोकेश राहुल और अभिमन्यु ईश्वरन ही ऐसे खिलाड़ी हैं जो यह भूमिका निभा सकते हैं। मुझे ऐसा कोई और खिलाड़ी नजर नहीं आता जो यह जिम्मेदारी ले सके। हर कोई सकारात्मक, आक्रामक तरीके से खेलना और तेज गति से रन बनाना पसंद करता है जिसमें शुभमन गिल जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं।

खेल डायरी

मेक्सिको के पूर्व कप्तान गार्डाडो ने की संन्यास की घोषणा

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको के पूर्व फुटबॉल कप्तान एंड्रेस गार्डाडो ने 19 साल के पेशेवर करियर के बाद लीगा एमएक्स सीजन के आखिर में संन्यास लेने की घोषणा की हैं। गार्डाडो ने गुरुवार को एक भावनात्मक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा मैं सीधे मुद्दे पर आता हूं। मैंने सीजन के आखिर में फुटबॉल से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैंने कुछ भी तय नहीं किया है। मैं चाहता था कि सब कुछ दिल और दिमाग से आए। मैं मेक्सिको में संन्यास लेने का अवसर देने के लिए लियोन के अध्यक्ष जीसस मार्टिनेज को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं उन सभी का शुक्रिया अदा करता हूं जिन्होंने इस खूबसूरत करियर का हिस्सा बनाया। उन्होंने कहा टीम के साथी, कोच, प्रशंसक का भी दिल से शुक्रिया।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को किया सम्मानित

मस्कट। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को यहां वैश्विक संचालन संस्था की कांग्रेस के दौरान अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के अध्यक्ष तैयब इकराम और फ्रांस हॉकी महासंघ की प्रमुख इसाबेल जोयून ने सम्मानित किया। भारतीय टीम को पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान यह प्रतिष्ठित पुरस्कार हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने ग्रहण किया। हॉकी इंडिया ने कहा हम इस सम्मान के लिए एफआईएच के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं जिसने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी के 100वें वर्ष को भारत के लिए और भी विशेष बना दिया है। भारतीय टीम ने इस साल अगस्त में स्पेन पर 2-1 की रोमांचक जीत के साथ 52 साल में पहली बार पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीता था।

राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप के शीर्ष दावेदारों में अमन

बेंगलुरू। पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सेहरावत छह से आठ दिसंबर तक यहां होने वाली सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाले स्टार खिलाड़ियों में शामिल होंगे। अमन के अलावा अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियन अंतिम पंघाल, 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता दीपक पूनिया, अंडर-23 विश्व चैंपियन रीतिका हुड्डा, ओलंपियन सोनम मलिक, राधिका, मनीषा भानवाला, बिपाशा, प्रिया, उदित, चिराग, सुनील कुमार और नरिंदर चीमा भी मैट पर उतरेंगे। यह प्रतियोगिता कोरमंगला इंडोर स्टेडियम में होगी और इस चैंपियनशिप में 25 संबद्ध राज्य सदस्य इकाइयों के अलावा रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) और सेना खेल संवर्धन बोर्ड (एसएसपीबी) के 1000 से अधिक प्रतिभागियों और अधिकारियों के भाग लेने की उम्मीद है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा भारतीय कुश्ती महासंघ को पहली बार कर्नाटक में सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप के आयोजन पर गर्व है। भारत के सभी शीर्ष पहलवान इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे और हम इस चैंपियनशिप को सफल बनाने के लिए कर्नाटक कुश्ती संघ के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्साहित हैं।

अल्जारी कप्तान के साथ बहस करने पर निलंबित

ब्रिजटाउन (बारबाडोस)। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण की सजावट को लेकर कप्तान शाई होप के साथ सार्वजनिक रूप से असहमति जताने पर दो मैचों के लिए निलंबित कर दिया है। वेस्टइंडीज ने बुधवार को खेला गया यह मैच आठ विकेट से जीतकर तीन मैचों की श्रृंखला अपने नाम की थी। इस मैच के दौरान जोसेफ ने क्षेत्ररक्षण को लेकर विरोध जताया था और वह कुछ समय के लिए मैदान छोड़कर बाहर चले गए थे। जोसेफ और होप के बीच चौथे ओवर से पहले लंबी बहस हुई। आलम यह था कि अंपायरों को खेल फिर से शुरू करने के लिए आग्रह करना पड़ा। ओवर के दौरान एक गेंद को ऑफ साइड पर खेले जाने के बाद जोसेफ ने होप पर गुस्सा भी उतारा। ओवर पूरा करने के बाद यह गेंदबाज मैदान से बाहर चला गया लेकिन कुछ देर बाद ही वापस लौट आया। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने बाद में बयान जारी करके कहा कि जोसेफ का व्यवहार उसके तय मानदंडों के अनुरूप नहीं था। बोर्ड के क्रिकेट निदेशक माइल्स बास्कोम्बे ने बयान ने कहा अल्जारी का व्यवहार क्रिकेट वेस्टइंडीज के तय मानदंडों के अनुरूप नहीं था। जोसेफ ने भी अपनी गलती स्वीकार करके कप्तान होप और क्रिकेट वेस्टइंडीज से माफी मांगी तथा सजा को स्वीकार किया।

संजू का शतक, भारत पहुंचा 200 पार

पहले टी-20 में सैमसन ने खेली 107 रन की शानदार पारी, द. अफ्रीका को दिया 203 का लक्ष्य

डरबन, एजेंसी

संजू सैमसन (107) और तिलक वर्मा (33) रनों की शानदार पारियों की बदौलत भारत ने शुक्रवार को पहले टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 203 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मारक्रम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है।

बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ही में अभिषेक शर्मा (सात) का विकेट गवां दिया। अभिषेक को गेराल्ड कोएट्जी ने मारक्रम के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान सूर्यकुमार यादव ने संजू सैमसन के साथ तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 66 रन जोड़े। नौवें ओवर में पैट्रिक क्रूगर ने सूर्यकुमार यादव को आउट कर पवेलियन भेज दिया। सूर्यकुमार यादव ने 17 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुये (21) रन बनाए। इसके बाद तिलक वर्मा ने सैमसन के साथ तीसरे विकेट

विकेट लेने के बाद जश्न मनाती दक्षिण अफ्रीका की टीम। ● एजेंसी

लिए 77 रनों की साझेदारी की। 15वें ओवर में तिलक वर्मा आउट हुए। उन्होंने 18 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (33) रन बनाए।

संजू सैमसन ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 50 गेंदों में सात चौके और 10 छक्के लगाते हुये (107) रनों की पारी खेली। उन्हें 16वें ओवर में एन पीटर ने आउट किया। इसके बाद कोई भारतीय बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सका। हार्दिक पंड्या दो रन बनाकर आउट हुये। रिंकू सिंह (11) और अक्षर पटेल (सात) रन बनाकर आउट हुए। 20वें ओवर में यानसन ने अर्शदीप सिंह (चार) को बोल्ड आउट किया लेकिन यह गेंद नो बाल थी। मैच की आखिरी गेंद पर रवि बिश्नोई (एक) रनआउट हुए। अर्शदीप सिंह पांच रन बनाकर नाबाद रहे।

भारत ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 202 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। दक्षिण अफ्रीका के लिए गेराल्ड कोएत्जी ने तीन विकेट लिये। मार्को यानसन, केशव महाराज, एन पीटर और पैट्रिक क्रूगर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

स्कोर बोर्ड

भारत	202/8 (20 ओवर)		
	रन	गेंद	4/6
संजू सैमसन कैच स्टब्स बो पीटर	107	50	7/10
अभिषेक कैच मारक्रम बो कोएट्जी	7	8	1/0
सूर्यकुमार कैच सिमेलाने बो क्रूगर	21	17	2/1
तिलक वर्मा कैच यानसन बो महाराज	33	18	3/2
हार्दिक कैच यानसन बो कोएट्जी	2	6	0/0
रिंकू सिंह कैच क्लासेन बो कोएट्जी	11	10	2/0
अक्षर पटेल कैच स्टब्स बो यानसन	7	7	1/0
अर्शदीप सिंह नाबाद	5	4	1/0
रवि रन आउट (क्लासेन/यानसन)	1	3	0/0

विकेट पतन : 1- गेंदबाजी : यानसन 4-0-24-1, मारक्रम 1-0-10-0, महाराज 4-0-34-1, कोएट्जी 4-0-37-3, पीटर 3-0-35-1, क्रूगर 2-0-35-1, सिमेलाने 2-0-27-0

पाकिस्तान ने वनडे में ऑस्ट्रेलिया को हराया

- रऊफ ने झटके पांच विकेट और अयूब की 82 रनों पारी की पारी से मिली बड़ी जीत

<< जीत के बाद एक दूसरे को बधाई देते पाकिस्तान के खिलाड़ी।

एडिलेड। तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने 29 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि सलामी बल्लेबाज सईम अयूब ने 82 रन की आकर्षक पारी खेली जिससे पाकिस्तान ने दूसरे एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला बराबर की।

रउफ की अच्छी लेंथ और गति से कराई गई गेंदों के सामने ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज संघर्ष करते हुए नजर आए और उसकी पूरी टीम 35 ओवर में 163 रन पर आउट हो गई। इसके बाद बाएं हाथ के बल्लेबाज अयूब ने अपना जलवा दिखाया। उन्होंने अपनी पारी में छह छक्के और पांच चौके लगाए, जिससे पाकिस्तान ने 26.3 ओवर में एक विकेट पर 169 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। पूर्व कप्तान बाबर आजम (नाबाद 15), सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक 64 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अयूब के साथ पहले विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी की। श्रृंखला का तीसरा और निर्णायक मैच रविवार को पर्थ में खेला जाएगा।

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने एक साल बाद पहली जीत दर्ज की

मैनचेस्टर (इंग्लैंड), एजेंसी

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने अमाद डायलो के दो गोल की मदद से यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में पीएओके को 2-0 से हराया जो उसकी किसी यूरोपीय प्रतियोगिता में पिछले एक साल से भी अधिक समय में पहली जीत है। अमाद डायलो ने दोनों गोल दूसरे हाफ में किये जिससे यूनाइटेड की प्रतियोगिता में आगे बढ़ने की उम्मीदों को मजबूती मिली।

यूनाइटेड ने इससे पहले किसी यूरोपीय प्रतियोगिता में अपनी आखिरी जीत पिछले साल 24 अक्टूबर को चैंपियंस लीग में कोपेनहेगन के खिलाफ दर्ज की थी। इस बीच

टोटेनहम का प्रतियोगिता में विजय अभियान गैलाटसराय से 3-2 की हार के साथ समाप्त हो गया। पेड्रो रोड्रिग्ज के इंजुरी टाइम में किए गए गोल की मदद से लाजियो ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए पोर्टो पर 2-1 से जीत हासिल की। लाजियो ने अभी तक अपने चारों मैच जीते हैं। ऐसा करने वाली वह एकमात्र टीम है।

गॉफ को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची क्रेजिकोवा

डब्ल्यूटीए फाइनल

रियाद, एजेंसी

चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिकोवा ने डब्ल्यूटीए फाइनल में अमेरिकी कोको गॉफ को सीधे सेटों में हराकर एकल ऑरेंज ग्रुप की विजेता के रूप में सेमीफाइनल में जगह बना ली।

गुरुवार को खेले गए मुकाबले में क्रेजिकोवा ने गॉफ की सर्विस को तोड़कर पहला सेट 7-5 से अपने नाम किया। वहीं दूसरे सेट में क्रेजिकोवा ने ब्रेक के बाद 6-4 से जीत के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया। अब क्रेजिकोवा का सेमीफाइनल में मुकाबला चीन की झेंग किनवेन से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में, शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका का

सामना अमेरिका की गॉफ से होगा। युगल सेमीफाइनल में निकोल मेलिचर-मार्टिनेज और एलेन पेरेज का सामना गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और एरिन रूटलिफ से होगा। मैच के बाद क्रेजिकोवा ने कहा निश्चित रूप से यह मेरे लिए एक बड़ी जीत है। मैं अपने खेल और अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। यह वास्तव में एक बड़ा मैच था।

बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी को एटीपी फाइनल्स में मिली छठी वरीयता

तूरिन (इटली)। भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन को साल के अंत में होने वाले एटीपी फाइनल्स में छठी वरीयता दी गई है जिसमें यह जोड़ी अपना अभियान सोमवार को इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावासोर की चौथी वरीय जोड़ी के खिलाफ मुकाबले से शुरू करेगी। शीर्ष आठ एकल खिलाड़ी और शीर्ष आठ युगल जोड़ियां साल के अंत में होने वाले फाइनल्स में हिस्सा लेंगी जिससे सत्र का समापन होगा। टूर्नामेंट 11 से 17 नवंबर तक खेला जायेगा। बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी को बॉब ब्रायन ग्रुप में रखा गया है जिसमें अन्य दो जोड़ियां जर्मनी के केविन क्राविट्ज और

टिम पुएट्ज तथा क्रोएशिया के मार्सेलो अरेवालो और एल साल्वाडोर के माटे पाविच की हैं। टूर्नामेंट में दूसरे ग्रुप का नाम बॉब ब्रायन के जुड़वा भाई माइक ब्रायन के नाम पर है। अमेरिका के जुड़वां भाईयों की जोड़ी ने लंबे समय तक युगल सर्किट में दबदबा बनाये रखा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

बॉलीवुड हलचल

जय हनुमान में राणा की धमाकेदार एंट्री

मुंबई। माइथ्री मूवी मेकर्स की फिल्म जय हनुमान में दक्षिण भारतीय अभिनेता राणा दग्गुबाती की धमाकेदार एंट्री हो गई है। दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक प्रशांत वर्मा अपनी सुपहीरो फिल्म हनु-मैन का सीक्वल जय हनुमान बना रहे हैं। माइथ्री मूवी मेकर्स की फिल्म जय हनुमान की घोषणा से समय से ही लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। जय हनुमान में पौराणिक सुपरहीरो को जीवंत किया जाएगा। हाल ही में रिलीज किए गए ऋषभ शेट्टी के फर्स्ट लुक ने काफी चर्चा बटोरी। इस फिल्म में राणा दग्गुबाती भी शामिल हो गए हैं। राणा दग्गुबाती ने अपने सोशल मीडिया पर ऋषभ शेट्टी और निर्देशक प्रशांत वर्मा के साथ एक तस्वीर पोस्ट की है। उन्होंने इस तस्वीर के साथ कैप्शन लिखा जय जय हनुमान नवीन येरनेनी और वाई. रविशंकर द्वारा प्रोड्यूस की गई फिल्म जय हनुमान में हाई क्वालिटी और एक्सीलेंट टेक्निकल स्टैंडर्ड का प्रदर्शन देखने मिलने वाला है।

सिंघम अगेन ने की पहले सप्ताह में 170 करोड़ की कमाई

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन ने भारतीय बाजार में पहले सप्ताह में 170 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन, सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। सिंघम अगेन दीवाली के अवसर पर 1 नवंबर को रिलीज हुयी है। सिंघम अगेन में अजय देवगन, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर, टाइगर श्रॉफ, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, रवि किशन और जैकी श्राफ की अहम भूमिका है। सिंघम अगेन बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। इस मल्टीस्टारर फिल्म को दर्शकों से शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार 'सिंघम अगेन' ने भारत में ओपनिंग डे पर 43.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन फिल्म ने 42.5 करोड़, तीसरे दिन 35.75 करोड़ चौथे दिन 18 करोड़, पांचवे दिन 14 करोड़, छठे दिन 10.5

करोड़ और सातवें दिन 8.66 करोड़ रुपए की अनुमानित कमाई की है। इस तरह फिल्म ने अपने पहले सप्ताह में सात दिनों में भारत में 172 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। उम्मीद है कि सिंघम अगेन जल्द ही 200 करोड़ के क्लब में एंट्री ले लेगी।

कार्तिक की फिल्म भूल भुलैया 3 ने की 158 करोड़ से अधिक की कमाई

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 ने अपने पहले सप्ताह में भारतीय बाजार 158 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी फिल्म भूल भुलैया 3, भूल भुलैया फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। भूल भुलैया 3, दीवाली के अवसर पर 01 नवंबर को रिलीज हुयी है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी ने मुख्य भूमिका निभायी है। भूषण कुमार, कृष्ण कुमार ने अपने बैनर टी-सीरीज के तले मुराद खेतानी के साथ मिलकर फिल्म भूल भुलैया 3 को प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म दर्शकों के दिलों पर राज करने में कामयाब रही है। पहले दिन से ही फिल्म भूल भुलैया 3 अच्छी कमाई कर रही है। फिल्म में कॉमेडी के साथ दर्शकों को हॉरर का तड़का भी देखने को मिल रहा है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार भूल भुलैया 3 ने पहले दिन 35.5 करोड़, दूसरे दिन 37 करोड़, तीसरे दिन 33.5 करोड़, चौथे दिन 18 करोड़, पांचवे 14 करोड़, छठे दिन 10.75 करोड़ और सातवें दिन 9.31 करोड़ रुपए की अनुमानित कमाई की है। इस तरह फिल्म भूल भुलैया 3 ने अपने पहले सप्ताह में सात दिनों में भारत में 158 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है।

किरण कोरिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचे

इक्सान सिटी (कोरिया), एजेंसी

भारत के किरण जॉर्ज ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त ताकुमा ओबायाशी को सीधे गेम में हराकर कोरिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

विश्व रैंकिंग में 41वें स्थान पर काबिज इस 24 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने दुनिया के 34वें नंबर के खिलाड़ी ओबायाशी को केवल 39 मिनट में 21-14, 21-16 से हराकर बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 300 प्रतियोगिता में एक और उलटफेर भरी जीत दर्ज की। जॉर्ज शनिवार को सेमीफाइनल में थाईलैंड के शीर्ष वरीय और दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी कुनलावुत विटिडसार्न से भिड़ेंगे, जिन्होंने चीन के लियू लियांग के खिलाफ 21-15, 21-11 से जीत दर्ज की। भारतीय खिलाड़ी ने इससे

- जापान के ताकुमा ओबायाशी को जॉर्ज ने सीधे गेम में हराया

पहले प्री क्वार्टर फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे की ची यू जेन को हराया था। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले एकमात्र भारतीय शटलर जॉर्ज ने पूरे मैच में अच्छा खेल दिखाया। पहले गेम में उन्होंने शुरू से लेकर आखिर तक बढ़त बनाए रखी। पहले गेम में जब जॉर्ज ने 15-6 की बढ़त बना ली थी तब ओबायाशी ने वापसी की कोशिश की और स्कोर 12-16 कर दिया लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने लगातार चार अंक बनाकर अपने नाम किया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730*इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

पूर्वोत्तर ब्राज़ील में इमारत में विस्फोट से 3 की मौत

साओ पाउलो। ब्राजील के शहर मैसियो में एक आवासीय इमारत में विस्फोट में 10 वर्षीय बच्चे सहित कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। अग्निशमन विभाग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता की प्रारंभिक जानकारी से पता चला कि विस्फोट संभवत: मैसियो के सिडेड यूनिवर्सिटेरिया पड़ोस में एक अपार्टमेंट के सिस्टम से गैस रिसाव के कारण हुआ। विस्फोट से दो मंजिला इमारत नष्ट हो गई, जिसमें 20 अपार्टमेंट थे। शहर सरकार ने दुर्घटना से विस्थापित निवासियों के लिए होटल आवास की व्यवस्था की है।

सिडनी हवाई अड्डे पर विमान के इंजन में विस्फोट, आग

सिडनी। सिडनी हवाई अड्डे के रनवे के बगल में शुक्रवार दोपहर उड़ान भरते समय क्वांटास विमान के इंजन में कथित विस्फोट के बाद घास में आग लग गई। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया न्यूज कॉर्प की रिपोर्ट के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन एवं बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग ब्रिसबेन जाने वाली क्वांटास की उड़ान क्यूएफ520 के इंजन में विस्फोट के कारण लगी थी, जो स्थानीय समयानुसार गुरुवार दोपहर करीब एक बजे से ठीक पहले सिडनी से रवाना हुई थी। नाइन नेटवर्क टेलीविजन के अनुसार, विमान में 174 यात्री सवार थे। किसी को गंभीर चोट नहीं आई।

दक्षिणी मेक्सिको में लावारिस ट्रक में मिले 11 शव

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको ने दक्षिणी ग्युरेरो राज्य की राजधानी चिलपेंसिंगो में एक खाली पड़े पिकअप ट्रक के अंदर से दो नाबालिगों सहित 11 शवों को बरामद किया है। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। राज्य अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने एक बयान में कहा, बुधवार रात को मिली एक गुमनाम सूचना से अधिकारियों को शहर के पाराडोर डेल मार्केस इलाके में छोड़े गए नौ पुरुषों और दो महिलाओं के शव मिले। पीड़ितों की पहचान करने के लिए एक फोरेंसिक टीम को घटनास्थल पर भेजा गया और हत्याओं की जांच चल रही है।

नेपाल में सड़क दुर्घटना में चार की मौत, छह घायल

काठमांडू। नेपाल के चितवन जिले में शुक्रवार सुबह दो यात्री बसों की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई तथा छह अन्य घायल हो गए। जिला पुलिस के प्रवक्ता भेश राज रिजाल ने बताया कि दुर्घटना में यात्री बस और अन्य इलेक्ट्रिक बस की टक्कर हो गयी। सभी मृतक बस में सवार थे। एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों में से दो की हालत गंभीर है। गौरतलब है कि नेपाल में हर साल सैकड़ों लोग यातायात दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं।

लेबनान में छह मलेशियाई शांति सैनिक घायल

कुआलालंपुर। लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) के रूप में तैनात मलेशिया के शांति सैनिकों के छह सदस्य घायल हो गए हैं। मलेशियाई सशस्त्र सेना (एमएएफ) ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि यह घटना गुरुवार को स्थानीय समयानुसार अपराह्न करीब 01:54 बजे हुई, जब शांति सैनिक बेरूत से मरकाह कैंप की ओर जा रहे थे, तभी एक हमला पास के वाहन पर हुआ, जिसके टुकड़े मलेशियाई लोगों को ले जा रही बस में जा लगे।

पाकिस्तान: पांच आतंकवादी चार सुरक्षाकर्मियों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ के दौरान पांच आतंकवादी और चार सुरक्षाकर्मी मारे गये। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशन (आईएसपीआर) ने बयान में कहा कि सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ प्रांत के दक्षिणी जिला वजीरिस्तान में गुरुवार को हुई। गौरतलब है कि इलाके में आतंकवाद को खत्म करने के लिए निकासी अभियान चलाया जा रहा है।

भारत वैश्विक महाशक्तियों की सूची में शामिल होने का हकदार : पुतिन

मॉस्को, एजेंसी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि भारत वैश्विक महाशक्तियों की सूची में शामिल होने का हकदार है क्योंकि इसकी अर्थव्यवस्था वर्तमान में किसी भी अन्य देश की तुलना में तेजी से बढ़ रही है। सोचि में वल्दाई डिस्कशन क्लब के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए पुतिन ने बृहस्पतिवार को यह भी कहा कि भारत के साथ रूस सभी दिशाओं में संबंध विकसित कर रहा है और द्विपक्षीय संबंधों में एक-दूसरे पर दोनों देशों का गहरा विश्वास है।

उन्होंने कहा डेढ़ अरब की आबादी, दुनिया की सभी अर्थव्यवस्थाओं में

● कहा- भारत की अर्थव्यवस्था वर्तमान में किसी भी अन्य देश की तुलना में तेजी से बढ़ रही

सबसे तेज प्रगति, प्राचीन संस्कृति और भविष्य में विकास की बहुत अच्छी संभावनाओं की वजह से भारत को निःसंदेह महाशक्तियों की सूची में शामिल किया जाना चाहिए। भारत को महान देश बताते हुए पुतिन ने कहा, हम भारत के साथ सभी दिशाओं में संबंध विकसित कर रहे हैं। भारत एक महान देश है, अब जनसंख्या के मामले में सबसे बड़ा देश है जहां की आबादी 1.5 अरब है और साथ ही जहां हर साल आबादी में एक करोड़ की वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि भारत आर्थिक प्रगति में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। रूसी समाचार एजेंसी तास ने पुतिन के हवाले से कहा, हमारे संबंध कहाँ और किस गति से विकसित होंगे, इसका हमारा दृष्टिकोण आज की वास्तविकताओं पर आधारित है। हमारा सहयोग हर साल कई गुना बढ़ रहा है। पुतिन ने कहा कि सुरक्षा और रक्षा क्षेत्र में भारत तथा रूस के बीच संपर्क विकसित हो रहे हैं।

उत्तरी फिलीपींस में तूफान से बाढ़ आई और छतें उड़ीं

मनीला (फिलीपींस)। उत्तरी फिलीपींस में तूफान यिनशिंग शुक्रवार को शांत होने से पहले बाढ़ और भूस्खलन सहित काफी आपदाएं पीछे छोड़ गया। इसके कारण दो हवाई अड्डे क्षतिग्रस्त हो गए तथा हाल के सप्ताहों में आए लगातार तूफानों से उत्पन्न परेशानियां और बढ़ गईं। यिनशिंग के कारण किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है। यह इस वर्ष दक्षिण-पूर्व एशियाई द्वीपसमूह में आने वाला 13वां बड़ा तूफान है। सरकारी अनुमान के अनुसार यह तूफान आखिरी बार दक्षिण चीन सागर में उत्तरी फिलिपीन प्रांत इलोकोस नॉर्टे से लगभग 100 किलोमीटर पश्चिम में देखा गया था।

भाग्यशाली कार को दी समाधि

अमरेली (गुजरात), एजेंसी

गुजरात के अमरेली जिले में एक किसान परिवार ने अपनी भाग्यशाली कार का भव्य तरीके से समाधि समारोह आयोजित किया। गुरुवार को लाठी तालुका के पदारशिंगा गांव में संजय पोलारा और उनके परिवार द्वारा आयोजित समारोह में संतों, धार्मिक नेताओं सहित लगभग 1,500 लोग शामिल हुए। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर आया है, जिसमें पोलारा और उनका परिवार अपने खेत में अनुष्ठान करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यहां 12 साल पुरानी वैगन आर कार की समाधि के लिए 15 फुट गहरा गड्ढा खोदा गया था।

फूल-माला से सजी कार को बड़े धूमधाम से पोलारा के घर से उनके खेत तक ले जाया गया। ढलान से

● समारोह में संतों, धार्मिक नेताओं सहित 1,500 लोग शामिल हुए

धीरे-धीरे उतारकर उसे गड्ढे में रख दिया गया। वाहन को हरे कपड़े से ढक दिया गया। परिवार के सदस्यों ने पूजा-अर्चना की तथा पुजारियों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ गुलाब की पंखुड़ियां बरसाकर वाहन को नम आंखों से विदाई दी गयी। अंत में मिट्टी डालने और कार की समाधि के लिए उत्खनन मशीन का उपयोग किया गया। पोलारा का सूरत में निर्माण व्यवसाय है। पत्रकारों से पोलारा ने कहा, मैंने यह कार करीब 12 साल पहले खरीदी थी और इससे परिवार में समृद्धि आई। कारोबार में सफलता के अलावा मेरे परिवार को सम्मान भी मिला।

इजराइली फुटबॉल प्रशंसकों को बनाया निशाना, पांच लोग घायल

नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में फुटबॉल मैच के बाद हमला, 62 गिरफ्तार

एम्सटर्डम, एजेंसी

● पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हिंसा की अलग-अलग घटनाओं की जांच शुरू कर दी

● नीदरलैंड और इजराइल दोनों देशों के नेताओं ने हमले को यहूदी विरोधी करार देते हुए निंदा की

नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में फुटबॉल मैच के बाद यहूदी विरोधी दंगाइयों ने इजराइली समर्थकों पर हमला किया, जिसके बाद पांच लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि 62 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। एम्सटर्डम पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उसने हिंसा की अलग-अलग घटनाओं की जांच शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस ने गुरुवार रात हुई हिंसा में घायल हुए लोगों और हिरासत में लिए गए व्यक्तियों के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी। इससे पहले एम्सटर्डम की महानगरपालिका, पुलिस और अभियोजन कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि एजेक्स और मैकाबी तेल अवीव टीमों के बीच खेला गया यूरोपा लीग का मैच बहुत ही व्यवधानपूर्ण रहा, जिसमें मैकाबी के समर्थकों को निशाना बनाकर हिंसा की कई घटनाएं हुईं।

नीदरलैंड और इजराइल दोनों देशों

नीदरलैंड के एम्स्टर्डम में डैम चौराहे पर आग जलाते मैकाबी तेल अवीव समर्थक। ● एजेंसी

के नेताओं ने हमले को यहूदी विरोधी करार देते हुए निंदा की। इजराइल ने कहा कि वह प्रशंसकों को देश वापस लाने के लिए जहाज एम्सटर्डम भेज रहा है। हालांकि तत्काल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हिंसा मैच के बाद कब और कहां हुई।

एम्सटर्डम के बयानों में कहा गया है, शहर में कई जगहों पर समर्थकों पर हमले किये गये। पुलिस को कई बार हस्तक्षेप करना पड़ा, इजराइली समर्थकों को बचाकर होटलों तक ले जाया गया। शहर में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती के बावजूद, इजराइली समर्थकों पर हमला हुआ है। बयान में कहा गया है, इजराइली समर्थकों के प्रति हिंसा अस्वीकार्य है और इसका किसी भी तरह से बचाव नहीं किया जा सकता। अधिकारियों ने कहा कि आने वाले दिनों में अतिरिक्त पुलिसकर्मी शहर में गश्त करेंगे और शहर में यहूदी संस्थानों पर सुरक्षा बढ़ाई जाएगी। एम्स्टर्डम के मेयर फेम्के हल्सेमा ने फुटबॉल स्टेडियम के पास फलस्तीन समर्थक प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसके बावजूद हिंसा भड़क उठी।

तुर्की को उम्मीद ट्रम्प इजराइल को हथियार देना बंद कर देंगे

अंकारा। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इजराइल को हथियार देना बंद कर देंगे। एर्दोगन ने बुडापेस्ट से लौटते हुए विमान में संवाददाताओं से कहा, मैं कहूंगा कि ट्रम्प के लक्ष्य के लिए एक अच्छी शुरुआत इजराइल को हथियारों की आपूर्ति रोकनी होगी ताकि फिलिस्तीनी और लेबनानी क्षेत्रों में

इजराइल की आक्रामकता को रोका जा सके। इजराइल की विस्तारवादी महत्वाकांक्षाओं के समर्थन में कोई भी कदम क्षेत्र में तनाव बढ़ा सकता है और संघर्ष क्षेत्रों का विस्तार कर सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि क्षेत्र के बाहर के देशों को अपनी पश्चिम एशिया पर नीति बनाते समय इन सभी जोखिमों को ध्यान में रखना चाहिए। एर्दोगन ने कहा, ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने से पश्चिम एशिया में राजनीतिक और सैन्य संतुलन पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। क्षेत्र में शांति और स्थिरता स्थापित करने के उद्देश्य से उठाए गए सभी कदम वैश्विक शांति के निर्माण में लाभकारी होंगे।

जयशंकर की सिंगापुर के उपप्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

एक बैठक के दौरान भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम। ● एजेंसी

सिंगापुर, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को सिंगापुर के उपप्रधानमंत्री गान किम योंग तथा विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन से मुलाकात कर दोनों देशों की द्विपक्षीय साझेदारी को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों नेताओं की इस बातचीत में औद्योगिक पार्क, नवाचार और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया। जयशंकर दो देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में सिंगापुर पहुंचे हैं। इससे पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की यात्रा की थी।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, सिंगापुर के उपप्रधानमंत्री और व्यापार एवं उद्योग मंत्री गान किम योंग से मुलाकात कर सिंगापुर की अपनी यात्रा की शुरुआत की। औद्योगिक पार्क, हरित ऊर्जा, कौशल, नवाचार और सेमीकंडक्टर पर ध्यान केंद्रित करते हुए दोनों देशों के बीच समकालीन साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा, मुझे अपने अच्छे मित्र विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन से मिलकर हमेशा खुशी होती है। हमने अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी में प्रगति की सराहना की। क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर साझा दृष्टिकोण के बारे में भी चर्चा की।

अमेरिका-ईरान में हो सकता है राजनयिक समझौता

वाशिंगटन, एजेंसी

● ईरान को उम्मीद कि व्यापार संपर्कों पर ध्यान केंद्रित कर नुकसान की कर सकता है भरपाई

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के दौरान ईरान और अमेरिका एक राजनयिक समझौता कर सकते हैं। यह जानकारी द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने शुक्रवार को नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के कुछ पूर्व सहयोगियों के हवाले से दी। ईरान के एक राजनयिक के हवाले से कहा गया कि ईरान को उम्मीद है कि वह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) और अन्य गठबंधनों के माध्यम से अपने व्यापार संपर्कों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर नुकसान की भरपाई कर सकता है।

गुरुवार को, ब्रायन हुक, जो ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान अमेरिकी विदेश विभाग में ईरान के प्रति नीति के लिए जिम्मेदार थे, ने सीएनएन से कहा कि ट्रंप को ईरान के वर्तमान नेतृत्व को उखाड़ फेंकने में कोई दिलचस्पी नहीं है। हालांकि, हुक की राय में, ट्रम्प ईरान को कूटनीतिक रूप से अलग-थलग करने और देश को आर्थिक रूप से कमजोर करने की कोशिश करेंगे। ट्रम्प कथित रूप से ईरान के साथ संबंधों में अधिकतम दबाव नीति जारी रखेंगे। ट्रम्प ने 2018 में ईरान के खिलाफ अधिकतम दबाव अभियान की घोषणा की। इसमें परमाणु वार्ता में ईरान पर दबाव डालना और तेहरान के खिलाफ अमेरिकी प्रतिबंधों की वापसी शामिल थी। वर्ष 2015 में, ईरान, यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, चीन, रूस, अमेरिका और फ्रांस, साथ ही यूरोपीय संघ ने एक संयुक्त व्यापक योजना पर हस्ताक्षर किया था, जिसे ईरान परमाणु समझौते के रूप में भी जाना जाता है।

पारंपरिक हथियार नियंत्रण के प्रस्ताव के खिलाफ भारत

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने क्षेत्रीय और उपक्षेत्रीय स्तर पर पारंपरिक हथियार नियंत्रण विषय पर पाकिस्तान के प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया। संयुक्त राष्ट्र महासभा की प्रथम समिति में क्षेत्रीय और उपक्षेत्रीय स्तर पर पारंपरिक हथियार नियंत्रण पर पाकिस्तान और सीरिया के प्रस्ताव को रिकॉर्ड मत से पारित किया गया। प्रस्ताव के पक्ष में 179 सदस्यों ने मतदान किया, इजराइल ने मतदान में भाग नहीं लिया वहीं भारत इस प्रस्ताव के खिलाफ मतदान करने वाला एकमात्र देश रहा। संयुक्त राष्ट्र महासभा की प्रथम समिति निरस्त्रीकरण, वैश्विक चुनौतियों और शांति के लिए खतरों से जुड़े मामलों को देखती है। प्रस्ताव में क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को बढ़ावा देने में पारंपरिक हथियार नियंत्रण की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकारा गया।

विल्स को चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त किया

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को अपने चुनाव प्रचार अभियान की प्रबंधक सुजैन विल्स को व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय एवं आवास) की चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त किया। विल्स ये जिम्मेदारी संभालने के बाद अमेरिका के किसी भी राष्ट्रपति के प्रशासन में इस शक्तिशाली पद में आसीन होने वाली पहली महिला बन जाएंगी।

ट्रंप ने कहा, सुजैन (विल्स) अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए अथक प्रयास करती रहेंगी। अमेरिका के इतिहास में पहली महिला चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में सुजैन का होना सम्मान की बात है। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह हमारे देश को गौरवान्वित करेंगी। विल्स, 2024 में हुए राष्ट्रपति चुनाव के दौरान ट्रंप के सफल चुनाव प्रचार अभियान

● किसी भी राष्ट्रपति के प्रशासन में शक्तिशाली पद में आसीन होने वाली पहली महिला बन जाएंगी

की प्रबंधक थीं। ट्रंप ने कहा, सूसी (सुजैन) विल्स ने मुझे अमेरिकी इतिहास की सबसे बड़ी राजनीतिक जीत हासिल करने में मदद की और वह मेरे 2016 तथा 2020 में हुए चुनाव प्रचार के सफल अभियानों का एक अभिन्न हिस्सा रही हैं। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने कहा, सूसी बुद्धिमान, कड़े निर्णय लेने वाली, नयी सोच की महिला हैं और उन्हें हर कोई पसंद करता है तथा उनका सम्मान करता है।

भारत से संबंध मजबूत करने पर गर्व : मिलर

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन को भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने पर गर्व है। एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से कहा, मैं कहूंगा कि भारत के साथ हमारे संबंधों को मजबूत करना कुछ ऐसा है जिस पर यह प्रशासन अविश्वसनीय रूप से गर्व करता है। क्वाड के माध्यम से और कई साझा प्राथमिकताओं पर हमारे काम के माध्यम से संबंधों में मजबूती आई है। मिलर ने कहा, यह ऐसा विषय है जिस पर हमने

● विदेश विभाग के प्रवक्ता बोले- साझा प्राथमिकताओं पर काम के माध्यम से संबंधों में मजबूती आई

पहले दिन से ही ध्यान केंद्रित किया और अब जब हम पद छोड़ने की तैयारी कर रहे हैं हम इसे एक बड़ी सफलता के रूप में देखते हैं। मिलर ने बाइडन प्रशासन के तहत भारत-अमेरिका संबंधों पर एक सवाल के जवाब में यह बात कही।

खगोल विज्ञान | नासा के अनुसार हरे रंग के यह धब्बे मंगल पर तरल जल रहे होने का ताजा सबूत

नासा के रोवर को मंगल की चट्टानों में मिले काई जैसे हरे रंग के धब्बे

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : लाल ग्रह की जांच पड़ताल में जुटे नासा के रोवर ने गहरे हरे रंग के काई जैसे धब्बे खोज निकाले हैं। हरे रंग के यह धब्बे पृथ्वी में पाए जाने वाले काई के धब्बों के समान हैं। नासा के अनुसार हरे रंग के यह धब्बे मंगल पर तरल जल रहे होने का ताजा सबूत है।

इसमें दोराय नहीं कि पृथ्वी व मंगल ग्रह के बीच अनेक समानताएं हैं। मंगल में हाल में खोजे गए हरे रंग के निशान दोनों ग्रहों की समानता के बीच नया प्रमाण है, जो यह भी दर्शाता है कि मंगल की धरती कभी झील व नदियों से आच्छादित रही होगी। मगर वक्त के थपेड़ों ने मंगल की धरती को बियाबान जंगल में तब्दील कर दिया। जिसकी रंगत वापस लाने के लिए



मंगल पर मिले हरे रंग के धब्बों की तस्वीर।

पृथ्वीवासी प्रयासरत हैं और अगले कुछ दशकों में मंगल पर प्राकृतिक रंग भरने की उम्मीद से इंकार नहीं किया जा सकता है। बड़ी बात यह है कि इस मुहीम में धरती के वैज्ञानिक एकजुट होकर संघर्ष कर रहे हैं। बहरहाल मंगल की चट्टानों में हरे धब्बे प्राचीनकाल के रहे होंगे। जहां पानी रहा होगा और पानी सूखने के बाद हरे रंग के काई के अवशेष शेष रह गए हैं। मगर हैरान करने वाली बात यह है कि चट्टानों की जांच पड़ताल में जुटे रोबर को हरे रंग के इन धब्बों से परेशानी हो रही है।

नासा का पर्सिवरेंस रोवर जेज़ेरो क्रेटर के तल से किनारे तक आगे बढ़ने के लिए अपना रास्ता बना रहा है। ज्ञातब्य हो रोवर को अभी तक कई असामान्य चट्टानें मिलती हैं। इनमें तेंदुए के धब्बे और ज़ेबरा जैसे चट्टानों की खोज हो चुकी है। रोवर ने हरे रंग के धब्बों को प्राचीन नदी घाटी नेरेटा वालिस के भीतर सर्पेन्टाइन रैपिड्स नामक स्थान पर खोजा है।

कई महत्वपूर्ण खोजों को अंजाम दे चुका है रोवर

नैनीताल : नासा का यह रोवर खोज की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है, जो अभी तक कई आश्चर्यजनक जानकारियां जुटा चुका है। यह रोवर अनेक उपकरणों से लैस हैं। जमीन की खुदाई से लेकर चट्टानों को काटने में भी सक्षम है। उम्मीद है कि भविष्य मे रोवर कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारी जुटाने मे कामयाब होगा।

नासा ने कहा कि धब्बे चट्टानों की सतह के ठीक नीचे थे और बीच में गहरे हरे रंग के हैं और इनका निर्माण संभवतः तब हुआ जब तरल पानी ने ऑक्सीकृत लोहे मे बदल दिया होगा। पृथ्वी पर इस प्रक्रिया में कभी कभी रोगाणु शामिल होते हैं। यह धब्बे मंगल पर रही नदी के तल पर एक शाखायुक्त डेल्टा में समाप्त होता है जो आज भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। नासा के अनुसार मंगल ग्रह पर अधिकांश चट्टानें ऑक्सीकरण और लाल रंग की धूल के हैं, जो कई जगह मौजूद है । जिस कारण मंगल की सतह लाल रंग की दिखाई देता है। इस खोज को लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि मंगल के अतीत में तरल पानी का ताज़ा सबूत है और वहां कभी शायद जीवन भी रहा हो। पर्सिवरेंस ने ये तस्वीरें 19 अगस्त को भेज दी थी।

आस्ट्रेलियाई मीडिया संस्थान ने कहा- दृढ़ता से खड़े रहेंगे

कैनबरा, एजेंसी

● एस जयशंकर के सम्मेलन का सीधा प्रसारण करने पर कनाडा ने आस्ट्रेलियाई मीडिया संस्थान को कर दिया प्रतिबंधित

विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनकी आस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग द्वारा संबोधित संवाददाता सम्मेलन का सीधा प्रसारण करने को लेकर कनाडा द्वारा प्रतिबंधित कर दिये गए आस्ट्रेलियाई मीडिया संस्थान ने शुक्रवार को कहा कि वह एक खुले और समावेशी मीडिया परिदृश्य के लिए दृढ़ता से खड़ा है।

आस्ट्रेलिया टुडे ने एक्स पर एक लंबे पोस्ट में कहा, भारत के विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर के साथ हमारा साक्षात्कार और आस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री वोंग के साथ संवाददाता सम्मेलन पर, कनाडा सरकार के आदेशों के तहत हालिया पाबंदी हमारी टीम तथा उन लोगों के लिए चुनौती पेश करती है जो स्वतंत्र एवं खुली पत्रकारिता को महत्व देते हैं। यहां तीन नवंबर को जयशंकर-वोंग के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के प्रसारण के चंद घंटों बाद मीडिया संस्थान को कनाडा द्वारा प्रतिबंधित किये जाने के कुछ दिनों बाद यह घटनाक्रम हुआ है। जयशंकर ने आस्ट्रेलिया की पांच दिवसीय अपनी यात्रा बृहस्पतिवार को संपन्न की। संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में, जयशंकर ने कनाडा के ब्रैम्पटन में हिंदू मंदिर पर हमले को बेहद चिंताजनक बताते हुए कहा था कि यह कनाडा में चरमपंथी ताकतों को एक तरह से दी जा रही राजनीतिक जगह (गुंजाइश) की ओर इंगित करता है।